श्री श्रीविद्या साधना

श्री श्रीबाला
त्रिपुर-सुन्दरी साधना

श्री श्रीललिता
त्रिपुर-सुन्दरी साधना

श्री श्रीषोडशी-आराधना

४००/-

'कौल-कल्पतरु'
चण्डी

'कौल-कल्पतरु'
चण्डी

‘कौल-कल्पतरु’ चण्डी की विशेष प्रस्तुति

श्री श्रीविद्या-साधना

(श्री श्रीविद्या-स्तव-मञ्जरी)   पुष्प-१

श्री श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-साधना

एवम्

श्री श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-साधना

✶

प्रेरणा-स्तम्भ

प्रातः-स्मरणीय ‘कुल-भूषण’ पं० रमादत्त शुक्ल

सम्पादक

ऋतशील शर्मा

✶

प्रकाशक

पण्डित देवीदत्त शुक्ल स्मारक

परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान

कल्याण मन्दिर प्रकाशन

श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६ ☎ ९४५०२२२७६७

प्रकाशक
पण्डित देवीदत्त शुक्ल स्मारक
परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
कल्याण मन्दिर प्रकाशन
श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६ ☎ ९४५०२२२७६७

श्रद्धाञ्जलि!

जिनकी 'दिव्य कृपा' से
प्रस्तुत श्री श्रीविद्या-साधना का प्रकाशन हो रहा है

गुप्तावतार
'बाबाश्री'



कौल-कल्पतरु
पं० देवीदत्त शुक्ल



कुल-मार्तण्ड
पं० योगीन्द्रकृष्ण दौर्गादत्ति शास्त्री



श्री धनशमशेर
जङ्गबहादुर राणा

कुल-भूषण
पं० रमादत्त शुक्ल

चतुर्थ संस्करण
शरत्-पूर्णिमा, सं० २०६९ वि०-२९ अक्टूबर, २०१२
सर्वाधिकार सुरक्षित
परा-वाणी प्रेस, अलोपी-देवी मार्ग, प्रयाग-राज (उ०प्र०)

प्राक्कथन

दश महा-विद्याओं में तीसरी महा-विद्या भगवती श्री षोडशी की ख्याति 'श्री श्रीविद्या' नाम से है। इन भगवती श्री श्रीविद्या के तीन मुख्य स्वरूप हैं– १. श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी, २. श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी और ३. श्रीषोडशी-महा-त्रिपुर-सुन्दरी। इन तीनों मुख्य स्वरूपों की उपासना अनादि-काल से होती आ रही है।

ब्रह्म का जीव से मिलन कैसे हो? जीव की ब्रह्म के साथ एक-रूपता कैसे स्थापित हो? इस हेतु हमारे यहाँ अनेक विद्याएँ उपलब्ध हैं। शक्ति-उपासना में इसी सन्दर्भ में दश महा-विद्याएँ भी आती हैं। उनमें श्री श्रीविद्या का तीसरा महत्त्व-पूर्ण स्थान है, जिसका सामान्य रूप से अर्थ है–'श्री प्राप्त करने की विद्या' और आध्यात्मिक-रूप से अर्थ है–'मोक्ष प्राप्त करने की अत्यन्त प्राचीन परम्परा'।

श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी की साधना-पद्धति विभिन्न हस्त-लिखित प्राचीन पाण्डु-लिपियों के आधार पर 'श्रीबाला-नित्यार्चन' के रूप में 'कौल-कल्पतरु' पं० देवीदत्त शुक्ल जी द्वारा सं० २००० (सन् १९४३) में प्रस्तुत की गई थी और उन्हीं की कृपा से 'श्रीबाला-स्तव-मञ्जरी' में भगवती श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी के स्तोत्रों का संग्रह भी प्रकाशित हुआ था।

श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी और श्रीषोडशी-महा-त्रिपुर-सुन्दरी की पूजा-पद्धति बहुत कुछ समान है, जिसे 'कुल-मार्तण्ड' पं० योगीन्द्रकृष्ण दौर्गादत्ति जी शास्त्री ने परिश्रम-पूर्वक श्री श्रीविद्या नित्यार्चन में प्रस्तुत करने की कृपा की थी, जिसमें कुछ स्तोत्रों का संग्रह भी था। उस संग्रह में केवल भगवती श्रीललिता के ही स्तोत्र थे। अतः 'कौल-कल्पतरु' शुक्ल जी ने उसे अपर्याप्त समझा। फलतः गुप्तावतार बाबाश्री की हस्त-लिखित डायरियों 'श्रीकल्पद्रुम' आदि के आधार पर भगवती श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी और श्रीषोडशी-महा-त्रिपुर-सुन्दरी–इन दोनों ही स्वरूपों के स्तोत्रों से युक्त संग्रह सं०२०१२ (सन् १९५५) में प्रकाशित किया गया। फिर उसका संशोधित एवं परिवर्धित संस्करण सं० २०४३ (सन् १९८६) में प्रकाशित हुआ, जिसमें नेपाल के श्रीधनशमशेर जङ्गबहादुर राणा द्वारा प्राप्त 'वृहत्कर्पूर' आदि स्तोत्र भी सम्मिलित हुए।

अब उक्त संस्करण के प्रस्तुत तीसरे नवीन संस्करण को भगवती श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी, भगवती श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी एवं भगवती श्रीषोडशी-महा-त्रिपुर-सुन्दरी की साधनाओं के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। आशा है कि इससे श्री श्रीविद्या की साधना करने में जिज्ञासु बन्धुओं को विशेष सुविधा होगी। श्री श्रीविद्या के स्तोत्रों के शुद्ध पाठ और हिन्दी अनुवाद–'कुल-भूषण' पं० रमादत्त शुक्ल, पं० काशीप्रसाद शुक्ल एवं श्रीभैरवानन्दनाथ जी की कृपा से यहाँ प्रकाशित हुए हैं। अतः हम उन्हें हृदय से अपनी श्रद्धाञ्जलि अर्पित करते हैं।

श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग

–ऋतशील शर्मा

अनुक्रम

०१. प्राक्कथन ३
०२. श्री श्रीविद्या-साधना (पहला सोपान) (श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-साधना) ५
०३. श्रीबाला-स्तोत्र-साधना ७
०४. श्रीबाला-स्तोत्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर) ९
०५. श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-कवच-साधना १०
०६. श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-कवच-साधना (हिन्दी-रूपान्तर) १२
०७. श्री श्रीविद्या-साधना (दूसरा सोपान) (श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-साधना) १३
०८. श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-कवच-साधना १४
०९. श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-कवच-साधना (हिन्दी-रूपान्तर) १७
१०. श्रीसौभाग्य-कवच-स्तोत्र-साधना १९
११. श्रीसौभाग्य-कवच-स्तोत्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर) २६
१२. श्रीललिता-हृदय-स्तोत्र-माला-मन्त्र-साधना ३१
१३. श्रीललिता-हृदय-स्तोत्र-माला-मन्त्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर) ३५
१४. श्रीमत्-ललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-हृदय-स्तोत्र-साधना ३९
१५. श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-हृदय-स्तोत्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर) ५५

आध्यात्मिक पुस्तक-माला 'चण्डी'

विशेष जानकारी हेतु सम्पर्क करें–

परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान

श्री चण्डी-धाम, प्रयाग-०६ मो. : ०९४५०२२२७६७

श्री श्रीविद्या-साधना

पहला सोपान

श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-साधना

शुद्ध एवं शोध-पूर्ण-'वाक्'-तत्त्व, 'मन'-तत्त्व तथा पञ्च-ज्ञानेन्द्रियों एवं पञ्च-कर्मेन्द्रियों द्वारा 'आत्म'-तत्त्व, 'विद्या'-तत्त्व और 'शिव'-तत्त्व को जानने के लिए 'श्रीबाला-त्रिपुरा-साधना' अथवा 'श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-साधना' का सूत्र-पात हुआ है।

साधकों को सबसे पहले 'श्रीबाला-त्रिपुरा' अथवा 'श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी' का 'चिन्तन-मनन-आराधन' तीन वीज-मन्त्रों-'ऐं-क्लीं-सौः' द्वारा करना चाहिए।

श्री श्रीविद्या-साधना

३६ तत्त्व-मय साधक की साधना

शिव-तत्त्व
१. शुद्ध-विद्या
२. ईश्वर
३. सदाशिव
४. शक्ति
५. शिव

पहला सोपान

विद्या-तत्त्व
१. माया
२. कला
३. अविद्या
४. राग
५. काल
६. नियति
७. पुरुष

श्रीबाला-त्रिपुरा
अर्थात्
श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी
साधना

आत्म-तत्त्व
१. प्रकृति
२. अहङ्कार
३. बुद्धि
४. मन
५-९. पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ
१०-१४. पाँच कर्मेन्द्रियाँ
१५-१९. पाँच तन्मात्राएँ
२०-२४. पाँच स्थूल तत्त्व

'ऐं'
'क्लीं'
'सौः'

॥ श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्री बाला-स्तोत्र-साधना

।। पूर्व-पीठिका—श्रीभैरव उवाच।।

अधुना देवि! बालायाः, स्तोत्रं वक्ष्यामि पार्वति!।
पञ्चमाङ्गं रहस्यं मे, श्रुत्वा गोप्यं प्रयत्नतः।।

।। विनियोग ।।

ॐ अस्य श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-स्तोत्र-मन्त्रस्य श्री दक्षिणामूर्तिः ऋषिः, पंक्तिश्छन्दः, श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी देवता, ऐं बीजं, सौः शक्तिः, क्लीं कीलकं, श्रीबाला-प्रीतये पाठे विनियोगः।

।। ऋष्यादि-न्यास ।।

ॐ श्री दक्षिणामूर्ति-ऋषये नमः—शिरसि। ॐ पंक्तिश्छन्दसे नमः—मुखे। ॐ श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-देवतायै नमः—हृदि। ॐ ऐं-बीजाय नमः—नाभौ। ॐ सौः-शक्तये नमः—गुह्ये। ॐ क्लीं-कीलकाय नमः—पादयोः। ॐ श्रीबाला-प्रीतये पाठे विनियोगाय नमः—सर्वाङ्गे।

।। कर-न्यास ।।

ॐ ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ क्लीं तर्जनीभ्यां नमः। ॐ सौः मध्यमाभ्यां नमः। ॐ ऐं अनामिकाभ्यां नमः। ॐ क्लीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ सौः कर-तल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।

।। अङ्ग-न्यास ।।

ॐ ऐं हृदयाय नमः। ॐ क्लीं शिरसे स्वाहा। ॐ सौः शिखायै वषट्। ॐ ऐं कवचाय हुम्। ॐ क्लीं नेत्र-त्रयाय वौषट्। ॐ सौः अस्त्राय फट्।

।। ध्यान।।

अरुण-किरण-जालै रञ्जिताशावकाशा।
विधृत-जप-वटीका पुस्तकाभीति-हस्ता।
इतर-कर-वराढ्या फुल्ल-कह्लार-संस्था।
निवसतु हृदि बाला नित्य-कल्याण-रूपा।।

।। मानस-पूजन ।।

ॐ लं पृथिवी-तत्त्वात्मकं गन्धं श्रीबाला-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।
ॐ हं आकाश-तत्त्वात्मकं पुष्पं श्रीबाला-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।

ॐ यं वायु-तत्त्वात्मकं धूपं श्रीबाला-त्रिपुरा-प्रीतये घ्रापयामि नमः।
ॐ रं अग्नि-तत्त्वात्मकं दीपं श्रीबाला-त्रिपुरा-प्रीतये दर्शयामि नमः।
ॐ वं जल-तत्त्वात्मकं नैवेद्यं श्रीबाला-त्रिपुरा-प्रीतये निवेदयामि नमः।
ॐ सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं श्रीबाला-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।

।। मूल श्रीबाला-स्तोत्रम् ।।

वाणीं जपेद् यस्त्रिपुरे! भवान्या, बीजं निशीथे जड-भाव-लीनः।
भवेत् स गीर्वाण-गुरोर्गरीयान्, गिरीश-पत्नि! प्रभुतादि[1] तस्य।। १।।
कामेश्वरि! त्र्यक्षरी काम-राजं, जपेद् दिनान्ते[2] तव मन्त्र-राजम्।
रम्भाऽपि जृम्भारि-सभां विहाय, भूमौ भजेत् तं कुल-दीक्षितं च।। २।।
तार्तीयकं बीजमिदं जपेद् यस्त्रैलोक्य-मातस्त्रिपुरे! पुरस्तात्।
विधाय लीलां भुवने तथान्ते, निरामयं ब्रह्म-पदं प्रयाति।। ३।।
धरा - सद्म - त्रिवृत्ताष्ट - पत्र - षट् - कोण - नागरे!।
विन्दु-पीठेऽर्चयेद् बालां, योऽसौ प्रान्ते शिवो भवेत्।। ४।।

।। फल-श्रुति ।।

इति मन्त्र-मयं स्तवं पठेद् यस्त्रिपुराया निशि वा निशावसाने।
स भवेद् भुवि सार्वभौम-मौलिस्त्रिदिवे शक्र-समान-शौर्य-लक्ष्मीः।। १।।
इतीदं देवि! बालाया, स्तोत्रं मन्त्र-मयं परम्।
अदातव्यमभक्तेभ्यो, गोपनीयं स्व-योनि-वत्।। २।।

॥श्रीरुद्रयामले तन्त्रे भैरव-भैरवी-संवादे श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-स्तोत्रम्॥

★★★

।। पाठ-भेद ।।

१- प्रभुतादि-प्रभयार्दि।
२- दिनान्ते-रतान्ते।

॥ श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

श्रीबाला-स्तोत्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर)

विनियोग, ऋष्यादि-न्यास, कर-न्यास और **अङ्ग-न्यास** कर **ध्यान** करे। यथा-

भगवती **श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी** के शरीर की आभा **अरुणोदय-काल के सूर्य-बिम्ब** की जैसी **रक्त-वर्ण** की है। उस आभा की किरणों से सभी दिशाएँ एवं अन्तरिक्ष लाल रङ्ग से रँगे हुए हैं। चार कर-कमलों में **जप-माला, पुस्तक, अभय** और **वर-मुद्राएँ** हैं। **पूर्ण खिले हुए रक्त-कमल** के पुष्प पर विराजमाना हैं। ऐसी **श्रीबाला** जगत् का नित्य कल्याण करनेवाली हैं। वे मेरे हृदय में निवास करें।

उक्त प्रकार से **ध्यान** करने के बाद **'मानस-पूजन'** कर **कवच का पाठ** करे। यथा-

।। कवच-पाठ ।।

हे त्रिपुरे! जो आप **भगवती** के वाणी-बीज **'ऐं'** का जप **महा-रात्रि** में भाव-निमग्न होकर करता है, वह **देव-गुरु वृहस्पति** से भी बढ़कर विद्वान् होता है और **हे शम्भु-पत्नि!** सभी प्रकार का स्वामित्व उसे मिल जाता है।।१।।

हे कामेश्वरि! जो आपके तीन अक्षरवाले काम-राज **'क्लीं'** का जप दिन के समाप्त हो जाने पर **(सन्ध्या-काल)** में करता है, उस कुल-मार्ग में दीक्षित साधक को वरण करने के लिए **जृम्भासुर** के विनाशक **देवराज इन्द्र** की भी सभा को त्याग कर **रम्भा** जैसी अप्सरा पृथ्वी पर चली आती है।।२।।

हे त्रैलोक्य-माता त्रिपुरे! जो तार्तीय-बीज **'सौः'** का जप करता है, वह विश्व में अपने चरित से लोगों को चमत्कृत कर अन्त में **आनन्द-मय ब्रह्म-पद** को प्राप्त करता है।।३।।

भू-पुर, त्रि-वृत्त, अष्ट-दल-पद्म, षट्-कोणात्मक नगरवाली हे जगदम्बिके! जो विन्दु-पीठ पर आप **'बाला'** का अर्चन करता है, वह **शिव-स्वरूप** हो जाता है।। ४।।

।। फल-श्रुति ।।

भगवती **श्रीबाला-त्रिपुरा** के उक्त **मन्त्र-मय स्तव** का जो **दिन के अन्त** में या **निशा-काल** में पाठ करता है, वह पृथ्वी पर सार्व-भौम महा-पुरुषों का नेता बनता है और स्वर्ग में इन्द्र के समान **शौर्य-लक्ष्मी** से युक्त होता है।।१।।

हे देवि! भगवती श्रीबाला का यह **मन्त्र-मय स्तोत्र** अति श्रेष्ठ है। **भक्ति-हीन** व्यक्तियों को इसे नहीं बताना चाहिए और अत्यन्त गुप्त बनाए रखना चाहिए।।२।।

★★★

॥ श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्री बाला-त्रिपुर-सुन्दरी-कवच-साधना

।। पूर्व-पीठिका–श्रीभैरवी उवाच ।।

देव-देव! महा-देव!, भक्तानां प्रीति-वर्द्धन!
सूचितं यत् त्वया देव्याः, कवचं कथयस्व मे।। १।।

।। श्री भैरव उवाच।।

शृणु देवि! प्रवक्ष्यामि, कवचं देव-दुर्लभम्।
अप्रकाश्यं परं गुह्यं, साधकाभीष्ट-सिद्धिदम्।। २।।

।। विनियोग ।।

ॐ अस्य श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-कवचस्य श्री दक्षिणामूर्तिः ऋषिः, पंक्तिश्छन्दः, श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी देवता, ऐं बीजं, सौः शक्तिः, क्लीं कीलकं, चतुर्वर्ग-साधने पाठे विनियोगः।

।। ऋष्यादि-न्यास ।।

ॐ श्री दक्षिणामूर्ति-ऋषये नमः–शिरसि, ॐ पंक्तिश्छन्दसे नमः–मुखे, ॐ श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-देवतायै नमः–हृदि, ॐ ऐं - बीजाय नमः–नाभौ, ॐ सौः-शक्तये नमः–गुह्ये, ॐ क्लीं-कीलकाय नमः–पादयोः, ॐ चतुर्वर्ग - साधने पाठे विनियोगाय नमः–सर्वाङ्गेषु।

।। कर-न्यास ।।

ॐ ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ क्लीं तर्जनीभ्यां नमः। ॐ सौः मध्यमाभ्यां नमः। ॐ ऐं अनामिकाभ्यां नमः। ॐ क्लीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ सौः कर-तल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।

।। अङ्ग-न्यास ।।

ॐ ऐं हृदयाय नमः। ॐ क्लीं शिरसे स्वाहा। ॐ सौः शिखायै वषट्। ॐ ऐं कवचाय हुम्। ॐ क्लीं नेत्र-त्रयाय वौषट्। ॐ सौः अस्त्राय फट्।

।। ध्यान।।

मुक्ता-शेखर - कुण्डलाङ्गद - मणि - ग्रैवेय - हारोर्मिका,
विद्योतद्-वलयादि-कङ्कण-कटि - सूत्रां स्फुरन्-नूपुराम्।
माणिक्योदर - बन्ध - कम्बु - कबरीमिन्दोः कलां बिभ्रतीम्,
पाशं चांकुश-पुस्तकाक्ष-वलयं दक्षोर्ध्व - बाह्वादितः।।

।। मानस-पूजन ।।

ॐ लं पृथिवी-तत्त्वात्मकं गन्धं श्रीबाला-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ हं आकाश-तत्त्वात्मकं पुष्पं श्रीबाला-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ यं वायु-तत्त्वात्मकं धूपं श्रीबाला-त्रिपुरा-प्रीतये घ्रापयामि नमः। ॐ रं अग्नि-तत्त्वात्मकं दीपं श्रीबाला-त्रिपुरा-प्रीतये दर्शयामि नमः। ॐ वं जल-तत्त्वात्मकं नैवेद्यं श्रीबाला - त्रिपुरा-प्रीतये निवेदयामि नमः। ॐ सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं श्रीबाला-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।

।। मूल कवच-पाठ ।।

'ऐं' वाग्भवं पातु शीर्षं, 'क्लीं' कामस्तु तथा हृदि।
'सौः' शक्ति-बीजं च पातु, नाभौ गुह्ये च पादयोः।।१।।
'ऐं क्लीं सौः' वदने पातु, बाला मां सर्व-सिद्धये।
'हसकलह्रीं' सौः पातु, भैरवी कण्ठ - देशतः।।२।।
सुन्दरी नाभि - देशेऽव्याच्छीर्षिका सकला सदा।
भ्रू - नासयोरन्तराले, महा - त्रिपुर - सुन्दरी।।३।।
ललाटे सुभगा पातु, भगा मां कण्ठ-देशतः।
भगा देवी तु हृदये, उदरे भग - सर्पिणी।।४।।
भग-माला नाभि - देशे, लिङ्गे पातु मनोभवा।
गुह्ये पातु महा - देवी, राज - राजेश्वरी शिवा।।५।।
चैतन्य - रूपिणी पातु, पादयोर्जगदम्बिका।
नारायणी सर्व - गात्रे, सर्व - कार्ये शुभङ्करी।।६।।
ब्रह्माणी पातु मां पूर्वे, दक्षिणे वैष्णवी तथा।
पश्चिमे पातु वाराही, उत्तरे तु महेश्वरी।।७।।
आग्नेय्यां पातु कौमारी, महा - लक्ष्मीश्च नैर्ऋते।
वायव्यां पातु चामुण्डा, इन्द्राणी पातु चेशके।।८।।
जले पातु महा - माया, पृथिव्यां सर्व - मङ्गला।
आकाशे पातु वरदा, सर्वतो भुवनेश्वरी।।९ ।।

।। फल-श्रुति ।।

इदं तु कवचं नाम, देवानामपि दुर्लभम्। पठेत् प्रातः समुत्थाय, शुचिः प्रयत - मानसः।।१।।
नाधयो व्याधयस्तस्य, न भयं च क्वचिद् भवेत्। न च मारी-भयं तस्य, पातकानां भयं तथा।।२।।
न दारिद्र्य-वशं गच्छेत्, तिष्ठेन्मृत्यु-वशे न च। गच्छेच्छिव - पुरे देवि!, सत्यं सत्यं वदाम्यहम्।।३।।
इदं कवचमज्ञात्वा, श्रीविद्यां यो जपेच्छिवे! स नाप्नोति फलं तस्य, प्राप्नुयाच्छस्त्र-घातनम्।।४।।

॥ श्रीरुद्रयामले तन्त्रे भैरवी-भैरव-संवादे श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी कवचम् ॥

॥ श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

श्रीबाला-त्रिपुर-सुन्दरी-कवच-साधना (हिन्दी-रूपान्तर)

विनियोग, ऋष्यादि-न्यास, कर-न्यास और **अङ्ग-न्यास** कर **ध्यान** करे। यथा-

भगवती श्रीबाला मोतियों से जड़े हुए **चमकीले कुण्डल, अङ्गद, हार, वलय, कङ्गन, करधनी** आदि आभूषण और पैरों में **गुञ्जायमान नूपुर** धारण किए हैं। केश-पाश पर **चन्द्रमा** की कला शोभा पा रही है। दाएँ ऊर्ध्व हाथ से चार कर-कमलों में क्रमशः **पाश, अंकुश, पुस्तक** और **अक्ष-माला** लिए हैं।

उक्त प्रकार से **ध्यान** करने के बाद **'मानस-पूजन'** कर **कवच का पाठ** करे। यथा-

।। कवच-पाठ ।।

वाग्भव-बीज **'ऐं'** सिर की, काम-बीज **'क्लीं'** हृदय की और शक्ति-बीज **'सौः'** नाभि की, गुह्य तथा पैरों की रक्षा करें ।।१।। **'ऐं क्लीं सौः' बाला** मुख-मण्डल में सर्व-सिद्धियों के लिए मेरी रक्षा करें। **'हसकलह्रीं सौः' भैरवी** कण्ठ-देश में रक्षा करें ।।२।। **'सुन्दरी'** नाभि देश में, **'सकला'** शीर्ष भाग में और भौंहों तथा नाक के मध्य भाग में **'महा-त्रिपुर-सुन्दरी'** सदा रक्षा करें ।।३।। ललाट में **'सुभगा'**, कण्ठ देश में **'भगा'**, हृदय में **'भगवती देवी'** और उदर में **'भग-सर्पिणी'** मेरी रक्षा करें ।।४।। नाभि-देश में **'भग-माला'** और लिङ्ग (योनि) में **'मनोभवा'** मेरी रक्षा करें। गुह्य में **'महा-देवी राज-राजेश्वरी शिवा'** रक्षा करें ।।५ ।।

दोनों पैरों में **'चैतन्य-रूपिणी जगदम्बिका'**, सारे शरीर में **'नारायणी'** और सभी कार्यों में **'शुभङ्करी'** रक्षा करें ।।६।। **'ब्रह्माणी'** पूर्व दिशा में और **'वैष्णवी'** दक्षिण दिशा में मेरी रक्षा करें। **'वाराही'** पश्चिम दिशा में और **'महेश्वरी'** उत्तर दिशा में रक्षा करें ।।७।। **'कौमारी'** आग्नेय कोण में और **'महा-लक्ष्मी'** नैऋत कोण में रक्षा करें। **'चामुण्डा'** वायव्य कोण में और **'इन्द्राणी'** ईशान कोण में रक्षा करें ।।८।। **'महा-माया'** जल में और **'सर्व-मङ्गला'** पृथ्वी पर रक्षा करें। **'वरदा'** आकाश में और **'भुवनेश्वरी'** सभी ओर रक्षा करें ।।९।।

।। फल-श्रुति ।।

उक्त **'कवच'** देताओं के लिए भी दुर्लभ है। **प्रातः-काल** उठकर पवित्र हो एकाग्र-मन से इसका **पाठ** करना चाहिए ।।१।। **पाठ** करनेवाले को **आधि-व्याधियाँ** नहीं होतीं, न कहीं किसी प्रकार का **भय** होता है। उसे न **महा-मारी** का डर रहता है, न पापों का ।।२।। वह **दरिद्रता** के वश में कभी नहीं होता और न **मृत्यु** के वशीभूत होता है। **शिव** के स्थान को ही वह प्राप्त होता है, यह मैं सर्वथा सत्य कहता हूँ ।।३।। उक्त **'कवच'** को जाने बिना जो **'श्रीविद्या'** के मन्त्र का जप करता है, उसे उस जप का फल नहीं मिलता, उलटे वह किसी शस्त्र की चोट का भागी बन जाता है ।।४।।

★★★

श्री श्रीविद्या-साधना

दूसरा सोपान
श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-साधना



१. अन्न-मय, २. प्राण-मय, ३. मनो-मय, ४. विज्ञान-मय एवं ५. आनन्द-मय-पञ्च-कोशों द्वारा व्याप्त प्रकाश-पुञ्ज से देदीप्यमान साक्षात् ब्रह्म-स्वरूपिणी-शक्ति को जानने के लिए श्रीललिता-त्रिपुरा-साधना अर्थात् श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-साधना का सूत्र-पात हुआ है।

साधकों को इस हेतु 'वाक् - काम-शक्ति' के तीन बीजों के साथ इनके 'तीनों कूटों' का भी 'चिन्तन-मनन-आराधन' करना चाहिए।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-कवच-साधना

।। पूर्व-पीठिका – श्रीईश्वर उवाच ।।

शृणु देवि! प्रवक्ष्यामि, कवचं सुन्दरी - प्रियम्।
रहस्याति-रहस्यं च, मन्त्र - रूपमिदं प्रिये! ।।

।। श्रीपार्वत्युवाच ।।

भगवन्! सर्व-लोकेश!, सर्व-लोकैक-वन्दित!।
गुह्याद्-गुह्य-तमं तत्त्वं, श्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः।।

।। विनियोग ।।

ॐ अस्य श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-कवच-स्तोत्र-मन्त्रस्य श्रीदक्षिणामूर्ति ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी देवता। ऐं 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' वीजं । सौः 'स-क-ल-ह्रीं' शक्तिः। क्लीं 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' कीलकं। सर्वाभीष्ट-सिद्ध्यर्थं श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-कवच-स्तोत्र-पाठे विनियोगः।

।। ऋष्यादि-न्यास ।।

ॐ श्री दक्षिणामूर्ति-ऋषये नमः–शिरसि, ॐ पंक्तिश्छन्दसे नमः–मुखे, ॐ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-देवतायै नमः–हृदि, ॐ ऐं 'क-ए-ई-ल-ह्रीं'-बीजाय नमः–गुह्ये, ॐ सौः 'स-क-ल-ह्रीं'-शक्तये नमः–पादयोः, ॐ क्लीं 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं'-कीलकाय नमः–सर्वाङ्गे, ॐ सर्वाभीष्ट-सिद्ध्यर्थं श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-कवच-स्तोत्र-पाठे विनियोगाय नमः–अञ्जलौ।

।। कर-न्यास ।।

ॐ ऐं 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ क्लीं 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' तर्जनीभ्यां नमः। ॐ सौः 'स-क-ल-ह्रीं' मध्यमाभ्यां नमः। ॐ ऐं 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' अनामिकाभ्यां नमः। ॐ क्लीं 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' कनिष्ठाभ्यां नमः। ॐ सौः 'स-क-ल-ह्रीं' करतल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।

।। अङ्ग-न्यास ।।

ॐ ऐं 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' हृदयाय नमः। ॐ क्लीं 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' शिरसे स्वाहा। ॐ सौः 'स-क-ल-ह्रीं' शिखायै वषट्। ॐ ऐं 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' कवचाय हुम्। ॐ क्लीं 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' नेत्र-त्रयाय वौषट्। ॐ सौः 'स-क-ल-ह्रीं' अस्त्राय फट्।

॥ ध्यान ॥

स - कुंकुम - विलेपनामलिक - चुम्बि - कस्तूरिकाम्,
स-मन्द-हसितेक्षणां स-शर-चाप-पाशांकुशाम्।
अशेष - जन - मोहिनीमरुण - माल्य - भूषाम्बराम्,
जपा-कुसुम- भासुरां जप-विधौ स्मरेदम्बिकाम्॥ १॥
चतुर्भुजे! चन्द्र-कलावतंसे!, कुचोन्नते! कुंकुम-राग-शोणे!।
पुण्ड्रेक्षु-पाशांकुश-पुष्प-वाण-हस्ते! नमस्ते जगदेक-मातः!॥२॥

॥ मानस-पूजन ॥

ॐ लं पृथिवी-तत्त्वात्मकं गन्धं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।
ॐ हं आकाश-तत्त्वात्मकं पुष्पं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।
ॐ यं वायु-तत्त्वात्मकं धूपं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये घ्रापयामि नमः।
ॐ रं अग्नि-तत्त्वात्मकं दीपं श्रीललिता- त्रिपुरा-प्रीतये दर्शयामि नमः।
ॐ वं जल-तत्त्वात्मकं नैवेद्यं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये निवेदयामि नमः।
ॐ सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।

॥ मूल कवच-पाठ ॥

क-कारः पातु शीर्षं मे, ए-कारः पातु फालके।
ई-कारः पातु वक्त्रं मे, ल-कारः कूर्प-युग्मके॥ १ ॥
ह्रीं-कारः पातु हृदयं, वाग्भवश्च सदाऽवतु।
ह-कारः पातु जठरं, स-कारो नाभि-देशके॥ २ ॥
क-कारः पार्श्व-भागे च, ह-कारः पातु पृष्ठके।
ल-कारश्च नितम्बे मे, ह्रीं-कारः पातु मूलके॥ ३ ॥
काम-राजः सदा पातु, जठरादि-प्रदेशके।
स-कारः पातु कट्यां मे, क-कारः पातु लिङ्गके॥ ४ ॥
ल-कारो जानुनी पातु, ह्रीं-कारो जंघ-युग्मके।
शक्ति-बीजं सदा पातु, मूल-विद्या सदाऽवतु॥ ५ ॥
त्रिपुरा मां सदा पातु, त्रिपुरेशी च सर्वदा।
त्रिपुरा सुन्दरी पातु, वसु-पत्रस्य देवता॥ ६ ॥
त्रिपुरा - वासिनी पातु, त्रिपुरा-श्रीः सदाऽवतु।
त्रिपुरा मालिनी पातु, त्रिपुरा सिद्धिदाऽवतु॥ ७ ॥

त्रिपुरा तथा पातु, पातु त्रिपुरा - भैरवी।
अणिमाद्यास्तथा पान्तु, ब्राह्मयाद्याः पान्तु मां सदा।। ८ ।।
नव-मुद्रास्तथा पान्तु, कामाकर्षणि-पूर्विकाः।
पान्तु मां षोडशारे तु, अनङ्ग-कुसुमादिकाः।। ९ ।।
पान्तु मामष्ट-पत्रेषु, सर्व-संक्षोभणादिकाः।
पान्तु चक्र-कोणेषु, सर्व-सिद्धि-प्रदायिकाः।। १०।।
पान्तु मां बाह्य-कोणेषु, मध्यादि-कोणके तथा।
सर्वज्ञाद्यास्तथा पान्तु, सर्वाभीष्ट-प्रपूरिकाः।। ११ ।।
वशिन्याद्यास्तथा पान्तु, वसु-पत्रस्य देवताः।
त्रिकोणस्यान्तरालेषु, पान्तु मामायुधानि च।। १२ ।।
कामेश्वर्यादिकाः पान्तु, त्रिकोणे कोण-संस्थिताः।
विन्दु-चक्रे तथा पातु, श्रीमत्-त्रिपुर-सुन्दरी।। १३ ।।

।। फल-श्रुति ।।

इदं श्रीकवचं नित्यं, त्रि-सन्ध्यं यः पठेन्नरः।
सर्व-सिद्धिमवाप्नोति, सर्वाभीष्ट-फल-प्रदम्।। १ ।।

।। श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी कवचम् ।।

भगवती श्रीत्रिपुर-सुन्दरी

हे सूक्ष्म स्वरूपवाली भगवती श्रीत्रिपुर-सुन्दरी!
तीनों लोकों के सौन्दर्य-रूपी महा-समुद्र के मन्थन से उत्पन्न
अमृत के समान उज्ज्वल,
सहस्रों प्रातः-कालीन सूर्य तथा
ताजे खिले हुए जपा-पुष्पों के समान लाल रक्तवाली,
तीनों लोकों में प्रकाश-मय,
परा-पश्यन्ती-मध्यमा-वैखरी वाणीवाली,
तुम्हारी मूर्ति-मेरे हृदय में स्फुरित हो अर्थात्
मेरे मन में विराजे।

–महर्षि दुर्वासा

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार ॥

श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-कवच-साधना (हिन्दी-रूपान्तर)

श्रीपार्वती ने कहा–हे **भगवन्**! आप **सब लोकों** के **ईश्वर** हैं, **सब लोकों** द्वारा **वन्दित** हैं। मैं तत्त्व-ज्ञान देनेवाले **गुप्त-से-गुप्त ज्ञान** को सुनना चाहती हूँ।

श्रीईश्वर ने कहा–**हे देवि**! **भगवती त्रिपुर**-सुन्दरी को प्रसन्न करनेवाला **'कवच'** बताऊँगा, जो **मन्त्र-रूप** है और **रहस्यों का भी रहस्य** है।

विनियोग–इस **श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी** के **कवच-स्तोत्र**-रूपी मन्त्र के ऋषि **श्रीदक्षिणामूर्ति**, छन्द **अनुष्टुप्**, देवता **श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी**, बीज ऐं **'कएईलह्रीं'**, शक्ति **सौः 'सकलह्रीं'**, कीलक **क्लीं 'हसकहलह्रीं'** हैं और इसका विनियोग **सर्वाभीष्ट-सिद्धि** के लिए किया जाता है।

विनियोग के बाद **ऋष्यादि**-न्यास कर **मूल-मन्त्र** से **षडङ्ग-न्यास** करना चाहिए। तब **ध्यान** करना चाहिए। यथा–

जप करते समय **केसर-युक्त उबटनवाली**, जिनके मस्तक पर **कस्तूरी** लगी हुई है, **मन्द-हास्य-युक्त नेत्रोंवाली, धनुष, बाण, पाश** और **अंकुश** से युक्त, **सम्पूर्ण जनों को मोहित करनेवाली, लाल रङ्ग की पुष्प-माला** एवं **रक्त-वस्त्र धारण करनेवाली, जपा-पुष्प के समान आभावाली माता का स्मरण** करना चाहिए ।।१।।

हे चतुर्भुजे, हे चन्द्र-कला-रूपी-कर्णाभूषणवाली, उठे हुए स्तनोंवाली, केसर के रङ्ग के समान लाल रङ्गवाली, **इक्षु-धनुष, पाश, अंकुश** और **पुष्प-बाणों** को हाथों में रखनेवाली, **संसार का एक-मात्र पालन करनेवाली** आपको नमस्कार है ।।२।।

उक्त प्रकार से **ध्यान** करने के बाद **मानस-पूजन** कर **'कवच'** का पाठ करना चाहिए। यथा–

।। कवच-पाठ ।।

क-कार मेरे शिर की रक्षा करें, **ए-कार** सीमान्त-भाग की रक्षा करें। **ई-कार** मेरे मुख की रक्षा करें और **ल-कार** दोनों भौंहों की रक्षा करें ।। १ ।।

ह्रीं-कार हृदय की रक्षा करें और **वाग्भव** सदा रक्षा करें। **ह-कार** उदर की और **स-कार** नाभि की रक्षा करें ।। २ ।।

क-कार पार्श्व-भाग की तथा **ह-कार** पृष्ठ-भाग की रक्षा करें। **ल-कार** मेरे नितम्ब की तथा **ह्रीं-कार** मूल-स्थान की रक्षा करें ।। ३ ।।

काम-राज सदा उदरादि स्थानों की रक्षा करें। **स-कार** मेरे कटि-स्थान की रक्षा करें और **क-कार** लिङ्ग-स्थान की रक्षा करें ।। ४ ।।

ल-कार दोनों घुटनों की रक्षा करें और **ह्रीं-कार** जंघाओं की। **शक्ति-बीज** सदा रक्षा करें। **मूल-विद्या** सदा रक्षा करें ।। ५ ।।

त्रिपुरा और **त्रिपुरेशी** मेरी रक्षा करें। **अष्ट-दल की देवता** त्रिपुरा-सुन्दरी रक्षा करें ।।६।।

त्रिपुरा-वासिनी सदा रक्षा करें। **त्रिपुरा-श्री** सदा रक्षा करें। **त्रिपुरा-मालिनी** रक्षा करें। **त्रिपुरा-सिद्धिदा** रक्षा करें ।।७।।

त्रिपुराम्बा रक्षा करें और **त्रिपुर-भैरवी** रक्षा करें। **अणिमा** आदि रक्षा करें और **ब्राह्मी** आदि मेरी सदा रक्षा करें ।।८।।

उसी प्रकार **कामकर्षिणी** आदि **नव-मुद्राएँ** रक्षा करें। **अनङ्ग-कुसुमा** आदि **षोडशार** में मेरी रक्षा करें ।।९।।

सर्व-संक्षोभण आदि **अष्ट-दलों** में मेरी रक्षा करें, **सर्व-सिद्धि-प्रदायिका चक्र-कोणों** में मेरी रक्षा करें ।।१०।।

सम्पूर्ण मनोरथों को परिपूर्ण करनेवाली **सर्वज्ञा** आदि **बाह्य-कोणों** तथा **मध्यादि कोणों** में मेरी रक्षा करें ।।११।।

इसी प्रकार **अष्ट-दल की देवता वशिनी** आदि रक्षा करें और सभी **आयुध-त्रिकोण** के अन्तरालों में मेरी रक्षा करें ।।१२।।

कोणों में विराजमान कामेश्वरी-आदि त्रिकोण में रक्षा करें और इसी प्रकार **श्रीमत्- त्रिपुर-सुन्दरी बिन्दु-चक्र** में रक्षा करें ।।१३।।

।। फल-श्रुति ।।

समस्त मनो-वांछित फल को प्रदान करनेवाले उक्त **श्रीकवच** को जो व्यक्ति **तीनों सन्ध्याओं** में पढ़ता है, वह सारी सिद्धियों को प्राप्त करता है ।।१।।

त्रिपुरा

'त्रिपुरार्णव' के अनुसार **'त्रि'** का अर्थ है-**१ सुषुम्णा, २ पिङ्गला** और **३ इडा** नाड़ियों और **'पुर'** का अर्थ है-**१ मन, २ बुद्धि** और **३ चित्त**। अतः इनमें निवास करने से **'त्रिपुरा'** हैं।

'त्रिपुरा'-महा-शक्ति के लिए सभी बातें तीन-तीन हैं, अतः यह **'त्रिपुरा'** कहलाती हैं। **'मण्डल'**-त्रिकोण, **'भू-पुर'** भी तीन रेखाओंवाला, **'मन्त्र'** भी त्रि-अक्षर, त्रि-कूटवाला, **'रूप'** भी-१ ब्राह्मी, २ रौद्री और ३ वैष्णवी अथवा १ इच्छा-शक्ति, २ ज्ञान-शक्ति और ३ क्रिया-शक्ति, अथवा १ वामा, २ ज्येष्ठा और ३ रौद्री अथवा १ पश्यन्ती, २ मध्यमा और ३ वैखरी **तीन-तीन स्वरूपोंवाला** है।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीसौभाग्य-कवच-स्तोत्र-साधना

।। पूर्व-पीठिका—श्री पार्वत्युवाच ।।

कैलास-शिखरे रम्ये, सुखासीनं सुरार्चितम्।
गिरीशं गिरिजा स्तुत्वा, स्तोत्रैर्वेदान्त-पारगैः।।
प्रणम्य परया भक्त्या, तमपृच्छत् कृताञ्जलिः।
रहस्यं रक्षणं किं वा, सर्व-सम्पत्-करं वद ।।१।।

।। श्रीशिवोवाच ।।

शृणु देवि! प्रवक्ष्यामि, यस्मात् त्वं परिपृच्छसि।
यस्य श्रवण - मात्रेण, भव - भीतिर्न जायते।।
एतत् सौभाग्य-कवचं, रहस्याति-रहस्यकम्।
सौभाग्य-कवचं देवि!, शृणु सौभाग्य-दायकम्।।२।।

।। विनियोग ।।

ॐ अस्य श्रीसौभाग्य-कवच-स्तोत्रस्य श्रीआनन्द-भैरवो ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। श्रीसौभाग्य-सुन्दरी देवता। ॐ क्लीं सौः बीजं। ह्रीं क्लीं शक्तिः। आं ह्रीं क्रों कीलकं। सर्व-सौभाग्य-सिद्ध्यर्थे पाठे विनियोगः।

।। ऋष्यादि-न्यास ।।

शिरसि श्रीआनन्द-भैरवाय-ऋषये नमः। मुखे अनुष्टुप्-छन्दसे नमः। हृदि श्रीसौभाग्य-सुन्दरी-देवतायै नमः। गुह्ये ॐ क्लीं सौः-बीजाय नमः। पादयोः ह्रीं क्लीं-शक्तये नमः। नाभौ आं ह्रीं क्रों कीलकाय नमः। सर्वाङ्गे सर्व-सौभाग्य-सिद्ध्यर्थे पाठे विनियोगाय नमः।

।। कर-न्यास ।।

ॐ ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ क्लीं तर्जनीभ्यां नमः। ॐ सौः मध्यमाभ्यां नमः। ॐ ऐं अनामिकाभ्यां नमः। ॐ क्लीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ सौः कर-तल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।

।। अङ्ग-न्यास ।।

ॐ ऐं हृदयाय नमः। ॐ क्लीं शिरसे स्वाहा। ॐ सौः शिखायै वषट्। ॐ ऐं कवचाय हुम्। ॐ क्लीं नेत्र-त्रयाय वौषट्। ॐ सौः अस्त्राय फट्।

।। ध्यान ।।

ऐहिक-पर-फल-दात्रीमैशानीं मनसि भावये मुद्राम्।
ऐन्दव-कलावतंसामैश्वर्य-स्फुरण-परिणतिं जगताम्।।१।।
क्लीवत्व-दैत्य-हन्त्रीं क्लिन्न-मनस्कां महेश्वराश्लिष्टाम्।
क्लृप्त-जनेष्ट-कर्त्रीं कल्पित-लोक-प्रभां नमामि कलाम्।।२।।
सौभाग्य-दिव्यक-निधिं सौरभ-कच-वृन्द-विचलदलि-मालाम्।
सौशील्यशेष-तल्पां सौन्दर्य-विभा-मञ्जरीं कलये।।३।।
पाश-पाणि सृणि-पाणि भावये चाप-पाणि शर-पाणि दैवतम्।
यत्-प्रभा-पटल-पाटलं जगत् पद्म-राग-मणि-मण्डपायते।।४।।
हेमाद्रौ हेम-पीठ-स्थितामखिल-सुरैरीड्यमानां विराजत्।
पुष्पेष्विष्वास-पाशांकुश-कर-कमलां रक्त-वेषाति-रक्ताम्।। ५।।
दिक्षूद्यद्भिश्चतुर्भिर्मणि-मय-कलशैः पञ्च-शक्त्याश्रितैः स्व–
भ्रष्टैः क्लृप्ताभिषेकां भजत भगवतीं भूतिदामन्त्य-यामे।।६।।

।। मानस-पूजन ।।

ॐ लं पृथिवी-तत्त्वात्मक गन्धं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।
ॐ हं आकाश-तत्त्वात्मकं पुष्पं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।
ॐ यं वायु-तत्त्वात्मकं धूपं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये घ्रापयामि नमः।
ॐ रं अग्नि-तत्त्वात्मकं दीपं श्रीललिता- त्रिपुरा-प्रीतये दर्शयामि नमः।
ॐ वं जल-तत्त्वात्मकं नैवेद्यं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये निवेदयामि नमः।
ॐ सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।

।। मूल कवच-पाठ ।।

शिखाग्रं सततं पातु, मम त्रिपुर - सुन्दरी।
शिरः कामेश्वरी नित्या, तत्-पूर्वं भग-मालिनी।। १ ।।
नित्य-क्लिन्नाऽवताद्दक्षं, भेरुण्डा तस्य पश्चिमम्।
वह्नि-वासिन्यवेद् वामं, मुखं विद्येश्वरी तथा ।। २ ।।
शिव-दूती ललाटं मे, त्वरिता तस्य दक्षिणम्।
तद्-वाम - पार्श्वमवतात्, तथैव कुल - सुन्दरी।। ३।।
नित्या पातु भ्रुवोर्मध्यं, भ्रुवं नील - पताकिनी।
वाम-भ्रुवं तु विजया, नयनं सर्व - मङ्गला ।। ४ ।।

ज्वाला-मालिन्यक्षि वामं, चित्रा रक्षतु पक्ष्मणी।
दक्ष-श्रोत्रं महा-नित्या, वामं पातु महोद्यमा ।। ५ ।।
दक्षं वामं च वटुका, कपोलौ क्षेत्र - पालिका।
दक्ष - नासा - पुटं दुर्गा, तदन्यं तु भारती ।। ६ ।।
नासिकाग्रं सदा पातु, महा - लक्ष्मीर्निरन्तरम्।
अणिमा दक्ष - कटिं, महिमा च तदन्यकम्।। ७ ।।
दक्ष-गण्डं च गरिमा, लघिमा चोत्तरं तथा ।
ऊर्ध्वोष्ठकं प्राप्ति-सिद्धिः, प्राकाम्यमधरोष्ठकम् ।। ८ ।।
ईशित्वमूर्ध्व-दन्तांश्च, ह्यधो-दन्तान् वशित्वकम् ।
रस-सिद्धिश्च रसनां, मोक्ष-सिद्धिश्च तालुकम् ।। ९ ।।
तालु - मूल-द्वयं ब्राह्मी - माहेश्वर्यौ च रक्षताम् ।
कौमारी चिबुकं पातु, तदधः पातु वैष्णवी ।। १० ।।
कण्ठं रक्षतु वाराही, चैन्द्राणी रक्षतादधः ।
कृकाटिकां तु चामुण्डा, महा-लक्ष्मीस्तु सर्वतः ।। ११ ।।
सर्व-संक्षोभिणी-मुद्रा, स्कन्धं रक्षतु दक्षिणम् ।
तदन्यं द्राविणी-मुद्रा, पायादंस - द्वयं क्रमात् ।। १२ ।।
आकर्षणी वश्य-मुद्रा, चोन्मादिन्यथ दक्षिणम् ।
भुजं महांकुशा वामं, खेचरी दक्ष - कक्षकम् ।। १३ ।।
वाम-कक्षं बीज-मुद्रा, योनि-मुद्रा तु दक्षिणम् ।
लसत् त्रिखण्डिनी-मुद्रा, वाम - भागं प्रपालयेत् ।। १४ ।।
श्रीकामाकर्षिणी नित्या, रक्षताद् दक्ष - कूर्परम् ।
कूर्परं वाममवतात्, सा बुद्ध्याकर्षिणी तथा ।। १५ ।।
अहङ्काराकर्षिणी तु, प्रकाण्डं पातु दक्षिणम् ।
शब्दाकर्षिणिका वामं, स्पर्शाकर्षिणिकाऽवतु ।। १६ ।।
प्रकोष्ठं दक्षिणं पातु, रूपाकर्षिणिकेतरम् ।
रसाकर्षिणिका पातु, मणि-बन्धं च दक्षिणम् ।। १७ ।।
गन्धाकर्षिणिका वामं, चित्ताकर्षिणिकाऽवतु ।
करभं दक्षिणं धैर्याकर्षिणी पातु वामकम् ।। १८ ।।
स्मृत्याकर्षिण्यसौ वामं, नामाकर्षिणिकेतरम् ।
बीजाकर्षिणिका पायात्, सततं दक्षिणांगुलीः ।। १९ ।।

आत्माकर्षिणिका त्वन्या, अमृताकर्षिणी नखान् ।
शरीराकर्षिणी वाम - नखान् रक्षतु सर्वदा ।। २० ।।

अनङ्ग-कुसुमा शक्तिः, पातु दक्षिण - स्तनोपरि ।
अनङ्ग - मेखला चान्य - स्तनोर्ध्वमभि-रक्षतु ।। २१ ।।

अनङ्ग - मदना दक्ष - स्तनं तच्चूचुकं पुनः।
रक्षतादनिशं देवी, ह्यनङ्ग - मदनातुरा ।। २२ ।।

अनङ्ग-रेखा वामं तु, वक्षोजं तस्य चूचुकम् ।
अनङ्ग - वेगिनी क्रोडमनङ्गास्यांकुशाऽवतु ।। २३ ।।

अनङ्ग-मालिनी पायाद्, वक्षः-स्थलमहर्निशम् ।
सर्व-संक्षोभिणी शक्तिर्हृत् सर्व-द्राविणी परा।। २४ ।।

कुक्षिं सर्वाकर्षिणी तु, पातु पार्श्वं च दक्षिणम् ।
आह्लादिनी वाम-पार्श्वं, मध्यं सम्मोहिनी चिरम् ।। २५ ।।

सा सर्व-स्तम्भिनी पृष्ठं, नाभिं वै सर्व-जृम्भिणी ।
वशङ्करी वस्ति-देशं, सर्व - रञ्जिनी मे कटिम् ।। २६ ।।

सा तु सर्वोन्मादिनी मे, पायाज्जघन-मण्डलम् ।
सर्वार्थ-साधिनी शक्तिः, नितम्बं रक्षतान्मम ।। २७ ।।

दक्ष-स्फिचं सदा पातु, सर्व-सम्पत्ति-पूरिणी ।
सर्व-मन्त्र-मयी शक्तिः, पातु वाम-स्फिचं मम ।। २८ ।।

पायात् कुकुन्दर-द्वन्दं, सर्व-द्वन्द्व-क्षयङ्करी।
सर्व-सिद्धि-प्रदा देवी, पातु दक्षिण वंक्षणम् ।। २९ ।।

सर्व-सम्पत्-प्रदा देवी, पातु मे वाम-वंक्षणम् ।
सर्व-प्रियङ्करी देवी, गुह्यं रक्षतु मे सदा ।। ३० ।।

मेढ्रं रक्षतु मे देवी, सर्व-मङ्गल-कारिणी ।
सर्व-काम-प्रदा देवी, पातु मुष्कं तु दक्षिणम् ।। ३१ ।।

पायात् तदन्यमुष्कं तु, सर्व-दुःख-विमोचिनी ।
सर्व-मृत्यु-प्रशमनी, देवी पातु गुदं मम ।। ३२ ।।

पातु देवी गुह्य-मध्यं, सर्व-विघ्न-निवारिणी ।
सर्वाङ्ग-सुन्दरी देवी, रक्षताद् दक्ष-सक्थिकम् ।। ३३ ।।

वाम-सक्थि-तलं पायात्, सर्व-सौभाग्य-दायिनी ।
अष्ठीवं मम सर्वज्ञा, देवी रक्षतु दक्षिणम् ।। ३४ ।।
वामाष्ठीवं सर्व-शक्तिः, देवी पातु युगं मम।
सर्वैश्वर्य-प्रदा देवी, दक्ष-जानुं सदाऽवतु ।। ३५ ।।
सर्व-ज्ञान-मयी देवी, जानुमन्यं ममावतात् ।
अव्याद् देवी दक्ष-जंघां, सर्व-व्याधि-विनाशिनी ।। ३६ ।।
तदन्यां पातु देवी सा, सर्वाधार-स्वरूपिणी ।
सर्व-पाप-हरा देवी, गुल्फं रक्षतु दक्षिणम् ।। ३७ ।।
सर्वानन्द-मयी देवी, वाम-गुल्फं संदाऽवतु ।
पार्ष्णिं मे दक्षिणं पायात्, सर्व-रक्षा-स्वरूपिणी ।। ३८ ।।
अव्यात् सदा सदा पार्ष्णिं, सर्वेप्सित-फल-प्रदा ।
दक्षांघ्रि-पार्श्वं वशिनी, पूर्वं वाग्-देवता मम।। ३९ ।।
सर्वं कामेश्वरी चोर्ध्वमधो वाग् - देवता मम ।
मोदिनी प्रपदं पातु, विमला दक्षिणेतरे ।। ४० ।।
अंगुलीररुणा पातु, दक्ष-पाद-नखोज्ज्वला ।
तदन्या जयिनी पातु, सदा सर्वेश्वरी मम ।। ४१ ।।
दक्ष-वाम-पाद-तलं, कौलिनी देवता मम ।
कुर्वन्तु जृम्भणा बाणाः, त्रैलोक्याकर्षणं मम ।। ४२ ।।
मोहं संहरतादिक्षु-कोदण्डं भृङ्गमौविक्रम् ।
करोतु सततं पाशो, वशीकरणमद्भुतम् ।। ४३ ।।
विदध्यादंकुशं नित्यं, स्तम्भनं शत्रु-सङ्कटे ।
पीठं मे काम-रूपाख्यं, पातु कामान्तिकं मनः ।। ४४ ।।
पूर्णं पूर्ण-गिरेः पीठं, कान्तिं मे जनयेत् सदा ।
जालन्धरमन्य-जालन्धर-पीठं मे रक्षतु ।। ४५ ।।
सायुज्ये नियतां प्रज्ञां, श्री-पीठं श्री-करं मम ।
कामेश्वरी त्वात्म-तत्त्वं, रक्षेद् वज्रेश्वरी तथा ।। ४६ ।।
विद्या-तत्त्वं शैव-तत्त्वं, पायाछ्रीभग-मालिनी ।
कामं विद्यान्महा-शत्रूनमृतार्णव-मानसम् ।। ४७ ।।
क्रोधं क्रोधपहा हन्यान्मन्युं पैताम्बुजासनम् ।
लोभ चिदासनं हन्याद्, देव्यात्मामृत-रूप-भाक् ।। ४८ ।।

मोहं संहरताच्चक्रं, मदं मन्त्रासनं मम ।
मात्सर्यं नाशयेन्नित्यं, मम सान्ध्यासनं तथा ।। ४९ ।।
आधारं त्रिपुरा रक्षेत्, स्वाधिष्ठानं पुरेश्वरी ।
मणि-पूरं मणि-द्योता, पायात् त्रिपुर-सुन्दरी ।। ५० ।।
अव्यादनाहतं भव्या, नित्यं त्रिपुर-वासिनी ।
विशुद्धिं त्रिपुरा श्रीश्च, आज्ञां त्रिपुर-मालिनी ।। ५१ ।।
इडां मे त्रिपुर-सिद्धा, त्रिपुरा चापि पिङ्गलाम् ।
सुषुम्नां पातु मे नित्या, पायात् त्रिपुर-भैरवी ।। ५२ ।।
त्रैलोक्य-मोहनं चक्रं, रोम-कूपांश्च रक्षतु ।
सर्वाशा-पूरकं चक्रं, सप्त-धातूँश्च रक्षतु ।। ५३ ।।
सर्व-संक्षोभणं चक्रं, प्राणाद्यं वायु-पञ्चकम् ।
सौभाग्य-दायकं चक्रं, नागाद्यनिल-पञ्चकम् ।। ५४ ।।
सर्वार्थ-साधकं चक्रं, कारणानां चतुष्टयम् ।
सर्व-रक्षा-करं चक्रं, रक्षतान्मे गुण-त्रयम् ।। ५५ ।।
सर्व-रोग-हरं चक्रं, पायात् पुर्यष्टकं मम ।
सर्व-सिद्धि-प्रदं चक्रमव्यान्मे कोश-पञ्चकम् ।। ५६ ।।
सर्वानन्द-मयं चक्रं, यशः कीर्तिं च रक्षतु ।
सौन्दर्यं मन्मथः पायाद्, धृतिश्चापि रतिं मम ।। ५७ ।।
प्रीतिं मे पातु या प्रीतिः, रूपं पातु वसन्तकः ।
सङ्कल्पं कल्पकोद्यानं, महा-लक्ष्मी श्रियं मम ।। ५८ ।।
कान्तिं कपालिनी रक्षेत्, मन्दिरं मणि-मण्डपः ।
पुत्रान् शङ्ख-निधिः पायाद्, भार्यां पद्म-निधिस्तथा ।। ५९ ।।
मार्गे क्षेमङ्करी रक्षेत्, मातङ्गी मुकुटं तथा ।
योगिनी प्रकटाद्यास्ता, नव-द्वाराणि पान्तु मे ।। ६० ।।
भोजने मामन्न-पूर्णा, मातङ्गी क्रीडनेऽवतात् ।
वने रक्षतु मां दुर्गा, जाग्रती दुष्ट-निग्रहे ।। ६१ ।।
त्रिधाऽहङ्कार-नैष्ठुर्य-दोष-त्रयं मल-त्रयम् ।
डाकिन्यो योगिनी-मुख्याः, संहरन्तु ममानिशम् ।। ६२ ।।
इच्छा-शक्तिर्गुरोर्भक्तिं, पातु मे ज्ञानमात्मनि ।
ज्ञान-शक्तिः क्रिया-शक्तिः, वैराग्य-विषयेष्वपि ।। ६३ ।।

हृत्-पद्म-कर्णिका-मध्ये, ह्रीङ्कारी परि-रक्षतु ।
वैखरी श्रवणं पातु, मध्यमा मननं पुनः ।। ६४ ।।
योगं रक्षतु पश्यन्ती, साक्षात् ज्ञान-परा मम ।
ब्रह्माणी जागृतं पातु, शयानं वैष्णवी तथा ।। ६५ ।।
सुषुप्तौ चण्डिका पातु, तुर्या मे मोह-कारिणी ।
सदा मां भैरवी पातु, जगद्-भरण-पण्डिता ।। ६६ ।।
चरणाम्भोरुहानन्द - परामृत - रसेरिता ।
प्लाविनी कुण्डली पूर्णा, अन्तरान्तं सदाऽवतात् ।। ६७ ।।
अष्ट-दिक्षु महेन्द्राद्या, सायुधाः पान्तु सर्वदा ।
पायादूर्ध्वां दिशं ब्रह्मा, विष्णुश्चक्रायुधोप्यधः ।। ६८ ।।
अनावृत्तानि स्थानानि, कवचेन तु यानि मे।
तानि सर्वाणि रक्षन्तु, शिवाद्या गुरवः सदा ।। ६९ ।।

।। फल-श्रुति ।।

एतत् सौभाग्य-कवचं, शाङ्करं यस्तु पाठयेत्।
त्रि-सन्ध्यं यः पठेद् भक्त्या, शृणुयाद् वा समाहितः ।। १
तस्य शीघ्रेण सिध्यन्ति, सिद्धयस्त्वणिमादयः ।
गुटिका-पादुकाद्यष्ट-सिद्धयः सम्भवन्ति च ।। २
वश्यादीन्यष्ट - कर्माणि, योगश्चाष्टाङ्ग - संयुतः ।
ब्रह्मा - विष्णु - गिरीशेन्द्र - कन्दर्प - रतिभिः सह।। ३
विचरन्ते तदखिलान्, सिद्ध - गन्धर्व - सेविताः।
तस्य स्मरण-मात्रेण, ग्रह-भूत-पिशाचकाः ।। ४
कीट-वत् प्र-पलायन्ते, कूष्माण्डा भैरवादयः।
तस्यांघ्रि-तोय-पतनात्, प्रशाम्यति महा-रुजाः ।। ५
तत् - पाद - कमलासक्त - रजो - लेशाभि - मर्शनात् ।
वश्यं भवति शीघ्रेण, त्रैलाक्यं स-चराचरम् ।
आबाल-महिला-भूपाः, किमु माया-विमोहिताः ।। ६

।। श्रीवामकेश्वर-तन्त्रे नित्या-षोडशिकार्णवे श्रीसौभाग्य-कवचम् ।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

श्रीसौभाग्य-कवच-स्तोत्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर)

सुन्दर **कैलास पर्वत** पर सुख-पूर्वक बैठे हुए देवताओं से पूजित **श्रीगिरीश** (शङ्कर जी) की **वैदिक स्तोत्रों** से स्तुति करके **श्रीगिरिजा (पार्वती)** ने उन्हें परम भक्ति से प्रणाम किया और हाथ जोड़कर कहा–'**सब प्रकार की सम्पत्ति और रक्षा देनेवाला रहस्य कहिए।**' (१)

श्रीशिव जी ने कहा–**देवि**, तुमने जो पूछा है, उसे कहता हूँ। सुनो, जिसके सुनने मात्र से सांसारिक भय नहीं होते। यह **सौभाग्य-कवच-रहस्य का भी रहस्य** और **सौभाग्य का दाता** है। (२)

मूल-पाठ के अनुसार **विनियोग, ऋष्यादि-न्यास** तथा **षडङ्ग-न्यास** करके श्लोक १ से ६ तक **वर्णित ध्यान** करना चाहिए। फिर **कवच** का **पाठ** करना चाहिए। यथा–

।। कवच-पाठ ।।

मेरी शिखा की रक्षा सदा **त्रिपुर-सुन्दरी** करें। शिर की रक्षा **कामेश्वरी** नित्या करें। उसके पूर्व भाग (सिर के पूर्व भाग) की रक्षा **भग-मालिनी** करें ।। १ ।। **नित्य-क्लिन्ना** सिर के दक्षिण भाग की तथा **भेरुण्डा** सिर के पश्चिम की रक्षा करें। **वह्नि-वासिनी** सिर के वाम भाग की और **विद्येश्वरी** मुख की रक्षा करें ।। २ ।। **शिव-दूती** मेरे ललाट की, ललाट के दक्षिण भाग की **त्वरिता** और ललाट के वाम भाग की रक्षा **कुल-सुन्दरी** करें।। ३।। **नित्या** भ्रू-मध्य की और दाहिनी भौंह की रक्षा **नील-पताका** करें। बाँई भौंह की रक्षा **विजया** करें। दक्षिण नयन की रक्षा **सर्व-मङ्गला** करें ।। ४ ।। **ज्वाला-मालिनी** बाँई आँख की तथा पलकों की रक्षा **चित्रा** करें। दाहिने कान की रक्षा **महा-नित्या** और बाँएँ कान की रक्षा **महोद्यमा** करें ।। ५ ।।

दाहिने और बाँएँ कपोलों की रक्षा क्रमशः **बटुक** और **क्षेत्र-पाल** करें। दक्ष नासा-पुट की **दुर्गा** और बाँएँ नासा-पुट की रक्षा **भारती** करें ।। ६ ।। नासिका के अग्र-भाग की रक्षा सदा **महा-लक्ष्मी** करें। दाहिनी कमर की रक्षा **अणिमा सिद्धि** और बाँई कमर की रक्षा **महिमा सिद्धि** करें ।। ७ ।। दाहिने गण्ड-स्थल (कनपटी-सहित मुख का समस्त पार्श्व) की रक्षा **गरिमा सिद्धि** और बाँएँ गण्ड-स्थल की रक्षा **लघिमा सिद्धि** करें। ऊर्ध्वोष्ठ की रक्षा **प्राप्ति सिद्धि** और अधरोष्ठ की रक्षा **प्राकाम्य** सिद्धि करें ।। ८ ।। ऊपर के दाँतों की रक्षा **ईशित्व सिद्धि** और नीचे के दाँतों की रक्षा **वशित्व सिद्धि** करें। रसना (जीभ) की रक्षा **रस सिद्धि** और तालू की रक्षा **मोक्ष सिद्धि** करें ।। ९ ।। दोनों तालु-मूल की

रक्षा **ब्राह्मी** और **माहेश्वरी** करें। **कौमारी** चिबुक (ठोडी या ठुड्डी) की तथा उसके नीचे के भाग की रक्षा **वैष्णवी** करें।। १० ।।

कण्ठ की रक्षा **वाराही** और उसके निचले भाग की रक्षा **इन्द्राणी** करें। कृकाटिका (गर्दन के पिछले भाग) की रक्षा **चामुण्डा** और सब ओर से **महा-लक्ष्मी** रक्षा करें।। ११ ।। दाहिने स्कन्ध (कन्धे) की रक्षा **सर्व-संक्षोभिणी मुद्रा** और बाँएँ कन्धे की रक्षा **द्राविणी-मुद्रा** करें। अंस-द्वय (कन्धे की हड्डी) की रक्षा क्रमशः **आकर्षिणी-मुद्रा** और **वश्य-मुद्रा** करें। दाहिनी भुजा की रक्षा **उन्मादिनी-मुद्रा**, बाँई भुजा की रक्षा **महांकुशा-मुद्रा** और दाहिनी काँख की रक्षा **खेचरी-मुद्रा** करें।।१२-१३।। बाँई काँख की रक्षा **बीज-मुद्रा** करें। दाहिने भाग की रक्षा **योनि-मुद्रा** और बाँएँ भाग की रक्षा **त्रिखण्डा-मुद्रा** करें।। १४ ।। दक्ष कूर्पर (कुहनी) की रक्षा **श्रीकामाकर्षिणी** नित्या और बाँएँ कूर्पर की रक्षा **बुद्ध्याकर्षिणी** करें।।१५।।

दाहिने प्रकाण्ड (भुजा के ऊपरी भाग) की रक्षा **अहङ्काराकर्षिणी** और बाँएँ प्रकाण्ड की रक्षा **शब्दाकर्षिणी** करें व **स्पर्शाकर्षिणी** दाहिने प्रकोष्ठ (कुहनी से मणि-बन्ध के ऊपर के भाग) की रक्षा करें तथा बाँएँ प्रकोष्ठ की रक्षा **रूपाकर्षिणी** करें। दाहिने मणि-बन्ध की रक्षा **रसाकर्षिणी** करें।।१६-१७।। बाँएँ मणि-बन्ध की रक्षा **गन्धाकर्षिणी** करें। दाहिने और बाँएँ करभ (पञ्जे के पिछले भाग, कर-पृष्ठ) की रक्षा क्रमशः **चित्ताकर्षिणी** और **धैर्याकर्षिणी** करें।।१८।। **स्मृत्याकर्षिणी** और **नामाकर्षिणी** बाँएँ और दाहिने तरफ रक्षा करें। अँगुलियों की रक्षा **बीजाकर्षिणी** करें।।१९।। बाँई अँगुलियों की रक्षा **आत्माकर्षिणी**, दाहिने नाखूनों की रक्षा **अमृताकर्षिणी** तथा बाँएँ नाखूनों की रक्षा **शरीराकर्षिणी** करें।। २० ।।

दाहिने स्तन के ऊपरी भाग की रक्षा **अनङ्ग-कुसुमा शक्ति** तथा बाँएँ स्तन के ऊपरी भाग की रक्षा **अनङ्ग-मेखला** करें।। २१ ।। **अनङ्ग-मदना** दाहिने स्तन की रक्षा करें, उसके चूचक की रक्षा सदा **अनङ्ग-मदनातुरा** करें।। २२ ।। **अनङ्ग-रेखा** बाँएँ स्तन की रक्षा करें और उसके चूचक की रक्षा **अनङ्ग-वेगिनी** करें। क्रोड (वक्षः-स्थल, छाती और कन्धों के बीच का भाग) की रक्षा **अनङ्गांकुशा** करें।। २३ ।। वक्षः-स्थल की रक्षा सदा **अनङ्ग-मालिनी** करें। हृदय की रक्षा **सर्व-संक्षोभिणी** करें। **सर्व-विद्राविणी** कुक्षि (पेट) की रक्षा करें, उसके दाईं तरफ **सर्वाकर्षिणी**, बाँईं तरफ आह्लादिनी (**सर्वाह्लाद-करी**) और मध्य में **सम्मोहिनी (सर्व-सम्मोहिनी)** सदा रक्षा करें।। २४-२५।।

पीठ की रक्षा **सर्व-स्तम्भिनी** करें। नाभि की रक्षा **सर्व-जृम्भिणी** करें। वस्ति-देश (पेट का नाभि से नीचे का भाग, पेडू) की रक्षा **वशङ्करी (सर्व-वशङ्करी)** और कटि (कमर) की रक्षा **सर्व-रञ्जिनी** करें।।२६।। जघन-मण्डल की रक्षा **सर्वोन्मादिनी** करें।

सर्वार्थ-साधिनी शक्ति मेरे नितम्बों की रक्षा करें ।।२७।। दाहिने स्फिच (कूल्हे) की रक्षा **सर्व-सम्पत्ति-कारिणी** और बाँएँ स्फिच की रक्षा **सर्व-मन्त्र-मयी** शक्ति करें ।।२८।। दोनों ककुन्दरों (नितम्ब कूप) की रक्षा **सर्व-द्वन्द्व-क्षयङ्करी** करें । दाहिने वंक्षण की रक्षा **सर्व-सिद्धि-प्रदा देवी** करें ।।२९।। वाम वंक्षण की रक्षा **सर्व-सम्पत्-प्रदा देवी** करें । गुह्य-स्थान की रक्षा **सर्व-प्रियङ्करी** करें ।।३०।।

मेढ्र (लिङ्ग) की रक्षा **सर्व-मङ्गल-कारिणी** करें। दाहिने मुष्क (अण्ड-कोष) की रक्षा **सर्व-काम-प्रदा देवी** करें ।।३१।। दूसरे (वाम) मुष्क की रक्षा **सर्व-दुख-विमोचनी** करें। मेरी गुदा की रक्षा **सर्व-मृत्यु-प्रशमनी** करें ।।३२।। गुह्य के मध्य भाग की रक्षा **सर्व-विघ्न-निवारिणी** करें । दाहिनी सक्थि (जाँघ की हड्डी) की रक्षा **सर्वाङ्ग-सुन्दरी** करें ।। ३३।। बाँई सक्थि की रक्षा **सर्व-सौभाग्य-दायिनी** करें । दाहिने अष्ठीव की रक्षा **सर्वज्ञा देवी** करें ।।३४।। बाँएँ अष्ठीव की रक्षा **सर्व-शक्ति-देवी** करें । दक्ष-जानु (जाँघ) की रक्षा **सर्वैश्वर्य-प्रदा देवी** करें ।।३५।।

वाम जानु की रक्षा **सर्व-ज्ञान-मयी देवी** करें । दक्ष जङ्घा (पिण्डली) की रक्षा **सर्व-व्याधि-विनाशिनी** करें ।।३६।। दूसरी (वाम) जंघा की रक्षा **सर्वाधार-स्वरूपिणी** करें। दाहिने गुल्फ (टखने) की रक्षा **सर्व-पाप-हरा** करें ।।३७।। वाम गुल्फ की रक्षा सदा **सर्वानन्द-मयी देवी** करें। दाहिनी पार्ष्णि (एड़ी) की रक्षा **सर्व-रक्षा-स्वरूपिणी** करें ।।३८।। वाम पार्ष्णि की रक्षा **सर्वेप्सित-फल-प्रदा देवी** करें। दाहिने पैर के पञ्जे के पार्श्व की रक्षा **वशिनी** और बाँएँ की रक्षा **वाग्देवता** करें ।।३९।। सब तरफ **कामेश्वरी** तथा ऊपर-नीचे **वाग्-देवता** रक्षा करें । **मोदिनी** दाहिने प्रपद (पैर के अगले भाग) की और **विमला** बाँएँ प्रपद की रक्षा करें ।।४०।।

अँगुलियों की रक्षा **अरुणा** करें और दाहिने पैर के नाखूनों की रक्षा **उज्ज्वला** करें । दूसरे (बाँएँ पैर के नाखूनों) की रक्षा **जयिनी** करें । **सर्वेश्वरी** सदा मेरे दाहिने पाद-तल (तलुआ) की रक्षा करें । **कौलिनी** वाम पाद-तल की रक्षा करें । **जृम्भण बाण** मेरे प्रति त्रैलोक्य का आकर्षण करें ।।४१-४२।। बड़वानल के समान चञ्चल मोह का नाश **इक्षु-कोदण्ड** (इक्षु-चाप, गन्ने का बना धनुष) करें । **पाश** सदा अद्भुत वशीकरण करें ।।४३।। शत्रु-सङ्कट के समय **अंकुश** स्तम्भन करें । कामान्तिक मन (इच्छाओं या कामनाओं से भरपूर मन) की रक्षा **काम-रूप** नामक पीठ करें ।।४४।। **पूर्णगिरि-पीठ** पूर्ण (शरीरस्थ पूर्ण-गिरि पीठ) की रक्षा करते हुए कान्ति उत्पन्न करें । **जालन्धर पीठ** मेरे जालन्धर-पीठ की रक्षा करें ।।४५।।

प्रज्ञा मुझे सायुज्य दें, **श्रीपीठ** मुझे श्री (धन) दें। **कामेश्वरी**–आत्म-तत्व की रक्षा करें। **वज्रेश्वरी**– विद्या-तत्व की और **श्री भग-मालिनी**–शिव-तत्व की रक्षा करें। काम आदि महा-शत्रुओं से **अमृतार्णव** (सुधा-सागर) रक्षा करें ।।४६-४७।। क्रोध का **क्रोधापहा**, रोष का **पैताम्बुजासन**, लोभ का **चिदासन**, जो देवी के दिव्य-रूप के समान है, नाश करें ।।४८।। मोह का **नाश चक्र (श्रीचक्र)** करें। मदन (काम-वासना) का नाश **मन्त्रासन** करें। मेरे मात्सर्य का नाश **सान्ध्यासन** करें ।।४९।। आधार (मूलाधार) की रक्षा **त्रिपुरा** और स्वाधिष्ठान की रक्षा **पुरेश्वरी** करें। मणिपूर की रक्षा मणि-द्योता **त्रिपुर-सुन्दरी** करें ।।५०।।

अनाहत चक्र की रक्षा भव्य **त्रिपुर-वासिनी** करें। विशुद्धि-चक्र की रक्षा **त्रिपुरा-श्री** और आज्ञा-चक्र की रक्षा **त्रिपुरा-मालिनी** करें ।।५१।। इडा नाड़ी की रक्षा **त्रिपुर-सिद्धा** और पिङ्गला नाड़ी की रक्षा **त्रिपुरा** करें। सुषुम्ना की रक्षा **त्रिपुर-भैरवी** करें ।।५२।। रोम-कूपों की रक्षा **त्रैलोक्य-मोहन** चक्र करें। सप्त-धातुओं (१रस, २ रक्त, ३ मांस, ४ वसा, ५ अस्थि, ६ मज्जा तथा ७ वीर्य) की रक्षा **सर्वाशा-पूरक-चक्र** करें ।।५३।। प्राणादि (१ प्राण, २ अपान, ३ समान, ४ उदान तथा ५ व्यान) वायु-पञ्चक की रक्षा **सर्व-संक्षोभण-चक्र** करें। नाग आदि पाँच अनिलों (वायुओं-१ नाग, २ कूर्म, ३ कृकल, ४ देवदत्त और ५ धनञ्जय) की रक्षा **सर्व-सौभाग्य-दायक-चक्र** करें ।।५४।। कारण-चतुष्टय की रक्षा **सर्वार्थ-साधक-चक्र** करें। गुण-त्रय (१ सत्त्व, २ रज, ३ तम) की रक्षा **सर्व-रक्षा-कर-चक्र** करें ।।५५।।

पुर्यष्टक की रक्षा **सर्व-रोग-हर- चक्र** करें। कोष-पञ्चक (१ अन्न-मय कोष, २ प्राण-मय कोष, ३ मनो-मय कोष, ४ विज्ञान-मय कोष तथा ५ आनन्द-मय कोष) की रक्षा **सर्व-सिद्धि-प्रद-चक्र** करें ।।५६।। यश और कीर्ति की रक्षा **सर्वानन्द-मय- चक्र** करें। सौन्दर्य की रक्षा **मन्मथ** (काम-देव) करें। धृति (धैर्य) की रक्षा **रति** करें ।।५७।। **प्रीति** (प्रेम, सौहार्द्र, प्रसन्नता, आह्लाद) की रक्षा **प्रीति** करें। रूप की रक्षा **बसन्त** करें। सङ्कल्प की रक्षा **कल्पकोद्यान** और श्री (धन आदि) की रक्षा **महा-लक्ष्मी** करें ।।५८।। कान्ति (मनोहरता) की रक्षा **कपालिनी** करें, मन्दिर (घर) की रक्षा **मणि-मण्डप** करें। पुत्रों की रक्षा **शङ्ख-निधि** और भार्या (पत्नी) की रक्षा **पद्म-निधि** करें ।।५९।। मार्ग में **क्षेमङ्करी** रक्षा करें। मुकुट की रक्षा **मातङ्गी** करें। नव-द्वारों (१ मुख, २-३ नासा-पुट-द्वय, ४-५ नेत्र-द्वय, ६-७ कर्ण-द्वय, ८ लिङ्ग, ९ गुदा-ये नव-द्वार हैं) की रक्षा **प्रकटा** आदि योगिनियाँ करें ।।६०।।

भोजन-काल में **अन्न-पूर्णा,** खेलने के समय **मातङ्गी** रक्षा करें। दुष्टों के निग्रह के लिए सदा जागनेवाली **दुर्गा** वन में रक्षा करें ।।६१।। तीन प्रकार का अहङ्कार, निष्ठुरता, दोष-त्रय (१ कफ, २ वात, ३ पित्त), मल-त्रय (१ आणव, २ मायिक, ३ कायिक) का नाश

डाकिनी-योगिनी सदैव करें।।६२।। इच्छा-शक्ति और गुरु-भक्ति की रक्षा मेरा **ज्ञान** करे। ज्ञान-शक्ति, क्रिया-शक्ति, वैराग्य तथा विषयों की रक्षा हृदय-कमल की कर्णिका में निवास करनेवाली **ह्रीङ्कारी** करें। **वैखरी** श्रवण-शक्ति की रक्षा करें। मनन की रक्षा **मध्यमा** करें।।६३-६४।। योग की रक्षा **पश्यन्ती** और ज्ञान की रक्षा **परा-वाणी** करें। **ब्रह्माणी** सोते समय और **वैष्णवी** जागते समय रक्षा करें।।६५।।

सुषुप्ति (प्रगाढ़ निद्रा) में **चण्डिका** और तुर्यावस्था (चौथी अवस्था, जिसमें **आत्मा-ब्रह्म** से तदाकार हो जाती है) **मोह-कारिणी** रक्षा करें। सदैव जगद्धरण-पण्डिता **भैरवी** मेरी रक्षा करें।।६६।।परामृत से प्लावित चरण-कमलोंवाली **पूर्णा कुण्डली** अन्तरान्त की सदा रक्षा करें।।६७।। आठों दिशाओं (१ पूर्व, २ आग्नेय, ३ दक्षिण, ४ नैऋत्य, ५ पश्चिम, ६ वायव्य, ७ उत्तर और ८ ईशान) की रक्षा **महेन्द्र** आदि (१ इन्द्र, २ अग्नि, ३ यम, ४ निऋति, ५ वरुण, ६ वायु, ७ कुबेर या सोम और ८ ईशान) अपने-अपने **आयुधों** (१ वज्र, २ शक्ति, ३ दण्ड, ४ खड्ग, ५ पाश, ६ अंकुश, ७ गदा और ८ शूल) के साथ सदैव करें। ऊर्ध्व-दिशा में **ब्रह्मा** तथा **चक्र-धारी विष्णु** अध: दिशा की रक्षा करें।।६८।। जो स्थान **कवच** से अनावृत हैं, उनकी रक्षा **शिव** आदि गुरु-जन करें।।६९।।

।। फल-श्रुति ।।

श्रीशिव जी द्वारा कथित उक्त **सौभाग्य-कवच** जो भक्ति-पूर्वक तीनों सन्ध्याओं में पढ़ता, पढ़वाता या सुनता है, उसे शीघ्र ही **अणिमा** आदि **अष्ट-सिद्धियाँ** (१ अणिमा, २ लघिमा, ३ प्राप्ति, ४ प्राकाम्य, ५ महिमा, ६ ईशित्व, ७ वशित्व और ८ कामावसायिता) तथा **गुटिका, पादुका** आदि (१ गुटिका, २ पादुका, ३ रस-सिद्धि, ४ अन्तर्धान, ५ खड्ग, ६ खेचरी, ७ यक्षिणी और ८ वेताल-सिद्धि) **आठ सिद्धियाँ** प्राप्त हो जाती हैं।।१-२।।

वशीकरण आदि **आठ कर्मों** (१ वशीकरण, २ शान्ति, ३ आकर्षण, ४ मोहन, ५ स्तम्भन, ६ विद्वेषण, ७ उच्चाटन और ८ मारण) तथा **अष्टाङ्ग योग** (१ यम, २ नियम, ३ आसन, ४ प्राणायाम, ५ प्रत्याहार, ६ ध्यान, ७ धारणा और ८ समाधि) से युक्त होकर **ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, कामदेव** और **रति** के साथ सर्वत्र विचरता हुआ **सिद्धों** और **गन्धर्वों** से सेवित होता है। उसके स्मरण मात्र से **ग्रह, भूत, पिशाच कूष्माण्ड** तथा **भैरव** आदि कीड़े-मकोड़ों के समान भाग जाते हैं। उसके पैरों से स्पृष्ट जल से **महा-रोग** भी शान्त हो जाते हैं।।३-५।। उसके चरण-कमलों की धूल के स्पर्श मात्र से चराचर त्रैलोक्य शीघ्र ही वश में हो जाते हैं। बालक, महिलाएँ, राजा भी माया-पूर्वक उसके वशीभूत हो जाते हैं।। ६।।

★★★

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललिता-हृदय-स्तोत्र-माला-मन्त्र-साधना

।। पूर्व-पीठिका—श्रीअगस्त्य उवाच ।।

हयग्रीव! दया-सिन्धो!, ललितायाः शुभं मम।
हृदयं च महोत्कृष्टं, कथयस्व महा-मुने!।। १।।

।। श्रीहयग्रीव उवाच ।।

श्रृणु त्वं शिष्य! वाक्यं मे, हृदयं कथयामि ते।
महा-देव्यास्तथा शक्तेः, प्रीति-सम्पाद-कारकम्।। २।।

बीजात्मकं महा - मन्त्र - रूपकं परमं निजम्।
कामेश्वर्याः स्वाङ्ग - भूतं, डामर्यादिभिरावृतम्।। ३।।

कामाकर्ष्यादि-संयुक्तं, पञ्च - काम - दुघान्वितम्।
नव-वल्लि-समायुक्तं, कादि-हादि- मतान्वितम् ।। ४।।

त्रिकूट - दर्शितं गुप्तं, हृदयोत्तममेव च ।
मूल-प्रकृति-व्यक्तादि-कला - शोधन-कारकम्।। ५।।

विमर्श - रूपकं चैव, विद्या - शक्ति - षडङ्गकम्।
षडध्व-मार्ग-पीठस्थं, सौर-शाक्तादि - संज्ञकम्।। ६।।

अभेद-भेद-नाशं च, सर्व-वाग्-वृत्ति - दायकम्।
तत्त्व-चक्र-मयं तत्त्व-विन्दु - नाद-कलान्वितम्।। ७।।

प्रभा-यन्त्र-समायुक्तं, मूल - चक्र - मयान्वितम्।
कण्ठ-शक्ति-मयोपेतं, भ्रामरी - शक्ति-रूपकम्।। ८।।

।। विनियोग ।।

ॐ अस्य श्री ललिता-हृदय-स्तोत्र-माला-मन्त्रस्य श्रीआनन्द-भैरव ऋषिः। अमृत-विराट् छन्दः। श्रीललिता-वाग्देवता-प्रसाद-सिद्धये जपे विनियोगः।

।। ऋष्यादि-न्यास ।।

ॐ श्रीआनन्द-भैरव-ऋषये नमः—शिरसि। ॐ अमृत-विराट्-छन्दसे नमः—मुखे। ॐ श्रीललिता-वाग्देवता-प्रसाद-सिद्धये जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

।। कर-न्यास ।।

ॐ ऐं 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ क्लीं 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' तर्जनीभ्यां नमः। ॐ सौः 'स-क-ल-ह्रीं' मध्यमाभ्यां नमः। ॐ ऐं 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' अनामिकाभ्यां

नमः। ॐ क्लीं 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' कनिष्ठाभ्यां नमः। ॐ सौः 'स-क-ल-ह्रीं' करतल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।

।। अङ्ग-न्यास ।।

ॐ ऐं 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' हृदयाय नमः। ॐ क्लीं 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' शिरसे स्वाहा। ॐ सौः 'स-क-ल-ह्रीं' शिखायै वषट्। ॐ ऐं 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' कवचाय हुम्। ॐ क्लीं 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' नेत्र-त्रयाय वौषट्। ॐ सौः 'स-क-ल-ह्रीं' अस्त्राय फट्।

।। ध्यान।।

द्रां द्रीं क्लीं बीज-रूपे, हसित - कह - कहे, ब्रह्म-देहान्तरङ्गे!
ब्लूं सः क्रों वर्ण-माले, सुर-गण-नमिते, तत्त्व-रूपे! हसखफ्रें ।।
ह्सां ह्सीं ह्सौं बीज-रूपे, परम-सुख-करे, वीर-मातः! स्वयम्भूः ।
ऐं सहखफ्रें बीज-तत्त्वे, कलित-कुल-कले! ते नमः शुद्ध-वीरे ।। १।।

।। मानस-पूजन ।।

ॐ लं पृथिवी-तत्त्वात्मकं गन्धं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।
ॐ हं आकाश-तत्त्वात्मकं पुष्पं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।
ॐ यं वायु-तत्त्वात्मकं धूपं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये घ्रापयामि नमः।
ॐ रं अग्नि-तत्त्वात्मकं दीपं श्रीललिता- त्रिपुरा-प्रीतये दर्शयामि नमः।
ॐ वं जल-तत्त्वात्मकं नैवेद्यं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये निवेदयामि नमः।
ॐ सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।

।। मूल हृदय-स्तोत्र-माला-मन्त्र-पाठ ।।

हृदयाम्बुज - मध्यस्था, ब्रह्मात्मैक्य - प्रदायिनी ।
त्रिपुराम्बा त्रिकोणस्था, पातु मे हृदयं सदा ।। १ ।।
अवर्ण - मालिका शक्तिर्वर्णमाला - स्वरूपिणी ।
नित्याऽनित्या तत्त्वगा सा, निराकार - मयान्विता ।। २ ।।
शब्द - ब्रह्म - मयी शब्द - बोधाकार - स्वरूपिणी ।
सांविदी वादि - संसेव्या, सर्व - श्रुतिभिरीडिता ।। ३ ।।
महा - वाक्योपदेशानी, स्वर - नाडी - गुणान्विता ।
ह्रीं-कार-चक्र - मध्यस्था, ह्रीमुद्यान - विहारिणी ।। ४ ।।
ह्रीं मोक्ष-कारिणी ह्रीं ह्रीं, महा-ह्रीं-कार-धारिणी ।
काल-कण्ठी महा-देवी, कुरु-कुल्ला कुलेश्वरी ।। ५ ।।

ऐं ऐं प्रकाश - रूपेण, ऐं बीजान्तर - वासिनी ।
ईशस्था ईदृशी चेशी, ईं ईं बीज - करी तथा ।। ६ ।।
लक्ष्मी - नारायणान्तःस्था, लक्ष्यालक्ष्य-करी तथा ।
शिवस्था हेति - वर्णस्था, स - शक्तेर्वर्ण - रूपिणी ।। ७ ।।
कमलस्था कला-माला, ह्रां ह्रीं ह्रीं ह्रीं मुखी तथा ।
लावण्य - सुन्दरी पातु, लक्ष्य - कोणाग्रमन्विता ।। ८ ।।
लां लां लीं लीं सुरैः स्तुत्या, सां सीं सूं सैं सुरार्चिता ।
कां कीं कूं काकिनी सेव्या, लां लीं लूं काकिनी-स्तुता ।। ९ ।।
बिन्दु - चक्रेश्वरी पातु, द्वितीया - वर्ण - देवता ।
वसु - कोणेश्वरी देवी, द्वि - दशारेश्वरी च माम् ।। १० ।।
मन्वस्त्र - चक्र - मध्यस्था, नाग - पत्रेश्वरी सदा।
षोडशारेश्वरी नित्या, मण्डल - त्रय - देवता ।। ११ ।।
भू-पुर-त्रय-मध्यस्था, द्वादश - ग्रन्थि - भेदिनी ।
हसां हसीं सु - बीजस्था, हरिद्रादिभिरर्चिता ।। १२ ।।
अनन्त - कोटि - जन्मस्था, जन्माजन्मत्व - वर्जिता ।
अमृताम्भोधि - मध्यस्था, अमृतेशादि - सेविता ।। १३ ।।
मृतामृत - करी मूल - विराट् - शक्तिः परात्मिका ।
आत्मनं पातु मे नित्यं, तथा सर्वाङ्गमेव च ।। १४ ।।
अष्ट - दिक्षु कराली सा, ऊर्ध्वाधः-प्रान्तके तथा ।
गुरु-शक्ति - महा-विद्या, गुरु - मण्डल - गामिनी ।। १५ ।।
सर्व - चक्रेश्वरी सर्व - ब्रह्मादिभिः सु - वन्दिता ।
सत्त्व-शक्तिः रजः - शक्तिस्तमः-शक्तिः परात्मिका ।। १६ ।।
प्रपञ्चेशी सु - कालस्था, महा - वेदान्त - गर्भिता ।
कूटस्था कूट - मध्यस्था, कूटाकूट - विवर्जिता ।। १७ ।।
योगाङ्गी योग-मध्यस्था, अष्ट - योग - प्रदायिनी ।
नव - शक्तिः कृती माता, अष्ट - सिद्धि-स्वरूपिणी ।। १८ ।।
नव - वीरावली रम्या, मुक्ति - कन्या मुकुन्दगा ।
उपदेश - करी विद्या, महा - मुख्य - विराजिता ।। १९ ।।
मुख्याऽमुख्या महा-मुख्या, मूल - बीज - प्रवर्तिका ।
दिक्-पालकाः सदा पान्तु, श्री श्री-चक्राधि-देवताः ।। २० ।।

दिग् - योगिन्यष्टकं पातु, तथा भैरव चाष्टकम् ।
षडङ्ग - देवताः पान्तु, नित्या - षोडशिकास्तथा ।। २१।।
नाथ - शक्तिः सदा पातु, त्रिकोणान्तर - दीपिका ।
त्रि-सारा त्रय - कर्माणि, नाशिनी त्रयं दर्शति ।। २२।।
त्रि - काला शोषणी शोष - कारिणी शोषणेश्वरी ।
भुक्ति-मुक्ति-प्रदा बाला, भुवनाम्बा वल्गेश्वरी (बुधेश्वरी)।। २३।।
अतृप्तिस्तृप्ति - सन्तुष्टा, तृप्ता तृप्त - करी सदा ।
आम्नाय - शक्तयः पान्तु, आदि-शेष-सु-तल्पिनी ।। २४।।
राज्यत्वं देहि मे नित्यं, आदि-शम्भु-स्वरूपिणी ।
सर्व-रोग-हरा सर्व - कैवल्य - पद - दायिनी ।। २५।।

।। फल-श्रुति ।।

इदं तु हृदयं दिव्यं, ललिता - प्रीति - दायकम् ।
अनेन च समं नास्ति, स्तोत्रं प्रख्यात - वैभवम्।।१।।
शक्ति - रूपं शक्ति - गुप्तं, प्रकटाङ्गे प्रभुं शुभम् ।
मूल - विद्यात्मकं मूल - ब्रह्म - सम्भव - कारणम् ।।२।।
नादादि - शक्ति - संयुक्तमभूतमद्भुतं महत् ।
रोगहं पापहं विघ्न - नाशनं विघ्न - हारिणम्।।३।।
चिरायुष्य - प्रदं सर्व - मृत्यु - दारिद्र्य - नाशनम् ।
क्रोधहं मुक्तिदं मुक्ति - दायकं परं मे सुखम्।।४।।
रुद्रदं मृडपं विष्णुं, दण्डकं ब्रह्म - रूपकम् ।
विचित्रं च सुचित्रं च, सुन्दरं च सु -गोचरम्।।५।।
नाभक्ताय न दुष्टाय, नाविश्वस्ताय देशिकः ।
न दापयेत् परं विद्या - हृदयं मन्त्र - गर्भितम्।।६।।
स्तोत्राणामुत्तमं स्तोत्रं, मन्त्राणामुत्तमं मनुम् ।
बीजानामुत्तमं बीजं, शाक्तानामुत्तमं शिवम्।।७।।
पठेद् भक्त्या त्रि - कालेषु, अर्ध - रात्रे तथैव च ।
वाक्-सिद्धि-दायकं नित्यं, पर-विद्या-विमोहकम्।।८।।
स्व-विद्या-स्थापकं चान्यद्, यन्त्र-तन्त्रादि-भेदनम् ।
कृत्तिका - नक्षत्र-कूर्माख्ये, चक्रे स्थित्वा जपेन्मनुम्।।९।।

।। श्रीमहत्तर-योनि-विद्याया महा-तन्त्रे श्रीललिता-हृदय-स्तोत्रम् ।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

श्रीललिता-हृदय-स्तोत्र-माला-मन्त्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर)

श्रीअगस्त्य जी बोले-हे दया-सागर महा-मुनि **हयग्रीव जी**! मुझे ललिता का परम श्रेष्ठ **'हृदय'** बताइए।।१।।

श्रीहयग्रीव जी बोले-हे शिष्य! सुनो, मैं तुम्हें **'हृदय'** सुनाता हूँ, जो शक्ति को प्रसन्नता प्राप्त कराता है।।२।।

यह **बीजात्मक** और **महा-मन्त्र-रूप** स्वयं **कामेश्वरी** का अपना अङ्गभूत है तथा **डामरी** आदि से आवृत है ।।३।।

कालाकर्षी, पञ्च-काम-दुघा, नव-वल्ली, कादि-हादि-मत से युक्त है ।।४।।

त्रि-कूटों का दर्शक यह गुप्त **'हृदय'** श्रेष्ठ ही है और **मूल-प्रकृति, व्यक्तादि कलाओं का शोधक है** ।।५।।

यह **विमर्श-रूप, विद्या और शक्ति का षडङ्ग, षडध्व-मार्ग** और **पीठस्थ** तथा **सौर-शाक्तादि का सूचक है** ।।६।।

अभेद-भेद का नाशक, वाणी की सभी शक्तियों को देनेवाला, तत्त्व-चक्र-मय और **तत्त्व, बिन्दु, नाद, कला से समन्वित है** ।।७।।

प्रकाश-पूर्ण यन्त्र और **मूल-चक्र, कण्ठ-शक्ति से युक्त** यह **भ्रामरी शक्ति-स्वरूप** है ।।८।।

विनियोग-उक्त **श्रीललिता-हृदय-स्तोत्र-माला-मन्त्र** के ऋषि **श्रीआनन्द-भैरव**, छन्द **अमृत-विराट्** और विनियोग **श्रीललिता-वाग्-देवता की प्रसन्नता** की प्राप्ति है।

दोनों हाथों से **प्रणाम** करते हुए **कूट-त्रय की दुहरी आवृत्ति** द्वारा दोनों **षडङ्ग** (कर एवं अङ्ग) **न्यास** कर **ध्यान** करना चाहिए। यथा-

हे वीर-माता! आप **द्रां-द्रीं-क्लीं** बीज-स्वरूपा, **हसित-कह-कहा, ब्रह्म-देह की अन्तरङ्गा, ब्लूं-सः-क्रों** वर्ण-माला, **देव-गणों द्वारा वन्दिता, तत्त्व-स्वरूपा, ह्स्ख्फ्रें-ह्सां-ह्सीं-ह्सौं**-बीज-स्वरूपा, **परम-सुख-दायिनी, स्वयम्भू, स्ह्ख्फ्रें**-बीज-तत्त्वा, **कलित-कुल-कला** और **शुद्ध-वीरा** हैं। आपको नमस्कार है।

उक्त प्रकार **ध्यान** कर **मानस-पञ्चोपचारों** से पूजन कर, **नौ मुद्राएँ** दिखाकर तीन बार **मूल-मन्त्र** का जप कर **योनि-मुद्रा** से प्रणाम करना चाहिए और फिर **'हृदय-स्तोत्र-माला-मन्त्र'** का पाठ करना चाहिए। यथा-

।। हृदय-स्तोत्र-माला-मन्त्र ।।

हृदय-कमल के मध्य में विराजमाना, **ब्रह्म** से **आत्मा** का ऐक्य करानेवाली, **त्रिकोण**-स्थिता माता त्रिपुरा सदा मेरे हृदय की रक्षा करें ।।१।।

अवर्ण-माला, शक्ति-वर्ण-माला-स्वरूपा, नित्या और अनित्या, तत्त्व-व्यापिनी वे निराकार-**मय** हैं ।।२।।

शब्द-ब्रह्म-मयी, शब्द-ज्ञान-स्वरूपा, संविद्-रूपिणी, विद्वद्-सेविता वे सभी श्रुतियों द्वारा वर्णिता हैं ।।३।।

महा-वाक्यों का उपदेश करनेवाली, **स्वर-नाड़ी-गुण-स्वरूपा, ह्रीं**-कार-चक्र के मध्य में विराजनेवाली वे **ह्रीं-रूपी उद्यान** में विहार करती हैं ।।४।।

ह्रीं से मोक्ष-दायिनी **ह्रीं-ह्रीं महा-ह्रीं** को धारण करनेवाली, **काल** को कण्ठ में रखनेवाली **महादेवी** वे **कुलेश्वरी कुरु-कुल्ला** हैं ।।५।।

ऐं-ऐं प्रकाश-रूपिणी, ऐं-बीज के अन्तर में रहनेवाली, **ईशस्था,** ईदृशी और **ईशी ईं-ईं** बीज-कारिणी हैं ।।६।।

लक्ष्मी और **नारायण** के हृदय में रहनेवाली, **लक्ष्य** और **अलक्ष्य** का बोध करानेवाली, **शिवस्था ह**-वर्णस्था और **स**-शक्ति के वर्णवाली हैं ।।७।।

कमल पर विराजमाना, कला-मालावाली, ह्रां-ह्रीं-ह्रीं-ह्रीं-मुखी हैं। **लक्ष्य-कोणाग्र** से युक्ता **लावण्य-सुन्दरी** रक्षा करें ।।८।।

लां लां लीं लीं देवों से वन्दिता, **सां सीं सूं सैं** देवों से पूजिता, **कां कीं कूं** काकिनी और **लां लीं लूं लाकिनी** से वन्दिता हैं ।।९।।

द्वितीया वर्ण-देवता **विन्दु-चक्रेश्वरी, वसु-कोणेश्वरी** और **द्वि-दशारेश्वरी** देवी मेरी रक्षा करें।।१०।।

मन्वस्र-**चक्र** के मध्य में रहनेवाली, नाग-**दलों की ईश्वरी, षोडशार की ईश्वरी** नित्या और तीनों **मण्डल के देवता** सदा रक्षा करें ।।११।।

तीनों **भू-पुरों** के मध्य में रहनेवाली, **बारह ग्रन्थियों** का भेदन करनेवाली, हसां हसीं सुन्दर बीजों में अवस्थिता, हल्दी आदि द्वारा अर्चिता रक्षा करें ।।१२।।

अनन्त कोटि जन्मों में विराजिता, जन्मत्व और अजन्मत्व से विरहिता, अमृत-सागर के मध्य में रहनेवाली, अमृतेशादि से सेविता रक्षा करें ।।१३।।

मृत और अमृत करनेवाली, मूल विराट् शक्ति, परात्मिका मेरी आत्मा और सभी अङ्गों की सदा रक्षा करें ।।१४।।

आठों दिशाओं में वह कराली ऊर्ध्व तथा अधः प्रदेशों में, गुरु-मण्डल में पहुँचनेवाली गुरु-शक्ति महा-विद्या रक्षा करें ।।१५।।

ब्रह्मादि सभी के द्वारा सुचारु रूप से वन्दिता, सत्त्व-रज-तमः शक्ति-रूपा परात्मिका रक्षा करें ।।१६।।

प्रपञ्च की स्वामिनी, सुन्दर काल में विराजमाना, महा-वेदान्त में छिपी हुई, कूटस्था, कूट-मध्यस्था, कूट और अकूट से विरहिता रक्षा करें ।।१७।।

योगाङ्गी, योग-मध्यस्था, अष्ट-योगों का ज्ञान करानेवाली, नव-शक्ति-स्वरूपा, माता, अष्ट-सिद्धियों की रूपवाली रक्षा करें ।।१८।।

नव वीरों से सुशोभिता, मुक्ति-कन्या, मुकुन्द में लीन रहनेवाली, उपदेश-दायिनी विद्या, महान् प्रमुखों में विराजिता रक्षा करें ।।१९।।

मुख्या, अमुख्या और महा-मुख्या, मूल-बीज का प्रवर्तन करनेवाली, दिक्-पालिका, श्रीचक्र की अधि-देवता सदा रक्षा करें ।।२०।।

आठ दिग्-योगिनियाँ और आठ भैरव, षडङ्ग-देवता और सोलह नित्याएँ रक्षा करें ।।२१।।

त्रिकोणान्तर को दीप्त करनेवाली नाथ-शक्ति सदा रक्षा करें। तीनों की सार-रूपा, तीनों कर्मों का क्षय करनेवाली, तीनों को दिखानेवाली रक्षा करें ।।२२।।

तीनों काल व्याप्त रहनेवाली, शोषण की ईश्वरी, भुक्ति-मुक्ति-दायिनी, बाला, भुवनाम्बा और वल्गेश्वरी (बुधेश्वरी) रक्षा करें ।।२३।।

अतृप्ति, तृप्ति, सन्तुष्टा, तृप्ता, तृप्त करनेवाली, आम्नायों की शक्तियाँ, आदि-अन्त-रूपी सुन्दर बिछावनवाली सदा रक्षा करें ।।२४।।

आदि-शम्भु-स्वरूपा मुझे नित्य राज्यैश्वर्य प्रदान करें। सब रोगों को हरनेवाली, सभी मोक्ष-पदों को देनेवाली रक्षा करें ।।२५।।

।। फल-श्रुति ।।

उक्त दिव्य 'हृदय'-ललिता की प्रीति को दिलानेवाला है। इसके समान वैभव-दायक दूसरा स्तोत्र नहीं है।।१।।

शक्ति-स्वरूप, शक्ति को छिपाए हुए यह प्रकट में शुभ-दायक प्रभु-सदृश है। मूल ब्रह्म को प्रकट करने में कारण-भूत मूल-विद्या-स्वरूप है।।२।।

नादादि शक्तियों से युक्त यह बड़ा ही अद्भुत है। रोगों, पापों और विघ्नों का नाश करनेवाला है ।।३।।

दीर्घ आयु का देनेवाला, सभी प्रकार की मृत्यु और दरिद्रता का नष्ट करनेवाला है। क्रोध का नाशक, मुक्ति देनेवाला यह परम सुख-दायक है ।।४।।

रुद्र, विष्णु और ब्रह्मा के स्वरूपवाला यह विचित्र, सुचित्र, सुन्दर और सुदर्शन है ।।५।।

अभक्त, दुष्ट और अविश्वसनीय व्यक्ति को इस मन्त्रात्मक श्रेष्ठ विद्या-हृदय को न देना चाहिए।।६।।

स्तोत्रों में श्रेष्ठ स्तोत्र, मन्त्रों में श्रेष्ठ मन्त्र, बीजों में श्रेष्ठ बीज और शाक्तों में श्रेष्ठ शिव-स्वरूप यह है।।७।।

तीनों कालों में और अर्द्ध-रात्रि के समय भक्ति-पूर्वक इसका पाठ करे। यह वाक्-सिद्धि को देनेवाला और सदा शत्रु की विद्या को नष्ट करनेवाला है।।८।।

अपनी विद्या को प्रतिष्ठित करानेवाला और शत्रु के यन्त्र-तन्त्र का भेदन करनेवाला है। कृत्तिका नक्षत्र में कूर्म-चक्र पर बैठकर मन्त्र का जप करना चाहिए।।९।।

वाग्भव-बीज 'ऐं'

हे निखिल शब्दों की जननी-स्वरूपा माता!
अमृत के समान फैलनेवाले, तुम्हारे उस उत्कृष्ट 'वाग्भव-बीज'
'ऐं' को मैं प्रणाम करता हूँ,
'शब्द-पद-वाक्य' और 'चारों प्रमाणों' का जो जनक है,
४ 'वेद', ४ 'उप-वेद', २४ 'स्मृति', ६ 'शास्त्र', १८ 'पुराण',
संस्कृत आदि मनुष्यों में प्रचलित सभी भाषाओं तथा
नाना प्रकार के पशुओं की बोली को जो प्रकट करता है।

—महर्षि दुर्वासा

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीमत्-ललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-हृदय-स्तोत्र-साधना

ॐ शुद्ध-स्फटिक-सङ्काशं, द्वि-नेत्रं करुणा-निधिम्।
वराभय-करं वन्दे, श्रीगुरुं शिव-रूपिणम् ।।१।।

भक्ताज्ञान-तमो-भानुं, मूर्ध्नि पङ्कज-संस्थितम्।
सदा-शिव-मयं नित्यं, श्रीगुरुं प्रणमाम्यऽहम् ।।२।।

श्रीविद्यां जगतां धात्रीं, सर्ग - स्थिति - लयेश्वरीम्।
नमामि ललितां नित्यं, महा-त्रिपुर-सुन्दरीम् ।।३।।

बिन्दु-त्रिकोण-संयुक्तं, वसु - कोण - समन्वितम्।
दश-कोण-द्वयोपेतं, भुवनार-समन्वितम् ।।४।।

दलाष्टक-समोपेतं, दल - षोडशकान्वितम्।
वृत्त-त्रयान्वितं भूमि-सदन-त्रय-भूषितम् ।।५।।

नमामि ललिता-चक्रं, भक्तानामेतदिष्टदम्।
अमृताम्भो-निधौ तत्र, रत्न-द्वीपं नमाम्यऽहम् ।।६।।

नाना-वृक्ष-महोद्यानं, वन्देऽहं कल्प-वाटिकाम्।
सन्तान-वाटिकां वन्दे, हरि-चन्दन-वाटिकाम्।।७।।

मन्दार-वाटिकां वन्दे, पारिजाताख्य-वाटिकाम्।
नमामि तव देवेशि!, कदम्ब-वन-नाटिकाम्।।८।।

पुष्प-राग-महा-रत्न-प्राकारं प्रणमाम्यऽहम्।
पद्म-रागाख्य-मणिभिः, प्राकारं सर्वदा भजे।।९।।

गोमेद - रत्न - प्राकारं, वज्र - प्राकारमाश्रये।
वैडूर्य-रत्न-प्राकारं, प्रणमामि तवेश्वरि।।१०।।

इन्द्र-नीलाख्य-रत्नानां, प्राकारं प्रणमाम्यऽहम्।
मुक्ता-रत्न-मयं चैव, प्राकारं सर्वदा भजे।।११।।

मरकताख्य-महा-रत्न-प्राकाराय नमस्तव।
विद्रुमाख्य-महा-रत्न-प्राकारं तु तवाश्रये।।१२।।

माणिक्य-मण्डपं वन्दे, सहस्त्र-स्तम्भ-मण्डपम्।
ललिते! तव देवेशि!, भजाम्यमृत-वापिकाम्।।१३।।

आनन्द-वापिकां वन्दे, भजे चैव विमर्शिकाम्।
भजे बाला-तपोद्गारं, चन्द्रिकोद्गारमाश्रये।।१४।।
महा-शृङ्गार-परिखां, महा-पद्माटवीं भजे।
चिन्ता-मणि-महा-रत्न-गृह-राजं नमाम्यऽहम्।।१५।।
पूर्वाम्नाय-मयं पूर्व-द्वारं देवि! भजामि ते।
दक्षिणाम्नाय-रूपं ते, दक्षिण-द्वारमाश्रये।।१६।।
नमामि ते परं द्वारं, पश्चिमाम्नाय-रूपकम्।
वन्देऽहमुत्तरं द्वारमुत्तराम्नाय-रूपकम्।।१७।।
ऊर्ध्वाम्नायमऽहं वन्दे, ऊर्ध्व-द्वारं कुलेश्वरि!
ललिते! तव देवेशि!, महा-सिंहासनं भजे।।१८।।
ब्रह्मात्मक-मञ्च-पादमेकं तव नमाम्यऽहम्।
एकं विष्णु-मयं मञ्च-पादं तव नमाम्यऽहम्।।।१९।।
एकं रुद्र-मयं मञ्च-पादं तव नमाम्यऽहम्।
मञ्च-पादं नमाम्येकं, तव देवीश्वरात्मकम्।।२० ।।
मञ्चैक-फलकं वन्दे, सदा-शिव-मयं शुभम्।
नमामि ते हंस-तूल-तलिमां परमेश्वरि!।।२१।।
भजामि ते हंस-तूल, महोपाधानमुत्तमम्।
कौसुम्भास्तरणं देवि!, तव नित्यं नमाम्यऽहम्।।२२।।
महा-वितानकं वन्दे, महा-जवनिकां भजे।
एवं पूजा-गृहं ध्यात्वा, श्रीचक्रस्य शिव-प्रिये!।।२३।।
मद्-दक्षिणे स्थापयामि, भागे पुष्पाक्षतादिकम्।
अभितस्ते महा-देवि!, दीपाँस्तान् दर्शयाम्यऽहं।।२४।।
मूलेन त्रिपुरा-चक्रं, तव सम्पूजयाम्यऽहम्।
त्रिभिः खण्डैस्तव त्र्यस्त्रं, पूजयामि शिव-प्रिये!।।२५।।
वाय्वग्नि - जल - संयुक्त - प्राणायामैरऽहं शिवे!
शोषणं दाहनं देवि!, करोम्याप्लावनं तथा।।२६।।
त्रि-वारं मूल - मन्त्रेण, प्राणायामं करोम्यऽहम्।
अपसर्पन्तु ते भूता, ये भूता भूमि- संस्थिताः।।२७।।
ये भूता विघ्न - कर्तारस्ते, नश्यन्तु शिवाज्ञया।
करोम्यनेन मन्त्रेण, ताल-त्रयमऽहं शिवे!।।२८।।

नारायणोऽहं ब्रह्माऽहं, भैरवोऽहं शिवोऽस्म्यऽहम्।
देवोऽहं परमात्माऽहं, महा-त्रिपुर-सुन्दरि!।।२९।।

ध्यात्वैवं वज्र-कवचं, न्यासं तव करोम्यऽहम्।
कुमारी-बीज-संयुक्तं, महा-त्रिपुर-सुन्दरि!।।३०।।

मां रक्ष रक्षेति हृदि, करोम्यञ्जलिमीश्वरि!
नमो देव्यासनायेति, ते करोम्यासनं शिवे!।।३१।।

चक्रासनं नमस्यामि, सर्व-मन्त्रासनं भजे।
साध्य-सिद्धासनं वन्दे, मन्त्रैरेभिर्महेश्वरि!।।३२।।

करोम्यस्मिंश्चक्र - मन्त्र - देवतासनमुत्तमम्।
करोम्यथ षडङ्गाख्यं, मातृकाश्च करोम्यऽहम्।।३३।।

वशिन्याद्यष्टकं न्यासं, षोढा-न्यासं करोम्यऽहम्।
महा-षोढां ततः कुर्वे, नव-योन्याख्यमुत्तमम्।।३४।।

चक्र-न्यासं ततः कुर्वे, श्रीकण्ठ-न्यासमुत्तमम्।
केशवादि महा-न्यासं, काम-न्यासं करोम्यऽहम्।।३५।।

कला-न्यासं ततः कुर्वे, कुर्वे काम-कलाह्वयम्।
पीठ-न्यासं ततः कुर्वे, तत्त्व-न्यासं करोम्यऽहं।।३६।।

ततः करोमि स्थित्यादि-न्यासं तत् त्रिपुरेश्वरि!
ततः शुद्धोदकेनाहं, वाम-भागे महेश्वरि!।।३७।।

करोमि मण्डलं वृत्तं, चतुरस्त्रं शिव-प्रिये!
पुष्पैरभ्यर्च्य साधारं, शङ्खं संस्थापयाम्यऽहम्।।३८।।

अर्चयामि षडङ्गेन, जलमापूरयाम्यऽहम्।
ददामि चादिमं बिन्दु, कुर्वे मूलाभि-मन्त्रितम्।। ३९।।

तज्जलेन जगन्मातस्त्रिकोणं वृत्त - संयुतम्।
षट्-कोणं चतुरस्त्रं च, मण्डलं प्रकरोम्यऽहम्।। ४०।।

विद्यया पूजनं मध्ये, खण्डैस्त्र्यस्त्राभि-पूजनम्।
बीजावृत्या कोण-षट्कं, पूजयामि शिव-प्रिये!।।४१।।

तस्मिन् दश-कला-युक्तमग्नि-मण्डलमाश्रये।
धूमार्चिषं नमस्यामि, ऊष्मां च ज्वलिनीं भजे।।४२।।

ज्वालिनीं च नमस्यामि, वन्देऽहं विस्फुल्लिङ्गिनीम्।
सुश्रियं च सुरूपां च, कपिलां प्रणमाम्यऽहम्।।४३।।

नौमि हव्य-वहां नित्यं, भजे कव्य-वहां कलाम्।
यादिभिः सहिता वह्नेः, कला दश तथा भजे।।४४।।
सूर्यस्य मण्डलं तत्र, कला-द्वादशकात्मकम्।
अर्घ्य-पात्रे त्वऽहं वन्दे, तपिनीं तापिनीं भजे।।४५।।
धूम्रां मरीचिं वन्देऽहं, ज्वालिनीं च रुचिं भजे।
सुषुम्णां भोगदां वन्दे, भजे विश्वां च बोधिनीम्।।४६।।
धारिणीं च क्षमां वन्दे, सौरा एताः कला भजे।
सोमस्य मण्डलं तत्र, कलाः षोडशकात्मकाः।।४७।।
अर्घ्यामृतात्मकं वन्देऽमृतां मानदां स्तुवे।
पूषां तुष्टिं भजे पुष्टिं, रतिं धृतिमऽहं भजे ।।४८।।
शशिनीं चन्द्रिकां वन्दे, कान्तिं ज्योत्स्नां श्रियं भजे।
नौमि प्रीतिं चाङ्गदां च, पूर्णां पूर्णामृतां भजे।।४९।।
स्वरैः षोडशभिर्युक्ता, भजे सोमस्य वै कलाः।
त्रिकोण-लेखनं कुर्वे, अकथादि-सु-रेखकम्।।५०।।
हळक्ष-वर्ण-संयुक्तं, स्थितान्तर्हंस-भास्वरम्।
वाक्-काम-शक्ति-संयुक्तं, हंसेनाराधयाम्यऽहम्।।५१।।
वृत्ताद्-बहिः षडस्त्रे च, लेखनं प्रकरोम्यऽहम्।
पुरो-भागादि षट्-कोणं, षडंगेनार्चयाम्यऽहम्।।५२।।
श्रीविद्यायाः सप्त-वारं, करोम्यत्राभि-मन्त्रणम्।
समर्पयामि विश्वेशि!, तस्मिन् गन्धाक्षतादिकम्।।५३।।
ध्यायामि पूजा-द्रव्यं ते, सर्वं विद्या-मयं शुभम्।
चतुर्नवति सन्मन्त्रान्, स्पृष्ट्वा तत्-प्रजपाम्यऽहम्।।५४।।
वह्नेर्दश-कलाः सूर्य-कला-द्वादशकं भजे।
आश्रये षोडश-कलास्तत्र सोमस्य कामदाः।।५५।।
सृष्टिमृद्धिं स्मृतिं वन्दे, मेधां कान्तिं नमाम्यऽहम्।
लक्ष्मीं धृतिं स्थिरां वन्दे, स्थितिं सिद्धिं भजाम्यऽहं।।५६।।
एतां ब्रह्म-कलां वन्दे, जरां तां पालिनीं भजे।
शान्तिं नमामीश्वरीं च, रतिं वन्दे च कामिकाम्।।५७।।
वरदां ह्लादिनीं वन्दे, प्रीतिं दीर्घां भजाम्यऽहम्।
टादिभिः सहिता विष्णोः, कला दश तथा भजे।।५८।।

एता विष्णोः कला वन्दे, तीक्ष्णां रौद्रीं भयां तथा।
निद्रां तन्द्रां क्षुधां वन्दे, नमामि क्रोधिनीं क्रियां।।५९।।
उद्गारीं च भजे मृत्युमेता रुद्र-कला भजे।
पीतां श्वेतां भजे नित्यमरुणां च तथा भजे।।६०।।
भजेऽसितां तथाऽनन्तां, षादिभिः सहितास्तथा।
ईश्वरस्य कला ह्येता, वन्दे नित्यमभीष्टदाः।।६१।।
निवृत्तिं च प्रतिष्ठां च, विद्यां शान्तिं नमाम्यऽहम्।
इन्धिकां दीपिकां चैव, रेचिकां मोचिकां तथा।।६२।।
परां सूक्ष्मां नमस्यामि, नौमि सूक्ष्मामृतां कलाम्।
वन्दे ज्ञानां कलां चैव, तथा ज्ञानामृतां कलाम्।।६३।।
आप्यायिनीं व्यापिनीं च, व्योम-रूपां नमाम्यऽहम्।
कलाः सदा-शिवस्यैताः, षोडश प्रणमाम्यऽहम्।।६४।।
हंसाख्यं च महा-मन्त्रं, ज्योतिषं हंसमाश्रये।
प्रतत्-प्रथम-विश्वान्तं, मन्त्रं ज्योतिषमाश्रये।।६५।।
त्र्यम्बकं च नमस्यामि, तद्-विष्णोः प्रणमाम्यऽहम्।
विष्णुर्योनिं मूल-विद्यां, मन्त्रैरेभिरनुत्तमैः।।६६।।
अमृतं मन्त्रितं वन्दे, चतुर्नवतिभिस्तव।
अखण्डैक-रसानन्दकरेऽपर-सुधात्मनि!।।६७।।
स्वच्छन्द-स्फुरणामत्र, निधेह्यकुल-रूपिणि!
अकुलस्थामृताकारे, शुद्ध-ज्ञान-करे परे।।६८।।
अमृतत्त्वं निधेह्यस्मिन्, वस्तुनि क्लिन्न-रूपिणि!
तद्रूपिण्यै-करसत्वं, कृत्वा ह्येतत्-स्वरूपिणि!।६९।।
भूत्वा परामृताऽऽकारा, मयि चित्-स्फुरणं कुरु।
अमृतेशीं नमस्यामि, सर्वदामृत-वर्षिणीम्।।७०।।
वाग्वादिनीं नमस्यामि, श्रीविद्यां प्रणमाम्यऽहम्।
एभिर्मनूत्तमैर्वन्दे, मन्त्रितं परमामृतम्।।७१।।
ज्योतिर्मयमिदं कुर्वे, परमर्घ्यं महेश्वरि!।
तद्-विन्दुभिर्मे शिरसि, त्रिगुरून् पूजयाम्यऽहं।।७२।।
ब्रह्माऽहमस्मि तद्-विन्दुं, कुण्डलिन्या जुहोम्यऽहम्।
हृच्चक्रस्था महा-देवीं, महा-त्रिपुर-सुन्दरीम्।।७३।।

निरस्त-मोह-तिमिरां, साक्षात् संवित्-स्वरूपिणीम्।
नासा-पुटे पर-कलामथ निर्गमयाम्यऽहम्।।७४।।
समानयामि तां हस्ते, त्रिखण्ड-कुसुमाञ्जलौ।
जगन्मातर्महा-देवि!, महा-त्रिपुर-सुन्दरि!।।७५।।
सुधा-चैतन्य-मूर्तिं ते, कल्पयामि नमः शिवे!।
अनेन मनुना देवि!, यन्त्रे त्वां स्थापयाम्यऽहम्।।७६।।
महा-पद्म-वनान्तःस्थे, कारणानन्द-विग्रहे।
सर्व-भूत-हिते मातरेह्येहि परमेश्वरि!।।७७।।
देवेशि! भक्ति-सुलभे!, सर्वावरण - संयुते!
यावत् त्वां पूजयिष्यामि, तावत् त्वं सुस्थिरा भव।।७८।।
अनेन मन्त्र-युग्मेन, त्वामत्रावाहयाम्यऽहम् ।
कल्पयामि नमः पाद्यमर्घ्यं ते कल्पयाम्यऽहम्।।७९।।
सुगन्ध-तैलाभ्यङ्गं च, मज्ज-शाला-प्रवेशनम्।
कल्पयामि नमस्तस्मिन्, मणि-पीठोपवेशनम्।।८०।।
दिव्य-स्नानीयमीशानि!, गृहाणोद्वर्तनं शुभम्।
गृहाणोष्णोदक-स्नानं, कल्पयामि नमस्तव।।८१।।
हेम-कुम्भ-च्युतैस्तीर्थैः, कल्पयाम्यभिषेचनम्।
कल्पयामि नमस्तुभ्यं, धौतेन परि-मार्जनम्।।८२।।
बाल-भानु-प्रतीकाशं, दुकूल-परिधानकम्।
अरुणेन दुकूलेनोत्तरीयं कल्पयामि ते।।८३।।
प्रवेशनं कल्पयामि, तवालेपन - मण्डपम्।
नमस्ते कल्पयाम्यत्र, मणि-पीठोपवेशनम्।।८४।।
अष्ट-गन्धैः कल्पयामि, सर्वाङ्गेषु विलेपनम्।
कालागरु महा-धूपस्तव केश-भरस्य हि।।८५।।
मल्लिका-मालती-जाती-चम्पकादि-मनोरमैः।
रचिताः कुसुमैर्मालाः, कल्पयामि नमस्तव।।८६।।
प्रवेशनं कल्पयामि, नमो भूषण-मण्डपम्।
उप-वेशं रत्न-पीठे, तत्र ते कल्पयाम्यऽहम्।।८७।।
नव-माणिक्य-मुकुटं, तच्चन्द्र-शकलं ततः।
ततः सीमन्त-सिन्दूरं, ततस्तिलकमुत्तमम्।।८८।।

कालाञ्जनं कल्पयामि, पाली-युगलमुत्तमम्।
मणि-कुण्डल-युग्मं ते, नासाभरणमीश्वरि!।।८९।।
ते कल्पयामि त्रिपुरे!, ललिताऽधर-यावकम्।
अथाऽऽद्य-भूषणं कण्ठे, हेम-चिन्ताकमुत्तमम्।।९०।।
पदकं ते कल्पयामि, महा - पदकमुत्तमम्।
कल्पयामि नमो मुक्तावलिमेकावलिं च ते।।९१।।
छन्न - वीरं च केयूर - युगलानां चतुष्टयम्।
वलयावलिमीशानि!, ऊर्मिकावलिमीश्वरि!।।९२।।
काञ्ची-दाम-कटी-सूत्रं, सौभाग्याभरणं च ते।
त्रिपुरे पाद-कटकं, कल्पये रत्न-नूपुरम्।।९३।।
पादांगुलीयकं तुभ्यं, पाशमेक - करे तव।
अन्यस्मिन्नंकुशं देवि!, पुण्ड्रेक्षु-धनुषं परे।।९४।।
अपरे पुष्प-बाणाँश्च, श्रीमन्माणिक्य-पादुके।
नवावरण-देवीभिर्महा-चक्राधिरोहणम्।।९५।।
कामेश्वराङ्क - पर्यङ्क, उपवेशनमुत्तमम्।
सुधासवाख्यं चषकं, ततः आचमनीयकम्।।९६।।
कर्पूर-वीटिकां तुभ्यं, कल्पयामि नमः शिवे!
आनन्दोल्लास-वेलास-हासं ते कल्पयाम्यऽहं।।९७।।
मङ्गलारार्तिकं देवि!, छत्रं ते कल्पयाम्यऽहम्।
ततश्चामर-युग्मं ते, दर्पणं कल्पयाम्यऽहम्।।९८।।
ताल-वृन्तं कल्पयामि, गन्धं पुष्पं महेश्वरि!
धूपं दीपं च नैवेद्यं, कल्पयामि नमस्तव।।९९।।
अथाऽहं वैन्दवे चक्रे, सर्वानन्द-मयात्मिके!
रत्न-सिंहासने रम्ये, समासीनां शिव-प्रियां।।१००।।
उद्यद्भानु-सहस्राभां, जपा-पुष्प-सम-प्रभाम्।
नव-रत्न-प्रभा-दीप्त-मुकुटेन विराजिताम्।।१०१।।
चन्द्र-रेखा-समोपेतां, कस्तूरी-तिलकाञ्चिताम्।
काम-कोदण्ड-सौन्दर्य-निर्जित-भ्रू-लता-युगाम्।।१०२।।
अञ्जनाञ्चित-नेत्रां तां, पद्म-पत्र-निभेक्षणाम्।
मणि-कुण्डल-संयुक्त-कर्ण-द्वय-विराजिताम्।।१०३।।

मुक्ता-माणिक्य-खचित-नासिकाभरणान्विताम्।
मद-पाटल-संयुक्त-कपोल-युगलान्विताम्।।१०४।।
पक्व-बिम्ब-फलाभासाधर-द्वय-विराजिताम्।
शुद्ध-मुक्तावलि-प्रख्य-दन्त-पंक्ति-विराजिताम्।।१०५।।
ताम्बूल-पूरित-मुखीं, सुस्मितास्य-विराजिताम्।
आद्य-भूषण-संयुक्तां, हेम-चिन्ताक-संयुताम्।।१०६।।
पदकेन समोपेतां, महा - पदक - संयुताम्।
मुक्तावलि-समोपेतामेकावलि-विराजिताम्।।१०७।।
केयूराङ्गद - संयुक्त - चतुर्बाहु - विराजिताम्।
अष्ट-गन्ध-समोपेतां, श्रीचन्दन-विलेपनाम्।।१०८।।
हेम-कुम्भ-सम-प्रख्य-स्तन-द्वय-विराजिताम्।
रक्त-वस्त्र-परीधानां, रक्त-कञ्चुक-संयुताम्।।१०९।।
सूक्ष्म-रोमावली-युक्त-तनु-मध्य-विराजिताम्।
मुक्ता-माणिक्य-खचित-काञ्ची-युत-नितम्बिनीं।।११०।।
सदा-शिवाङ्कस्थ-पृथु-महा-जघन-मण्डलाम्।
कदली-स्तम्भ-सङ्काश-ऊरू-युग्म-विराजिताम्।।१११।।
कदली-कान्ति-सङ्काश-जंघा-युगल-शोभिताम्।
गूढ-गुल्फ-द्वयोपेतां, रक्त-पाद-युगान्विताम्।।११२।।
ब्रह्मा-विष्णु-महादेव-शिरो-मुकुट-जातया।
कान्त्या विराजित-पदां, भक्त-त्राण-परायणाम्।।११३।।
इक्षु-कार्मुक-पुष्पेषु, पाशांकुश-धरां पराम्।
संवित्-स्वरूपिणीं देवीं, ध्यायामि परमेश्वरीम्।।११४।।
प्रदर्शयाम्यथ शिवे!, नव - मुद्रा वर - प्रदाः।
त्वां तर्पयामि त्रिपुरे!, त्रिधा मूलेन पार्वति!।।११५।।
आग्नेय्यामीश-दिग्-भागे, नैऋत्यां मारुते तथा।
मध्ये दिक्षु षडङ्गानि, क्रमादभ्यर्चयाम्यऽहम्।।११६।।
आद्यां कामेश्वरीं वन्दे, नमामि भग-मालिनीम्।
नित्य-क्लिन्नां नमस्यामि, भेरुण्डां प्रणमाम्यऽहम्।।११७।।
वह्नि-वासां नमस्यामि, महा-वज्रेश्वरीं स्तुवे।
शिव-दूतीं नमस्यामि, त्वरितां कुल-सुन्दरीम्।।११८।।

नित्यां नील-पताकां च, विजयां सर्व-मङ्गलाम्।
ज्वाला-मालां च चित्रां च, महानित्यां च संस्तुवे।।११९।।

दिव्यौघेभ्यो नमस्यामि, परेश-परमेश्वरीम्।
मित्रेशमथ षष्ठीशमुड्डीशं प्रणमाम्यऽहम्।।१२०।।

चर्या-नाथं नमस्यामि, लोपा-मुद्रामऽहं भजे।
अगस्त्यं प्रणमस्यामि, सिद्धौघे काल-तापनम्।।१२१।।

धर्माचार्यं नमस्यामि, मुक्त-केशीश्वरं भजे।
भजे दीप-कला-नाथं, मानवौघे ततः परम्।।१२२।।

विष्णु-देवं नमस्यामि, प्रभा-करमऽहं भजे।
तेजो-देवं नमस्यामि, मनोजमथ संस्तुवे।।१२३।।

कल्याण-देवं कलये, रत्न-देवं भजाम्यऽहम्।
वासुदेवं नमस्यामि, श्रीरामानन्दमाश्रये।।१२४।।

परमेष्ठि - गुरुं वन्दे, परमं गुरुमाश्रये।
श्रीगुरुं प्रणमस्यामि, मूर्ध्नि ब्रह्म-बिले स्थितम्।।१२५।।

कं बिलेऽहं नमस्यामि, श्रीगुरोः पादुकां ततः।
अथ प्राथमिके देवि!, चतुरस्त्रे तवेश्वरि! ।।१२६।।

अणिमां लघिमां वन्दे, महिमां प्रणमाम्यऽहम्।
ईशित्व-सिद्धिं वन्देऽहं, वशित्वं च नमाम्यऽहं।।१२७।।

प्राकाम्य-सिद्धिं वन्देऽहं, भुक्तिमिच्छामऽहं भजे।
प्राप्ति-सिद्धिं सर्व-काम-प्रदा-सिद्धिमऽहं भजे।।१२८।।

मध्यमे चतुरस्त्रेऽहं, ब्राह्मीं माहेश्वरीं भजे।
कौमारीं वैष्णवीं वन्दे, वाराहीं प्रणमाम्यऽहम्।।१२९।।

माहेन्द्रीमपि चामुण्डां, महा-लक्ष्मीमऽहं भजे।
तृतीये चतुरस्त्रेऽहं, सर्व-संक्षोभिणीं भजे।।१३०।।

सर्व-विद्राविणीं मुद्रां, सर्वाकर्षिणिकां भजे।
मुद्रां वशङ्करीं वन्दे, सर्वोन्मादिनिकां भजे।।१३१।।

भजे महांकुशां मुद्रां, खेचरीं प्रणमाम्यऽहम्।
बीज-मुद्रां योनि-मुद्रां, भजे सर्व-त्रिखण्डिनीम्।।१३२।।

त्रैलोक्य-मोहनं चक्रं, नमामि ललिते! तव।
नमामि योगिनीं तत्र, प्रकटाख्यामभीष्टदाम्।।१३३।।

सुधार्णवासनं वन्दे, तत्र ते परमेश्वरि!।
चक्रेश्वरीं तत्र वन्दे, त्रिपुरां परमेश्वरीम्।।१३४।।
सर्व-संक्षोभिणीं मुद्रां, ततोऽहं कलये शिवे!।
अथाऽहं षोडश-दले, कामाकर्षणिकां भजे।।१३५।।
बुद्ध्याकर्षणिकां वन्देऽहङ्काराकर्षणीं भजे।
शब्दाकर्षणिकां वन्दे, स्पर्शाकर्षणिकां भजे।।१३६।।
रूपाकर्षणिकां वन्दे, रसाकर्षणिकां भजे।
गन्धाकर्षणिकां वन्दे, चित्ताकर्षणिकां भजे।।१३७।।
धैर्याकर्षणिकां वन्दे, स्मृत्याकर्षणिकां भजे।
नामाकर्षणिकां वन्दे, बीजाकर्षणिकां भजे।।१३८।।
आत्माकर्षणिकां वन्दे, ह्यमृताकर्षणीं भजे।
शरीराकर्षणीं वन्दे, नित्यां श्रीपरमेश्वरीम्।।१३९।।
सर्वाशा - पूरकं चक्रं, कलयेऽहं तवेश्वरि!
गुप्ताख्यां योगिनीं वन्दे, तत्राऽहं गुप्त-पूजिताम् ।।१४०।।
पीताम्बुजासनं तत्र, नमामि ललिते! तव।
त्रिपुरेशीं महा-देवीं, भजामीष्टार्थ-सिद्धिदाम्।।१४१।।
सर्वं-विद्राविणीं मुद्रां, तत्राऽहं तां विचिन्तये।
शिवे! तवाष्ट-पत्रेऽहमनङ्ग-कुसुमां भजे।।१४२।।
अनङ्ग-मेखलां वन्दे, ह्यनङ्ग-मदनां भजे।
ततोऽहं प्रणमस्यामि, ह्यनङ्ग-मदनातुराम्।।१४३।।
अनङ्ग-रेखां कलये, भजे तेऽनङ्ग-वेगिनीम्।
भजेऽनङ्गांकुशां देवि!, तव चानङ्ग-मालिनीम्।।१४४।।
सर्व-संक्षोभणं चक्रं, तत्राऽहं कलये सदा।
वन्दे गुप्त-तराख्यां तां, योगिनीं सर्व-कामदाम्।।१४५।।
तत्राऽहं प्रणमस्यामि, देव्यात्मासनमुत्तमम्।
नमामि जगदीशानीमऽहं, त्रिपुर-सुन्दरीम्।।१४६।।
सर्वाकर्षणिकां मुद्रां, तत्राऽहं कलयामि ते।
भुवनारे तव शिवे!, सर्व-संक्षोभिणीं भजे।।१४७।।
सर्व-विद्राविणीं वन्देऽहं, सर्वाकर्षिणिकां भजे।
सकलाह्लादिनीं वन्दे, सर्व-सम्मोहिनीं भजे।।१४८।।

सकल स्तम्भिनीं वन्दे, कलये सर्व-जृम्भिनीम्।
वशङ्करीं नमस्यामि, सर्व-रञ्जनिकां भजे।।१४९।।
सकलोन्मादिनीं वन्दे, भजे सर्वार्थ-साधिनीम्।
सम्पत्ति-पूरिणीं वन्दे, सर्व-मन्त्र-मयीं भजे।।१५०।।
भजाम्यऽहं ततः शक्तिं, सर्व-द्वन्द्व-क्षयङ्करीम्।
तत्राऽहं कलये चक्रं, सर्व-सौभाग्य-दायकम्।।१५१।।
नमामि जगतां धात्रीं, सम्प्रदायाख्य-योगिनीम्।
शिवे! तव नमस्यामि, श्रीचक्रासनमुत्तमम्।।१५२।।
नमामि जगदीशानीमऽहं त्रिपुर-वासिनीम्।
कलयेऽहं तव शिवे!, मुद्रां सर्व-वशङ्करीम्।।१५३।।
बहिर्दशारे ते देवि!, सर्व-सिद्धि-प्रदां भजे।
सर्व-सम्पत्-प्रदां वन्दे, भजे सर्व-प्रियङ्करीम्।।१५४।।
नमाम्यऽहं ततो देवीं, सर्व-मङ्गल-कारिणीम्।
सर्व-काम-प्रदां वन्दे, सर्व-दुःख-विमोचिनीम्।।१५५।।
सर्व-मृत्यु-प्रशमनीं, सर्व-विघ्न-निवारिणीम्।
सर्वाङ्ग-सुन्दरीं देवीं, सर्व-सौभाग्य-दायिनीम्।।१५६।।
सर्वार्थ-साधकं चक्रं, तथाऽहं कलये सदा।
कलयामि ततो देवीं, कुलोत्तीर्णाख्य-योगिनीम्।।१५७।।
सर्व - मन्त्रासनं वन्दे, त्रिपुरा-श्रियमाश्रये।
कलयामि ततो मुद्रां, सर्वोन्मादन-कारिणीम्।।१५८।।
अन्तर्दशारे ते देवि!, सर्वज्ञां प्रणमाम्यऽहम्।
सर्व-शक्तिं नमस्यामि, सर्वैश्वर्य-प्रदां भजे।।१५९।।
सर्व-ज्ञान-मयीं वन्दे, सर्व-व्याधि-विनाशिनीम्।
सर्वाधार-स्वरूपां च, सर्व-पाप-हरां भजे।।१६०।।
सर्वानन्द-मयीं वन्दे, सर्व-रक्षा-स्वरूपिणीम्।
प्रणमामि महा-देवीं, सर्वेप्सित-प्रदां भजे।।१६१।।
सर्व-रक्षा-करं चक्रं, तत्राऽहं कलये सदा।
निगर्भ-योगिनीं वन्दे, तत्राऽहं परमेश्वरीम्।।१६२।।
साध्य-सिंहासनं वन्दे, भजे त्रिपुर-मालिनीम्।
कलयामि ततो देवि!, मुद्रां सर्व-महांकुशाम्।।१६३।।

अष्टारे वशिनीं वन्दे, भजे कामेश्वरीं सदा।
मोदिनीं विमलां वन्दे, ह्यरुणां जयिनीं भजे।।१६४।।
सर्वेश्वरीं नमस्यामि, कौलिनीं प्रणमाम्यऽहम्।
सर्व-रोग-हरं चक्रं, तवाऽहं देवि! चिन्तये।।१६५।।
रहस्य-योगिनीं देवीं, सदाऽहं कलयामि ते।
नमामि त्रिपुरा-सिद्धां, भजे मुद्रां च खेचरीम्।। १६६।।
महा-त्रिकोणस्य बाह्ये, चतुर्दिक्षु महेश्वरि!।
नमामि जृम्भणान् बाणान्, चापं सम्मोहनं भजे।।१६७।।
पाशं वशङ्करं वन्दे, भजे स्तम्भनमंकुशम्।
त्रिकोणेऽहं जगद्धात्रीं, महा-कामेश्वरीं भजे।।१६८।।
महा-वज्रेश्वरीं वन्दे, महा-श्री-मालिनीं भजे।
महा-श्री-सुन्दरीं वन्दे, सर्व-काम-फल-प्रदाम्।।१६९।।
सर्व-सिद्धि-प्रदं चक्रं, तव देवि! नमाम्यऽहम्।
नमाम्यति-रहस्याख्यां, योगिनीं तत्र कामदाम्।।१७०।।
त्रिपुराम्बां नमस्यामि, बीज-मुद्रां नमाम्यऽहम्।
मूल-मन्त्रेण ललिते!, त्वां बिन्दौ पूजयाम्यऽहम्।।१७१।।
सर्वानन्द-मयं चक्रं, नमामि ललिते! तव।
परापर-रहस्याख्यां, योगिनीं कलये सदा।।१७२।।
महा-चक्रेश्वरीं वन्दे, योनि-मुद्रामऽहं भजे।
धूपादिकं सर्व-मयि!, ते कल्पयाम्यऽहम्।।१७३।।
त्वत्-प्रीतये महा-मुद्रां, दर्शयामि ततः शिवे!
त्रिधा त्वां मूल-मन्त्रेण, तर्पयामि ततः शिवे!।।१७४।।
शाल्यन्नं मधु - संयुक्तं, पायसापूप - संयुतम्।
घृत-सूप-समायुक्तं, सर्व-भक्ष्य-समन्वितम्।।१७५।।
स-सितं क्षीर-संयुक्तं, बहु-शाक-समन्वितम्।
निक्षिप्य काञ्चने पात्रे, नैवेद्यं कल्पयामि ते।।१७६।।
सङ्कल्प्य बिन्दुना वक्त्रं, कुचौ बिन्दु-द्वयेन च।
योनिं तु स-परार्धेन, कृत्वा श्रीत्रिपुरे! तव।।१७७।।
एतत् काम-कला-रूपं, भक्तानां सर्व-कामदम्।
सर्व-सम्पत्-प्रदं वन्दे, नमस्ते त्रिपुरेश्वरि!।।१७८।।

वाम-भागे त्रिकोणं च, वृत्तं च चतुरस्त्रकम्।
कृत्वा गन्धाक्षताद्यैश्च, ह्यर्चयामि महेश्वरि!।।१७९।।
वाग्भवाद्यं नमस्यामि, तत्र व्यापक-मण्डलम्।
जल-युक्तार्द्रान्त्र-युक्तं, मकार-त्रय-भाजनम्।। १८०।।
तत्र विन्यस्य दास्यामि, भूतेभ्यो बलिमुत्तमम्।
नमस्ते देव-देवेशि!, नमस्त्रैलोक्य-वन्दिते!।।१८१।।
नमः पर-शिवाङ्कस्थे, नमस्त्रिपुर-सुन्दरि!।
प्रदक्षिणां नमस्कारं, मनसाऽहं करोमि ते।।१८२।।
ततः सकल-मन्त्राणां, सम्राज्ञीं परमेश्वरीम्।
प्र-जपामि महा-विद्यां, त्वत्-प्रीत्यार्थमऽहं सदा।
तव विद्यां प्रजप्त्वाऽथ, स्तौमि त्वां परमेश्वरीम्।।१८३।।
महा-देवि! महेशानि!, सदा-शिव महा-प्रिये।
महा-नित्ये! महा-सिद्धे!, त्वामऽहं शरणं व्रजे।।१८४।।
जय त्वं त्रिपुरे! देवि!, ललिते! जगदीश्वरि।
सदा-शिव-प्रिय-करि!, पाहि मां करुणा-करि।।१८५।।
जगन्मातर्जगद्-रूपे!, जगदीश्वर-वल्लभे!।
जगन्मये! जगस्तुल्ये!, गौरि! त्वाम्ऽहमाश्रये।।१८६।।
अनाद्ये! सर्व-लोकानामाद्ये! भक्तेष्ट-दायिनि!।
गिरि-राजस्य तनये!, नमस्ते त्रिपुरेश्वरि!।।१८७।।
जयादि-देव-देवेशि!, ब्रह्म-मातर्नमोऽस्तु ते।
विष्णु-मातरनाद्यन्ते, हर-मातः सुरेश्वरि!।।१८८।।
ब्रह्मादि-सुर-संस्तुत्ये, लोक-त्रय-वशङ्करि!।
सर्व-सम्पत्-प्रदे! नित्ये!, त्वामऽहं कलये सदा।।१८९।।
नित्यानन्दे! निराधारे!, चिद-रूपिणि! शिव-प्रिये!।
अणिमादि-गुणाधारे!, त्वां सदा कलयाम्यऽहम्।।१९०।।
ब्राह्म्यादि-मातृ-संस्तुत्ये!, सर्वावरण-संयुते।
ज्योतिर्मये! महा-रूपे!, पाहि मां त्रिपुरे! सदा।।१९१।।
लक्ष्मी-वाण्यादि-सम्पूज्ये!, ब्रह्म-विष्णु-शिव-स्तुते!।
भजामि तव पादाब्जं! सर्व-काम-फल-प्रदम्।।१९२।।

सर्व-शक्ति-समोपेतं!, सर्वाभीष्ट-फल-प्रदे!।
नमामि तव पादाब्जं, देवि! त्रिपुर-सुन्दरि!।।१९३।।

त्वत्-प्रियार्थं ततः कांश्चिच्छक्तिं सम्पूजयाम्यऽहम्।
म-पञ्चकेन तां शक्तिं, तर्पयामि महेश्वरि!।।१९४।।

तयोपेतं हविः-शेषं, चिदग्नौ प्रजुहोम्यऽहम्।
त्वत्-प्रियार्थं महा-देवि!, ममाभीष्टार्थ-सिद्धये।।१९५।।

बद्ध्वा तां खेचरीं मुद्रां, क्षमस्वोद्वासयाम्यऽहम्।
तिष्ठ मे हृदये नित्यं, त्रिपुरे! परमेश्वरि!।।१९६।।

जगदम्बे! महा-राज्ञि!, महा-शक्ति! शिव-प्रिये!
हृच्चक्रे तिष्ठ सततं, महा-त्रिपुर-सुन्दरि!।।१९७।।

सर्व-लोकैक-सम्पूज्ये!, सकलावरणैर्युते!।
हृच्चक्रे तिष्ठ मे नित्यं, महा-त्रिपुर-सुन्दरि!।।१९८।।

।। फल श्रुति ।।

एतत् त्रिपुर-सुन्दर्या, हृदयं सर्व-कामदम्।
महा-रहस्यं परमं, दुर्लभं दैवतैरपि।।१।।
साक्षात् सदा-शिवेनोक्तं, गुह्याद्-गुह्यमनुत्तमम्।।२।।

यः पठेन्नित्यमेकाग्रः, शृणुयाद् वा समाहितः।
नित्य-पूजा-फलं देव्याः, स लभेन्नात्र संशयः।।३।।

पापैः स मुच्यते सद्यः, काय-वाक्-चित्त - सम्भवैः।
सर्व - जन्म - समुद्भूतैर्ज्ञान - कृतैरपि।।४।।

सर्व-क्रतुषु यत् पुण्यं, सर्व-तीर्थेषु यत् फलम्।
तत्-पुण्यं लभते नित्यं, मानवो नात्र संशयः।।५।।

अचलां लभते लक्ष्मीं, त्रैलोक्ये चापि दुर्लभाम्।
साक्षाद् विष्णु-समो मर्त्यो, शीघ्रमेव भवेत् सदा।।६।।

अष्टैश्वर्यमवाप्नोति, स शीघ्रं मानवोत्तमः।
गुटिका-पादुका-सिद्ध्याद्यष्टकं शीघ्रमश्नुते।।७।।

शङ्खाद्या निधयो वाऽपि, तं नित्यं पर्युपासते।
वश्यादीन्यष्ट-कर्माणि, शीघ्रं सिद्ध्यन्ति सर्वदा।।८।।

भू-लोकस्थाः सर्व-नार्यः, पातालस्थाः सदाङ्गनाः।
सर्व-लोक-स्थिताः सर्वा, याश्चान्या रूप-गर्विताः।।९।।

रमन्ते तेन सततं, शीघ्रं वश्या न संशयः।
राजाद्याः सकला मर्त्याः, हर-हर्यादयः सुराः।।१०।।
अनन्ताद्या महा-नागाः, सिद्ध-योगेश्वरादयः।
ऋषयो मुनयो यक्षास्तं, नित्यं पर्युपासते।।११।।
महतीं कीर्तिमाप्नोति, शिव-विष्णु-सम-प्रभाम्।
परमं योगमासाद्य, खेचरो जायते सदा।।१२।।
अप-मृत्यु-विनिर्मुक्तः, काल-मृत्यु-विवर्जितः।
परमायुष्यमाप्नोति, हर-हर्यादि-दुर्लभम्।।१३।।
अश्रुतानि च शास्त्राणि, व्याचष्टे विधि-वत् सदा।
मूढोऽपि सर्व-विद्या-वान्, दक्षिणामूर्ति-वद्भवेत् ।।१४।।
ग्रह-भूत-पिशाचाद्या, यक्ष-गन्धर्व-राक्षसाः।
एतस्य स्मरणादेव, विनश्यन्ति हि सर्वदा।।१५।।
तद्-गात्रं प्राप्य सकलं, विषं सद्यो विनश्यति।
सहस्र-काम-सङ्काशः, कान्त्या यः सर्वदा भवेत्।।१६।।
तस्मादेतत् पठेत् स्तोत्रं, त्रिपुरा-हृदयं शुभम्।
जपेद् यः सर्वदा साक्षाद्, भवेद् देवी-स्वरूपकः।।१७।।
साङ्गं त्रिपुर-सुन्दर्या, नित्य-पूजा-फलं लभेत्।
विमुक्तो रोग-संघातैरारोग्यं महदश्नुते।।१८।।
प्राप्नोति महदैश्वर्यं, सर्व-विद्या-निधिर्भवेत्।
तत्कर-स्पर्श-मात्रेण, नरो ब्राह्मणतां लभेत्।।१९।।
मुच्यते सकलैर्विघ्नैः, स नित्यं मानवोत्तमः।
स भुंक्ते सकलान् भोगान्, दुर्लभांश्च दिने दिने।।२०।।
लभते पुत्र-पौत्रांश्च, महा-लक्ष्मी-समन्वितान्।
परमायुष्य-संयुक्तान्, साक्षाच्छिव-समान् गुणैः।।२१।।
सृष्टि-पालन-संहार-कर्तेवायं सदा भवेत्।
यस्ते कृपा-वान् भवति, स त्रिमूर्तिर्न संशयः।।२२।।
तत्-समीप-स्थितः शीघ्रं, सदा जाति-स्मरो-भवेत्।
तस्य गेहे सदा काम-धेनुः कल्प-तरुस्तथा।।२३।।
चिन्ता-मणिश्च सततं, तिष्ठत्येव न संशयः।
महा-जयमवाप्नोति, सदा सर्वत्र मानवः।।२४।।

वज्र-काय-समो भूत्वा, चरत्येव जगत्यम्।
महा-सुखी भवेन्नित्यं, परमात्मा भवेत् सदा।।२५।।
मुच्यते सकलेभ्योऽपि, बन्धनैः शृङ्खलादिभिः।
तं पूजयन्ति सततं, हरि-रुद्रादयोऽपि च।।२६।।
शुभमेव भवेन्नित्यं, सदापद्भिर्विमुच्यते।
देव-गन्धर्व-रक्षाद्यैर्ब्रह्माद्यैरपि दुर्लभान्।।२७।।
प्राप्नोति सकलान् कामान्, शीघ्रमेव न संशयः।
दिव्य-भोग-युतो दिव्य-कन्याभिः सह संयुतः।।२८।।
विमानं स समास्थाय, दिव्याभरण-भूषितः।
दिव्य-चन्दन-लिप्ताङ्गः, सदा विंशति-वार्षिकः।।२९।।
स भुङ्क्ते सकलान् भोगान्, देव-लोके नरः सदा।
तस्मादेतत् पठेत् स्तोत्रं, त्रिपुरा-हृदयं शुभम्।
जपेद्यः सततं भक्त्या, भवेत् साक्षात् सदा शिवः।।३०।।

॥ श्री रुद्र-यामले ईश्वर-पार्वती-संवादे श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-हृदय-स्तोत्रम् ॥

★★★

काम-बीज 'क्लीं'

हे निखिल इच्छा-ज्ञान-क्रिया-शक्ति की जननी-स्वरूपा माता!
प्रातः-कालीन **बाल सूर्य** के समान रक्त-वर्ण तेजो-युक्त,
इच्छा-शक्ति, ज्ञान-शक्ति और **क्रिया-शक्ति** के आदि कारण,
उस **काम-बीज 'क्लीं'** को मैं प्रणाम करता हूँ,
जो अपने विस्तृत फैलाव से **अनन्त शक्तियों के ज्ञान** को
प्रत्यक्ष रूप से प्रकट करता है।

शक्ति-बीज 'सौः'

हे निखिल शब्द-अर्थ-सृष्टि की जननी-स्वरूपा माता!
सृष्टि की सभी वस्तुओं को उत्पन्न कर, **पाँच ज्ञानेन्द्रियों** और **पाँच कर्मेन्द्रियों** को उनके
शब्द तथा वचन आदि कार्यों से संयुक्त कर, **परम उत्कृष्ट शब्द-अर्थ-सृष्टि**
उत्पन्न करनेवाली आपकी **परा-शक्ति-स्वरूपा 'सौः'** को मैं प्रणाम करता हूँ।
—महर्षि दुर्वासा

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

श्रीत्रिपुर-सुन्दरी-हृदय-स्तोत्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर)

।। श्रीगुरु-वन्दना ।।

उज्ज्वल स्फटिक के समान आभावाले **शिव-स्वरूप श्रीगुरु-देव** की मैं वन्दना करता हूँ, जो **द्वि-नेत्र** हैं और अपने हाथों में **वर** और **अभय मुद्रा** धारण किए हुए हैं ।।१।।

मूर्धा (शिर) में **सहस्रार पद्म** में विराजमान **सदा-शिव-मय श्रीगुरु**-देव भक्तों के अज्ञान के अन्धकार को नष्ट करने में **सूर्य** के समान हैं, उन्हें मैं **नित्य प्रणाम** करता हूँ ।।२।।

।। जगज्जननी श्रीविद्या की वन्दना ।।

जगज्जननी श्रीविद्या-सृष्टि, स्थिति, संहार की ईश्वरी हैं, उन **महा-त्रिपुर-सुन्दरी ललिता** को मैं **नित्य प्रणाम** करता हूँ ।।३।।

।। श्रीललिता-चक्र की वन्दना ।।

विन्दु, त्रिकोण, अष्ट-कोण, दो दश-कोणों और **चतुर्दश-कोणों** से युक्त **अष्ट-दल, षोडश-दलों, वृत्त-त्रय** और **तीन भू-गृहों** से शोभित **श्रीललिता**-चक्र को **नमन** करता हूँ, जो भक्तों को अभीष्ट देता है ।।४-५।।

।। जगज्जननी के गृह-राज की वन्दना ।।

अमृत-सागर में स्थित **रत्न-द्वीप** को **नमन** करता हूँ। विविध वृक्षोंवाले **विशाल वन** की मैं **वन्दना** करता हूँ; **कल्प-वाटिका, सन्तान-वाटिका** और **हरि-चन्दन-वाटिका** की **वन्दना** करता हूँ ।।६-७।।

मन्दार-वाटिका, पारिजात-वाटिका की **वन्दना** करता हूँ । हे **देवेशि!** तुम्हारी **कदम्ब-वन-वाटिका** को **नमन** करता हूँ ।।८।।

महा-रत्न पुष्प-राग के प्राकार को मैं **प्रणाम** करता हूँ, **पद्म-राग-मणियों** से बने प्राकार का मैं सदा **भजन** करता हूँ ।।९।।

गोमेद-रत्न और **वज्र** से बने प्राकार का मैं **सहारा** लेता हूँ । हे **ईश्वरि**, तुम्हारे **वैडूर्य-रत्न** के प्राकार को मैं **प्रणाम** करता हूँ ।।१०।।

इन्द्र-नील रत्नों के प्राकार को मैं **प्रणाम** करता हूँ और **मुक्ता-रत्नों** से परिपूर्ण प्राकार का मैं सदा **भजन** करता हूँ।।११।।

महा-रत्न मरकत से बने तुम्हारे प्राकार को **नमन** है । **महा-रत्न विद्रुम** से बने तुम्हारे प्राकार का मैं **सहारा** लेता हूँ ।।१२।।

सहस्र खम्भोंवाले माणिक्य-मण्डप की मैं वन्दना करता हूँ। हे देवेशी ललिते! तुम्हारी अमृत-बावली का मैं भजन करता हूँ।।१३।।

विमर्श-ज्ञान देनेवाली आनन्द-बावली की मैं वन्दना करता हूँ। बाल-सूर्य की किरणों का मैं भजन करता हूँ, चन्द्रिका की किरणों का मैं सहारा लेता हूँ।।१४।।

विशाल शृङ्गार-परिखा और पद्मों के विशाल वन का मैं भजन करता हूँ। महा-रत्न चिन्ता-मणि से बने गृह-राज को मैं नमन करता हूँ।।१५।।

हे देवि! पूर्वाम्नाय से युक्त तुम्हारे पूर्व-द्वार का मैं भजन करता हूँ, तुम्हारा दक्षिण द्वार-दक्षिणाम्नाय-स्वरूप है, उसका मैं सहारा लेता हूँ।।१६।।

पश्चिमाम्नाय-रूपी तुम्हारे परम द्वार को मैं नमन करता हूँ। उत्तराम्नाय-रूपी उत्तर-द्वार की मैं वन्दना करता हूँ।।१७।।

हे कुलेश्वरि! ऊर्ध्व-द्वार में ऊर्ध्वाम्नाय की मैं वन्दना करता हूँ। हे देवेशी ललिते! तुम्हारे विशाल सिंहासन का मैं भजन करता हूँ।।१८।।

तुम्हारे मञ्च के एक ब्रह्मात्मक पाए को मैं नमन करता हूँ, तुम्हारे मञ्च के एक विष्णु-मय पाए को मैं नमन करता हूँ।।१९।।

तुम्हारे मञ्च के एक रुद्र-मय पाए को मैं नमन करता हूँ, तुम्हारे मञ्च के एक ईश्वरात्मक पाए को मैं नमन करता हूँ।। २०।।

मञ्च के सदा-शिव-मय एक शुभ फलक की मैं वन्दना करता हूँ। हे परमेश्वरि! तुम्हारे हंसात्मक गद्दे को मैं नमन करता हूँ।।२१।।

तुम्हारे हंसात्मक विशाल ओढ़न का मैं भजन करता हूँ। हे देवि! तुम्हारे कौसुम्भ बिछौने को मैं नित्य नमन करता हूँ। विशाल चँदोवे और पर्दे का मैं भजन करता हूँ।।२२।।

।। भगवती श्रीललिता की विस्तृत मानस-पूजा ।।

हे शिव-प्रिये! इस प्रकार श्रीचक्र के पूजा-गृह का ध्यान कर अपनी दाईं ओर पुष्प, अक्षत आदि को रखता हूँ। हे महा-देवि! तुम्हारे दोनों ओर दीपक हैं, उन्हें मैं दिखाता हूँ।।२३-२४।।

मूल-मन्त्र से मैं तुम्हारे त्रिपुरा-चक्र का पूजन करता हूँ, हे शिव-प्रिये! तीन खण्डों (ऐं, क्लीं, सौः) से तुम्हारे त्रिकोण की पूजा करता हूँ।।२५।।

हे शिवे ! वायु, अग्नि, जल-वीजों (यं, रं, वं) से युक्त प्राणायामों द्वारा मैं शोषण, दाहन और आप्लावन करता हूँ तथा मूल-मन्त्र से मैं तीन बार प्राणायाम करता हूँ ।।२६।।

'अपसर्पन्तु ते भूता, ये भूता भूमि-संस्थिता:। ये भूता विघ्न-कर्तारस्ते, नश्यन्तु शिवाज्ञया'-इस मन्त्र से हे शिवे ! मैं तीन बार ताली बजाता हूँ ।।२७-२८।।

हे महा-त्रिपुर-सुन्दरि! 'नारायणोऽहं, ब्रह्मोऽहं, भैरवोऽहं, शिवोऽस्म्यहं, देवोऽहं, परमात्माऽहं '। इस प्रकार ध्यान कर मैं कुमारी-बीज (अं) से युक्त तुम्हारे वज्र-कवच-न्यास को करता हूँ ।। २९-३०।।

हे ईश्वरि! 'मां रक्ष रक्ष'-इस मन्त्र से हृदय पर हाथ जोड़ता हूँ। हे शिवे! 'नमो देव्यासनाय'-इस मन्त्र से तुम्हें आसन देता हूँ ।। ३१।।

हे महेश्वरि! 'चक्रासनं नमस्यामि, सर्व-मन्त्रासनं भजे, साध्य-सिद्धासनं वन्दे'- इन मन्त्रों से मैं चक्र, मन्त्र और देवताओं के लिए उत्तम आसन देता हूँ। अब मैं षडङ्ग और मातृका-न्यास करता हूँ ।।३२-३३।।

वशिन्याद्यष्टक-न्यास, षोढा-न्यास मैं करता हूँ, तब महा-षोढा और नव-योनि-न्यास करता हूँ ।। ३४।।

फिर चक्र-न्यास और उत्तम श्रीकण्ठ-न्यास करता हूँ। केशवादि महा-न्यास और काम-न्यास मैं करता हूँ ।। ३५।।

तब कला-न्यास और काम-कला-न्यास करता हूँ, पीठ-न्यास और तत्त्व-न्यास मैं करता हूँ ।। ३६।।

हे त्रिपुरेश्वरि! स्थित्यादि-न्यास करता हूँ। हे महेश्वरि! तब मैं शुद्ध जल से बाँई ओर त्रिकोण, वृत्त, चतुरस्र का मण्डल बनाता हूँ। हे शिव-प्रिये! पुष्पों से पूजा कर उस पर आधार-सहित-शङ्ख मैं स्थापित करता हूँ ।। ३७-३८।।

षडङ्ग (ह्रां, ह्रीं, ह्रूं, ह्रैं, ह्रौं, ह्रः) से पूजन कर मैं शङ्ख में जल भरता हूँ और जल को मूल-मन्त्र से अभिमन्त्रित करता हूँ ।। ३९।।

हे जगन्मातः! उस जल से मैं त्रिकोण-वृत्त से युक्त षट्-कोण, चतुरस्र का मण्डल बनाता हूँ ।।४०।।

हे शिव-प्रिये ! त्रिकोण के मध्य में मूल-मन्त्र से और त्रिकोणों में मूल-मन्त्र के तीन खण्डों (ऐं, क्लीं, सौः) से पूजन कर बीजों की आवृत्ति (ऐं, क्लीं, सौः, ऐं, क्लीं, सौः) द्वारा छः कोणों की पूजा करता हूँ ।।४१।।

फिर वहाँ दश-कलाओं से युक्त अग्नि-मण्डल का आश्रय लेता हूँ। १. धूम्रार्चि, २ ऊष्मा, ३ ज्वलिनी, ४ ज्वालिनी, ५ विस्फुलिङ्गिनी, ६ सुश्री, ७ सुरूपा, ८ कपिला, ९ हव्य-वहा और १० कव्य-वहा-इन दश कलाओं का यादि-सहित नमन करता हूँ। यथा-१ यं धूम्रार्चिषे नमः, २ रं ऊष्मायै नमः, ३ लं ज्वलिन्यै नमः, ४ वं ज्वालिन्यै नमः, ५ शं विस्फुलिङ्गिन्यै नमः, ६ षं सुश्रियै नमः, ७ सं सुरूपायै नमः, ८ हं कपिलायै नमः, ९ ळं हव्य-वहायै नमः और १० क्षं कव्य-वहायै नमः ।।४२-४४।।

वहीं द्वादश कलाओं से युक्त सूर्य-मण्डल है। वहाँ अर्घ्य-पात्र से मैं १ तपिनी, २ तापिनी, ३ धूम्रा, ४ मरीचि, ५ ज्वालिनी, ६ रुचि, ७ सुषुम्णा, ८ भोगदा, ९ विश्वा, १० बोधिनी, ११ धारिणी और १२ क्षमा-सूर्य की इन बारह कलाओं को नमन करता हूँ। यथा-१ कं भं तपिन्यै नमः, २ खं बं तापिन्यै नमः, ३ गं फं धूम्रायै नमः, ४ घं पं मरीच्यै नमः, ५ ङं नं ज्वालिन्यै, ६ चं धं रुच्यै, ७ छं दं सुषुम्णायै नमः, ८ जं थं भोगदायै नमः, ९ झं तं विश्वायै नमः, १० ञं णं बोधिन्यै नमः, ११ टं ढं धारिण्यै नमः और १२ ठं डं क्षमायै नमः ।।४५-४७।।

वहीं षोडश-कलाओं से युक्त सोम-मण्डल है। वहाँ अर्घ्य-पात्र से मैं १ अमृता, २ मानदा, ३ पूषा, ४ तुष्टि, ५ पुष्टि, ६ रति, ७ धृति, ८ शशिनी, ९ चन्द्रिका, १० कान्ति, ११ ज्योत्स्ना, १२ श्री, १३ प्रीति, १४ अङ्गदा, १५ पूर्णा और १६ पूर्णामृता-चन्द्र की सोलह कलाओं को सोलह स्वरों से युक्त भजता हूँ। यथा-१ अं अमृतायै नमः, २ आं मानदायै नमः, ३ इं पूषायै नमः, ४ ईं तुष्ट्यै नमः, ५ उं पुष्ट्यै नमः, ६ ऊं रत्यै नमः, ७ ऋं धृत्यै, ८ ॠं शशिन्यै नमः, ९ ऌं चन्द्रिकायै नमः, १० ॡं कान्त्यै नमः, ११ एं ज्योत्स्नायै नमः, १२ ऐं श्रियै नमः, १३ ओं प्रीत्यै नमः, १४ औं अङ्गदायै नमः, १५ अं पूर्णायै नमः और १६ अः पूर्णामृतायै नमः।।४८-४९।।

तदनन्तर मैं अकथादि सुन्दर रेखाओंवाले त्रिकोण को लिखता हूँ। 'ह-ल-क्ष' वर्णों से युक्त और 'हंसः' से उज्ज्वल उस त्रिकोण की मैं वाक् (ऐं), काम (क्लीं) और शक्ति (ह्रीं) से युक्त 'हंसः' द्वारा आराधना करता हूँ ।।५०-५१।।

पुनः वृत्त के बाहर षट्-कोण में मैं लिखता हूँ, षट्-कोण के अग्र-भागों में मैं षडङ्गों (ह्रां, ह्रीं, ह्रूं, ह्रैं, ह्रौं, ह्रः) से पूजन करता हूँ ।। ५२।।

मूल-मन्त्र से सात बार अभिमन्त्रित करता हूँ। हे देवि! उसमें गन्ध-अक्षत आदि समर्पित करता हूँ ।।५३।।

तुम्हारे सभी पूजा-द्रव्यों को मैं विद्या-मय और शुभ ध्यान करता हूँ, उन्हें स्पर्श कर १४ मन्त्रों का जप करता हूँ ।।५४।।

अग्नि की दस, सूर्य की बारह और चन्द्र की सोलह काम-प्रद कलाओं का वहाँ सहारा लेता हूँ।।५५।।

१ सृष्टि, २ ऋद्धि, ३ स्मृति की वन्दना करता हूँ, ४ मेधा, ५ कान्ति को नमन करता हूँ, ६ लक्ष्मी, ७ धृति, ८ स्थिरा की मैं वन्दना करता हूँ, ९ स्थिति, १० सिद्धि का भजन करता हूँ, ।। ५६।।

ब्रह्मा की उक्त दस कलाओं की मैं वन्दना करता हूँ, १ जरा, २ पालिनी का मैं भजन करता हूँ, ३ शान्ति, ४ ईश्वरी, ५ रति और ६ कामिका की वन्दना करता हूँ।। ५७।।

७ वरदा, ८ ह्लादिनी की वन्दना करता हूँ, ९ प्रीति, १० दीर्घा का मैं भजन करता हूँ और हादि के सहित विष्णु की उक्त दस कलाओं का मैं भजन करता हूँ ।। ५८।।

१ तीक्ष्णा, २ रौद्री, ३ भया, ४ निद्रा, ५ तन्द्रा, ६ क्षुधा, ७ क्रोधिनी, ८ क्रिया की वन्दना करता हूँ । ९ उद्गारी और १० मृत्यु-रुद्र की इन दस कलाओं का मैं भजन करता हूँ, पीली, श्वेत और लाल कलाओं का मैं नित्य भजन करता हूँ ।।५९-६०।।

असिता और अनन्ता का षादि के सहित मैं भजन करता हूँ, ईश्वर की इन अभीष्ट-दायिनी कलाओं की नित्य वन्दना करता हूँ ।।६१।।

१ निवृत्ति, २ प्रतिष्ठा, ३ विद्या, ४ शान्ति, ५ इन्धिका, ६ दीपिका, ७ रेचिका और ८ मोचिका को नमन करता हूँ ।।६२।।

९ परा, १० सूक्ष्मा, ११ सूक्ष्मामृता, १२ ज्ञाना व १३ ज्ञानामृता कला की मैं वन्दना करता हूँ। १४ आप्यायनी, १५ व्यापिनी, १६ व्योम-रूपा को नमन करता हूँ, सदा-शिव की इन सोलह कलाओं को मैं प्रणाम करता हूँ ।।६३-६४।।

ॐ हंस शुचिषत् वसुरन्तरिक्ष सद्धोता वेदीषदतिथिर्दुरोणसत्। नृषद्वर सद्-ऋत सद्-व्योम सदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं वृहत्। नामक 'हंसः' महा-मन्त्र का, ज्योति-पूर्ण 'हंस' का मैं सहारा लेता हूँ ।।६५।।

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टि-वर्द्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्-मन्त्र से मैं नमन करता हूँ।

ॐ तद्-विष्णोः परमं पदं, सदा पश्यन्ति सूरयः दिवीव चक्षुराततम्-मन्त्र से मैं प्रणाम करता हूँ।

ॐ विष्णुर्योनिं कल्पयतु, त्वष्टा रूपाणि पिंशतु।
आ सिञ्चतु प्रजा-पतिर्धाता गर्भं दधातु वै।।

गर्भं देहि सिनीवालि! गर्भं देहि सरस्वति!

गर्भं धेह्यश्विनौ देवावाधत्तां पुष्कर-स्रजा।।

उक्त मन्त्र और मूल-मन्त्र-इन श्रेष्ठ मन्त्रों से और ९४ मन्त्रों से अभिमन्त्रित तुम्हारे अमृत की मैं वन्दना करता हूँ-

अखण्डैक - रसानन्द - करे पर - सुधात्मनि!।

स्वच्छन्द - स्फुरणामत्र, निधेह्यकुल-रूपिणि!।।

अकुलस्थामृताकारे, सिद्धि - ज्ञान-करे! परे!।

अमृत्वं निधेह्यस्मिन्, वस्तुनि क्लिन्न-रूपिणि!।।

तद्-रूपिण्यैक-रस्यत्वं, कृत्वा ह्येतत्-स्वरूपिणि!।

भूत्वा परामृताऽऽकारा, मयि चित्-स्फुरणं कुरु।।

अमृतेशीं नमस्यामि, सर्वदामृत-वर्षिणीम्।

वाग्वादिनीं नमस्यामि, श्रीविद्यां प्रणमाम्यऽहं।।

उक्त उत्तम मन्त्रों से अभिमन्त्रित **परामृत** की मैं **वन्दना** करता हूँ।।६६-७२।।

हे महेश्वरि! ज्योतिर्मय **अर्घ्य** देता हूँ, उसके बिन्दुओं से अपने शिर पर **तीन गुरुओं की पूजा** मैं करता हूँ।।७३।।

'ब्रह्माऽह्मस्मि' कहकर उसके बिन्दु का मैं **कुण्डलिनी** में **हवन** करता हूँ। **हृदय-चक्र** पर विराजमाना महादेवी **महा-त्रिपुरा-सुन्दरी** को, जो **मोह-रूपी अन्धकार** को नष्ट करती हैं और **साक्षात् संवित्-स्वरूपिणी** हैं, उनकी **पर-कला** को नासा-पुट के द्वारा अपने हाथ की **पुष्पाञ्जलि-मुद्रा** में लाकर-**'जगन्मातर्महा-देवि!, महा-त्रिपुर-सुन्दरि! सुधा-चैतन्य-मूर्तिं ते, कल्पयामि नमः शिवे!'** इस मन्त्र से हे देवि! यन्त्र पर मैं तुम्हें प्रतिष्ठित करता हूँ।।७४-७६।।

महा-पद्म-वनान्तःस्थे!, कारणानन्द-विग्रहे!।

सर्व - भूत - हिते! मातरेह्येहि परमेश्वरि!।।१।।

देवेशि! भक्ति-सुलभे!, सर्वावरण-संयुते!।

यावत् त्वां पूजयिष्यामि, तावत् त्वं सु-स्थिरा भव।।२।।

उक्त दोनों मन्त्रों से तुम्हारा **आवाहन** करता हूँ। ।।७७-७८।।

'कल्पयामि नमः पाद्यं', 'अर्घ्यं ते कल्पयाम्यऽहं', 'सुगन्ध-तैलाभ्यङ्गं च मज्ज-शाला-प्रवेशनं कल्पयामि नमः' से क्रमशः पाद्य, अर्घ्य, सुगन्धित तैल देकर

स्नानागार में तुम्हारे प्रवेश की कल्पना कर 'नमः मणिः-पीठोपवेशनं' से मणि-जटित पीठ पर तुम्हारे विराजने की भावना करता हूँ ।।७९-८०।।

'हे ईशानि! दिव्य स्नानीय और शुभ उपटन ग्रहण करो । गरम जल ग्रहण करो'-तुम्हारे स्नान की भावना करता हूँ ।। ८१।।

स्वर्ण-घट से गिरनेवाले तीर्थ-जल से अभिषेक की भावना करता हूँ। तौलिए से पोंछने की कल्पना करता हूँ, तुम्हें नमस्कार है ।।८२।।

बाल सूर्य के समान लाल रेशमी वस्त्र पहनने के लिए और अरुण वस्त्र से तुम्हारे दुपट्टे की भावना करता हूँ ।।८३।।

आलेपन-मण्डप में तुम्हारे प्रवेश की कल्पना करता हूँ, मणि-पीठ पर बैठने की भावना करता हूँ ।।८४।।

सारे शरीर में अष्ट-गन्धों से लेपन की कल्पना करता हूँ, काले अगरु की महान् धूप तुम्हारे केश-जाल के लिए है ।।८५।।

मल्लिका, मालती, जाति, चम्पक आदि मनोहर पुष्पों से सुन्दर मालाओं की भावना करता हूँ, तुम्हें नमस्कार है ।।८६।।

भूषण-मण्डप में मैं तुम्हारे प्रवेश की कल्पना करता हूँ, वहाँ रत्न-पीठ पर मैं तुम्हारे बैठने की भावना करता हूँ ।।८७।।

नवीन माणिक्य का मुकुट, तब चन्द्र-कला, माँग के सिन्दूर, तब उत्तम तिलक, दोनों नेत्रों की कोरों में कालाञ्जन, मणियों के दो कुण्डल और हे ईश्वरि! नाक के आभूषण, अधरोष्ठ की लालिमा और हे त्रिपुरे! तुम्हारे कण्ठ हेतु स्वर्ण व चिन्तामणि-जटित आभूषण की मैं कल्पना करता हूँ ।।८८-९०।।

तुम्हारे पदक के लिए महा-पदक की कल्पना करता हूँ, मुक्तावलि और एकावलि की भावना करता हूँ, तुम्हें नमन है ।।९१।।

छन्न-वीर, दो केयूरों और चार वलयों, ऊर्मिकावलि की भावना, हे ईश्वरि! करता हूँ ।।९२।।

हे त्रिपुरे! तुम्हारी स्वर्ण-करधनी, मङ्गल-सूत्र, पाद-कटक और रत्न-नूपुर की कल्पना मैं करता हूँ ।।९३।।

पैरों की अँगुलियों के लिए आभूषण, तुम्हारे एक हाथ में पाश, दूसरे में अंकुश और हे देवि! अन्य हाथ में इक्षु-धनुष, दूसरे में पुष्प-बाणों तथा पैरों में माणिक्य-पादुका

की भावना करता हूँ । नौ आवरणों की देवियों के साथ महा-चक्र में तुम्हारे आरोहण, कामेश्वराङ्क में पर्यङ्क पर उपवेशन, सुधासव-चषक से आचमन और कर्पूर-ताम्बूल की कल्पना मैं करता हूँ, हे शिवे! तुम्हें नमन है। तुम्हारे आनन्दोल्लास, विलास, हास्य की कल्पना मैं करता हूँ ।।९४-९७।।

हे देवि! मङ्गल-मयी आरती कर मैं तुम्हारे लिए छत्र, दो चँवरों और दर्पण की भावना करता हूँ ।।९८।।

हे महेश्वरि! ताल-वृन्त की कल्पना करता हूँ । तुम्हें गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य देने की भावना करता हूँ, तुम्हें नमन है ।।९९।।

अब वैन्दव-चक्र में हे सर्वानन्द-मयात्मिके! रत्न-सिंहासन पर विराज-माना तुम शिव-प्रिया का मैं ध्यान करता हूँ ।।१००।।

सहस्रों उदय-कालीन सूर्यों की आभावाली, जपा-पुष्प के समान प्रभावाली, नए रत्नों की चमक से उज्ज्वल मुकुट से सुशोभिता, चन्द्र-कला से विभूषिता, कस्तूरी के तिलक से शोभिता, कामदेव के धनुष की सुन्दरता को हरानेवाली दौ भौहोंवाली, अञ्जन लगी आँखों वाली, कमल की पंखुड़ियों के समान सुन्दर नेत्रोंवाली, मणियों के कुण्डलों से युक्त दो कानोंवाली, मुक्ता-माणिक्य-जटित आभूषण से युक्त नाकवाली, केसर की शोभा से युक्त दो कपोलोंवाली, पके हुए बिम्बा-फल की आभा के समान दो अधरों से सुशोभिता, उज्ज्वल मोतियों की माला जैसे दन्त की पंक्तियों से विभूषिता, ताम्बूल-पूर्ण मुखवाली, सुन्दर मुस्कान-युक्त मुख से सुशोभिता, स्वर्ण-चिन्ताक से युक्त आद्य-भूषण-सहिता, पदक और महा-पदक से युक्ता, मुक्तावलि सहित एकावलि से सुशोभिता, केयूर, अङ्गद से युक्त चार भुजाओंवाली, अष्ट-गन्ध से युक्त श्रीचन्दन से लिप्त शरीरवाली, स्वर्ण-कलश के समान दो स्तनों से सुशोभिता, रक्त-वस्त्र-धारिणी, रक्त-कञ्चुकी-सहिता, महीन रोमों से युक्त कटि से सुशोभिता, मुक्ता-माणिक्य से जटित करधनी से युक्त नितम्बवाली, सदा-शिवं की गोद में विराजमाना, अति स्थूल जघन (कूल्हे) वाली, केले के खम्भों के समान दो ऊरुओं से सुशोभिता, केले के जैसी कान्तिवाली दो जाँघों से विभूषिता, दो गूढ़ गुल्फों (टखनों) और लाल-लाल दो चरणों से युक्ता, ब्रह्मा, विष्णु, महा-देव के शिरस्थ मुकुटों से निकलनेवाली ज्योति से सुशोभित चरणोंवाली, भक्तों की रक्षा में तत्परा, ईख के धनुष, पुष्पों के वाण, पाश और अंकुश धारण करनेवाली परमा, संवित्-स्वरूपा देवी परमेश्वरी का मैं ध्यान करता हूँ ।।१०१-११४।।

अब हे शिवे! वर-दायिनी नौ मुद्राएँ दिखाता हूँ। हे त्रिपुरे! मूल-मन्त्र से तीन बार तुम्हें तर्पण कराता हूँ ।।११५।।

१ आग्नेय, २ ईशान, ३ नैऋत, ४ वायव्य, ५ मध्य और चारों दिशाओं में क्रमशः षडङ्गों की पूजा मैं करता हूँ ।।११६।।

सोलह नित्याओं-१ आद्या कामेश्वरी की वन्दना करता हूँ, २ भग-मालिनी व ३. नित्य-क्लिन्ना और ४ भेरुण्डा को नमन करता हूँ ।।११७।।

५ वह्नि-वासा, ६ महा-वज्रेश्वरी की स्तुति करता हूँ, ७ शिव-दूती, ८ त्वरिता, ९ कुल-सुन्दरी को नमन करता हूँ ।।११८।।

१० नित्या, ११ नील-पताका, १२ विजया, १३ सर्व-मङ्गला, १४ ज्वाला-मालिनी, १५ चित्रा और १६ महा-नित्या श्रीललिता की मैं स्तुति करता हूँ ।।११९।।

दिव्यौघों को नमन करता हूँ-परेश, परमेश्वरी, मित्रेश, षष्ठीश और उड्डीश को प्रणाम करता हूँ ।।१२०।।

चर्या-नाथ को नमन करता हूँ, लोपामुद्रा को मैं भजता हूँ, अगस्त्य को प्रणाम करता हूँ। सिद्धौघ में काल-तापन को, धर्माचार्य को नमन करता हूँ, मुक्त-केशीश्वर, दीप-कला-नाथ को भजता हूँ, तब मानवौघ में , विष्णु-देव को नमन करता हूँ, प्रभा-कर को मैं भजता हूँ, तेजो-देव और मनोज की स्तुति करता हूँ ।।१२१-१२३।।

कल्याण-देव, रत्न-देव को मैं भजता हूँ, वासुदेव को नमन करता हूँ, श्री रामानन्द का सहारा लेता हूँ ।।१२४।।

परमेष्ठि-गुरु की वन्दना करता हूँ, परापर-गुरु और परम-गुरु का सहारा लेता हूँ, मूर्धा में ब्रह्म-रन्ध्र में स्थित श्रीगुरु को प्रणाम करता हूँ। कं (ब्रह्म) बिल (रन्ध्र) में श्रीगुरु-पादुका को मैं नमन करता हूँ।।१२५।।

तब हे देवि! तुम्हारे 'प्रथम चतुरस्र' में १ अणिमा, २ लघिमा, ३ महिमा, ४ ईशित्व, ५ वशित्व-सिद्धियों को मैं नमन करता हूँ ।।१२६-१२७।।

६ प्राकाम्य, ७ भुक्ति, ८ इच्छा, ९ प्राप्ति और १० सर्व-काम-प्रदा सिद्धियों को मैं भजता हूँ ।।१२८।।

'मध्यम चतुरस्र' में १ ब्राह्मी, २ माहेश्वरी, ३ कौमारी, ४ वैष्णवी, ५ वाराही को मैं प्रणाम करता हूँ ।।१२९।।

६ माहेन्द्री, ७ चामुण्डा, ८ महा-लक्ष्मी को भजता हूँ । 'तृतीय चतुरस्र' में मैं १ सर्व-संक्षोभिणी को भजता हूँ ।।१३०।।

श्रीललिता-चक्र

श्री-यन्त्र



॥ श्रीललिता-चक्र की वन्दना ॥

विन्दु, त्रिकोण, अष्ट-कोण, दो दश-कोणों और चतुर्दश-कोणों से युक्त
अष्ट-दल, षोडश-दलों, वृत्त-त्रय और तीन भू-गृहों से शोभित
श्रीललिता-चक्र को नमन।

श्रीललिता-चक्र (श्री-यन्त्र) के आवरण

○ वैन्दव-चक्र (श्वेत-विन्दु)

● सर्वानन्द-मय-चक्र (रक्त-विन्दु)

▼ सर्व-सिद्धि-प्रद-चक्र



सर्व-रोग-हर-चक्र
(अष्ट-कोण)



सर्व-रक्षा-कर-चक्र
(अन्तर्दशार)

सर्वार्थ-साधक-चक्र
(बहिर्दशार)

सर्व-सौभाग्य-दायक-चक्र
(चतुर्दशार)



२ सर्व-विद्राविणी, ३ सर्वाकर्षिणिका, ४ सर्व-वशङ्करी और ५ सर्वोन्मादिनिका को मैं भजता हूँ ।।१३१।।

६ महांकुशा, ७ सर्व-खेचरी, ८ सर्व-वीज, ९ सर्व-योनि, १० सर्व-त्रिखण्डिनी को मैं भजता हूँ ।।१३२।।

हे ललिते! तुम्हारे 'त्रैलोक्य-मोहन-चक्र' को मैं नमन करता हूँ। उसमें अभीष्ट-दायिनी प्रकट-योगिनी को नमन करता हूँ ।।१३३।।

तब हे परमेश्वरि! वहाँ तुम्हारे सुधार्णवासन की मैं वन्दना करता हूँ । वहाँ चक्रेश्वरी त्रिपुरा परमेश्वरी की मैं वन्दना करता हूँ ।।१३४।।

अब हे शिवे! सर्व-संक्षोभिणी मुद्रा बनाता हूँ । अब मैं 'षोडश-दल' में १ कामाकर्षिणिका को भजता हूँ ।।१३५।।

२ बुद्ध्याकर्षिणिका, ३ अहङ्काराकर्षिणिका, ४ शब्दाकर्षिणिका और ५ स्पर्शाकर्षिणिका की वन्दना करता हूँ ।।१३६।।

६ रूपाकर्षिणिका, ७ रसाकर्षिणिका, ८ गन्धाकर्षिणिका, ९ चित्ताकर्षिणिका को भजता हूँ ।।१३७।।

१० धैर्याकर्षिणिका, ११ स्मृत्याकर्षिणिका, १२ नामाकर्षिणिका और १३ वीजाकर्षिणिका की मैं वन्दना करता हूँ ।।१३८।।

१४ आत्माकर्षिणिका, १५ अमृताकर्षिणिका, १६ शरीराकर्षिणिका और परमेश्वरी नित्या की वन्दना करता हूँ ।।१३९।।

हे ईश्वरि! तुम्हारे 'सर्वाशा-पूरक-चक्र' की मैं कल्पना करता हूँ । वहाँ गुप्त रूप से पूजिता गुप्त-योगिनी की मैं वन्दना करता हूँ ।।१४०।।

वहाँ हे ललिते! तुम्हारे पीताम्बुजासन को नमन करता हूँ और अभीष्ट-सिद्धिदा महा-देवी त्रिपुरेशी को भजता हूँ। वहाँ मैं सर्व-विद्राविणी मुद्रा का चिन्तन करता हूँ।।१४१।।

हे शिवे! तुम्हारे "अष्ट-दलों" में १ अनङ्ग-कुसुमा, २ अनङ्ग-मेखला, ३ अनङ्ग-मदना, ४ अनङ्ग-मदनातुरा, ५ अनङ्ग-रेखा, ६ अनङ्ग-वेगिनी, ७ अनङ्गांकुशा और ८ अनङ्ग-मालिनी को मैं प्रणाम करता हूँ ।।१४२-४४।।

वहाँ मैं सदा 'सर्व-संक्षोभण-चक्र' की कल्पना करता हूँ और सर्व-कामदा गुप्त-तरा योगिनी की वन्दना करता हूँ।।१४५।।

वहाँ मैं देवी के उत्तम आत्मासन को प्रणाम करता हूँ और जगत् की ईशानी त्रिपुर-सुन्दरी को नमन करता हूँ। वहाँ तुम्हारी सर्वाकर्षिणिका मुद्रा की कल्पना मैं करता हूँ।।१४६।।

हे शिवे! तुम्हारे 'चतुर्दशार' में १ सर्व-संक्षोभिणी की मैं वन्दना करता हूँ।।१४७।।

२ सर्व-विद्राविणी, ३ सर्वाकर्षिणी, ४ सकलाह्लादिनी और ५ सर्व-सम्मोहिनी को मैं भजता हूँ।।१४८।।

६ सकल-स्तम्भिनी, ७ सर्व-जृम्भिनी, ८ सर्व-वशङ्करी और ९ सर्व-रञ्जनी को मैं भजता हूँ।।१४९।।

१० सकलोन्मादिनी, ११ सर्वार्थ-साधिनी, १२ सर्व-सम्पत्ति-पूरणी और १३ सर्व-मन्त्र-मयी को मैं भजता हूँ।।१५०।।

तब १४ सर्व-द्वन्द्व-क्षयङ्करी शक्ति को मैं भजता हूँ। वहाँ 'सर्व-सौभाग्य-दायक-चक्र' की कल्पना मैं करता हूँ।।१५१।।

हे शिवे! जगद्धात्री सम्प्रदाय-योगिनी को नमन करता हूँ। तुम्हारे उत्तम श्रीचक्रासन को नमन करता हूँ।।१५२।।

जगत् की ईशानी त्रिपुर-वासिनी को मैं नमन करता हूँ। हे शिवे! तुम्हारी सर्व-वशङ्करी मुद्रा की कल्पना मैं करता हूँ।।१५३।।

हे देवि! तुम्हारे 'बहिर्दशार' में १ सर्व-सिद्धि-प्रदा को भजता हूँ, २ सर्व-सम्पत्-प्रदा और ३ सर्व-प्रियङ्करी की मैं वन्दना करता हूँ।।१५४।।

तब ४ सर्व-मङ्गल-कारिणी, ५ सर्व-काम-प्रदा, ६ सर्व-दुःख-विमोचिनी देवी की मैं वन्दना करता हूँ।।१५५।।

७ सर्व-मृत्यु-प्रशमनी, ८ सर्व-विघ्न-निवारिणी, ९ सर्वाङ्ग-सुन्दरी, १० सर्व-सौभाग्य- दायिनी देवी को नमन करता हूँ।।१५६।।

मैं 'सर्वार्थ-साधक-चक्र' की सदा कल्पना करता हूँ। तब कुलोत्तीर्ण-योगिनी देवी की कल्पना करता हूँ।।१५७।।

सर्व-मन्त्रासन की वन्दना करता हूँ, त्रिपुरा-श्री का सहारा लेता हूँ। तब सर्वोन्मादन-कारिणी मुद्रा की कल्पना करता हूँ।।१५८।।

हे देवि! तुम्हारे 'अन्तर्दशार' में मैं १ सर्वज्ञा को प्रणाम करता हूँ। २ सर्व-शक्ति को नमन करता हूँ, ३ सर्वैश्वर्य-प्रदा को भजता हूँ।।१५९।।

४ सर्व-ज्ञान-मयी, ५ सर्व-व्याधि-विनाशिनी, ६ सर्वाधार-स्वरूपा और ७ सर्व-पाप-हरा को भजता हूँ ।।१६०।।

८ सर्वानन्द-मयी, ९ सर्व-रक्षा-स्वरूपिणी की वन्दना मैं करता हूँ। १० सर्वेप्सित-फल-प्रदा को मैं भजता हूँ ।।१६१।।

वहाँ मैं सदा 'सर्व-रक्षा-कर-चक्र' की कल्पना करता हूँ। उसमें मैं परमेश्वरी निगर्भ-योगिनी की वन्दना करता हूँ ।।१६२।।

साध्य-सिंहासन की वन्दना करता हूँ, त्रिपुरा-मालिनी को भजता हूँ। तब हे देवि! सर्व-महांकुशा मुद्रा की कल्पना करता हूँ ।।१६३।।

'अष्टार' में मैं १ वशिनी की वन्दना करता हूँ, २ कामेश्वरी को सदा भजता हूँ। ३ मोदिनी, ४ विमला, ५ अरुणा, ६ जयिनी को भजता हूँ ।।१६४।।

७ सर्वेश्वरी, ८ कौलिनी को प्रणाम करता हूँ। हे देवि! मैं तुम्हारे सर्व-रोग-हर चक्र का चिन्तन करता हूँ ।।१६५।।

मैं सदा तुम्हारी रहस्य-योगिनी देवी की कल्पना करता हूँ। त्रिपुरा-सिद्धा को नमन करता हूँ और खेचरी-मुद्रा को भजता हूँ ।।१६६।।

हे महेश्वरि! महा-त्रिकोण के बाहर चारों दिशाओं में जृम्भण बाणों और सम्मोहन धनुष को नमन करता हूँ ।।१६७।।

वशङ्कर पाश की वन्दना करता हूँ, स्तम्भक अंकुश को भजता हूँ। त्रिकोण में मैं जगद्धात्री महा-कामेश्वरी को भजता हूँ ।।१६८।।

महा-वज्रेश्वरी, महा-श्रीभग-मालिनी, सर्व-काम-फल-प्रदा महा-श्रीसुन्दरी की वन्दना करता हूँ ।।१६९।।

हे देवि! मैं तुम्हारे 'सर्व-सिद्धि-प्रद-चक्र' को नमन करता हूँ। उसमें काम-दायिनी अति-रहस्य-योगिनी को नमन करता हूँ ।।१७०।।

त्रिपुराम्बा को नमन करता हूँ, बीज-मुद्रा को नमन करता हूँ। हे ललिते! मूल-मन्त्र से बिन्दु में तुम्हारी पूजा करता हूँ ।।१७१।।

हे ललिते! तुम्हारे 'सर्वानन्द-मय-चक्र' को नमन करता हूँ। सदा परापर-रहस्य-योगिनी की कल्पना करता हूँ ।।१७२।।

महा-चक्रेश्वरी की वन्दना करता हूँ, मैं योनि-मुद्रा को भजता हूँ। मैं धूप-दीपादि सभी की तुम्हारे लिए कल्पना करता हूँ ।।१७३।।

हे शिवे! तुम्हारी प्रसन्नता के लिए महा-मुद्रा दिखाता हूँ। हे शिवे! मूल-मन्त्र से तीन बार तुम्हारा तर्पण करता हूँ।।१७४।।

मधु-युक्त पायस (खीर), पुआ, शाल्यन्न, घृत, सूपादि सभी खाद्य पदार्थों सहित चीनी, दूध-युक्त, अनेक प्रकार के शाक स्वर्ण-पात्र में रखकर तुम्हारे नैवेद्य की कल्पना करता हूँ।।१७५-१७६।।

हे त्रिपुरे! बिन्दु से तुम्हारे मुख की, विसर्ग से दोनों कुचों की और सपरार्द्ध से योनि की कल्पना करता हूँ।।१७७।।

काम-कला का यह रूप भक्तों के लिए सर्व-काम-प्रद और सर्व-सम्पत्-दायक है। हे त्रिपुरेश्वरि! तुम्हें नमन है।।१७८।।

अपने बाँएँ भाग में हे महेश्वरि! त्रिकोण, वृत्त और चतुरस्र बनाकर गन्धाक्षत आदि द्वारा पूजन करता हूँ।।१७९।।

वहाँ व्यापक मण्डल पर जल-युक्त आर्द्र अन्न-सहित मकार-त्रय का पात्र रखकर भूतों को उत्तम बलि देता हूँ। हे त्रैलोक्य-वन्दिते! देव-देवेशि! तुम्हें नमन करता हूँ।।१८०-१८१।।

पर-शिव के अङ्क में विराजमाना हे त्रिपुर-सुन्दरि! तुम्हें नमस्कार है। मैं मन से तुम्हारी प्रदक्षिणा करता हूँ।।१८२।।

तब समस्त मन्त्रों की साम्राज्ञी परमेश्वरी की महा-विद्या का जप तुम्हारी प्रसन्नता के लिए मैं सदा करता हूँ। तुम्हारी विद्या का जप कर अब मैं तुम परमेश्वरी की स्तुति करता हूँ।।१८३।।

हे महा-देवि, हे महेशानि, हे सदा-शिव की अति प्रिये, हे सदा-शिव की प्रिय करनेवाली, हे महा-नित्ये, हे महा-सिद्धे! मैं तुम्हारी शरण लेता हूँ।।१८४।।

हे देवि, त्रिपुरे! हे जगदीश्वरि ललिते! तुम्हारी जय हो। हे सदा-शिव का प्रिय करनेवाली, हे दया-मयि! मेरी रक्षा करो।।१८५।।

हे जगदम्ब, हे जगत्-स्वरूपे, हे जगदीश्वर-प्रिये, हे जगद-व्यापिनि, हे विश्वात्मिके पार्वति! मैं तुम्हार आश्रय लेता हूँ।।१८६।।

हे आदि रहिते! हे लोकों की आद्ये! हे भक्तों को अभीष्ट देनेवाली हिमालय की पुत्री, हे त्रिपुरेश्वरि! हे आदि-महा-देवेशि, हे ब्रह्म-मातः, हे विष्णु-मातः, हे आदि-अन्त-रहिते, हे शिव-मातः, हे देवेश्वरि! तुम्हें नमस्कार है।।१८७-१८८।।

हे ब्रह्मादि-देवों द्वारा वन्दिते, हे तीनों लोकों की स्वामिनि, हे सर्वेश्वर्य-दायिनी नित्ये! मैं सदैव तुम्हारा ध्यान करता हूँ ।।१८९।।

हे नित्य आनन्द-मयि, हे आधार-रहिते, हे चिद्-रूपे, हे शिव-प्रिये, हे अणिमादि सिद्धियों की आधार-भूते! मैं सदैव तुम्हारी भावना करता हूँ ।।१९०।।

हे ब्राह्मी आदि माताओं द्वारा वन्दिते, हे समस्त आवरण-देवताओं से सु-शोभिते, हे ज्योति-स्वरूपे, हे अति-सुन्दरि त्रिपुरे! मेरी सदा रक्षा करो।।१९१।।

हे लक्ष्मी, सरस्वती आदि द्वारा पूजनीये, हे ब्रह्मा, शिव द्वारा वन्दिते! मैं समस्त कामनाओं के फल-दायक तुम्हारे चरण-कमलों को नमन करता हूँ ।।१९२।।

हे सभी वाञ्छित फलों को देनेवाली, हे देवि, त्रिपुर-सुन्दरि! सभी शक्तियों से युक्त तुम्हारे चरण-कमलों को नमन करता हूँ ।।१९३।।

तब तुम्हारी प्रसन्नता के लिए किसी शक्ति की पूजा मैं करता हूँ। हे महेश्वरि! पाँच मकारों से उस शक्ति को तृप्त करता हूँ ।।१९४।।

तुम्हारी प्रसन्नता और अपने अभीष्ट की सिद्धि के लिए हे महा-देवि! उसके सहित मैं चिदात्मक अग्नि में शेष हवि का हवन करता हूँ ।।१९५।।

खेचरी मुद्रा बाँधकर मैं 'क्षमस्व' कहकर विसर्जन करता हूँ। हे परमेश्वरि त्रिपुरे! मेरे हृदय में सदा निवास करो ।।१९६।।

हे जगदम्बे, हे साम्राज्ञि, हे महा-शक्ति, हे शिव प्रिये, हे महा-त्रिपुर-सुन्दरि! निरन्तर हृदय-चक्र में विराजमान रहो ।।१९७।।

हे समस्त आवरण-देवताओं से सु-शोभिते, महा-त्रिपुर-सुन्दरि! मेरे हृदय-चक्र में सदा निवास करो ।।१९८।।

।। फल-श्रुति ।।

श्रीत्रिपुर-सुन्दरी का उक्त 'हृदय'-सभी कामनाओं को देनेवाला, देवताओं के लिए भी अति दुर्लभ बड़ा रहस्य-मय है ।।१।।

साक्षात् सदा-शिव द्वारा कथित यह गुप्त से भी गुप्त और श्रेष्ठ है ।।२।।

जो इसे नित्य एकाग्र होकर ध्यान से सुनता है, उसे देवी की नित्य-पूजा का फल मिलता है, इसमें सन्देह नहीं ।।३।।

शरीर, वाणी, चित्त से होनेवाले और सभी जन्मों के जानकर भी किए गए पापों से वह छूट जाता है ।।४।।

सभी **यज्ञों** और **तीर्थों** में जो पुण्य मिलता है, वह मनुष्य नित्य प्राप्त करता है, इसमें सन्देह नहीं ।।५।।

तीनों लोकों में दुर्लभ **लक्ष्मी** को भी पाकर मनुष्य शीघ्र ही **विष्णु** के समान हो जाता है ।।६।।

आठों ऐश्वर्यों और **गुटिका, पादुका** आदि **आठों सिद्धियों** को वह श्रेष्ठ मनुष्य शीघ्र प्राप्त करता है ।।७।।

शङ्ख आदि **निधियाँ** भी उसकी नित्य सेवा करती हैं और **वश्य** आदि **अष्ट-कर्म** उसे शीघ्र सिद्ध हो जाते हैं ।।८।।

पृथ्वी-लोक, पाताल और अन्य सभी लोकों में स्थित सभी रूपवती स्त्रियाँ और राजा आदि सभी मनुष्य तथा **शिव, विष्णु** आदि देवता शीघ्र ही उसके वशीभूत होकर उसकी सेवा करते हैं ।।९-१०।।

अनन्त आदि विशाल सर्प, **सिद्ध योगेश्वर** आदि, **ऋषि, मुनि** और **यक्ष** उसकी नित्य सेवा करते हैं ।।११।।

शिव और **विष्णु** के समान **महान् यश** को प्राप्त करता है और **श्रेष्ठ योग** को पाकर सदा आकाश में गमन करता है ।।१२।।

अकाल मृत्यु और **सामयिक मृत्यु** से छूटकर **शिव** और **विष्णु** आदि को दुर्लभ **परम आयु** को प्राप्त करता है ।।१३।।

न सुने गए शास्त्रों को भी विधि-सहित जानकर मूर्ख भी **सभी विद्याओं से युक्त** होकर **दक्षिणामूर्ति शिव** के समान हो जाता है ।।१४।।

इसके स्मरण मात्र से **भूत, पिशाच** आदि **यक्ष, गन्धर्व** और **राक्षस** सदा विनष्ट होते हैं ।।१५।।

उसके शरीर में पहुँचकर भी सारे **विष** तुरन्त नष्ट हो जाते हैं और अपनी कान्ति से वह सदैव **सहस्र-कामदेवों** के समान सुन्दर बना रहता है ।।१६।।

अत: उक्त कल्याणकारी **'त्रिपुर-हृदय-स्तोत्र'** को जो सदा पढ़ता है, वह **साक्षात् देवी** जैसा हो जाता है ।।१७।।

अङ्गों-सहित त्रिपुर-सुन्दरी की नित्य-पूजा का फल उसे मिलता है, सभी रोगों से छूट कर वह **सुन्दर स्वास्थ्य** को प्राप्त करता है ।।१८।।

अत्यन्त **वैभव** को वह पाता है और सभी **विद्याओं** से युक्त होता है। उसके हाथ के छूने भर से मनुष्य में **ब्राह्मणत्व** आ जाता है।।१९।।

सभी **विघ्नों** से छूटकर वह श्रेष्ठ मनुष्य प्रति-दिन समस्त **दुर्लभ भोगों का सुख** भोगता है।।२०।।

महा-लक्ष्मी से युक्त, परम आयुवाले और **साक्षात्-शिव के समान-गुण-वान् पुत्र-पौत्रों** को वह प्राप्त करता है।।२१।।

जो तुम्हारी **कृपा** पाता है, वह **सृष्टि-पालन-संहार-कर्ता त्रि-मूर्ति** के समान होता है, इसमें सन्देह नहीं।।२२।।

उसके पास रहनेवाला सदा **काम-देव** के समान सुन्दर होता है, उसके घर में **कामधेनु** और **कल्पतरु सदा रहते हैं**।।२३।।

चिन्ता-मणि उसके पास रहती है, इसमें सन्देह नहीं और वह मनुष्य सदा सभी स्थानों में **विजयी** होता है।।२४।।

वज्र के समान शक्ति-शाली शरीरवाला होकर इस संसार में वह घूमता-फिरता है, नित्य अत्यन्त **सुखी** रहता है और **परमात्मा-स्वरूप** होता है।।२५।।

वह सभी **बन्धनों से मुक्त** हो जाता है और **विष्णु, शिव** आदि भी उसकी पूजा करते हैं।।२६।।

नित्य उसका **शुभ** होता है, विपत्तियों से वह सदा **मुक्त** रहता है और **देव, गन्धर्व, राक्षस, ब्रह्मा** आदि के लिए भी दुर्लभ **सभी कामनाओं** को वह तुरन्त ही प्राप्त करता है, इसमें सन्देह नहीं। **दिव्य भोगों** और **दिव्य कन्याओं** से युक्त होकर और **विमान** पर बैठकर **दिव्य आभूषणों** से विभूषित एवं **दिव्य चन्दन** से लिप्त शरीर-वाला होकर सदा बीस वर्ष के युवा के समान, वह मनुष्य सभी भोगों का भोग **देव-लोक** में करता है। अतः उक्त शुभ **'त्रिपुरा-हृदय-स्तोत्र'** का पाठ करना चाहिए। जो इसका निरन्तर **जप** करता है, वह **साक्षात् सदा-शिव** होता है।।२७-३०।।

★★★

'कौल-कल्पतरु' चण्डी की विशेष प्रस्तुति

श्री श्रीविद्या-साधना

(श्री श्रीविद्या-स्तव-मञ्जरी) पुष्प-२

श्रीललिता-आराधना

प्रेरणा-स्तम्भ

प्रातः-स्मरणीय 'कुल-भूषण' पं० रमादत्त शुक्ल

सम्पादक

ऋतशील शर्मा

*

प्रकाशक

पण्डित देवीदत्त शुक्ल स्मारक

परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान

कल्याण मन्दिर प्रकाशन

श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६ ☎ ९४५०२२२७६७

प्रकाशक
पण्डित देवीदत्त शुक्ल स्मारक
परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
कल्याण मन्दिर प्रकाशन
श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६ ☎ ९४५०२२२७६७

श्रद्धाञ्जलि!

जिनकी 'दिव्य कृपा' से
प्रस्तुत श्री श्रीललिता-आराधना का प्रकाशन हो रहा है

गुप्तावतार
बाबाश्री

कौल-कल्पतरु
पं० देवीदत्त शुक्ल

राष्ट्र-गुरु
स्वामी जी महाराज

कुल-मार्तण्ड
पं० योगीन्द्रकृष्ण दौर्गादत्ति शास्त्री

कुल-भूषण
पं० रमादत्त शुक्ल

चतुर्थ संस्करण
शरत्-पूर्णिमा, सं० २०६९ वि०-२९ अक्टूबर, २०१२
सर्वाधिकार सुरक्षित
परा-वाणी प्रेस, अलोपी-देवी मार्ग. प्रयाग-राज (उ०प्र०)

प्राक्कथन

श्रीं राजेश्वरि! ह्रीं ललिताम्बिका । 'क ए ई ल ह्रीं' जगदम्बिका ।। श्रीं ०
'ह स क ह ल ह्रीं' कूट 'स क ल' च 'ह्रीं' त्वं । विश्व-जननि! मन-यन्त्रिका ।। श्रीं ०
पाप विकृति कलमष हरि जन निज । पालन पावन मन्त्रिका ।। श्रीं ०
विद्या पार परात्पर सुन्दरि! 'मोती' तारणि तन्त्रिका ।। श्रीं ०

–गुप्तावतार बाबाश्री

भगवती ललिता की आराधना को सम्पूर्ण भारत में एक महत्त्व-पूर्ण स्थान प्राप्त है। **जगद्-गुरु श्री शङ्कराचार्य** के **चारों मठों** में इन्हीं का यजन-पूजन होता है। इसके अतिरिक्त **कश्मीर** से लेकर **कन्या-कुमारी** तक लगभग पूरे **भारत** में इन्हीं या इनके उप-भेदों की आराधना का व्यापक प्रचार है।

भगवती ललिता की आराधना बहुत विस्तार के साथ सम्पन्न होती है। इस सम्बन्ध में विशाल साहित्य भी है, जिसका विद्वान् लोग ही अध्ययन एवं प्रयोग कर पाते हैं। **परशुराम तन्त्र, तत्त्व-चिन्तामणि, तन्त्रराज तन्त्र, श्रीविद्यार्णव तन्त्र, त्रिपुरार्णव तन्त्र, परमानन्द तन्त्र** आदि ग्रन्थ **भगवती ललिता** की आराधना के लिए उपयोगी ग्रन्थ हैं। ये ग्रन्थ आज भी उपलब्ध हैं, किन्तु इनका अध्ययन कर इनके आधार पर **भगवती ललिता** की आराधना करना सबके बस की बात नहीं है। फलतः **भगवती ललिता** की आराधना के लिए प्रसिद्ध स्तोत्र, जैसे– **श्रीललिता त्रि-शती, श्रीललिता-सहस्र-नाम** आदि ही साधकों के काम आते हैं। वे उसके आधार पर उनकी आराधना करते हैं।

गुप्तावतार बाबा श्री, 'राष्ट्र-गुरु' स्वामी जी, 'कौल-कल्पतरु' पं० देवीदत्त शुक्ल जी, 'कुल-मार्तण्ड' पं० योगीन्द्रकृष्ण दौर्गादत्ति जी शास्त्री आदि जैसी महान् विभूतियों की कृपा से **भगवती ललिता** के अन्य अनेक उपयोगी स्तोत्र, जैसे– **प्रातः-स्तोत्र, कवच, हृदय, अष्टोत्तर-शत-नाम** आदि साधकों के लिए आज सुलभ हैं। **'कुल-भूषण' पं० रमादत्त शुक्ल जी** की कृपा से इनमें से कई स्तोत्रों का **हिन्दी रूपान्तर** भी हुआ है।

अतएव प्रस्तुत **श्रीललिता-आराधना (श्री श्रीविद्या-साधना, पुष्प ३)** में उक्त स्तोत्रों को सुलभ **हिन्दी रूपान्तर** के साथ विधि-सहित प्रकाशित करने का प्रयास किया गया है। साथ ही, पहली बार **भगवती ललिता** के तीन प्रकार के अष्टोत्तर-शत-नामों– **(१) सौभाग्य-प्रद-अष्टोत्तर-शत-नाम, (२) दिव्य-अष्टोत्तर-शत-नाम और (३) लकारादि-शत-नाम** के द्वारा **'नाम-जप', 'पूजन-तर्पण'** एवं **'होम'** को भी प्रस्तुत किया जा रहा है। आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि इसके द्वारा सभी लोग **भगवती ललिता** की आराधना विविध प्रकार से कर सकेंगे और अपना तथा **विश्व का कल्याण** करेंगे।

–ऋतशील शर्मा

अनुक्रम

०१. प्राक्कथन ७५
०२. श्री श्रीविद्या-साधना (श्रीललिता-आराधना) ७७
०३. श्रीललिता प्रातः-स्तोत्र-पञ्चकम् ७८
०४. श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-हृदय-स्तोत्र-साधना ७९
०५. श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-हृदय-स्तोत्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर) ८१
०६. श्रीललिता-सौभाग्य-प्रद-अष्टोत्तर-शत-नाम-स्तोत्र-साधना ८३
०७. श्रीललिता-सौभाग्य-प्रद-अष्टोत्तर-शत-नाम-पूजन-तर्पण-साधना ८७
०८. श्रीललिताम्बिका दिव्याष्टोत्तर-शत-नाम स्तोत्रम् ९१
०९. श्रीललिताम्बिका दिव्य-अष्टोत्तर-शत-नामावली-होम-साधना ९४
१०. श्रीललिता-लकारादि-शत-नाम-स्तोत्र-साधना ९९
११. श्रीललिता-लकारादि-शत-नाम-स्तोत्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर) १०४
१२. श्रीललिता-लकारादि-शत-नाम-जप-साधना १०७
१३. श्रीत्रिपुर-सुन्दरी वेद-सार-स्तवः ११०
१४. श्रीत्रिपुर-सुन्दरी वेद-सार-स्तव (हिन्दी-रूपान्तर) ११२
१५. कल्याण-वृष्टि-स्तवः ११५
१६. कल्याण-वृष्टि-स्तवः (हिन्दी-रूपान्तर) ११६
१७. श्रीललिता-पञ्च-रत्न ११८
१८. श्रीत्रिपुरोपनिषत् ११९
१९. श्रीत्रिपुरोपनिषत् (हिन्दी-रूपान्तर) १२०
२०. श्रीललितोपनिषत् १२३
२१. श्रीललितोपनिषत् (हिन्दी-रूपान्तर) १२४
२२. सिद्धि-यामलोक्त श्रीत्रिपुर-सुन्दरी स्तोत्रम् १२७
२३. श्रीत्रिपुर-सुन्दरी सान्निध्य-स्तवः १२९
२४. श्रीत्रिपुर-सुन्दरी विजय-स्तवः १३१
२५. श्रीत्रिपुर-सुन्दरी चक्र-राज-स्तोत्रम् १३३
२६. श्रीललिता-नीराजन १३५
२७. श्रीललिता-पुष्पाञ्जलि-स्तोत्रम् १३५

श्री श्रीविद्या-साधना

दूसरा सोपान

श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-आराधना

विश्व-शान्ति हेतु
असुरों को मारनेवाली

कलि-काल में
कल्याण-कारिणी कालिका

इच्छा-क्रिया-ज्ञान
शक्ति-स्वरूपिणी

कुबेर द्वारा
वन्दिता

बुद्धिमानों द्वारा
उपास्या



भुक्ति-मुक्ति
फल-प्रदा

सर्व-साक्षिणी

सर्व-जन-प्रिया

कल्याणी

षड्-शास्त्र-निपुणा

अखिल लोकों की
रक्षिता

चतुर्वेद-विशेषज्ञा

।।श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः।।

श्रीललिता प्रातः-स्तोत्र-पञ्चकम्

प्रातः स्मरामि ललिता - वदनारविन्दम्,
बिम्बाधरं पृथुल-मौक्तिक-शोभि-नासाम् ।
आकर्ण-दीर्घ-नयनं मणि-कुण्डलाढ्यम्,
मन्द-स्मितं मृग-मदोज्ज्वल-भाल-देशम् ।।१।।

प्रातर्भजामि ललिता-भुज-कल्प-वल्लीम्,
रक्तांगुलीय-लसदंगुलि-पल्लवाढ्याम् ।
माणिक्य-हेम-वलयाङ्गद-शोभ-मानाम्,
पुण्ड्रेक्षु-चाप-कुसुमेषु सृणीर्दधानाम् ।।२।।

प्रातर्नमामि ललिता - चरणारविन्दम्,
भक्तेष्ट-दान-निरतं भव-सिन्धु-पोतम् ।
पद्मासनादि - सुर - नायक - पूजनीयम्,
पद्मांकुश-ध्वज-सुदर्शन-लाञ्छनाढ्यम् ।।३।।

प्रातः स्तुवै पर-शिवां ललितां भवानीम्,
त्रय्यन्त-वेद्य-विभवां करुणानवद्याम् ।
विश्वस्य सृष्टि-विलय-स्थिति-हेतु-भूताम्,
विश्वेश्वरीं निगम-वाङ्-मनसादि-दूराम् ।।४।।

प्रातर्वदामि ललिते ! तव पुण्य नाम,
कामेश्वरीति कमलेति महेश्वरीति ।
श्रीशाम्भवीति जगतां जननी परेति,
वाग् - देवतेति वचसा त्रिपुरेश्वरीति ।।५।।

।।फल-श्रुति।।

यच्छ्लोक-पञ्चकमिदं ललिताम्बिकायाः,
सौभाग्यदं सु - ललितं पठति प्रभाते ।
तस्मै ददाति ललिता झटिति प्रसन्ना,
विद्यां श्रियं विमल-सौख्यमनन्त-कीर्तिम् ।।१।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-हृदय-स्तोत्र-साधना

विनियोग—ॐ अस्य श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-हृदय-स्तोत्र-मन्त्रस्य श्रीआनन्द-भैरव ऋषिः। अनुष्टुपादि छन्दः। श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी देवता। 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' वीजं। 'सौः स-क-ल-ह्रीं' शक्तिः। 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' कीलकं। श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-देवता-प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास—ॐ श्रीआनन्द-भैरव -ऋषये नमः—शिरसि, ॐ अनुष्टुपादि-छन्दसे नमः—मुखे, ॐ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-देवतायै नमः—हृदि, ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं'-बीजाय नमः—गुह्ये, ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं'-शक्तये नमः—पादयोः, ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं'-बीजाय नमः—नाभौ, ॐ श्रीललिता - त्रिपुर - सुन्दरी-देवता-प्रीत्यर्थे जपे विनियोगाय नमः—सर्वाङ्गेषु।

कर-न्यास—ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' तर्जनीभ्यां नमः। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' मध्यमाभ्यां नमः। ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' अनामिकाभ्यां नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' करतल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।

अङ्ग-न्यास—ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' हृदयाय नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' शिरसे स्वाहा। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' शिखायै वषट्। ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' कवचाय हुम्। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' नेत्र-त्रयाय वौषट्। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' अस्त्राय फट्।

ध्यान—बाल-व्यक्त-दिवाकराऽमित-निभां भद्र-प्रदां भारतीम्।
ईषत्-फुल्ल-मुखाम्बुज-स्मित-करैराशान्धकारापहाम्।।
पाशं चाभयमंकुशं च वरदं संविभ्रतीं भूतिदाम्।
भ्राजन्तीं चतुरम्बुजाकृति-करैर्भक्त्या भजे सुन्दरीम्।।

मानस-पूजन—ॐ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ हं आकाश-तत्त्वात्मकं पुष्पं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ यं वायु-तत्त्वात्मकं धूपं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये घ्रापयामि नमः। ॐ रं अग्नि-तत्त्वात्मकं दीपं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये दर्शयामि नमः। ॐ वं जल-तत्त्वात्मकं नैवेद्यं श्रीललिता- त्रिपुरा-प्रीतये निवेदयामि नमः। ॐ सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।

।। मूल हृदय-स्तोत्र-पाठ ।।

सुन्दरी सकल-कल्मषापहा, कोटि-कञ्ज - प्रिय - काम्य - कान्तिका।
कोटि-कल्प-कृत-पुण्य-कर्मणा, पूजनीय-पद-मदाच्च भक्तितः ।।१।।

शर्वरीश - सम - सुन्दरानना, श्रीश - शक्ति-सुकृताश्रयाश्रिता ।
सज्जनानुसरणीय - सत् -पदा, सङ्कटे सुर-गणैः सु-वन्दिता ।।२।।
याऽसुरोग्र-सङ्गरे जवान्विता, सा जघान जगदम्बिका स्वयम् ।
तां भजामि भव-शान्ति-कृज्जयां, युद्ध-लग्न-दितिजान् सु-दुर्जयान् ।।३।।
योगिनां हृदय-सङ्गतां शिवां, योग-युक्त-मनसां यतात्मनाम् ।
जाग्रतीं जगति यत्नतो द्विजा, यां जपन्ति हृदि तां स्मराम्यहम् ।।४।।
कौलिकास्तु कलयन्ति कालिकां, यत्-कला कलि-जनोप-कारिणीम्।
कौल-वृन्द-कलितांघ्रि-पङ्कजां, तां भजामि कलि-कल्मषापहाम्।।५।।
बालार्कानन्तशोऽर्चिर्निज-तनु-किरणैर्दीपयन्तीं दिगन्तान्,
दीप्तैर्देदीप्य - मानां दनुज-दल-वनानल्प-दावानलाभाम् ।
देवीं दर्पाभि-तप्तां दलित-दिति-सुतां दर्शनीयां दुरन्ताम्,
दीप्तां भक्तार्द्र-चित्तां हृदि मुदित-मनाः भारतीं भावयामि ।।६।।
ध्वस्त-ध्वान्तां धरित्री-धर-विधृत-शिरो-न्यस्त-पादाब्ज-पासूम्,
धूम्रां धीराधरामां तडिदिव चपलां चारु-चन्द्र-प्रभाभाम् ।
धृत्वा पूजोपहारान् धरणि-सुर-कुलोद्धारिणीं ध्यान-गम्याम्,
धी-मद्-ध्येयाऽद्वितीयां धनद-नमितां सुन्दरीं चिन्तयामि ।।७।।
जयतु जयतु खर्वा भारती वेद-हस्ता, जयतु जयतु धात्री धर्मिणी धातृ-शक्तिः ।
जयतु जयतु वाणी ब्राह्मणैर्ब्रह्म-वन्द्या, जयतु जयतु दुर्गा दारिणी देव-शत्रून् ।।८।।
जयतु जयतु माता योगिनी योग-युक्ता, जयतु जयतु पद्मा पद्मिनी केशवस्य ।
जयतु जयतु सौम्या सुन्दरी सुन्दरास्या, जयतु जयतु काली कालिनी काल-कान्ता ।।९।।
देवि! त्वं सृष्टि-काले सकल-भव-भृता राजसी रक्त-वर्णा,
रक्षा-काले त्वमम्बा हरि-हृदय-धृता सात्त्विकी श्वेत-रूपा।
भूरि-क्रोधा भवान्ते भव-भवन-गता तामसी नील-वर्णा,
ह्येताश्चान्यास्त्वमेव क्षिति-मनुज-मता सुन्दरी केवलाद्या ।।१०।।

।। फल-श्रुति ।।

स्तवनमिदममोघं देशिकैर्नित्य-जाप्यम्, श्रवण-मनन-वेद्यं स्तोत्रमेतदघघ्नम्।
सुर-तरु-वर-तुल्यं मोदकं पाठकानां, प्रभवति हृदयाख्यं स्तोत्रमत्यन्त-गुह्यम् ।।१।।
इदं त्रिपुर-सुन्दर्या हृदयं परमाद्भुतम्, यः पठेत्तु नरो भक्त्या स सदा सुखमेधते ।।२।।

।। श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-हृदय-स्तोत्रम् ।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी-हृदय-स्तोत्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर)

विनियोग और **ऋष्यादि-न्यास** मूल-पाठ के अनुसार कर **ध्यान** करें। यथा–

बाल सूर्य के समान आभावाली, **कल्याण-दायिनी**, **ज्ञान-दात्री**, हल्की मुस्कान से खिले हुए मुख-कमल के प्रकाश से दिशाओं के **अँधेरे को दूर करनेवाली**, चार कमलों के समान हाथों में **पाश, अंकुश, अभय** और **वर-मुद्रा** धारण करनेवाली, **ऐश्वर्य-दायिनी भगवती सुन्दरी** का मैं भजन करता हूँ।

मानसोपचारों से पूजा कर प्रणाम करें। तब **'हृदय-स्तोत्र'** का पाठ करें। यथा–

भगवती सुन्दरी सभी पापों को नष्ट करनेवाली हैं। **करोड़ों कमलों** के समान सुन्दर कान्ति-वाली हैं। करोड़ों युगों के पुण्य कर्मों से उनके चरणों की **भक्ति-पूर्वक पूजा** करने का अवसर मिलता है ।।१।।

चन्द्रमा के समान सुन्दर मुख है, **लक्ष्मी-पति विष्णु** की शक्ति से सम्पन्न हैं, **सज्जन लोग** उनकी शरण लेते हैं और सङ्कट में **देवता** उनकी ही वन्दना करते हैं ।।२।।

उग्र राक्षसों के युद्ध में लड़ते हुए असुरों को **विश्व-शान्ति** के लिए जो **जगदम्बा** स्वयं मारती हैं, उनको मैं भजता हूँ ।।३।।

योग में निमग्न मनवाले **योगियों** के हृदय में जो रहती हैं और संसार में **द्विज-गण** जिन **जाग्रत शिवा** का हृदय में जप करते हैं, उन्हीं को मैं स्मरण करता हूँ ।।४।।

कलि-काल के लोगों की **कल्याण-कारिणी कालिका** की जिस कला का ध्यान **कौल साधक** किया करते हैं और **कलि के पापों को नष्ट करनेवाले** उनके **चरण-कमलों** की सेवा करते रहते हैं, उन्हीं को मैं भजता हूँ ।।५।।

बाल-सूर्य की असंख्य किरणों जैसी अपनी शरीर की आभा से दिशाओं को प्रकाशित करनेवाली, **असुरों के समूह-रूप वन के लिए दावानल जैसी उग्र दीप्ति** रखनेवाली, **राक्षसों के गर्व को अपनी तेजस्विता से दग्ध** करनेवाली और **भक्तों के लिए दया-पूर्ण चित्त** रखनेवाली **ज्ञान-दायिनी** का मैं सानन्द ध्यान करता हूँ ।।६।।

अज्ञान-नाशिनी, **शेष-नाग के शिर पर चरण-कमल** रखनेवाली, **विद्युत्** और **सुन्दर चन्द्रमा** जैसी आभावाली, पूजोपचारों को स्वीकार कर **पृथ्वी के देव-कुलों का उद्धार** करनेवाली, **ध्यान-गम्या**, **बुद्धिमानों द्वारा उपास्या**, **कुबेर द्वारा वन्दिता**, **त्रिपुर-सुन्दरी** की मैं भावना करता हूँ ।।७।।

वेद-हस्ता सरस्वती की जय हो, जो **विधाता की शक्ति** और **ब्राह्मणों की वन्दनीया** हैं । **देव-शत्रुओं का संहार करनेवाली दुर्गा** की जय हो ।।८।।

योगिनी माता की जय हो । **विष्णु की लक्ष्मी** की जय हो । **सुन्दर मुखवाली त्रिपुर-सुन्दरी** की जय हो । **महा-काल की सुन्दर शक्ति काली** की जय हो, जो काल का भी लय करती हैं ।।९।।

हे देवि! सृष्टि के समय तुम **रक्त-वर्णा राजसी** हो, रक्षा करते समय तुम **श्वेत-वर्णा सात्त्विकी माता** हो, संहार के समय तुम **नील-वर्णा तामसी** हो। ये सब तथा अन्य रूप जो पृथ्वी-लोक में पूजनीय हैं, तुम्हारे ही हैं। तुम्हीं एक-मात्र **आद्या त्रिपुर-सुन्दरी** हो ।।१०।।

।। फल-श्रुति ।।

यह **अमोघ स्तवन** साधकों द्वारा प्रति-दिन जपनीय है । **श्रवण** और **मनन** द्वारा ही यह समझ में आता है । यह स्तोत्र **पाप-नाशक** है । **कल्प-वृक्ष** के समान यह फल-दायक है और पाठ-कर्त्ता को आनन्दित कर देता है । **'हृदय'** नामक यह स्तोत्र बड़ा गुप्त है ।।१।। **त्रिपुर-सुन्दरी** का यह **हृदय-स्तोत्र** अति विलक्षण है । जो मनुष्य भक्ति-पूर्वक इसे पढ़ता है, वह सदा सुख पाता है ।।२।।

भगवती श्री ललिता

बाल-रवि-सम सुठि वदन है कमनीय,
कुच-भार नम्रा देह छविहि लजावै है।
कुंमकुम-समान रक्त-अम्बर शरीर सोहै,
अङ्ग-अङ्ग भूषण अनूप छटा छावै है।
चाप-वाण-अंकुश औ पाश धारे करन में,
चकित मृगी से नैन काको नाहिं भावै है।
अर्ध-चन्द्र भाल-मध्य-शशि के समान मुख,
ऐसी मातु 'सुन्दरी' को, को न शीश नावै है।।

—'कौल-कल्पतरु' पं० देवीदत्त शुक्ल

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललिता-सौभाग्य-प्रद-अष्टोत्तर-शत-नाम-स्तोत्र-साधना

॥ विनियोग ॥

ॐ अस्य श्रीसौभाग्याष्टोत्तर-शत-नाम-स्तोत्रस्य श्रीभार्गव ऋषिः । अनुष्टुप् छन्दः। श्रीललिताम्बा देवता। 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' बीजं। 'स-क-ल-ह्रीं' शक्तिः। 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' उत्कीलनं। श्रीललिताम्बा-देवता-प्रसाद-सिद्धये पाठे विनियोगः।

॥ ऋष्यादि-न्यास ॥

ॐ श्रीभार्गव - ऋषये नमः — शिरसि। ॐ अनुष्टुप् - छन्दसे नमः — मुखे । ॐ श्रीललिताम्बा - देवतायै नमः—हृदि। ॐ 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' बीजाय नमः — लिङ्गे । ॐ 'स-क-ल-ह्रीं' शक्तये नमः — नाभौ । ॐ 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' उत्कीलनाय नमः — सर्वाङ्गे । ॐ श्रीललिताम्बा-देवता-प्रसाद-सिद्धये पाठे विनियोगाय नमः — अञ्जलौ ।

॥ कर-न्यास ॥

ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' तर्जनीभ्यां नमः। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' मध्यमाभ्यां नमः। ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' अनामिकाभ्यां नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' करतल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।

॥ अङ्ग-न्यास ॥

ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' हृदयाय नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' शिरसे स्वाहा। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' शिखायै वषट्। ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' कवचाय हुम्। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' नेत्र-त्रयाय वौषट्। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' अस्त्राय फट्।

॥ ध्यान ॥

बालार्क-मण्डलाभासां, चतुर्बाहुं त्रि-लोचनाम् ।
पाशांकुश-धनुर्वाणान्, धारयन्तीं शिवां भजे ॥

॥ मानस-पूजन ॥

ॐ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ हं आकाश-तत्त्वात्मकं पुष्पं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ यं वायु-तत्त्वात्मकं धूपं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये घ्रापयामि नमः। ॐ रं अग्नि-तत्त्वात्मकं दीपं श्रीललिता-

त्रिपुरा-प्रीतये दर्शयामि नमः। ॐ वं जल-तत्त्वात्मकं नैवेद्यं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये निवेदयामि नमः। ॐ सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।

।। मूल श्रीललिता-सौभाग्य-प्रदाष्टोत्तर-शत-नाम-स्तोत्रम् ।।

ॐ कामेश्वरी[१] काम-शक्तिः[२], काम-सौभाग्य-दायिनी[३-४]।
काम-रूपा[५] काम-कला[६], कामिनी[७] कमलासना[८] ।। १।।
कमला[९] कलना-हीना[१०], कमनीया[११] कला-वती[१२] ।
पद्मपा[१३] भारती[१४] सेव्या[१५], कल्पिताऽशेष-संस्थितिः[१६] ।। २।।
अनुत्तराऽनघाऽनन्ताऽद्भुत - रूपाऽनलोद्भवा[१७-२१] ।
अति-लोक-चरित्राऽति-सुन्दर्यति-शुभ-प्रदा[२२-२४] ।। ३।।
विश्वाद्या[२५-२६] चाति-विस्ताराऽर्चन-तुष्टाऽमित-प्रभा[२७-२९] ।
एक - रूपैक - वीरैक -नाथैकान्तार्चन-प्रिया[३०-३४] ।। ४।।
एकैक-भाव - तुष्टैक - रसैकान्त -जन -प्रिया[३५-३८] ।
एध-मान - प्रभा[३९] वैध -भक्त -पातक -नाशिनी[४०-४१] ।। ५।।
एलामोद-मुखैर्नोऽद्रि - शक्तायुध - सम - स्थितिः[४२-४४] ।
ईहा - शून्येप्सितेशादि - सेव्येशान - वराङ्गना[४५-४६] ।। ६।।
ईश्वराज्ञापिकेकार - भाव्येप्सित - फल - प्रदा[४७] ।
ईशानेति[४८] हरेशैषा[४९], चारुणाक्षीश्वरेश्वरी[५०] ।। ७।।
ललिता[५१] ललना-रूपा[५२], लय- हीना[५३] लसत् -तनुः[५४] ।
लय-सर्वा[५५] लय -क्षोणिर्लय-कर्त्री[५६-५७] लयात्मिका[५८] ।। ८।।
लघिमा[५९] लघु - मध्याढ्या[६०], लल-माना[६१] लघु-द्रुता[६२] ।
हयारूढा[६३] हताऽमित्रा[६४-६५], हर-कान्ता[६६] हरि-स्तुता[६७] ।। ९।।
हय-ग्रीवेष्टदा[६८] हाला - प्रिया हर्ष[६९] - समुद्भवा[७०]।
हर्षणा[७१] हल्लकाभाङ्गी[७२], हस्त्यन्तैश्वर्य-दायिनी[७३] ।। १०।।
हल - हस्तार्चित - पदा[७४], हविर्दान - प्रसादिनी[७५-७६] ।
रामा[७७] रामार्चिता[७८] राज्ञी[७९], रम्या[८०] रव-मयी[८१] रतिः[८२] ।। ११।।
रक्षिणी[८३] रमणी[८४] राकाऽऽदित्यादि-मण्डल-प्रिया[८५] ।
रक्षिताऽखिल - लोकेशी[८६], रक्षो-गण - निषूदिनी[८७] ।।१२।।
अन्तान्त - कारिण्यम्भोज - क्रियान्तक - भयङ्करी[८८] ।
अम्बु-रूपाम्बुज-कराऽम्बुज-जात-वर-प्रदा[८९-९२] ।।१३।।

अन्तः-पूजा-क्रियान्तःस्था[९३], अन्तर्ध्यान- वचो-मयी[९४] ।
अन्तकाऽराति-वामाङ्क-स्थिताऽन्तः-सुख-रूपिणी[९५-९६] ।। १४।।
सर्वज्ञा[९७] सर्वगा[९८] सारा[९९], समा[१००] सम-सुखा[१०१] सती[१०२]।
सन्ततिः[१०३] सन्तता[१०४] सोमा[१०५], सर्वा[१०६] सांख्या[१०७] सनातनी[१०८] ।। १५।।

।। फल-श्रुति ।।

एतत् ते कथितं देवि!, नाम्नामष्टोत्तरं शतम् ।
अति-गोप्यमिदं स्तोत्रं, सर्वतो सारमुद्धृतम् ।।१।।

हे देवि! यह **एक सौ आठ नाम** तुम्हारे सामने कहे गए। यह स्तोत्र बड़ा **गोपनीय** और सबका सार-भूत है ।।१।।

एतच्छदृशं स्तोत्रं, त्रिषु लोकेषु दुर्लभम् ।
अप्रकाश्यमभक्तानां, पुरतो देवता - द्विषम् ।।२।।

इसके समान स्तोत्र तीनों लोकों में दुर्लभ है। **अभक्तों** और **देव-द्वेषी** लोगों के सामने इसे प्रकट न करे ।।२।।

एतत् सदा - शिवो नित्यं, पठन्त्यन्ये हरादयः ।
एतत्-प्रभावात् कन्दर्पः, त्रैलोक्यं जयति क्षणात् ।।३।।

इसे **सदा-शिव** और **शङ्कर** आदि अन्य देवता नित्य पढ़ते हैं । इसके प्रभाव से **काम-देव** क्षण भर में तीनों लोकों को जीत लेते हैं ।।३।।

सौभाग्याष्टोत्तर-शत - नाम-स्तोत्र - मनोहरम् ।
यस्त्रि-सन्ध्यं पठेन्नित्यं, न तस्य भुवि दुर्लभम् ।।४।।

इस मनोहर **'सौभाग्याष्टोत्तर-शत-नाम स्तोत्र'** को जो **तीनों सन्ध्याओं** में नित्य पढ़ता है, उसके लिए पृथ्वी पर कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता ।।४।।

श्रीविद्योपासन - वतौ, एतदावश्यकं मतम् ।
सकृदेतत् प्रपठतां, नान्य - कर्म विलुप्यते ।। ५।।

श्रीविद्या के उपासकों के लिए यह स्तोत्र आवश्यक है। इसका एक बार पाठ करनेवाले के अन्य कर्म भी सार्थक हो जाते हैं ।।५।।

अपठित्वा स्तोत्रमिदं, नित्यं नैमित्तिकं कृतम् ।
व्यर्थी भवति तन्नर - कृतं कर्म यथा - तथा ।। ६।।

इस स्तोत्र का पाठ न कर जो भी **'नित्य'** या **'नैमित्तिक'**-कर्म किया जाता है, वह व्यर्थ हो जाता है-उसका फल नहीं मिलता ।। ६।।

सहस्र-नाम - पाठादौ, पठेत् स्तोत्रं शुभ-प्रदम् ।
सहस्र-नाम-पाठस्य, फलं शत - गुणं भवेत् ।। ७।।

सहस्र-नाम स्तोत्र का पाठ करने के पूर्व इस **शुभ-दायक स्तोत्र** का पाठ करे, तो **सहस्र-नाम** के पाठ का सौ गुना अधिक फल मिलता है ।।७।।

सहस्र पठनाद् ध्याता, वीक्षणान्नाशयेद् रिपून् ।

करवीरैः रक्त - पुष्पैर्हुत्वा लोकान् वशं नयेत् ।। ८।।

इस स्तोत्र का **एक सहस्र पाठ** करनेवाला केवल दृष्टि-पात द्वारा **शत्रुओं का नाश** करता है। **करवीर** के **रक्त-पुष्पों** द्वारा **हवन** करने से **वशीकरण** होता है ।।८।।

स्तम्भयेत् पीत- कुसुमैर्नीलैरुच्चाटयेद् रिपून ।

मरीचिर्विद्वेषणाय, लवङ्गैर्व्याधिं नश्यते ।। ९।।

पीले पुष्पों के हवन से स्तम्भन, नीले पुष्पों से उच्चाटन, काली मिर्च से विद्वेषण और **लौंग** के **हवन** से **रोग-नाश** होता है ।।९।।

पत्र-पुष्पैः फलैर्वापि, पूजयेत् प्रति-नामभिः ।

चक्र-राजेऽथवाऽन्यत्र, स वसेच्छ्री-पुरं चिरम्।। १०।।

पत्तों, पुष्पों या **फलों** द्वारा भी प्रत्येक नाम से **यन्त्र-राज** में अथवा अन्यत्र पूजन करने से साधक चिर काल तक **मणिपुर** में निवास करता है ।।१०।।

यः सदाऽऽवर्तयन् आस्ते, नामाष्ट-शतमुत्तमम् ।

तस्य श्रीललिता माता, प्रसन्ना वाञ्छित-प्रदा ।।११।।

जो **१०८ नामों** का सदा **जप** करता है, उससे **माता श्री ललिता** प्रसन्न होकर उसके अभीष्ट को प्रदान करती हैं ।। ११।।

।। श्रीललिता सौभाग्य-प्रदाष्टोत्तर-शत-नाम-स्तोत्रम् ।।

भगवती ललिता की स्तुति

महा-माये! तेरा परम-शिव है मञ्चक बना,
बड़े चारों देव द्रुहिण हरि रुद्रेश्वर मुदा।
बने प्यारे चारों चरण जिसके चारु-चरिते!
विराजै तू माता उस पर पराऽऽनन्द-लहरी।।
महा-शक्ते! तू है सकल जग की प्रेरण-करी,
तवाऽऽज्ञा पाके ही यह चल रही नित्य ललिते!
बिना तेरे माता! नर-असुर औ सर्व सुर भी,
हिले-डोले नाहीं बनकर महाऽशक्त मृत से।।

-'कुल-मार्तण्ड' पं० योगीन्द्रकृष्ण दौर्गादत्ति शास्त्री

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललिता-सौभाग्य-प्रद-अष्टोत्तर-शतनाम-पूजन-तर्पण-साधना

॥ विनियोग ॥

ॐ अस्य श्रीसौभाग्याष्टोत्तर-शत-नाम-माला-मन्त्रस्य श्रीभार्गव ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। श्रीललिताम्बा देवता। 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' बीजं। 'स-क-ल-ह्रीं' शक्तिः। 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' उत्कीलनं। श्रीललिताम्बा-देवता-प्रसाद-सिद्धये पूजने तर्पणे च विनियोगः।

॥ ऋष्यादि-न्यास ॥

ॐ श्रीभार्गव-ऋषये नमः — शिरसि। ॐ अनुष्टुप् - छन्दसे नमः — मुखे। ॐ श्रीललिताम्बा - देवतायै नमः— हृदि। ॐ 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' बीजाय नमः— लिङ्गे। ॐ 'स-क-ल-ह्रीं' शक्तये नमः—नाभौ। ॐ 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' उत्कीलनाय नमः— सर्वाङ्गे। ॐ श्रीललिताम्बा-देवता-प्रसाद-सिद्धये पूजने तर्पणे च विनियोगाय नमः— अञ्जलौः।

॥ कर-न्यास ॥

ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' तर्जनीभ्यां नमः। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' मध्यमाभ्यां नमः। ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' अनामिकाभ्यां नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' करतल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।

॥ अङ्ग-न्यास ॥

ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' हृदयाय नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' शिरसे स्वाहा। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' शिखायै वषट्। ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' कवचाय हुम्। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' नेत्र-त्रयाय वौषट्। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' अस्त्राय फट्।

॥ ध्यान ॥

बालार्क-मण्डलाभासां, चतुर्बाहुं त्रि-लोचनाम्।
पाशांकुश-धनुर्वाणान्, धारयन्तीं शिवां भजे ॥

॥ मानस-पूजन ॥

ॐ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ हं आकाश-तत्त्वात्मकं पुष्पं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ यं वायु-तत्त्वात्मकं

धूपं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये घ्रापयामि नमः। ॐ रं अग्नि-तत्त्वात्मकं दीपं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये दर्शयामि नमः। ॐ वं जल-तत्त्वात्मकं नैवेद्यं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये निवेदयामि नमः। ॐ सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।

।। सौभाग्य-प्रद-अष्टोत्तर-शत-नामावली द्वारा पूजन एवं तर्पण ।।

१- श्रीकामेश्वर्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। २- श्रीकाम-शक्त्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ३- श्रीकाम-दायिन्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ४- श्रीसौभाग्य - दायिन्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ५- श्रीकाम - रूपायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ६- श्रीकाम-कलायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ७- श्रीकामिन्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ८- श्रीकमलासनायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ९- श्रीकमलायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। १०- श्रीकलना - हीनायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ११- श्रीकमनीयायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः । १२- श्रीकला - वत्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः । १३- श्रीपद्मपायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः । १४- श्रीभारत्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। १५- श्रीसेव्यायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। १६- श्रीकल्पिताऽशेष - संस्थित्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। १७- श्रीअनुत्तरायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। १८- श्रीअनघायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। १९- श्रीअनन्तायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। २०- श्रीअद्भुत-रूपायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। २१- श्रीअनलोद्भवायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। २२- श्रीअति - लोक - चरित्रायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। २३- श्रीअति-सुन्दर्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। २४- श्रीशुभ-प्रदायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। २५- श्रीविश्वायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः।

२६- श्रीआद्यायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। २७- श्रीअति-विस्तारायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। २८- श्रीअर्चन-तुष्टायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। २९- श्रीअमित - प्रभायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ३०- श्रीएक - रूपायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ३१- श्रीएक - वीर - प्रियायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ३२- श्रीएक - नाथ - प्रियायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ३३- श्रीएकान्त - प्रियायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ३४- श्रीअर्चन-प्रियायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ३५- श्रीएकायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ३६- श्रीएक-भाव-तुष्टायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ३७- श्रीएक-रस-प्रियायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ३८- श्रीएकान्त-जन-प्रियायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ३९- श्रीएध-मान-प्रभायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ४०- श्रीवैध-भक्तायै पूजयामि नमः

तर्पयामि नमः। ४१- श्रीपातक-नाशिन्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ४२- श्रीएलामोद-मुखाये पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ४३- श्रीनोंऽदि-शक्तायुधायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ४४- श्रीसम-स्थित्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ४५- श्रीईहा - शून्येप्सितेशादि - सेव्येशानायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ४६- श्रीवराङ्गनायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ४७- श्रीईश्वराज्ञापिकेकार - भाव्येप्सित - फल - प्रदायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ४८- श्रीईशानेत्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ४९- श्रीहरेशैषायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ५०- श्रीअरुणाक्षीश्वरेश्वर्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः।

५१- श्रीललितायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ५२- श्रीललना-रूपायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ५३- श्रीलय- हीनायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ५४- श्रीलसत् - तनवे पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ५५- श्रीलय - सर्वायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ५६- श्रीलय-क्षोण्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ५७- श्रीलय-कर्त्रे पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ५८- श्रीलयात्मिकायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ५९- श्रीलघिमायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ६०- श्रीलघु - मध्याढ्यायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ६१- श्रीलल-मानायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ६२- श्रीलघु-द्रुतायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ६३- श्रीहयारूढायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ६४- श्रीहतायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ६५- श्रीअमित्रायै पूजयामि नमः तंर्पयामि नमः। ६६- श्रीहर - कान्तायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ६७- श्रीहरि - स्तुतायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ६८- श्रीहय-ग्रीवेष्टदायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ६९- श्रीहाला-प्रियायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ७०- श्रीहर्ष-समुद्भवायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ७१- श्रीहर्षणायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ७२- श्रीहल्लकाभाङ्गचै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ७३- श्रीहस्त्यन्तैश्वर्य-दायिन्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ७४- श्रीहल-हस्तार्चित-पदायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ७५- श्रीहवि-प्रसादिन्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः।

७६- श्रीदान-प्रसादिन्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ७७- श्रीरामायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ७८- श्रीरामार्चितायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ७९- श्रीराज्ञ्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ८०- श्रीरम्यायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ८१- श्रीरव-मय्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ८२- श्रीरत्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ८३- श्रीरक्षिण्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ८४- श्रीरमण्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ८५- श्रीराकाऽऽदित्यादि-मण्डल-प्रियायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ८६- श्रीरक्षिताऽखिल-लोकेश्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ८७- श्रीरक्षो-गण-निषूदिन्यै पूजयामि नमः तर्पयामि

नमः। ८८- श्रीअन्तान्त-कारिण्यम्भोज-क्रियान्तक-भयङ्कर्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ८९- श्रीअम्बु-रूपायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ९०- श्रीअम्बुजायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ९१- श्रीकराम्बुजायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ९२- श्रीजात-वर-प्रदायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ९३- श्रीअन्तः-पूजा-क्रियान्तः स्थायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ९४- श्रीअन्तर्ध्यान - वचो - मय्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः । ९५- श्रीअन्तकाऽराति-वामाङ्क-स्थितायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ९६- श्रीअन्तः-सुख-रूपिण्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ९७- श्रीसर्वज्ञायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ९८- श्रीसर्वगायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। ९९- श्रीसारायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। १००- श्रीसमायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः।

१०१- श्रीसम - सुखायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः । १०२- श्रीसत्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। १०३- श्रीसन्तत्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। १०४- श्री सन्ततायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः । १०५- सोमायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः । १०६- श्रीसर्वायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। १०७- श्रीसांख्यायै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः। १०८- श्रीसनातन्यै पूजयामि नमः तर्पयामि नमः।

भगवती के नामों के द्वारा पूजन-तर्पण

भगवती ललिता के *'नामों'* को *'चतुर्थ्यन्त'* बनाकर उनके अन्त में *'पूजयामि नमः तर्पयामि नमः'* जोड़कर *'श्रीयन्त्र'* में अथवा अन्यत्र *'पूजन'* तथा अपने सिर पर *'तर्पण'* किया जा सकता है। इसके द्वारा *पर-ब्रह्म-स्वरूपा भगवती ललिता* और *आत्मा* की एकता का प्रत्यक्षीकरण होता है।

श्री ललिता-सौभाग्य-प्रद-अष्टोत्तर-शत-नाम-स्तोत्र की १०वीं *'फल-श्रुति'* में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो इस प्रकार *'पूजन'* करता है, वह चिर-काल तक भगवती के समीप *'मणिपुर'* में निवास करता है।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललिताम्बिका दिव्याष्टोत्तर-शत-नाम स्तोत्रम्

।। पूर्व-पीठिका—श्रीषण्मुख उवाच ।।

वन्दे विघ्नेश्वरं शक्तिं, वन्दे वाणीं विधिं हरिम्।
वन्दे लक्ष्मीं हरं गौरीं, वन्दे माया महेश्वरम् ।।१।।

वन्दे मनोन्मयीं देवीं, वन्दे देवं सदा-शिवम्।
वन्दे पर-शिवं वन्दे, श्रीमत्-त्रिपुर-सुन्दरीम् ।।२।।

पञ्च-ब्रह्मासनासीनां, सर्वाभीष्टार्थ-सिद्धये।
सर्वज्ञ! सर्व-जनक!, सर्वेश्वर! शिव! प्रभो! ।।३।।

नाम्नामष्टोत्तर-शतं, श्रीदेव्याः सत्यमुत्तमम्।
श्रोतुमिच्छाम्यऽहं तात!, नाम-सारात्मकं स्तवम् ।।४।।

।। श्रीशिव उवाच ।।

तद् वदामि तव स्नेहाच्छृणु षण्मुख! तत्त्वतः।
महा-मनोन्मनी[१] शक्तिः[२], शिव-शक्तिः[३] शिव-शङ्करी[४]।
इच्छा-शक्तिः[५] क्रिया-शक्तिः[६], ज्ञान-शक्ति-स्वरूपिणी[७] ।। १।।

शान्त्यातीता कला[८] नन्दा[९], शिव-माया[१०] शिव-प्रिया[११] ।
सर्वज्ञा[१२] सुन्दरी[१३] सौम्या[१४], सच्चिदानन्द - विग्रहा[१५] ।।२।।

परात्परा-मयी[१६] बाला[१७], त्रिपुरा[१८] कुण्डली[१९] शिवा[२०]।
रुद्राणी[२१] विजया[२२] सर्वा[२३], सर्वाणी[२४] भुवनेश्वरी[२५] ।। ३।।

कल्याणी[२६] शूलिनी[२७] कान्ता[२८], महा - त्रिपुर - सुन्दरी[२९]।
मालिनी[३०] मानिनी[३१] शर्वा[३२], मग्नोल्लासा[३३] च मोहिनी[३४] ।।४।।

माहेश्वरी[३५] च मातङ्गी[३६], शिव-कामा[३७] शिवात्मिका[३८] ।
कामाक्षी[३९] कमलाक्षी[४०] च, मीनाक्षी[४१] सर्व-साक्षिणी[४२] ।।५।।

उमा-देवी[४३] महा-काली[४४], श्यामा[४५] सर्व-जन-प्रिया[४६] ।
चित्-परा[४७] चिद्-घनानन्दा[४८], चिन्मया[४९] चित्-स्वरूपिणी[५०]।।६।।

महा-सरस्वती[५१] दुर्गा[५२], ज्वाला दुर्गाऽति - मोहिनी[५३-५४]।
नकुली[५५] शुद्ध-विद्या[५६] च, सच्चिदानन्द - विग्रहा[५७] ।। ७।।

सु-प्रभा[५८] स्व-प्रभा[५९] ज्वाला[६०], इन्द्राक्षी[६१] विश्व-मोहिनी[६२]।
महेन्द्र-जाल-मध्यस्था[६३], माया-मय-विनोदिनी[६४] ।। ८।।

शिवेश्वरी[६५] वृषारूढा[६६], विद्या - जाल - विनोदिनी[६७] ।
मन्त्रेश्वरी[६८] महा-लक्ष्मीर्महा-काली[६९-७०] फल-प्रदा[७१] ।।९।।
चतुर्वेद - विशेषज्ञा[७२], सावित्री[७३] सर्व - देवता[७४] ।
महेन्द्राणी[७५] गणाध्यक्षा[७६], महा-भैरव-मोहिनी[७७] ।।१०।।
महा-मयी[७८] महा - घोरा[७९], महा - देवी[८०] मदापहा[८१] ।
महिषासुर-संहन्त्री[८२], चण्ड - मुण्ड - कुलान्तका[८३] ।।११।।
चक्रेश्वरी चतुर्वेदा[८४], सर्वादिः[८५] सुर - नायिका[८६] ।
षड्-शास्त्र-निपुणा[८७] नित्या[८८], षड्-दर्शन-विचक्षणा[८९] ।।१२।।
काल - रात्रिः[९०] कलातीता[९१], कवि-राज - मनोहरा[९२] ।
शारदा तिलका[९३] तारा[९४], धीरा[९५] शूर-जन-प्रिया[९६] ।।१३।।
उग्र-तारा[९७] महा -मारी[९८], क्षिप्र-मारी[९९] रण-प्रिया[१००] ।
अन्न-पूर्णेश्वरी माता[१०१], स्वर्ण-कान्ति-तटि-प्रभा[१०२] ।। १४।।
स्वर-व्यञ्जन-वर्णाढ्या[१०३], गद्य-पद्यादि -कारणा[१०४] ।
पद-वाक्यार्थ-निलया[१०५], विन्दु-नादादि-कारणा[१०६] ।। १५।।
मोक्षेशी महिषी नित्या[१०७], भुक्ति-मुक्ति - फल - प्रदा[१०८] ।
विज्ञान-दायिनी प्राज्ञा[१०९], प्रज्ञान-फल-दायिनी[११०] ।। १६।।
अहङ्कारा कलातीता[१११], परा - शक्तिः परात्परा[११२] ।
नाम्नामष्टोत्तर-शतं, श्रीदेव्याः परमाद्भुतम् ।। १७।।

।। फल-श्रुति ।।

सर्व - पाप - क्षय करं, महा-पातक - नाशनम् ।
सर्व-व्याधि-हरं सौख्यं, सर्व - ज्वर - विनाशनम् ।। १।।
ग्रह - पीडा - प्रशमनं, सर्व - शत्रु - विनाशनम् ।
आयुरारोग्य - धनदं, सर्व - मोक्ष - शुभ - प्रदम् ।। २।।
देवत्वममरेशत्वं, ब्रह्मत्वं सकल - प्रदम् ।
अग्नि-स्तम्भं जल-स्तम्भं, सेना-स्तम्भादि-दायकम् ।। ३।।
शाकिनी - डाकिनी-पीडा, हाकिन्यादि-निवारणम् ।
देह - रक्षा - करं नित्यं, पर - तन्त्र - निवारणम् ।। ४।।
मन्त्रं यन्त्रं महा-तन्त्रं, सर्व - सिद्धि - प्रदं नृणाम् ।
सर्व - सिद्धि - करं पुंसां, अदृश्यत्वाकरं वरम् ।। ५।।

सर्वाकर्ष-करं नित्यं, सर्व -स्त्री - वश्य-मोहनम् ।
मणि - मन्त्रौषधीनां च, सिद्धिदं शीघ्रमेव च ।। ६।।
भयश्चौरादि - शमनं, दुष्ट - जन्तु - निवारणम् ।
पृथिव्यादि-जनानां च, वाक्-स्थानादि-परो वशम् ।। ७।।
नष्ट - द्रव्यागमं सत्यं, निधि - दर्शन - कारणम् ।
सर्वथा ब्रह्मचारीणां, शीघ्र - कन्या - प्रदायकम् ।। ८।।
सुपुत्र - फलदं शीघ्रं, अश्व - मेध - फल-प्रदम् ।
योगाभ्यासादि-फलदं, श्री-करं तत्त्व - साधनम् ।। ९।।
मोक्ष - साम्राज्य - फलदं, देहान्ते परमं पदम् ।
देव्याः स्तोत्रमिदं पुण्यं, परमार्थ परमं पदम् ।। १०।।
विधिना विष्णुना दिव्यं, सेवितं मया च पुरा ।
सप्त - कोटि-महा - मन्त्र-पारायण- फल - प्रदम् ।। ११।।
चतुर्वर्ग - प्रदं नृणां, सत्यमेव मयोदितम् ।
नाम्नामष्टोत्तर - शतं, यच्छाम्यऽहं सुख - प्रदम् ।। १२।।
कल्याणीं परमेश्वरीं पर-शिवां श्रीमत्-त्रिपुर-सुन्दरीम्,
मीनाक्षीं ललिताम्बिकामनुदिनं वन्दे जगन्मोहिनीम् ।
चामुण्डां पर-देवतां सकल - सौभाग्य - प्रदां सुन्दरीम्,
देवीं सर्व-परां शिवां शशि-निभां श्रीराज-राजेश्वरीम् ।। १३।।

।। मन्त्र-राज-कल्पे मोक्ष-पादे स्कन्देश्वर-संवादे श्रीललिता-दिव्य-अष्टोत्तर-शत्त-नाम- स्तोत्रम् ।।

इस स्तोत्र के प्रारम्भ में **गणेश, सरस्वती, ब्रह्मा, विष्णु, लक्ष्मी, शिव, पार्वती, त्रिपुर-सुन्दरी** आदि की **वन्दना** कर **कार्तिकेय** जी- **श्रीदेवी के १०८ नामों** की जिज्ञासा करते हैं और **शिव जी** उन नामों को सुनाते हैं, जो १ से १७ तक श्लोकों में स्पष्ट ही हैं।

फल-श्रुति के अनुसार सभी **रोगों**, सभी **ज्वरों**, **ग्रह-पीड़ादि** को शान्त करनेवाला और सभी **शत्रुओं** का नाशक यह स्तोत्र है। इसके पाठ करने से **दीर्घायु, आरोग्य, धन** और **मोक्ष** की प्राप्ति होती है।

अन्त में **श्रीराज-राजेश्वरी श्री त्रिपुर-सुन्दरी की वन्दना** की गई है।

परम पूज्य गुप्तावतार बाबाश्री के संग्रह के अनुसार **श्रीषोडशी** के उपासकों को उक्त स्तोत्र की अन्तिम पंक्ति निम्न प्रकार पढ़ना चाहिए-

सर्वानन्द-प्रदां सदा-शिव-मयीं वन्दे परां षोडशीम् ।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललिताम्बिका-दिव्य-अष्टोत्तर-शत-नामावली-होम-साधना

।। विधि ।।

अपने दाहिने एक हाथ लम्बी-चौड़ी तथा एक अङ्गुल ऊँची बालुका (रेत) की '**वेदी**' बनाए। '**वेदी**' को '**मूल-मन्त्र**' अथवा **श्रीललितायै नमः** नमस्कार-मन्त्र पढ़कर देखे। '**फट्**'-मन्त्र पढ़कर '**पञ्च-पात्र**' के पवित्र जल से '**वेदी**' का '**प्रोक्षण**' करे। दुबारा '**फट्**'-मन्त्र पढ़कर '**कुश**' के अग्र भाग से '**वेदी**' का '**ताड़न**' करे। '**हुम्**'-मन्त्र पढ़कर एक मूठी जल द्वारा '**वेदी**' का '**सिञ्चन**' करे।

फिर '**अग्नि**' लाए। '**अग्नि**' का एक अङ्गार-'**मूलं हूं फट् क्रव्यादेभ्यः**'-यह मन्त्र पढ़कर '**नैर्ऋत्य कोण**' में क्रव्याद का अंश समझ कर गिरा दे। तब '**अग्नि**' को '**मूल-मन्त्र**' पढ़ते हुए '**वेदी**' पर रखे और '**समिधा**' रखकर अग्नि प्रज्वलित कर यह मन्त्र पढ़े–

ॐ अग्निं प्रज्वलितं वन्दे, जातवेदं हुताशनम् ।
सुवर्ण - वर्णमनलं, ममीद्धः सर्वतो मुखम् ।।

इसके बाद दाहिने हाथ में जल लेकर '**सङ्कल्प**' पढ़े। यथा–

ॐ तत्सत् । अद्यैतस्य, ब्रह्मणोऽह्नि-द्वितीय-प्रहरार्द्धे, श्वेत-वराह-कल्पे, जम्बू-द्वीपे, भरत-खण्डे, आर्यावर्त्त-देशे, अमुक-पुण्य-क्षेत्रे, कलि-युगे कलि-प्रथम-चरणे, अमुक-संवत्सरे, अमुक-मासे, अमुक-पक्षे, अमुक-तिथौ, अमुक-वासरे, अमुक-गोत्रोत्पन्नो, अमुक-नाम-शर्मा/वर्मा/गुप्त/दास, श्रालिलता-प्रीत्यर्थे सर्वाभीष्ट-सिद्ध्यर्थे श्रीललिताम्बिका-दिव्य-अष्टोत्तर-शत-नाम-मन्त्रैः यथा-शक्ति होमं करिष्ये।

अब '**मूल-मन्त्र**' से '**प्राणायाम**' कर '**विनियोग-ऋष्यादि-न्यास**' करे और '**भगवती ललिता का ध्यान**' एवं '**मानस-पूजन**' करे। यथा–

।। ध्यान ।।

बालार्क-मण्डलाभासां, चतुर्बाहुं त्रि-लोचनाम् ।
पाशांकुश-धनुर्बाणान्, धारयन्तीं शिवां भजे।।

।। मानस-पूजन ।।

ॐ लं पृथ्वी-तत्त्वात्मकं गन्धं श्रीललिताम्बिका-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ हं आकाश-तत्त्वात्मकं पुष्पं श्रीललिताम्बिका-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ यं वायु-तत्त्वात्मकं धूपं श्रीललिताम्बिका-प्रीतये घ्रापयामि नमः। ॐ रं अग्नि-तत्त्वात्मकं दीपं श्रीललिताम्बिका-प्रीतये दर्शयामि नमः। ॐ वं जल-तत्त्वात्मकं नैवेद्यं श्रीललिताम्बिका-

प्रीतये निवेदयामि नमः। ॐ सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं श्रीललिताम्बिका-प्रीतये समर्पयामि नमः।

फिर '**मूल-मन्त्र**' पढ़कर अथवा **श्रीललिताम्बिकायै नमः** कहकर '**अग्नि**' के ऊपर जल छिड़के। '**अग्नि**' का '**पञ्चोपचारों से पूजन**' करे तथा **भगवती ललिता** का अग्नि-रूप में ध्यान कर उनका '**पञ्चोपचारों से पूजन**' करे।

अब 'अग्नि' में '**घृत**' या '**पायस**' की आहुतियाँ निम्न मन्त्रों से प्रदान करे–**ॐ स्यूं हिरण्यायै स्वाहा। ॐ ष्यूं गगनायै स्वाहा। ॐ श्यूं रक्तायै स्वाहा। ॐ व्यूं कृष्णायै स्वाहा। ॐ ल्यूं सुप्रभायै स्वाहा। ॐ रयूं बहु-रूपायै स्वाहा। ॐ य्यूं अति-रक्तायै स्वाहा। ॐ भूः स्वाहा। ॐ भुवः स्वाहा। ॐ स्वः स्वाहा। ॐ भूर्भुवः स्वः स्वाहा।**

फिर '**मूलं श्रीललिताम्बिकायै स्वाहा श्रीललिताम्बिकाया इदं**'–यह मन्त्र तीन बार पढ़कर तीन आहुतियाँ दे।

इसके बाद–१. '**ॐ गुरवे स्वाहा**', २. '**ॐ परम-गुरवे स्वाहा**', ३. '**ॐ परापर-गुरवे स्वाहा**', ४. '**ॐ परमेष्ठि-गुरवे स्वाहा**'–इन चार मन्त्रों से चारों गुरुओं के लिए और १. '**ॐ कामेश्वर्यै स्वाहा**', २. '**ॐ भग-मालिन्यै स्वाहा**', ३. '**ॐ नित्य-क्लिन्नायै स्वाहा**'–इन तीन मन्त्रों से तीन प्रधान आवरण-शक्तियों को आहुतियाँ प्रदान करे।

फिर इष्ट-देवता के षडङ्गों के लिए छः आहुतियाँ दे–**ॐ ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं** हृच्छक्त्यै स्वाहा। **ॐ क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं** शिरः-शक्त्यै स्वाहा। **ॐ सौः स-क-ल-ह्रीं** शिखा-शक्त्यै स्वाहा। **ॐ ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं** कवच-शक्त्यै स्वाहा। **ॐ क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं** नेत्र-शक्त्यै स्वाहा। **ॐ सौः स-क-ल-ह्रीं** अस्त्र-शक्त्यै स्वाहा।

इसके बाद कामदेवों को आहुतियाँ प्रदान करे। यथा– **ॐ मनोभवाय स्वाहा, ॐ मकर-ध्वजाय स्वाहा, ॐ कन्दर्पाय स्वाहा, ॐ मन्मथाय स्वाहा, ॐ कामदेवाय स्वाहा।**

तब काम-देवों की शक्तियों को आहुतियाँ प्रदान करे। यथा–**ॐ द्राविण्यै स्वाहा, ॐ क्षोभिण्यै स्वाहा, ॐ आकर्षिण्यै स्वाहा, ॐ वशीकरिण्यै स्वाहा, ॐ सम्मोहिन्यै स्वाहा।**

फिर आठ शक्तियों को आहुतियाँ प्रदान करे–**१. ॐ सुभगायै स्वाहा, २. ॐ भगायै स्वाहा, ३. ॐ भग-सर्पिण्यै स्वाहा, ४. ॐ भग-मालायै स्वाहा, ५. ॐ अनङ्गायै स्वाहा, ६. ॐ अनङ्ग-कुसुमायै स्वाहा, ७. ॐ अनङ्ग-मेखलायै स्वाहा, ८. ॐ अनङ्ग-मदनायै स्वाहा।**

तब अष्ट-मातृकाओं को आहुतियाँ दे–**१. ॐ ब्राह्म्यै स्वाहा, २. ॐ माहेश्वर्यै स्वाहा, ३. ॐ कौमार्यै स्वाहा, ४. ॐ वैष्णव्यै स्वाहा, ५. ॐ वाराह्यै स्वाहा, ६. ॐ इन्द्राण्यै स्वाहा, ७. ॐ चामुण्डायै स्वाहा, ८. ॐ महा-लक्ष्म्यै स्वाहा।**

फिर आठ भैरवों को आहुतियाँ दे– १. ॐ असिताङ्ग-भैरवाय स्वाहा, २. ॐ रुरु-भैरवाय स्वाहा, ३. ॐ चण्ड-भैरवाय स्वाहा, ४. ॐ क्रोध-भैरवाय स्वाहा, ५. ॐ उन्मत्त-भैरवाय स्वाहा, ६. ॐ कपालि-भैरवाय स्वाहा, ७. ॐ भीषण-भैरवाय स्वाहा, ८. ॐ संहार-भैरवाय स्वाहा।

पुनः आठ पीठों को आहुतियाँ दे–१. ॐ काम-रूप-पीठाय स्वाहा, २. ॐ मलय-पीठाय स्वाहा, ३. ॐ कुल - नाग - पीठाय स्वाहा, ४. ॐ कुलान्त - पीठाय स्वाहा, ५. ॐ चौहार-पीठाय स्वाहा, ६. ॐ जालन्धर-पीठाय स्वाहा, ७. ॐ उड्डीयान-पीठाय स्वाहा, ८. ॐ देवी-कोट-पीठाय स्वाहा।

तब दस भैरवों को आहुतियाँ दे–१. ॐ हेतुकाय स्वाहा, २. ॐ त्रिपुरान्तकाय स्वाहा, ३. ॐ वेतालाय स्वाहा, ४. ॐ अग्नि - जिह्वाय स्वाहा, ५. ॐ कालान्तकाय स्वाहा, ६. ॐ कपालाय स्वाहा, ७. ॐ एक - पादाय स्वाहा, ८. ॐ भीम - रूपाय स्वाहा, ९. ॐ मलयाय स्वाहा, १०. ॐ हाटकेश्वराय स्वाहा।

फिर दस दिक्-पालों को आहुतियाँ दे–१. ॐ इन्द्राय स्वाहा, २. ॐ अग्नये स्वाहा, ३. ॐ यमाय स्वाहा, ४. ॐ निर्ऋताय स्वाहा, ५. ॐ वरुणाय स्वाहा, ६. ॐ वायवे स्वाहा, ७. ॐ कुबेराय स्वाहा, ८. ॐ ईशानाय स्वाहा, ९. ॐ ब्रह्मणे स्वाहा, १०. ॐ अनन्ताय स्वाहा।

पुनः दिक्-पालों के आयुधों को आहुतियाँ दे–१. ॐ वज्राय स्वाहा, २. ॐ शक्त्यै स्वाहा, ३. ॐ दण्डाय स्वाहा, ४. ॐ खड्गाय स्वाहा, ५. ॐ पाशाय स्वाहा, ६. ॐ अंकुशाय स्वाहा, ७. ॐ गदायै स्वाहा, ८. ॐ त्रिशूलाय स्वाहा, ९. ॐ पद्माय स्वाहा, १०. ॐ चक्राय स्वाहा।

तब बलि-देवताओं को आहुतियाँ दे–१. ॐ वटुकाय स्वाहा, २. ॐ योगिन्यै स्वाहा, ३. ॐ क्षेत्रपालाय स्वाहा, ४. ॐ गणेशाय स्वाहा, ५. ॐ वसवे स्वाहा, ६. ॐ सूर्याय स्वाहा, ७. ॐ शिवाय स्वाहा, ८. ॐ भूताय स्वाहा।

फिर 'स्वाहा'-युक्त चतुर्थ्यन्त भगवती ललिता के नामों को क्रम से पढ़ते हुए आहुतियाँ प्रदान करे। यथा–

१- ॐ श्रीमहा-मनोन्मन्यै नमः स्वाहा। २- ॐ श्रीशक्त्यै नमः स्वाहा। ३- ॐ श्रीशिव-शक्त्यै नमः स्वाहा। ४- ॐ श्रीशि-शङ्कर्यै नमः स्वाहा। ५- ॐ श्रीइच्छा-शक्ति-स्वरूपिण्यै नमः स्वाहा। ६- ॐ श्रीक्रिया-शक्ति-स्वरूपिण्यै नमः स्वाहा। ७- ॐ श्रीज्ञान-शक्ति - स्वरूपिण्यै नमः स्वाहा। ८- ॐ श्रीशान्त्यातीता कलायै नमः स्वाहा। ९- ॐ श्रीनन्दायै नमः स्वाहा। १०- ॐ श्रीशिव - मायायै नमः स्वाहा। ११- ॐ श्रीशिव - प्रियायै नमः स्वाहा। १२- ॐ श्रीसर्वज्ञायै नमः स्वाहा। १३- ॐ श्रीसुन्दर्यै नमः स्वाहा।

१४- ॐ श्रीसौम्यायै नमः स्वाहा । १५- ॐ श्रीसच्चिदानन्द - विग्रहायै नमः स्वाहा । १६- ॐ श्रीपरात्परा-मय्यै नमः स्वाहा । १७- ॐ श्रीबालायै नमः स्वाहा । १८- ॐ श्रीत्रिपुरायै नमः स्वाहा। १९- ॐ श्रीकुण्डल्यै नमः स्वाहा। २०- ॐ श्रीशिवायै नमः स्वाहा। २१- ॐ श्रीरुद्राण्यै नमः स्वाहा। २२- ॐ श्रीविजयायै नमः स्वाहा। २३- ॐ श्रीसर्वायै नमः स्वाहा। २४- ॐ श्रीसर्वाण्यै नमः स्वाहा। २५- ॐ श्रीभुवनेश्वर्यै नमः स्वाहा।

२६- ॐ श्रीकल्याण्यै नमः स्वाहा। २७- ॐ श्रीशूलिन्यै नमः स्वाहा। २८- ॐ श्रीकान्तायै नमः स्वाहा। २९- ॐ श्रीमहा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः स्वाहा। ३०- ॐ श्रीमालिन्यै नमः स्वाहा। ३१- ॐ श्रीमानिन्यै नमः स्वाहा। ३२- ॐ श्रीशर्वायै नमः स्वाहा। ३३- ॐ श्रीमग्नोल्लासायै नमः स्वाहा। ३४- ॐ श्रीमोहिन्यै नमः स्वाहा। ३५- ॐ श्रीमाहेश्वर्यै नमः स्वाहा। ३६- ॐ श्रीमातङ्ग्यै नमः स्वाहा। ३७- ॐ श्रीशिव-कामायै नमः स्वाहा। ३८- ॐ श्रीशिवात्मिकायै नमः स्वाहा। ३९- ॐ श्रीकामाक्ष्यै नमः स्वाहा। ४०- ॐ श्रीकमलाक्ष्यै नमः स्वाहा। ४१- ॐ श्रीमीनाक्ष्यै नमः स्वाहा। ४२- ॐ श्रीसर्व-साक्षिण्यै नमः स्वाहा। ४३- ॐ श्रीउमा-देव्यै नमः स्वाहा। ४४- ॐ श्रीमहा-काल्यै नमः स्वाहा। ४५- ॐ श्रीश्यामायै नमः स्वाहा। ४६- ॐ श्रीसर्व-जन-प्रियायै नमः स्वाहा। ४७- ॐ श्रीचित्-परायै नमः स्वाहा। ४८- ॐ श्रीचिद्-घनानन्दायै नमः स्वाहा। ४९- ॐ श्रीचिन्मयायै नमः स्वाहा। ५०- ॐ श्रीचित्-स्वरूपिण्यै नमः स्वाहा।

५१- ॐ श्रीमहा-सरस्वत्यै नमः स्वाहा। ५२- ॐ श्रीदुर्गायै नमः स्वाहा। ५३- ॐ श्रीज्वाला दुर्गायै नमः स्वाहा। ५४- ॐ श्रीअति-मोहिन्यै नमः स्वाहा। ५५- ॐ श्रीनकुल्यै नमः स्वाहा। ५६- ॐ श्रीशुद्ध-विद्यायै नमः स्वाहा। ५७- ॐ श्रीसच्चिदानन्द-विग्रहायै नमः स्वाहा। ५८- ॐ श्रीसु - प्रभायै नमः स्वाहा। ५९- ॐ श्रीस्व-प्रभायै नमः स्वाहा। ६०- ॐ श्रीज्वालायै नमः स्वाहा। ६१-ॐ श्रीइन्द्राक्ष्यै नमः स्वाहा। ६२- ॐ श्रीविश्व - मोहिन्यै नमः स्वाहा। ६३- ॐ श्रीमहेन्द्र - जाल - मध्यस्थायै नमः स्वाहा। ६४- ॐ श्रीमाया-मय-विनोदिन्यै नमः स्वाहा। ६५- ॐ श्रीशिवेश्वर्यै नमः स्वाहा। ६६- ॐ श्रीवृषारूढायै नमः स्वाहा। ६७- ॐ श्रीविद्या - जाल -विनोदिन्यै नमः स्वाहा। ६८- ॐ श्रीमन्त्रेश्वर्यै नमः स्वाहा। ६९- ॐ श्रीमहा - लक्ष्म्यै नमः स्वाहा। ७०- ॐ श्रीमहा - काल्यै नमः स्वाहा। ७१- ॐ श्रीफल-प्रदायै नमः स्वाहा। ७२- ॐ श्रीचतुर्वेद-विशेषज्ञायै नमः स्वाहा। ७३- ॐ श्रीसावित्र्यै नमः स्वाहा। ७४- ॐ श्रीसर्व - देवतायै नमः स्वाहा। ७५- ॐ श्रीमहेन्द्राण्यै नमः स्वाहा।

७६- ॐ श्रीगणाध्यक्षायै नमः स्वाहा। ७७- ॐ श्रीमहा - भैरव - मोहिन्यै नमः स्वाहा। ७८- ॐ श्रीमहा - मय्यै नमः स्वाहा। ७९- ॐ श्रीमहा - घोरायै नमः स्वाहा। ८०- ॐ श्रीमहा - देव्यै नमः स्वाहा। ८१- ॐ श्रीमदापहायै नमः स्वाहा। ८२- ॐ श्रीमहिषासुर - संहन्त्र्यै नमः स्वाहा। ८३- ॐ श्रीचण्ड - मुण्ड - कुलान्तकायै नमः स्वाहा। ८४- ॐ श्रीचक्रेश्वरी चतुर्वेदायै नमः स्वाहा। ८५- ॐ श्रीसर्वाद्यै नमः स्वाहा। ८६- ॐ श्रीसुर - नायिकायै नमः स्वाहा। ८७- ॐ श्रीषड्-शास्त्र-निपुणायै नमः स्वाहा। ८८- ॐ श्रीनित्यायै नमः स्वाहा। ८९- ॐ श्रीषड् - दर्शन-विचक्षणायै नमः स्वाहा। ९०- ॐ श्रीकाल-रात्र्यै नमः स्वाहा। ९१- ॐ श्रीकलातीतायै नमः स्वाहा। ९२- ॐ श्रीकवि-राज - मनोहरायै नमः स्वाहा। ९३- ॐ श्रीशारदा तिलकायै नमः स्वाहा। ९४- ॐ श्रीतारायै नमः स्वाहा। ९५- ॐ श्रीधीरायै नमः स्वाहा। ९६- ॐ श्रीशूर - जन - प्रियायै नमः स्वाहा। ९७- ॐ श्रीउग्र - तारायै नमः स्वाहा। ९८- ॐ श्रीमहा -मार्यै नमः स्वाहा। ९९- ॐ श्रीक्षिप्र-मार्यै नमः स्वाहा। १००- ॐ श्रीरण-प्रियायै नमः स्वाहा।

१०१- ॐ श्रीअन्न-पूर्णेश्वरी मात्रे नमः स्वाहा। १०२- ॐ श्रीस्वर्ण-कान्ति-तटि-प्रभायै नमः स्वाहा। १०३- ॐ श्रीस्वर-व्यञ्जन-वर्णाढ्यायै नमः स्वाहा। १०४- ॐ श्रीगद्य - पद्यादि - कारणायै नमः स्वाहा। १०५- ॐ श्रीपद - वाक्यार्थ - निलयायै नमः स्वाहा। १०६- ॐ श्रीविन्दु - नादादि-कारणायै नमः स्वाहा। १०७- ॐ श्रीमोक्षेशी-महिषी-नित्यायै नमः स्वाहा। १०८- ॐ श्रीभुक्ति-मुक्ति -फल-प्रदायै नमः स्वाहा। १०९- ॐ श्रीविज्ञान-दायिनी प्राज्ञायै नमः स्वाहा। ११०- ॐ श्रीप्रज्ञान-फल-दायिन्यै नमः स्वाहा। १११- ॐ श्रीअहङ्कारा कलातीतायै नमः स्वाहा। ११२- ॐ श्रीपरा-शक्तिः परात्परायै नमः स्वाहा।

उक्त 'नाम-मन्त्रों' से आहुति देने के बाद 'श्रीललिताम्बिकार्पणमस्तु' ऐसा कहकर 'वेदी' के सम्मुख जल छोड़े। फिर चार आहुतियाँ घी की दें—१ ॐ भूः स्वाहा, २ ॐ भुव स्वाहा, ३ ॐ स्वः स्वाहा, ४ ॐ भूर्भुवः स्वः स्वाहा।

अन्त में श्रीललिताम्बिका के पुनः श्रीचक्र अथवा हृदय में विराजने के भावना करते हुए 'भस्म-वन्दन' तथा 'विसर्जन' करना चाहिए। यथा—

ॐ त्र्यायुषं जमदग्ने कश्यपस्य त्र्यायुषं । यद्देवेषु त्र्यायुषं तन्नो अस्तु त्र्यायुषं।।

ॐ भो भो वह्ने महा-शक्ते, सर्व-काम-प्रसाधक।
कर्मान्तरेऽपि सम्प्राप्ते, सान्निध्यं कुरु सादरम्।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्री ललिता-लकारादि-शत-नाम-स्तोत्र-साधना

।। पूर्व-पीठिका ।।

कैलास-शिखरासीनं, देव-देवं जगद्-गुरुम् ।
पप्रच्छेशं परानन्दं, भैरवी परमेश्वरम् ।।१।।

।। श्रीभैरव्युवाच ।।

कौलेश! श्रोतुमिच्छामि, सर्व - मन्त्रोत्तमोत्तमम्।
ललिताया शत-नाम,सर्व-काम-फल-प्रदम् ।।२।।

।। श्रीभैरवोवाच ।।

शृणु देवि महा - भागे!, स्तोत्रमेतदनुत्तमम्।
पठनाद् धारणादस्य, सर्व-सिद्धीश्वरो भवेत् ।।३।।
षट्-कर्माणि सिद्धयन्ति, स्तवस्यास्य प्रसादतः।
गोपनीयं पशोरग्रे, स्व-योनिमपरे यथा ।।४।।

।। विनियोग ।।

ललिताया लकारादि, नाम-शतकस्य देवि!।
राज-राजेश्वरो ऋषिः, प्रोक्तो छन्दोऽनुष्टुप् तथा ।।५।।
देवता ललिता-देवी, षट्-कर्म-सिद्ध्यर्थे तथा।
धर्मार्थ-काम-मोक्षेषु, विनियोगः प्रकीर्तितः ।।६।।
वाक्-काम-शक्ति-वीजेन, कर-षडङ्गमाचरेत्।
प्रयोगे बाला-त्र्यक्षरी, योजयित्वा जपं चरेत् ।।७।।

।। मूल श्रीललिता लकारादि-शत-नाम स्तोत्रम् ।।

ललिता[१] लक्ष्मी[२] लोलाक्षी[३], लक्ष्मणा[४] लक्ष्मणार्चिता[५]।
लक्ष्मण-प्राण - रक्षिणी[६], लाकिनी[७] लक्ष्मण-प्रिया[८] ।।१।।
लोला[९] लकारा[१०] लोमशा[११], लोल-जिह्वा [१२] लज्जा-वती[१३] ।
लक्ष्या[१४] लाक्ष्या[१५] लक्ष-रता[१६], लकाराक्षर-भूषिता[१७] ।।२।।
लोल-लयात्मिका[१८] लीला[१९], लीला-वती[२०] च लाङ्गली[२१] ।
लावण्यामृत - सारा[२२] च, लावण्यामृत -दीर्घिका[२३] ।।३।।
लज्जा[२४] लज्जा-मती[२५] लज्जा[२६], ललना[२७] ललन-प्रिया[२८]।
लवणा[२९] लवली[३०] लसा[३१], लाक्षकी[३२] लुब्धा[३३] लालसा[३४] ।।४।।

लोक-माता[३५] लोक-पूज्या[३६], लोक - जननी[३७] लोलुपा[३८] ।
लोहिता[३९] लोहिताक्षी[४०] च, लिङ्गाख्या[४१] चैव लिङ्गेशी[४२] ।।५।।
लिङ्ग-गीतिः[४३] लिङ्ग-भवा[४४], लिङ्ग-माला[४५] लिङ्ग-प्रिया[४६]।
लिङ्गाभिधायिनी[४७] लिङ्गा[४८], लिङ्ग-नाम-सदानन्दा[४९] ।।६।।
लिङ्गामृत-प्रीता[५०] लिङ्गार्चन-प्रीता[५१] लिङ्ग-पूज्या[५२] ।
लिङ्ग-रूपा[५३] लिङ्गस्था[५४] च, लिङ्गालिङ्गन-तत्परा[५५] ।।७।।
लता-पूजन-रता[५६] च, लता - साधक - तुष्टिदा[५७] ।
लता - पूजक - रक्षिणी[५८], लता-साधन-सिद्धिदा[५९] ।।८।।
लता - गृह - निवासिनी[६०], लता-पूज्या[६१] लताराध्या[६२] ।
लता-पुष्पा[६३] लता-रता[६४], लता-धारा[६५] लता-मयी[६६] ।।९।।
लता - स्पर्शन - सन्तुष्टा[६७], लताऽऽलिङ्गन-हर्षिता[६८]।
लता-विद्या[६९] लता-सारा[७०], लताऽऽचारा[७१] लता-निधिः[७२] ।।१०।।
लवङ्ग - पुष्प - सन्तुष्टा[७३], लवङ्ग-लता-मध्यस्था[७४] ।
लवङ्ग - लतिका - रूपा[७५], लवङ्ग-होम-सन्तुष्टा[७६] ।।११।।
लकाराक्षर - पूजिता[७७], च लकार - वर्णोद्भवा[७८] ।
लकार-वर्ण-भूषिता[७९], लकार-वर्ण-रुचिरा[८०] ।।१२।।
लकार - बीजोद्भवा[८१] तथा लकाराक्षर-स्थिता[८२] ।
लकार-बीज-निलया[८३], लकार-वीज-सर्वस्वा[८४] ।।१३।।
लकार - वर्ण - सर्वाङ्गी[८५], लक्ष्य-छेदन-तत्परा[८६] ।
लक्ष्य-धरा[८७] लक्ष्य-घूर्णा[८८], लक्ष-जापेन-सिद्धिदा[८९] ।।१४।।
लक्ष-कोटि-रूप-धरा[९०], लक्ष-लीला-कला-लक्ष्या[९१] ।
लोक-पालेनार्चिता[९२] च, लाक्षा-राग-विलेपना[९३] ।।१५।।
लोकातीता[९४] लोपा-मुद्रा[९५], लज्जा-बीज-स्वरूपिणी[९६] ।
लज्जा-हीना[९७] लज्जा-मयी[९८], लोक-यात्रा-विधायिनी[९९] ।।१६।।
लास्य-प्रिया[१००] लय-करी[१०१], लोक-लया[१०२] लम्बोदरी[१०३]।
लघिमादि - सिद्धि-दात्री[१०४], लावण्य-निधि-दायिनी[१०५] ।
लकार-वर्ण-ग्रथिता[१०६], लं-बीजा[१०७] ललिताम्बिका[१०८] ।।१७।।

।। फल-श्रुति ।।

इति ते कथितं देवि!, गुह्याद् गुह्य-तरं परम् ।
प्रातः-काले च मध्याह्ने, सायाह्ने च सदा निशि ।
यः पठेत् साधक-श्रेष्ठो, त्रैलोक्य-विजयी भवेत् ।।१।।

सर्व - पापि - विनिर्मुक्तः, स याति ललिता-पदम् ।
शून्यागारे शिवारण्ये, शिव-देवालये तथा ।।२।।
शून्य - देशे तडागे च, नदी - तीरे चतुष्पथे ।
एक-लिङ्गे ऋतु-स्नाता-गेहे वेश्या-गृहे तथा ।।३।।
पठेदष्टोत्तर - शत - नामानि सर्व - सिद्धये ।
साधको वाञ्छां यत्-कुर्यात्, तत्तथैव भविष्यति ।।४।।
ब्रह्माण्ड-गोलके याश्च, याः काश्चिज्जगती-तले ।
समस्ताः सिद्धयो देवि!, करामलक-वत् सदा ।।५।।
साधक - स्मृति - मात्रेण, यावन्त्यः सन्ति सिद्धयः ।
स्वयमायान्ति पुरतो, जपादीनां तु का कथा ।।६।।
अयुतावर्त्तनाद् देवि!, पुरश्चर्याऽस्य गीयते ।
पुरश्चर्या-युतः स्तोत्रः, सर्व-कर्म-फल-प्रदः ।।७।।
सहस्रं च पठेद्यस्तु, मासार्धं साधकोत्तमः ।
दासी-भूतं जगत्-सर्वं, मासार्धाद् भवति ध्रुवम् ।।८।।
नित्यं प्रति - नाम्ना हुत्वा, पलाश - कुसुमैर्नरः ।
भू-लोकस्थाः सर्व-कन्याः, सर्व-लोक-स्थितास्तथा ।।९।।
पातालस्थाः सर्व-कन्याः,नाग-कन्याः यक्ष-कन्याः ।
वशीकुर्यान्मण्डलार्धात्, संशयो नात्र विद्यते ।।१०।।
अश्वत्थ - मूले पठेत् शत - वारं ध्यान - पूर्वकम् ।
तत्-क्षणाद् व्याधि-नाशश्च, भवेद् देवि! न संशयः।।११।।
शून्यागारे पठेत् स्तोत्रं, सहस्रं ध्यान - पूर्वकम् ।
लक्ष्मी प्रसीदति ध्रुवं, स त्रैलोक्यं वशिष्यति ।।१२।।
प्रेत - वस्त्रं भौमे ग्राह्यं, रिपु - नाम च वेष्टितम् ।
प्राण-प्रतिष्ठां कृत्वा तु, पूजां चैव हि कारयेत् ।।१३।।
श्मशाने निखनेद् रात्रौ, द्वि - सहस्रं पठेत् ततः ।
जिह्वा-स्तम्भनमाप्नोति, सद्यो मूकत्वमाप्नुयात् ।।१४।।
श्मशाने पठेत् स्तोत्रं, अयुतार्धं सु - बुद्धिमान् ।
शत्रु-क्षयो भवेत् सद्यो, नान्यथा मम भाषितम् ।।१५।।
प्रेत - वस्त्रं शनौ ग्राह्यं, प्रति - नाम्ना सम्पुटितम् ।
शत्रु-नाम लिखित्वा च, प्राण-प्रतिष्ठां कारयेत् ।।१६।।

ततः ललितां सम्पूज्य, कृष्ण - धत्तूर - पुष्पकैः।
श्मशाने निखनेद् रात्रौ, शत-वारं पठेत् स्तोत्रम् ।।१७।।
ततो मृत्युमवाप्नोति, देव - राज - समोऽपि सः।
श्मशानाङ्गारमादाय, मङ्गले शनिवारे वा ।।१८।।
प्रेत - वस्त्रेण संवेष्ट्य, बध्नीयात् प्रेत - रज्जुना ।
दशाभिमन्त्रितं कृत्वा, खनेद् वैरि-वेश्मनि ।।१९।।
सप्त - रात्रान्तरे तस्योच्चाटनं भ्रामणं भवेत्।
कुमारीं पूजयित्वा तु, यः पठेद् भक्ति-तत्परः ।।२०।।
न किञ्चिद् दुर्लभं तस्य, दिवि वा भुवि मोदते ।
दुर्भिक्षे राज-पीडायां, संग्रामे वैरि-मध्यके ।।२१।।
यत्र यत्र भयं प्राप्तः, सर्वत्र प्रपठेन्नरः ।
तत्र तत्राभयं तस्य, भवत्येव न संशयः ।।२२।।
वाम-पार्श्वे समानीय, शोधितां वर-कामिनीम् ।
जपं कृत्वा पठेद् यस्तु, तस्य सिद्धिः करे स्थिता ।।२३।।
दरिद्रस्तु चतुर्दश्यां, कामिनी - सङ्गमैः सह ।
अष्ट-वारं पठेद् यस्तु, कुबेर-सदृशो भवेत् ।।२४।।
श्रीललितां महा-देवीं, नित्यं सम्पूज्य मानवः ।
प्रति-नाम्ना जुहुयात् स, धन-राशिमवाप्नुयात् ।।२५।।
नवनीतं चाभिमन्त्र्य, स्त्रीभ्यो दद्यान्महेश्वरि !
वन्ध्यां पुत्र-प्रदं देवि!, नात्र कार्या विचारणा।।२६।।
कण्ठे वा वाम-बाहौ वा, योनौ वा धारणाच्छिवे !
बहु-पुत्र-वती नारी, सुभगा जायते ध्रुवम् ।।२७।।
उग्रं उग्रं महदुग्रं, स्तवमिदं ललितायाः ।
सु-विनीताय शान्ताय, दान्तायाति- गुणाय च ।।२८।।
भक्ताय ज्येष्ठ - पुत्राय, गुरु - भक्ति - पराय च ।
भक्त - भक्ताय योग्याय, भक्ति-शक्ति-पराय च ।।२९।।
वेश्या - पूजन - युक्ताय, कुमारी - पूजकाय च ।
दुर्गा-भक्ताय शैवाय, कामेश्वर-प्रजापिने ।।३०।।
अद्वैत - भाव - युक्ताय, शक्ति - भक्ति - पराय च ।
प्रदेयं शत-नामाख्यं, स्वयं ललिताज्ञया ।।३१।।

खलाय पर - तन्त्राय, पर - निन्दा - पराय च ।
भ्रष्टाय दुष्ट-सत्त्वाय, परी-वाद-पराय च ।।३२।।
शिवाभक्ताय दुष्टाय, पर - दार - रताय च ।
वेश्या-स्त्री-निन्दकाय च, पञ्च-मकार-निन्दके ।।३३।।
न स्तोत्रं दर्शयेद् देवि!, मम हत्या-करो भवेत् ।
तस्मान्न दापयेद् देवि!, मनसा कर्मणा गिरा ।।३४।।
अन्यथा कुरुते यस्तु, स क्षीणायुर्भवेद् ध्रुवम् ।
पुत्र-हारी च स्त्री-हारी, राज्य-हारी भवेद् ध्रुवम् ।।३५।।
मन्त्र - क्षोभश्च जायते, तस्य मृत्युर्भविष्यति ।
क्रम-दीक्षा-युतानां च, सिद्धिर्भवति नान्यथा ।।३६।।
क्रम-दीक्षा-युतो देवि!, क्रमाद् राज्यमवाप्नुयात् ।
क्रम-दीक्षा-समायुक्तः, कल्पोक्त-सिद्धि-भाग् भवेत् ।।३७।।
विधेर्लिपिं तु सम्मार्ज्य, किङ्करत्वं विसृज्य च ।
सर्व-सिद्धिमवाप्नोति, नात्र कार्या विचारणा ।।३८।।
क्रम - दीक्षा - युतो देवि!, मम समो न संशयः ।
गोपनीयं गोपनीयं, गोपनीयं सदाऽनघे ।।३९।।
स दीक्षितः सुखी साधुः, सत्य-वादी जितेन्द्रियः ।
स वेद-वक्ता स्वाध्यायी, सर्वानन्द-परायणः ।।४०।।
स्वस्मिन् ललितां सम्भाव्य, पूजयेज्जगदम्बिकाम् ।
त्रैलोक्य-विजयी भूयान्नात्र कार्या विचारणा ।।४१।।
गुरु-रूपं शिवं ध्यात्वा, शिव-रूपं गुरुं स्मरेत् ।
सदा-शिवः स एव स्यान्नात्र कार्या विचारणा ।।४२।।

।। श्रीकौलिकार्णवे श्रीभैरवी-संवादे षट्-कर्म-सिद्ध-दायकं
श्रीमल्ललिताया लकारादि-शत-नाम-स्तोत्रम्।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

श्रीललिता-लकारादि-शत-नाम-स्तोत्र-साधना (हिन्दी-रूपान्तर)

कौलिकार्णव-तन्त्रोक्त **'श्री ललिता शत-नाम स्तोत्र'** यहाँ प्रकाशित किया जा रहा है। यह स्तोत्र **जगदलपुर** के **करिया पाथर श्मशान** में प्रवास कर रहे **अवधूत श्री चिदानन्द- जी** से प्राप्त हुआ था। **अवधूत श्री चिदानन्द जी** ने अपना कोई परिचय नहीं दिया, किन्तु उनका ज्ञान-भण्डार असीमित था। उन्हीं के कथनानुसार इसकी साधना **श्रीगुरुदेव** के द्वारा अत्यन्त ही योग्य शिष्य को बतलाई जाती है। **पश्वाचारी साधक** यदि इसका प्रयोग करे, तो उसका अनिष्ट हो सकता है। अतः **वीराचारी साधक** को ही इसकी साधना करनी चाहिए। प्रयोगों में जहाँ प्रत्येक नाम का अलग-अलग प्रयोग करना है, वहाँ प्रत्येक नाम **'चतुर्थ्यन्त'** प्रयुक्त होगा, अन्यत्र केवल **स्तोत्र का पाठ** करना चाहिए। अधिक पाठ करते समय **प्रथम आवृत्ति** में **पूरा स्तोत्र** (अन्तिम श्लोक तक) तथा **मध्य की सभी आवृत्तियों** में **केवल नामों का पाठ** और **अन्तिम आवृत्ति** में **नामों के पाठ** के बाद पूरी **फल-श्रुति** का पाठ करना चाहिए। शेष विधि जैसी **फल-श्रुति** में वर्णित है, वैसी ही है। *-श्री भैरवानन्दनाथ*

कैलास शिखर पर बैठे हुए देवों के देव **जगद्-गुरु परमेश्वर** से **भैरवी** ने कहा- **हे कौलेश !**, सभी मन्त्रों में उत्तम से भी उत्तम समस्त कामनाओं के फल को देनेवाला **'श्रीललिता शत-नाम स्तोत्र'** सुनने की इच्छा है ।।१-२।।

श्रीभैरव ने कहा- **हे महा-भागे !** इस **उत्तम स्तोत्र** को सुनो। इसे पढ़ने और धारण करनेवाला समस्त सिद्धियों का स्वामी होता है। इस स्तव की कृपा से षट्-कर्मों की सिद्धि होती है। पशुओं के आगे इसे स्व-योनि के समान गुप्त रखना चाहिए ।।३-४।।

विनियोग-श्रीललिता के इस **नाम-शतक** के **राज-राजेश्वर** ऋषि, **अनुष्टुप्** छन्द, **श्रीललिता देवी** देवता तथा **षट्-कर्मों** की सिद्धि-सहित **धर्म-अर्थ-काम** व **मोक्ष** की प्राप्ति के लिए विनियोग है। वाक् **(ऐं)**, काम **(क्लीं)**, शक्ति **(सौः)**, वीजों से **कर-षडङ्ग-न्यास** करें और प्रयोगों में बाला त्र्यक्षरी **(ऐं क्लीं सौः)** की योजना करें।

श्लोक १ से श्लोक १८ तक प्रथम नाम **'ललिता'** से लेकर **'ललिताम्बिका'** तक **१०८ नाम** स्पष्ट रूप से वर्णित हैं।

फल-श्रुति-जो श्रेष्ठ साधक सदा **प्रातः-काल, मध्याह्न** (दोपहर), **सन्ध्या** और **रात्रि-काल** में इसका पाठ करते हैं, वे सभी पापों से मुक्त होकर त्रैलोक्य-विजयी होते हैं और अन्त में **ललिता** के पद (स्वरूप या मुक्ति) को प्राप्त होते हैं ।।१-२।।

निर्जन भवन, श्मशान, शिवालय, निर्जन स्थान, तालाब और **नदी** के किनारे, **चतुष्पथ** पर, **एक-लिङ्ग** (जिस **शिव-लिङ्ग** के चारों तरफ पाँच कोस तक दूसरा **शिव-लिङ्ग** न हो), **ऋतु-स्नाता स्त्री** या **वेश्या** के घर में समस्त सिद्धियों की प्राप्ति के लिए **अष्टोत्तर-शत-नामों** का पाठ करना चाहिए। इन स्थानों पर पाठ करनेवाला जो भी कामना करता है, वह पूरी होती है। इस पृथ्वी पर और ब्रह्माण्ड में जितनी भी सिद्धियाँ हैं, सभी कर-तल-गत हो जाती हैं और स्मरण करने मात्र से साधक को बिना जप आदि के ही वे प्रत्यक्ष हो जाती हैं ।। ३-६ ।।

अयुत (दस हजार) आवृत्तियों में इसका **पुरश्चरण** होता है। **पुरश्चरण** से सिद्ध स्तोत्र सभी कर्मों के फल को देने में समर्थ होता है ।।७।।

पुरश्चरण के बाद **एक सहस्र** बार इसका पाठ करने से १५ दिन में सारे जगत् का वशीकरण होता है ।।८।।

नित्य प्रत्येक **नाम** द्वारा **पलाश** के पुष्पों से हवन करने से छः मास में सभी लोकों की कन्याओं का वशीकरण होता है ।।९-१०।।

अश्वत्थ वृक्ष के मूल भाग में बैठकर ध्यान-पूर्वक **१०८ बार पाठ** करने से रोग नष्ट होता है ।।११।।

शून्य गृह में ध्यान-पूर्वक **१००० बार पाठ** करने से **लक्ष्मी** प्रसन्न होती है और तीनों लोक वशीभूत होते हैं ।।१२।।

मङ्गल के दिन प्रेत-वस्त्र लाए, शत्रु-नाम उसमें लपेटे, प्राण-प्रतिष्ठा कर उसकी पूजा करे, रात्रि में उस वस्त्र को **श्मशान** में गाड़कर, **२००० पाठ** करे, तो शत्रु की जिह्वा स्तम्भित होती है। वह गूँगा हो जाता है ।।१३-१४।।

श्मशान में इस स्तोत्र का **५००० पाठ** करे, तो **शत्रु-नाश** होता है ।।१५।।

शनि के दिन प्रेत-वस्त्र लाए, प्रत्येक नाम से सम्पुटित शत्रु-नाम लिखे, प्राण-प्रतिष्ठा कर **ललिता** की पूजा **काले धतूर-पुष्पों** से करे, रात्रि में **श्मशान** में गाड़ कर **१०० बार स्तोत्र का पाठ** करे, तो शत्रु की मृत्यु होती है ।।१६-१७।।

मङ्गल या **शनि** के दिन **श्मशान** से अङ्गार लेकर प्रेत-वस्त्र में लपेट कर प्रेत-रस्सी से बाँधे, उसे १० बार अभिमन्त्रित कर शत्रु-गृह में गाड़ दे। सात रात्रि के भीतर शत्रु का उच्चाटन होता है ।।१८-१९।।

कुमारी-पूजा कर **भक्ति - पूर्वक पाठ** करे, तो पृथ्वी पर कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता ।।२०।।

दुर्भिक्ष, राज-भय, युद्ध और **शत्रुओं** के मध्य जहाँ कहीं भय हो, इसका पाठ करे, तो सङ्कट दूर होता है ।।२१-२२।।

शोधिता श्रेष्ठ कामिनी को अपने बाँई ओर बैठा कर **जप-पूर्वक स्तोत्र का पाठ** करे, तो सिद्धि शीघ्र मिलती है ।।२३।।

चतुर्दशी के दिन **कामिनी** के साथ जो दरिद्र व्यक्ति **८ बार स्तोत्र-पाठ** करता है, वह **कुबेर** के समान धनाढ्य होता है ।।२४।।

नित्य **श्री महा-देवी ललिता** की पूजा कर **प्रत्येक नाम से हवन** करे, तो विपुल धन प्राप्त होता है ।।२५।।

मक्खन को अभिमन्त्रित कर **बाँझ स्त्री** को खिलाए, तो वह पुत्र-वती होती है ।।२६।।

कण्ठ, बाँई भुजा या **योनि** में धारण करने से स्त्री पुत्र लाभ करती है ।।२७।।

श्रीललिता का यह स्तोत्र **महा - उग्र** है। **विनम्र, शान्त, भक्त, ज्येष्ठ पुत्र, गुरु-भक्ति-परायण, भक्तों के भक्त, वेश्या** और **कुमारी-पूजन-कर्ता, दुर्गा-भक्त, शिव के भक्त, कामेश्वर-मन्त्र के जप-कर्ता, अद्वैत-भावापन्न** और **शक्ति में भक्ति रखनेवाले साधक** को यह **शत-नाम** देना चाहिए, ऐसी स्वयं **ललिता** की आज्ञा है ।।२८-३१।।

खल (दुष्ट प्रकृतिवाला), **पर-तन्त्र** (जो किसी दूसरे के अधीन हो), **दूसरों की निन्दा** करनेवाला, **भ्रष्ट** (पतित या अधर्मी), **परोवादी** (दूसरों की निन्दा करनेवाला), **शिव में अभक्ति** रखनेवाला, दूसरे की स्त्री में आसक्त, वेश्या और स्त्रियों की निन्दा करनेवाला तथा पञ्च-मकारों की निन्दा करनेवाला-इनको यह स्तोत्र दिखाने से मेरी हत्या लगती है। अतः मन, वचन और कर्म से भी स्तोत्र नहीं देना चाहिए। जो इसके विपरीत करता है, वह पुत्र, स्त्री और राज्य से वञ्चित होता है। उसकी आयु निश्चित-रूप से कम हो जाती है। उसका मन्त्र क्षुभित होकर उसी का नाश कर देता है।।३२-३५।।

क्रम-दीक्षा से युक्त साधक को सिद्धि मिलती है। वह कल्पोक्त सिद्धियों को प्राप्त कर क्रमशः राज्य-वैभव को प्राप्त करता है।वह **ब्रह्मा** के लेख (प्रारब्ध) को भी मिटाकर संसार-बन्धन से छूटकर सभी सिद्धियाँ प्राप्त करता है। **क्रम-दीक्षा** से युक्त साधक मेरे समान ही है। वही दीक्षित है, सुखी, साधु, सत्य-वादी, जितेन्द्रिय, वेद-वक्ता, स्वाध्यायी और समस्त आनन्दों में मग्न रहनेवाला है।। ३६-४०।।

जो स्वयं को **ललिता**-रूप जानकर **जगदम्बा** का पूजन करता है, वह त्रैलोक्य-विजयी होता है। जो **शिव** को **गुरु** और **गुरु** को **शिव-रूप** में जानता है, वही **सदा-शिव** है, इसमें सन्देह नहीं। **हे देवि**, प्रयत्न-पूर्वक इसे गोपनीय रखना चाहिए ।।४१-४२।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललिता-लकारादि-शत-नाम-जप-साधना

।। विनियोग ।।

ॐ अस्य श्रीललिता-लकारादि-शत-नाम-माला-मन्त्रस्य श्रीराज-राजेश्वरो ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। श्रीललिताम्बा देवता। 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' बीजं। 'स-क-ल-ह्रीं' शक्तिः। 'ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' उत्कीलनं। श्रीललिताम्बा-देवता-प्रसाद-सिद्धये षट्-कर्म-सिद्ध्यर्थे तथा धर्मार्थ-काम-मोक्षेषु पूजने तर्पणे च विनियोगः।

।। ऋष्यादि-न्यास ।।

ॐ श्रीराज-राजेश्वरो-ऋषये नमः– शिरसि। ॐ अनुष्टुप्-छन्दसे नमः– मुखे । ॐ श्रीललिताम्बा-देवतायै नमः– हृदि । ॐ 'क-ए-ई-ल-ह्रीं' बीजाय नमः– लिङ्गे । ॐ 'स-क-ल-ह्रीं' शक्तये नमः– नाभौ । ॐ ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' उत्कीलनाय नमः– सर्वाङ्गे। ॐ श्रीललिताम्बा-देवता-प्रसाद-सिद्धये षट्-कर्म-सिद्ध्यर्थे तथा धर्मार्थ - काम-मोक्षेषु पूजने तर्पणे च विनियोगाय नमः– अञ्जलौ ।

।। कर-न्यास ।।

ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' तर्जनीभ्यां नमः। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' मध्यमाभ्यां नमः। ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' अनामिकाभ्यां नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' करतल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।

।। अङ्ग-न्यास ।।

ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' हृदयाय नमः। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' शिरसे स्वाहा। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' शिखायै वषट्। ॐ 'ऐं क-ए-ई-ल-ह्रीं' कवचाय हुम्। ॐ 'क्लीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं' नेत्र-त्रयाय वौषट्। ॐ 'सौः स-क-ल-ह्रीं' अस्त्राय फट्।

।। ध्यान ।।

बालार्क-मण्डलाभासां, चतुर्बाहुं त्रि-लोचनाम् ।
पाशांकुश-धनुर्वाणान्, धारयन्तीं शिवां भजे ।।

।। मानस-पूजन ।।

ॐ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ हं आकाश-तत्त्वात्मकं पुष्पं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः। ॐ यं वायु-तत्त्वात्मकं

धूपं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये घ्रापयामि नमः। ॐ रं अग्नि-तत्त्वात्मकं दीपं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये दर्शयामि नमः। ॐ वं जल-तत्त्वात्मकं नैवेद्यं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये निवेदयामि नमः। ॐ सं सर्व-तत्त्वात्मकं ताम्बूलं श्रीललिता-त्रिपुरा-प्रीतये समर्पयामि नमः।

।। श्रीललिता- लकारादि-शत-नामावली द्वारा जप ।।

१- श्रीललितायै नमः। २- श्रीलक्ष्म्यै नमः। ३- श्रीलोलाक्ष्यै नमः। ४-श्रीलक्ष्मणायै नमः। ५- श्रीलक्ष्मणार्चितायै नमः। ६- श्रीलक्ष्मण - प्राण - रक्षिण्यै नमः। ७- श्रीलाकिन्यै नमः। ८- श्रीलक्ष्मण-प्रियायै नमः। ९- श्रीलोलायै नमः। १०- श्रीलकारायै नमः। ११- श्रीलोमशायै नमः। १२- श्रीलोल-जिह्वायै नमः। १३- श्रीलज्जा-वत्यै नमः। १४- श्रीलक्ष्यायै नमः। १५- श्रीलाक्ष्यायै नमः। १६- श्रीलक्ष-रतायै नमः। १७- श्रीलकाराक्षर - भूषितायै नमः। १८- श्रीलोल - लयात्मिकायै नमः। १९- श्रीलीलायै नमः। २०- श्रीलीला - वत्यै नमः। २१- श्रीलाङ्गल्यै नमः। २२- श्रीलावण्यामृत-सारायै नमः। २३- श्रीलावण्यामृत -दीर्घिकायै नमः। २४- श्रीलज्जायै नमः। २५- श्रीलज्जा-मत्यै नमः।

२६ - श्रीलज्जायै नमः । २७ - श्रीललनायै नमः । २८ - श्रीललन - प्रियायै नमः। २९- श्रीलवणायै नमः। ३०- श्रीलवल्यै नमः। ३१- श्रीलसायै नमः। ३२- श्रीलाक्षक्यै नमः । ३३- श्रीलुब्धायै नमः । ३४- श्रीलालसायै नमः। ३५- श्रीलोक - मातायै नमः। ३६- श्रीलोक - पूज्यायै नमः । ३७- श्रीलोक - जनन्यै नमः । ३८- श्रीलोलुपायै नमः। ३९- श्रीलोहितायै नमः। ४०- श्रीलोहिताक्ष्यै नमः। ४१- श्रीलिङ्गाख्यायै नमः। ४२- श्रीलिङ्गेश्यै नमः। ४३- श्रीलिङ्ग-गीत्यै नमः। ४४- श्रीलिङ्ग-भवायै नमः। ४५- श्रीलिङ्ग-मालायै नमः। ४६- श्रीलिङ्ग-प्रियायै नमः। ४७- श्रीलिङ्गाभिधायिन्यै नमः। ४८- श्रीलिङ्गायै नमः।, ४९- श्रीलिङ्ग-नाम-सदानन्दायै नमः। ५०-श्रीलिङ्गामृत-प्रीतायै नमः।

५१- श्रीलिङ्गार्चन-प्रीतायै नमः। ५२- श्रीलिङ्ग-पूज्यायै नमः। ५३- श्रीलिङ्ग-रूपायै नमः। ५४- श्रीलिङ्गस्थायै नमः। ५५- श्रीलिङ्गालिङ्गन-तत्परायै नमः। ५६- श्रीलता-पूजन-रतायै नमः। ५७- श्रीलता-साधक-तुष्टिदायै नमः। ५८- श्रीलता-पूजक-रक्षिण्यै नमः। ५९- श्रीलता -साधन-सिद्धिदायै नमः। ६०- श्रीलता-गृह-निवासिन्यै नमः। ६१- श्रीलता-पूज्यायै नमः। ६२- श्रीलताराध्यायै नमः। ६३- श्रीलता-पुष्पायै नमः। ६४- श्रीलता-रतायै नमः। ६५- श्रीलता-धारायै नमः। ६६- श्रीलता-मय्यै नमः। ६७- श्रीलता-स्पर्शन -सन्तुष्टायै नमः। ६८- श्रीलताऽऽलिङ्गन-हर्षितायै नमः। ६९- श्रीलता-विद्यायै नमः । ७०- श्रीलता - सारायै नमः। ७१- श्रीलताऽऽचारायै नमः। ७२- श्रीलता-निधये नमः। ७३- श्रीलवङ्ग-पुष्प-

सन्तुष्टायै नमः। ७४- श्रीलवङ्ग-लता-मध्यस्थायै नमः। ७५- श्रीलवङ्ग-लतिका-रूपायै नमः।

७६- श्रीलवङ्ग-होम-सन्तुष्टायै नमः। ७७- श्रीलकाराक्षर-पूजितायै नमः। ७८- श्रीलकार-वर्णोद्भवायै नमः। ७९- श्रीलकार-वर्ण-भूषितायै नमः। ८०- श्रीलकार-वर्ण-रुचिरायै नमः। ८१- श्रीलकार-बीजोद्भवायै नमः। ८२- श्रीलकाराक्षर - स्थितायै नमः। ८३- श्रीलकार-बीज-निलयायै नमः। ८४- श्रीलकार-वीज-सर्वस्वायै नमः। ८५- श्रीलकार-वर्ण- सर्वाङ्ग्यै नमः। ८६- श्रीलक्ष्य-छेदन-तत्परायै नमः। ८७- श्रीलक्ष्य-धरायै नमः। ८८- श्रीलक्ष्य-घूर्णायै नमः। ८९- श्रीलक्ष - जापेन - सिद्धिदायै नमः। ९०- श्रीलक्ष-कोटि-रूप-धरायै नमः। ९१- श्रीलक्ष-लीला-कला-लक्ष्यायै नमः। ९२- श्रीलोक-पालेनार्चितायै नमः। ९३- श्रीलाक्षा-राग-विलेपनायै नमः। ९४- श्रीलोकातीतायै नमः। ९५- श्रीलोपा-मुद्रायै नमः।९६- श्रीलज्जा-बीज - स्वरूपिण्यै नमः। ९७- श्रीलज्जा - हीनायै नमः। ९८- श्रीलज्जा - मय्यै नमः। ९९- श्रीलोक- यात्रा-विधायिन्यै नमः। १००- श्रीलास्य-प्रियायै नमः।

१०१- श्रीलय - कर्यै नमः। १०२- श्रीलोक - लयायै नमः। १०३- श्रीलम्बोदर्यै नमः। १०४- श्रीलघिमादि - सिद्धि - दात्र्यै नमः। १०५- श्रीलावण्य -निधि -दायिन्यै नमः। १०६- श्रीलकार-वर्ण-ग्रथितायै नमः। १०७- श्रीलं - बीजायै नमः। १०८- श्रीललिताम्बिकायै नमः।

भगवती के 'नाम-मन्त्रों' द्वारा आराधना

अपने श्वास-प्रश्वास के साथ *भगवती ललिता* के *'नाम-मन्त्रों'* का जप करने पर, *'नाम-मन्त्र'* श्वास-प्रश्वास के साथ एकाकार हो जाता है। ऐसी अवस्था में, *'प्राणायाम'* की क्रिया स्वतः होने लगती है। *'मन' की चञ्चलता* नष्ट हो जाती है और *मन की स्थिरता* के कारण *'स्वतः कुम्भक'* होने लगता है।

फिर क्रमशः *बाहरी 'नाम'-जप* भी बन्द हो जाता है और साधक— *'नाम-मन्त्र' का साक्षात्कार* करता है।

संक्षेप में, *'नाम'-साधना* से *'प्राणायाम'* आदि सभी क्रियाएँ स्वतः सिद्ध हो जाती हैं और *'कुण्डलिनी' का जागरण* होकर *भगवती की लीला का साक्षात्कार* होता है।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीत्रिपुर-सुन्दरी वेद-सार-स्तवः

कस्तूरी-पङ्क-भास्वद् - गल - चलदमल - स्थूल - मुक्तावलीका,
ज्योत्स्ना शुद्धावदाता शशि-शिशु-मुकुटालकृता ब्रह्म-पत्नी ।
साहित्याम्भोज-भृङ्गी कवि-कुल-विनुता सात्त्विकीं वाग् - विभूतिम्,
देयान्मे शुभ्र-वस्त्रा कर-चल-वलया वल्लकीं वादयन्ती ।।१।।
एकान्ते योगि-वृन्दैः प्रशमित-करणैः क्षुत् - पिपासा - विमुक्तैः,
सानन्दं ध्यान-योगाद् विस-गुण-सदृशी दृश्यते चित्त-मध्ये ।
या देवी हंस - रूपा भव - भय - हरणं साधकानां विधत्ते,
सा नित्यं नाद-रूपा त्रिभुवन-जननी मोदमाविष्करोतु ।।२।।
ईक्षित्री सृष्टि - काले त्रिभुवनमथ या तत्क्षणेऽनु - प्रविश्य,
स्थेमानं प्रापयन्ती निज-गुण-विभवैः सर्वथा व्याप्य विश्वम् ।
संहर्त्री सर्व - भासां विलयन - समये स्वात्मनि स्व-प्रकाशा,
सा देवी कर्म-बन्धं मम भव-करणं नाशयत्यादि-शक्तिः ।।३।।
लक्ष्या या चक्र-राजे नव - पुर - लसिते योगिनी-वृन्द-गुप्ते,
सौवर्णे शैल-शृङ्गे सुर-गण-रचिते तत्त्व-सोपान-युक्ते ।
मन्त्रिण्या मेचकाङ्ग्या कुच - भर - नतया कोल - मुख्या च सार्धम्,
साम्राज्ञी सा मदीया मद-गज-गमना दीर्घमायुस्तनोतु ।।४।।
ह्रींकाराम्भोज-भृङ्गी हय-मुख-विनुता हानि - वृद्ध्यादि -हीना,
हंसोऽहं मन्त्र-राज्ञी हरि-हय-वरदा हादि-मन्त्रार्थ-रूपा ।
हस्ते चिन्मुद्रिकाढ्या हत-बहु-दनुजा हस्ति-कृत्ति-प्रिया मे,
हार्दं शोकातिरेकं शमयतु ललिताधीश्वरी पाश-हस्ता ।।५।।
हस्ते पङ्केरुहाभे सरस - सरसिजं बिभ्रती लोक - माता,
क्षीरोदन्वत्-सु-कन्या करि-वर-विनुता नित्य-पुष्टाब्ज-गेहा ।
पद्माक्षी हेम-वर्णा मुर - रिपु - दयिता शेवधिः सम्पदां या,
सा मे दारिद्र्य-दोषं दमयतु करुणा-दृष्टि-पातैरजस्रम् ।।६।।
सच्चिद्-ब्रह्म-स्वरूपां सकल - गुण - युतां निर्गुणां निर्विकाराम्,
राग-द्वेषादि-हन्त्रीं रवि-शशि-नयनां राज्य-दान-प्रवीणाम् ।

चत्वारिंशत्-त्रिकोणे चतुरधिक-समे चक्र-राजे लसन्तीम्,
कामाक्षीं कामितानां वितरण-चतुरां चेतसा भावयामि ।।७।।
कन्दर्पे शान्त - दर्पे त्रिनयन - नयन - ज्योतिषा देव-वृन्दैः,
साशङ्कं साश्रु-पातं स-विनय-करुणं याचिता काम-पत्न्या ।
या देवी दृष्टि-पातैः पुनरपि मदनं जीवयामास सद्यः,
सा नित्यं रोग-शान्त्यै प्रभवतु ललिताधीश्वरी चित्-प्रकाशा ।।८।।
हव्यैः कव्यैश्च सर्वैः श्रुति-चय-विहितैः कर्मभिः कर्म - शीला,
ध्यानाद्यैरष्टभिश्च प्रशमित - कलुषा योगिनः पर्ण - भक्षाः ।
यामेवानेक - रूपां प्रति - दिनमवनौ संश्रयन्ते विधिज्ञाः,
सा मे मोहान्धकारं बहु - भव - जनितं नाशयत्वादि - माता ।।९।।
लक्ष्या मूल-त्रिकोणे गुरु - वर - करुणा - लेशतः काम-पीठे,
यस्या विश्वं समस्तं बहु-तर-विततं जायते कुण्डलिन्याः ।
यस्याः शक्ति - प्ररोहादविरलममृतं विन्दते योगि - वृन्दम्,
तां वन्दे नाद - रूपां प्रणव - पद - मयीं प्राणिनां प्राण - दात्रीम् ।।१०।।
ह्रींकाराम्भोधि-लक्ष्मीं हिम - गिरि - तनयामीश्वरीमीश्वराणाम्,
ह्रीं-मन्त्राराध्य-देवीं श्रुति-शत-शिखरैः मृग्यमानां मृगाक्षीम् ।
ह्रीं-मन्त्रान्तैस्त्रि-कूटैः स्थिर-तर-मतिभिर्धार्यमाणां ज्वलन्तीम्,
ह्रीं ह्रीं ह्रींमित्यजस्रं हृदय - सरसिजे भावयेऽहम् भवानीम् ।।११।।
सर्वेषां ध्यान-मात्रात् सवितुरुदरगा चोदयन्ती मनीषाम्,
सावित्री तत्-पदार्था शशि-युत-मुकुटा पञ्च-शीर्षा त्रि-नेत्रा।
हस्ताग्रैः शङ्ख-चक्राद्यखिल- जन - परित्राण - दक्षायुधानाम्,
बिभ्राणा वृन्दमम्बा विशदयतु मतिं मामकीनां महेशी ।।१२।।
कर्त्री लोकस्य लीला-विलसित - विधिना कारयित्री क्रियाणाम्,
भर्त्री स्वानु-प्रवेशाद् वियदनिल-मुखैः पञ्च-भूतैः स्व-सृष्टैः ।
हर्त्री स्वेनैव धाम्ना पुनरपि विलये काल - रूपं दधाना,
हन्यादामूलमस्मत् - कलुष - भरमुमा भुक्ति - मुक्ति - प्रदात्री ।।१३।।
लक्ष्या या पुण्य-जालैर्गुरु-वर - चरणाम्भोज - सेवा-विशेषात्,
दृश्या स्वान्ते सुधीभिर्दर - दलित - महा - पद्म-कोशेन तुल्ये।

लक्षं जप्त्वाऽपि यस्या मनु-वरमणिमा-सिद्धिमन्तो महान्तः सा,
नित्यं मामकीने हृदय - सरसिजे वासमङ्गी - करोतु ।।१४।।
ह्रीं श्रीमैं-मन्त्र-रूपा हरि-हर-विनुताऽगस्त्य-पत्नी - प्रदिष्टा,
हादिः काद्यर्ण-तत्त्वा सुर-पति-वरदा काम-राज-प्रदिष्टा ।
दुष्टानां दानवानां मद-भर-हरणा दुःख- हन्त्री बुधानाम् ,
साम्राज्ञी चक्र - राज्ञी प्र - दिशतु कुशलं मह्यमोङ्कार - रूपा ।।१५।।
श्रीं-मन्त्रार्थ-स्वरूपाश्रित-जन-दुरित-ध्वान्त-हन्त्री शरण्या,
श्रौत-स्मार्त-क्रियाणामविकलं फलदा काल-नेत्रस्य दाराः ।
श्रीचक्रान्तर्निषणा गुह-वर-जननी दुष्ट-हन्त्री वरेण्या,
श्रीमत् - सिंहासनेशीं प्र - दिशतु विपुलां कीर्तिमानन्द - रूपा ।। १६।।
।। श्रीमत्-त्रिपुर-सुन्दरी वेद-सार-स्तवः ।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

श्रीत्रिपुर-सुन्दरी वेद-सार-स्तवः (हिन्दी-रूपान्तर)

कस्तूरी के लेप से उज्ज्वल जिनके गले में निर्मल बड़े-बड़े **मोतियों का हार** कम्पायमान है; **चाँदनी** के शुभ्र प्रकाश-जैसी भासमाना जो **बाल-चन्द्र** से युक्त मुकुट से विभूषिता हैं; **साहित्य-रूपी कमल** की भ्रमरी, **कवि-जनों** द्वारा वन्दिता, **श्वेत वस्त्र**-धारिणी, कर-कमलों से **वीणा** बजाती हुई वे **ब्रह्म-पत्नी सरस्वती देवी** मुझे **सतो-गुण से परिपूर्ण वागैश्वर्य** प्रदान करें ।।१।।

जितेन्द्रिय और भूख-प्यास से रहित **योगियों** द्वारा एकान्त में आनन्द-पूर्वक ध्यान किए जाने से जो उनके चित्त के अन्दर **ज्योति-रेखा**-सी दिखाई देती हैं; संसार के दुःख दूर करने के लिए जिन **हंस-स्वरूपा देवी** का ध्यान साधकों द्वारा किया जाता है, वे **नाद-स्वरूपा त्रिलोक-माता** सदैव मुझे **आनन्द** प्रदान करें ।।२।।

तीनों लोकों की सृष्टि के समय उन पर कृपा-दृष्टि रखनेवाली जो **आदि-शक्ति** तत्काल ही उनमें प्रवेश कर सारे जगत् को अपने गुणों के ऐश्वर्य से व्याप्त कर उनका पालन

करती हैं और संहार के समय आत्म-प्रकाश से उद्-भासिता जो **आदि-शक्ति** समस्त दृश्यमान जगत् को अपने में लीन कर लेती हैं, वे देवी संसार में डालनेवाले मेरे **कर्म-बन्धनों** का नाश कर दें ।।३।।

देवताओं द्वारा **स्वर्ण - गिरि** के शिखर पर **तत्त्वात्मक सीढ़ियों** सहित निर्मित और **गुप्त योगिनियों** से युक्त **नौ पुरियों** से विशोभित **चक्रराज** में जिन्हें देखा जा सकता है, **मस्त हाथियों** की जैसी चालवाली वे **राज- राजेश्वरी** कुल-भार से झुकी हुई अपनी **सुन्दरी मन्त्रिणियों** के सहित मुझे **दीर्घायु** प्रदान करें ।।४।।

'**ह्रीं**'-रूपी कमल की भ्रमरी, **हय-ग्रीव** द्वारा वन्दिता, **आदि-अन्त** से रहिता, '**हंसोऽहं**'- मन्त्र की अधिष्ठात्री, **विष्णु** को वर देनेवाली, **हादि**-मन्त्रार्थ-स्वरूपा, बहुत से **असुरों का नाश** करनेवाली, **शङ्कर** की प्रिया, हाथों में **चिन्मुद्रा** और **पाश** धारण करनेवाली **भगवती ललिता** मेरे **महान् दुःखों** को शान्त करें ।।५।।

कमल के समान शोभावाले हाथ में **सुन्दर कमल** से सुशोभिता, **समुद्र**-तनया, **सुन्दर हाथियों** से वन्दिता, सदैव **प्रफुल्लित कमल** में निवासिनी, **कमल-नयना**, **स्वर्ण**-जैसी कान्तिवाली, **विष्णु-पत्नी**, **जगन्माता लक्ष्मी** जो सम्पत्तियों की विभूति हैं, वे मुझ पर निरन्तर अपनी **दया-दृष्टि** डाल कर मेरे **दारिद्र्य-दुःख** को शान्त करें ।।६।।

सच्चिद्-ब्रह्म-स्वरूपा, **समस्त गुणों से सम्पन्ना, निर्गुणा, निर्विकारा**, राग-द्वेष को नष्ट करनेवाली, **सूर्य-चन्द्र**-रूपी नेत्रोंवाली, **राज्यैश्वर्य** देने में निपुणा, **चवालिस त्रिकोणों** से युक्त **चक्र-राज** में सुशोभिता, **अभीष्ट कामनाओं** की पूर्ति करने में कुशला **भगवती कामाक्षी** का मैं अपने **चित्त में ध्यान** करता हूँ ।।७।।

भगवान् शङ्कर की नेत्र-ज्योति से **कामदेव** के गर्व के चूर्ण होने पर, **देवों** और **कामदेव** की पत्नी **रति** द्वारा सशङ्कित और अश्रु-पूर्ण हो करुणा-सहित प्रार्थना करने पर जिन **देवी** ने अपनी दृष्टि डालकर **कामदेव** को तुरन्त ही पुनः जीवित कर दिया, वे **चित्-प्रकाशा भगवती ललिता** सदैव मेरे **रोगों** को शान्त करें ।।८।।

कर्म-काण्डी लोग श्रुतियों द्वारा निर्दिष्ट देवोपयोगी **हवनीय पदार्थों** और **पितरोपयोगी तर्पणीय द्रव्यों** से; पत्ते मात्र खाकर रहनेवाले निष्पाप **योगि-जन** ध्यानादि अष्ट-योगों से और **विधियों के जाननेवाले** विविध-रूपा जिनका आश्रय प्रति-दिन पृथ्वी पर लेते रहते हैं, वे **आदि-माता** अनेक जन्मों से उत्पन्न मेरे **मोह-रूपी अँधेरे** का नाश करें ।।९।।

गुरुदेव की दया मात्र से **मूल त्रिकोणात्मक काम-पीठ** पर जो दिखाई देती हैं; जिनकी **कुण्डलिनी** द्वारा सारा संसार विविध प्रकार से विस्तृत होता है और जिनकी **शक्ति** के

स्फुरण से **योगि-जन** निरन्तर **अमृत-पान** करते हैं; प्राणियों को जीवन देनेवाली, **प्रणव-पद-मयी**, उन **नाद-स्वरूपा भगवती** की मैं **वन्दना** करता हूँ ।।१०।।

हीङ्कार-रूपी सागर की **लक्ष्मी**-स्वरूपा, **हिमालय-पुत्री**, **ईश्वरों की स्वामिनी**, **ह्रीं-मन्त्र द्वारा आराध्या देवी**, सैकड़ों श्रेष्ठ **श्रुतियों** द्वारा अन्वेषिता, मृग-नयनी, स्थिर-बुद्धि साधकों द्वारा अन्त में **'ह्रीं'**-मन्त्रवाले **तीन कूटों** से ध्यान की जानेवाली, **तेजस्विनी भवानी** का **चिन्तन** मैं अपने **हृदय-कमल** में निरन्तर **'ह्रीं ह्रीं ह्रीं'** का जप करते हुए करता हूँ ।।११।।

ध्यान करने मात्र से **सूर्य**-मध्यस्था, **चन्द्र**-युक्त मुकुटवाली, **पञ्च-मुखी**, **त्रिनेत्रा भगवती सावित्री** सभी मनीषियों को उद्‍बोधित करनेवाली हैं। अपने कर-कमलों में समस्त जनों की रक्षा करने में सक्षम, **शङ्ख, चक्रादि अस्त्रों** को धारण करनेवाली **माता महेशी** मेरी **मति** को विकसित करें।।१२।।

ब्रह्मा द्वारा क्रियाओं को कराती हुई **संसार-लीला** करनेवाली, अपने द्वारा उत्पन्न आकाश, वायु आदि **पञ्च-महा-भूतों** द्वारा प्रवेश कर सारे **विश्व का पालन** करनेवाली और संहार के समय **काल**-रूप धारण कर पुनः अपने तेज से उस सबका हरण करनेवाली, **भोग-मोक्ष-दायिनी उमा** मेरे **पाप-समूह** का समूल नाश करें ।।१३।।

गुरु-देव के चरण-कमलों की विशेष सेवा करने से प्राप्त पुण्यों द्वारा जो दिखाई देती हैं; अपने पापों का शमन कर लेने पर सुधी साधक जिन्हें अपने **अन्तःकरण** में देख पाते हैं; जिनके **श्रेष्ठ मन्त्र** का जप कर महान् साधक **अणिमा-सिद्धि** प्राप्त करते हैं; वे **भगवती** मेरे **हृदय-कमल** में नित्य निवास करना स्वीकार करें ।।१४।।

'ह्रीं श्रीं ऐं'- मन्त्र-स्वरूपा, **विष्णु** और **शिव** द्वारा वन्दिता, **अगस्त्य** की पत्नी **लोपामुद्रा** द्वारा उपदिष्टा, **हादि** और **कादि** तत्त्व-स्वरूपा, **इन्द्र** को वर देनेवाली, **कामराज** द्वारा उपदिष्टा, **दुष्ट दानवों** का गर्व चूर करनेवाली, **सज्जनों** का दुःख दूर करनेवाली, **ॐकार**-स्वरूपा, **चक्र-राज्ञी साम्राज्ञी** मेरा **कल्याण** करें ।।१५।।

'श्रीं'-मन्त्र के अर्थ-स्वरूपवाली, **शरणागत भक्तों** के **पाप-समूह** को नष्ट करनेवाली, **शरण-दायिनी**, श्रुति और **स्मृति** द्वारा निर्दिष्ट कर्मों का यथोक्त फल देनेवाली, **श्रीशिव की पत्नी**, **श्रीचक्र के मध्य में विराजमाना, कार्तिकेय की माता, दुष्टों का नाश करनेवाली, श्रेष्ठा, आनन्द-स्वरूपा, श्रीमत्-सिंहासन की ईश्वरी** मुझे **पुष्कल यश** प्रदान करें ।।१६।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

कल्याण-वृष्टि-स्तवः

कल्याण-वृष्टिभिरिवामृत-पूरिताभिर्लक्ष्मीः स्वयं-वरण-मङ्गल-दीपिकाभिः ।
सेवाभिरम्ब! तव पाद-सरोज-मूले, नाकारि किं मनसि भाग्य-वतां जनानाम् ।।१।।
एतावदेव जननि! स्पृहणीयमास्ते, त्वद्-वन्दनेषु सलिल-स्थगिते च नेत्रे ।
सान्निध्यमुद्यदरुणायुत-सोदरस्य, त्वद्-विग्रहस्य परया सुधयाऽऽप्लुतस्य ।।२।।
ईशत्व-नाम-कलुषाः कति नाम सन्ति, ब्रह्मादयः प्रति-भवं प्रलयाभि-भूताः ।
एकः स एव जगति स्थिर-सिद्धिरास्ते, यः पादयोस्तव सकृत् प्रणतिं करोति ।।३।।
लब्ध्वा सकृत् त्रिपुर-सुन्दरि! तावकीनं, कारुण्य-कन्दलित-कान्ति-भरं कटाक्षम् ।
कन्दर्प-कोटि-सुभगास्त्वयि भक्ति-भाजः, सम्मोहयन्ति तरुणीर्भुवन-त्रयेऽपि ।।४।।
ह्रीङ्कारमेव तव नाम गृणन्ति वेदा, मातस्त्रिकोण-निलये, त्रिपुरे, त्रिनेत्रे !
त्वत्-संस्मृतौ यम-भटादि-भयं विहाय, दीव्यन्ति नन्दन-वने सह लोक-पालैः ।।५।।
हन्तुः पुरामधि-गलं परि-पीयमानः, क्रूरः कथं न भविता गरलस्य वेगः।
नाश्वासनाय यदि मातरिदं तवार्धं, देहस्य शश्वदमृतालुप्त-शीतलस्य ।।६।।
सर्वज्ञतां सदसि वाक्-पटुतां प्रसूते, देवि! त्वदंघ्रि-सरसीरुहयोः प्रणामः ।
किं च स्फुरन्मुकुटमुज्ज्वलमात-पत्रं, द्वे चामरे च महतीं वसुधां ददाति ।।७।।
कल्प-द्रुमैरभिमत - प्रतिपादनेषु, कारुण्य - वारिधिभिरम्ब! भवत् - कटाक्षैः ।
आलोकय त्रिपुर-सुन्दरि! मामनाथं, त्वय्येव भक्ति-भरित त्वयि बद्ध-तृष्णम् ।।८।।
हन्तेतरेष्वपि मनांसि विधाय चान्ये, भक्तिं वहन्ति किल पामर-दैवतेषु ।
त्वामेव देवि! मनसा समनु-स्मरामि, त्वामेव नौमि शरणं जननि! त्वमेव ।।९।।
लक्ष्येषु सत्स्वपि कटाक्ष-निरीक्षणानामालोकय त्रिपुर-सुन्दरि! मां कदाचित् ।
नूनं मया तु सदृशः करुणैक - पात्रं, जातो जनिष्यति जनो न च जायते वा ।।१०।।
ह्रीं ह्रीमिति प्रति-दिनं जपतां तवाख्यां, किं नाम दुर्लभमिह त्रिपुराधि-वासे !
माला-किरीट-मद-वारण-माननीयां, तां सेवते वसु-मती स्वयमेव लक्ष्मीः ।।११।।
सम्पत्कराणि सकलेन्द्रिय-नन्दनानि, साम्राज्य-दान-निरतानि सरोरुहाक्षि !
त्वंद्-वन्दनानि दुरिताहरणोद्यतानि, मामेव मातरनिशं कलयन्तु नान्यम् ।।१२।।
कल्पोप- संहृतिषु कल्पित - ताण्डवस्य, देवस्य खण्ड-परशोः पर - भैरवस्य।
पाशांकुशैक्षव - शरासन - पुष्प - बाणा, सा साक्षिणी विजयते तव मूर्तिरेका ।।१३।।

लग्नं सदा भवतु मातरिदं तवार्धं, तेजः परं बहुल - कुंकुम - पङ्क - शोणम् ।
भास्वत् - किरीटममृतांशु - कलावतंसं, मध्ये त्रिकोण - निलयं परमामृतार्द्रम् ।।१४।।
ह्रीङ्कारमेव तव नाम तदेव रूपं, त्वन्नाम दुर्लभमिह त्रिपुरे! गृणन्ति ।
तत् तेजसा परिणतं वियदादिभूतं, सौख्यं तनोति सरसीरुह-सम्भवादेः ।।१५।।

।। फल-श्रुति ।।

ह्रीङ्कार- त्रय - सम्पुटेन महता मन्त्रेण सन्दीपितम् ।
स्तोत्रं यः प्रति-वासरं तव पुरो मातर्जपेन्मन्त्र-वित् ।।
तस्य क्षोणि-भुजो भवन्ति वशगा लक्ष्मीश्चिर-स्थायिनी ।
वाणी निर्मल-सूक्ति-भार-भरिता जागर्ति दीर्घं वयः ।।

।। श्रीमच्छङ्कर-भगवदाचार्य-कृतिषु कल्याण-वृष्टि-स्तवः ।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

कल्याण-वृष्टि-स्तव (हिन्दी-रूपान्तर)

हे माँ! आपके चरण-कमलों में भक्ति-युक्त लोग जो सेवाएँ करते हैं, उन सेवाओं द्वारा उनके मन में **सभी कामनाओं की पूर्ति** हो जाती है क्योंकि **धूप-दीप-नैवेद्यादि पूजा** स्वयं **लक्ष्मी** की कृपा से सम्पन्न होती है और उससे **कल्याण की वर्षा**-सी होती है और **अमृतत्त्व से युक्त मङ्गल** की प्राप्ति होती है ।।१।।

हे जननि! केवल इतना ही वाञ्छनीय है कि आपकी **वन्दना** द्वारा नेत्र आँसुओं से बन्द हो जाएँ। तभी **उदय-कालीन सूर्य** जैसे बड़े-बड़े नेत्रवाले आपके **अमृत-मय स्वरूप** का सामीप्य लाभ होता है ।।२।।

प्रभुत्व की भावना से दूषित कोई नहीं बचता। **ब्रह्मा** आदि सभी हर युग में लय को प्राप्त हो जाते हैं। **हे जननि!** केवल एक वही स्थिर-सिद्धिवाला रहता है, जो एक बार भी आपके **चरणों में नमन** करता है ।।३।।

हे त्रिपुर-सुन्दरि! आपकी **दया-पूर्ण प्रभा-मयी दृष्टि** को एक बार भी पानेवाले **भक्त कामदेव**-जैसे सुन्दर बनकर तीनों लोकों की युवतियों को आकृष्ट कर लेते हैं ।।४।।

हे त्रिकोण-वासिनि मातः! वेद आपके नाम **'ह्रीं'** का ही उच्चारण करते हैं । उसे भले प्रकार ग्रहण करनेवाले **यम-दूतों** को दूर हटाकर **देवों के नन्दन-वन** में **लोक-पालों** के साथ शोभायमान होते हैं ।।५।।

हे मातः! यदि **भगवान् शङ्कर** के अर्ध-भाग में आपका अमृत-मय शीतल स्वरूप आश्वासन देता हुआ स्थित न होता, तो पुरा-काल में उनके गले तक उतरा विष क्यों न घातक होता ? अर्थात् आपके ही प्रभाव से **नील-कण्ठ** होकर ही **शिव** रह गए, **विष का मारक प्रभाव** नहीं हो पाया ।।६।।

हे देवि! आपके **दोनों चरण-कमलों में प्रणाम** करने से **सर्वज्ञता** और **सभा में बोलने की सक्षमता** प्राप्त होती है । यही नहीं, **दो चँवरों** द्वारा आपके मुकुट की उज्ज्वलता को फैलाने से **विशाल भू-सम्पत्ति** मिलती है ।।७।।

हे त्रिपुर-सुन्दरि! मैं अनाथ आपकी ही भक्ति से पूर्ण हूँ, आप ही पर दृष्टि लगाए हूँ । आप अपनी **कृपा-दृष्टि** द्वारा दया-पूर्वक देखकर **कल्प-वृक्ष** के समान **सभी कामनाओं की पूर्ति** करते हुए मुझे कृतार्थ करें ।।८।।

अन्य लोग अन्य देवताओं को मन में रखकर **भक्ति** का निर्वाह करते हैं, किन्तु **हे देवि!** मैं मन से तुम्हीं को **स्मरण** करता हूँ, तुम्हीं को **नमन** करता हूँ और **हे जननि!** तुम्हीं मेरी **आश्रय** हो ।।९।।

हे त्रिपुर-सुन्दरि! तुम्हारी **दया-दृष्टि** की ओर देखनेवाले लाखों हैं, किन्तु मेरा जैसा दयनीय व्यक्ति न हुआ है, न होगा, अतः किसी प्रकार मुझे कृतार्थ करें ।।१०।।

हे त्रिपुर-वासिनि! जो तुम्हारे नाम **'ह्रीं ह्रीं'** को प्रति क्षण जपता रहता है, उसे इस संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता । वह बड़े-से-बड़े लोगों के गर्व को मिटा देता है और स्वयं **वैभव-शालिनी लक्ष्मी** उसकी सेवा करती हैं ।।११।।

हे कमल-नयने! आपके नेत्र **सम्पत्ति देनेवाले, सभी इन्द्रियों को आनन्दित करनेवाले, राज्यैश्वर्य देने में समर्थ** और **पाप-समूह के विनाशक** हैं । **हे मातः!** वे मुझे सदा कृतार्थ करें ।।१२।।

सृष्टि के संहार के लिए उद्यत **परम भैरव** द्वारा किए जानेवाले **ताण्डव नृत्य** को प्रत्यक्ष देखनेवाला आपका स्वरूप **पाश, अंकुश, इक्षु-धनुष** और **पुष्प-वाणों** से युक्त अद्वितीय है। उसकी जय हो ।।१३।।

हे मातः! परमामृत से आर्द्र और **चन्द्र-कला** से युक्त चमकीले मुकुटवाला आपका यह परम तेजस्वी स्वरूप **त्रिकोणावास के मध्य में लाल कुंकुम से शोभायमान** हो ।।१४।।

हे त्रिपुरे! 'ह्रीं' ही आपका **नाम** है, वही आपका **स्वरूप** है। इस संसार में आपका **नाम** दुर्लभ कहा गया है। आपके ही तेज से **आकाशादि महा-भूत-लक्ष्मी** आदि का सुख प्रदान करते हैं ।।१५।।

।। फल-श्रुति ।।

महा-मन्त्र तीन 'ह्रीं' से सम्पुटित इस **स्तोत्र का पाठ** जो **प्रति-दिन** आपके समीप करता है, **शासक** उसके वश में रहते हैं, **लक्ष्मी** उसके पास सदा रहती हैं, उसकी **वाणी** विशुद्ध सुन्दर उक्तियों से विभूषिता होती है और वह **दीर्घायु** प्राप्त करता है।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललिता-पञ्च-रत्न

जय वर चाप, सु-पाश सु-अंकुश, पञ्चक-बाण-करैर्लसिते!।
जय जग-वन्दिनि!, दुष्ट-निकन्दिनि!, आनन्द-कन्दिनि मृदु हसिते!।।
जय शिव-सङ्ग-विहारिणि!, हारिणि दुर्गति!, वारुणि-पान-रते!।
जय ललिते!, जय भण्ड-विखण्डिनि!, श्रीपुर-वासिनि!, देव-नुते!।।

★★★

जय त्रिपुरे!, त्रिपुरारि प्रिये!, त्रिगुणात्मक-रूपिणि त्राण-करे!।
जय त्रि-चरित्र-निवासिनि देवि!, त्रि-कूट-शरीरिणि त्रास-हरे!।।
जय त्रय-काल-त्रिकोण-मयि!, त्रय-ताप-निवारिणि त्र्यक्ष-युते!।
जय ललिते!, जय भण्ड-विखण्डिनि!, श्रीपुर-वासिनि!, देव-नुते!।।

★★★

जय गिरिजे!, गिरि-वंश-ध्वजे!, गिरि-विन्ध्य-निवासिनि, गर्ग-नुते!।।
जय गण-राज-गुहेश्वरि!, गङ्गे!, गङ्गा-धर-गुण-गान-रते!।।
जय गुरु-मण्डल-रूपिणि!, गौतम-गुह्यक-तोषिणि गुप्त-मने!।।
जय ललिते!, जय भण्ड-विखण्डिनि!, श्रीपुर-वासिनि!, देव-नुते!।।

★★★

जय जग-तारिणि!, जन-सुख-कारिणि!, कल्मष-हारिणि, मोद-भरे!।
जय असि-शूल-गदा-सुम-धारिणि!, भक्त-मनो-मन्दिर-विहरे!।।
जय त्रि-विलोचनि!, शोच-विमोचनि!, जय शिव-सङ्ग-सुकेलि-रते!।
जय ललिते!, जय भण्ड-विखण्डिनि!, श्रीपुर-वासिनि!, देव-नुते!।।

★★★

भगवति दुर्ग-विदारिणि!, दुर्गे!, दुर्गति-हारिणि!, दुःख-हरे!।
जय मधु-कैटभ-महिषोन्मूलिनि!, धूम्र-विलोचन-नाश-करे!।।
जय जय शुम्भ-निशुम्भ-विनाशिनि!, रक्त-विमर्द्दिनि!, शूल-धृते!।।
जय ललिते!, जय भण्ड-विखण्डिनि!, श्रीपुर-वासिनि!, देव-नुते!।।

–फौजदार श्रीबलवीरसिंह जी यादव 'वीर', दतिया

श्रीत्रिपुरोपनिषत्

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता, मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि वेदस्य म आणीस्थः, श्रुतं मे म प्रहासीरनेनाहोऽधीतेनाहोरात्रान्त्संदधामि । ऋतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्-वक्तारमवतु । अवतु माम् । अवतु वक्तारम् ।।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

ॐ तिस्त्रः पुरस्त्रि-पथा विश्व-चर्षणी । अत्राकथा अक्षराः सन्निविष्टाः ।
अधिष्ठायैनामजरा पुराणी । महत्तरा महिमा देवतानाम् ।। १ ।।
नव - योनीर्नव - चक्राणि दीधिरे । नवैव योगा नव-योगिन्यश्च ।
नवानां चक्रे अधि - नाथाः स्योना । नव-मुद्रा नव-भद्रा महीनाम् ।। २ ।।
एका सा आसीत् प्रथमा सा । नवासीदासोन - विंशदासोन - त्रिंशत् ।
चत्वारिंशदथ तिस्त्रः समिधा । उशतीरिव मातरो माऽऽविशन्तु ।। ३ ।।
ऊर्ध्व-ज्वलज्ज्वलन-ज्योतिरग्रे । तमो वै तिरश्चीनमजरं तद्-रजोऽभूत् ।
आनन्दनं मोदनं ज्योतिरिन्दोरेता उ वै मण्डला मण्डयन्ति ।। ४ ।।
तिस्त्रश्च रेखाः सदनानि भूमेस्त्रि - विष्टपास्त्रि-गुणास्त्रि-प्रकाशाः ।
एतत् पुरं पूरकं पूरकाणामत्र प्रथेते मदनो मदन्या ।। ५ ।।
मदन्तिका मानिनी मङ्गला च । सुभगा च सा सुन्दरी शुद्ध - मत्ता ।
लज्जा मतिस्तुष्टिरिष्टा च पुष्टा लक्ष्मीरुमा ललिता लालपन्ती ।। ६ ।।
इमां विज्ञाय सुधया मदन्ति । परिस्त्रुता तर्पयन्तः स्व-पीठम् ।
नाकस्य पृष्ठे महतो वसन्ति । परं धाम त्रैपुरं चाविशन्ति ।। ७ ।।
कामो योनिः कमला वज्र - पाणिर्गुहा हसा मातरिश्वाऽभ्रमिन्द्रः ।
पुनर्गुहा सकला मायया च । पुरूच्येषा विश्व - माताऽऽदि - विद्या ।। ८ ।।
षष्ठं सप्तममथ वह्नि - सारथिमस्या । मूल - त्रिकमावेशयन्तः ।
कथ्यं कविं कल्पकं काममीशं । तुष्टुवांसो अमृतत्त्वं भजन्ते ।। ९ ।।
त्रि-विष्टपं त्रि-मुखं विश्व-मातुर्नव-रेखाः स्वर-मध्यं तदीले ।
वृहत्-तिथीर्दश-पञ्चादि-नित्या । सा षोडशी पुर-मध्यं विभर्त्ति ।। १० ।।
द्वा मण्डला द्वा स्तना बिम्बमेकं । मुखं चाधस्त्रीणि गुहा सदनानि ।
कामीं कलां काम्य-रूपां विदित्वा । नरो जायते काम-रूपश्च काम्यः ।। ११ ।।
परिस्त्रुतं झषमाद्यं पलं च । भक्तानि योनीः सु-परिष्कृतानि ।
निवेदयन् देवतायै महत्यै । स्वात्मीकृत्य सुकृती सिद्धिमेति ।। १२ ।।
सृण्येव सितया विश्व-चर्षणिः । पाशेन प्रति - बध्नात्यभीकान् ।
इषुभिः पञ्चभिर्धनुषा च विध्यत्यादि-शक्तिररुणा विश्व-जन्या ।। १३ ।।

भगः शक्तिर्भगवान् काम ईशः उभा दाताराविह सौभगानाम् ।
सम-प्रधानौ सम-सत्त्वौ समोजौ तयोः शक्तिरजरा विश्व-योनिः ।। १४।।
परिस्रुता हविषा भावितेन प्र - सङ्कोचे गलिते वै मनस्कः ।
शर्वः सर्वस्य जगतो विधाता धर्ता हर्ता विश्व-रूपत्वमेति ।। १५।।
इयं महोपनिषत् त्रिपुरायाः यामक्षयं परमे गीर्भिरीट्टे ।
एषर्ग् - यजुः परमेतच्च सामेवायमथर्वेयमन्या च विद्या ॐ।।१६।।

।। ॐ ह्रीं ॐ ह्रीमिति त्रिपुरोपनिषत् ।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

श्री त्रिपुरोपनिषत् (हिन्दी-रूपान्तर)

वाणी मेरे मन में प्रतिष्ठित है। मेरा **मन-वाणी** में प्रतिष्ठित है। **वेद** का तत्त्व इन
दोनों में स्थित है। मैंने **श्रुति** का जो अध्ययन किया है, उसे मैं अहर्निश मनन करता हूँ। मैं **ऋत**
बोलूँगा, **सत्य** बोलूँगा। वह मेरी रक्षा करें, वह वक्ता की रक्षा करें।

तीन पुरों की जो **अधीश्वरी** हैं, जिसके **तीन पन्थ** हैं (**मुक्ति** ५ प्रकार की मानी गई
हैं- **१ सालोक्य, २ सामीप्य, ३ सारूप्य ४ सायुज्य** और **५ कैवल्य**। इनमें से **सालोक्य**
का एक मार्ग है और **कैवल्य** का एक। शेष तीन-**सामीप्य, सारूप्य** और **सायुज्य** का एक
मार्ग है। इस प्रकार कुल मिलाकर **तीन मार्ग** हुए। **सालोक्य का मार्ग** है-अपने आश्रमोक्त
कर्मों का **ऊर्ध्व-रेता** रहते हुए अनुष्ठान; मध्यम तीनों का मार्ग है-**प्रतीकोपासना, स्व-स्वाभिमान
से उपासना** तथा **अहं-ग्रहोपासना। कैवल्य का मार्ग** है-**ब्रह्म-ज्ञान** अथवा **निर्गुणोपासना**),
विश्व जिसकी **प्रजा** है, जो **अकारादि** १६, **ककारादि** १६ तथा **थकारादि** १६ अक्षर - रूपों
में सन्निविष्ट है (यहाँ **'अ'** से आरम्भ करके **'अः'** तक १६ रूप हए, फिर **'क'** से आरम्भ
करके **'त'** तक १६ रूप हुए, फिर **'थ'** से आरम्भ करके **'स'** तक १६ रूप हुए। **'अकथा'**
शब्द का यही अभिप्राय है। **'ह'** कार को इस गणना में इसलिए छोड़ दिया जाता है क्योंकि
वह **विमर्श-स्वरूप** है। शेष वर्ण संयुक्ताकार होने से उनकी स्वतन्त्र सत्ता नहीं है)। जो **जरा-
रहित** है, जो **जन्म - रहित** है, इसी (**त्रि-विन्दु-रूप त्रिपुरा**) का **देवताओं की महत्तरा महिमा**
अधिष्ठान करती है, अर्थात् **ब्रह्मादि देवताओं की महिमा** का अधिष्ठान यही **त्रिपुरा** है।।१।।

वह **नौ योनियों** को, **नौ चक्रों** को, **नौ योगों** को, **नौ योगिनियों** को प्रकाशित करती है। वह
'स्योना' (सुख-हेतु) **नौ चक्र-भूमियों, नौ मुद्राओं** और **नौ भद्राओं** की अधीश्वरी है।।२।।

वह सब **संसार की कारण-भूता** एक ही थी। फिर **विन्दु-चक्र-रूप नव-योन्यात्मक**
थी। फिर **१९ प्रकार** की (**नव-योनियों** और **बहिर्दशार** के मेल से) हुई। फिर इन सबको

मिलाकर **उन्तीस प्रकार** की हुई। फिर वही देवी **४३ प्रकार** की हुई। वह कामना करती हुई **माता** की भाँति मेरे शरीर में प्रवेश करें।।३।।

पहले **स्थिति-चक्रोत्तर चक्रों** में **तमो-गुणात्मक अग्नि**-नामक **ज्योतिर्मण्डल** हुआ। (**'ऊर्ध्व-ज्वलत्'** विशेषण उसके अग्नि के ज्वाला-रूप को स्पष्ट करने के लिए दिया गया है।) उसके पश्चात् तिर्य्यक् रूप से फैलनेवाला **सूर्य-ज्योतिर्मण्डल** (रक्त-वर्ण होने के कारण) **रजो-गुण**-प्रधान हुआ। वह **अजर** था। उसके पश्चात् वैषयिक सुखोत्पादक **चन्द्र-ज्योतिर्मण्डल** हुआ। ये तीनों मण्डल (**अग्नि-मण्डल, सूर्य-मण्डल** और **चन्द्र-मण्डल**) **माता** को विभूषित करते हैं अर्थात् उसकी शोभा बढ़ाते हैं।।४।।

(इस ऋचा में **नवें भू-गृहात्मक चक्र** का उपदेश किया गया है।) **भूमि के सदन** की **तीन रेखाएँ** हैं। वे ही **त्रिभुवन - रूपा** हैं। वे **त्रिगुण - रूपा** हैं । **१ अग्नि, २ सूर्य, ३ चन्द्र**-इन तीन वृत्तों के प्रकाश से प्रकाशित हैं। यह **स-परिवार पर-देवता का निवास-स्थान चक्र-भक्तों के मनोरथों का पूरक** है। यह **शिव, विष्णु** आदि के मनोरथों का भी पूरक है। इस **श्री-चक्र** में **कामेश्वर शिव** (मदनः) और **शिव-काम-सुन्दरी** (मदन्या) अपनी किरण-रूपी **अणिमादि**-द्वारा **अनादि**-रूप का विस्तार करती हुई विलास कर रही हैं।।५।।

वह **देवी** पृथक् - पृथक् क्षेत्रों में **मदन्तिका, मानिनी, मङ्गला, सुभगा, सुन्दरी, शुद्ध - मत्ता, लज्जा, मति, तुष्टि, इष्टा, पुष्टा, लक्ष्मी, उमा, ललिता** और **लालपन्ती** नामों से अभिहित हैं। (**पद्म -पुराण** में **देवी - तीर्थों** की गणना करते हुए क्षेत्र - विशेष के आधार पर, **देवी** के कुछ नाम गिनाए हैं। यथा-**प्रयाग** में **ललिता देवी**, **लङ्का** में **मङ्गला**, **त्रिकूट** में **भद्र-सुन्दरी**, **करवीर**-देश में **महा-लक्ष्मी**, **विनायक**-देश में **देवी**, **देव-दास**-वन में **पुष्टि**, **काश्मीर** में **मेधा**, **वत्सेश्वर** में **तुष्टि** इत्यादि)।।६।।

पूर्वोक्त **पर-देवता** की विधि विशेष-पूर्वक जानकर, **दीक्षादि**-पूर्वक उपासना स्वीकार करके, **अपने शरीर से अभिन्न श्रीचक्र** में पीयूषी-कृत परिस्रुत द्रव से तृप्त करते हुए, जो भक्त **इन्द्रियों के विषयों को निर्विकल्प-रूप से भोगते** हैं, वे **महदाकाश** पृष्ठ पर स्थित **त्रिपुरा के धाम में निवास** करते हैं।।७।।

काम **(क)**, योनि **(ए)**, काम-कला **(ई)**, वज्र-पाणि **(ल)**, गुहा **(ह्रीं)**, हस **(ह, स)**, मातरिश्वा **(क)**, अभ्र **(ह)**, इन्द्र **(ल)**, पुनर्गुहा **(ह्रीं)**, सकला **(स, क, ल)**, मायया (ह्रीं)-यह **विश्व-माता पुरूची आदि-विद्या** है।।८।।

इस विद्या के **प्रथम तीन अक्षर** निकाल कर उनके स्थान पर छठा **(ह)**, सातवाँ **(स)** और 'वह्नि-सारथि' **(क)** रखकर जप करनेवाले **मोक्ष** के भागी होते हैं। वह **पर-शिव-**

कामना करनेवाला **काम**, विश्व-कल्पना का अधिष्ठान **(कल्पक)**, वेद-प्रणेता **(कवि)** और वेदों-द्वारा ज्ञातव्य **(कथ्य)** है।।९।।

नव रेखाओंवाले संहार-चक्र में **'अः'** स्वर का स्थान मध्य में है। इस **त्रि-मुख चक्र** को **त्रिपुर-सुन्दरी का निवास-स्थान** समझ कर मैं उसकी स्तुति करता हूँ। वह **त्रिपुर-सुन्दरी** पन्द्रह तिथियों के पति **(सूर्य)** की भाँति **श्री-चक्र** के मध्य में **निसर्ग-स्वर** के स्थान पर आसीन है।।१०।।

दो मण्डल, दो स्तन, एक बिम्ब-मुख, तीन भू-गृह (गुहा-सदन अर्थात् भू-पुर), **कामेश्वरात्मक मन्मथ-कला-युक्त कमनीय-स्वरूपा का ध्यान** करता हुआ मनुष्य **काम-देव** के समान सुन्दर हो जाता है।।११।।

मद्य, मांस, मत्स्य और ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि विविध जातियों की दृष्टादृष्ट संस्कारों द्वारा परिष्कृत योनियाँ **महा-देवी की सेवा** में निवेदित करके और उसके बाद स्वयं भी सेवन करके भक्त **सिद्धि** को प्राप्त कर लेता है।।१२।।

जो **'अभीक'** हैं अर्थात् इस मार्ग में **लोभ-बुद्धि** से अथवा **भोग-बुद्धि** से प्रवेश करते हैं, उनको प्राणि-मात्र का शुभाशुभ जाननेवाली वह **विश्व-जननी** आदि-शक्ति **तीक्ष्ण श्वेत पाश** से बाँधकर **धनुष** और **पाँच बाणों** से बेधती है।।१३।।

१ ऐश्वर्य, २ धर्म, ३ यश, ४ श्री, ५ ज्ञान और **६ विज्ञान**-इन छहों गुणों के आधार **कामेश्वर** तथा **देवी शक्ति** दोनों इस लोक में **धर्मार्थ-काम**-रूपी विविध फलों के देने वाले हैं; अर्थात् उस **देवी की उपासना** चाहे **स्त्री** - रूप में की जाए या **पुरुष** - रूप में की जाए, दोनों का फल एक जैसा होता है। दोनों - **कामेश्वर** और **कामेश्वरी** - समान रूप से प्रधान हैं क्योंकि **कामेश्वरी** का ध्यान करने में वह **शिव** के अङ्क में आश्रित होने के कारण उसका आधार **शिव** प्रधान हुए और **शक्ति - हीन** स्वयं कुछ करने में असमर्थ होने से **शक्ति** प्रधान हुई। दोनों समान सामर्थ्यवाले हैं। फिर भी इन दोनों समानों में **शक्ति-जरा-रहित** है और **संसार को उत्पन्न करनेवाली** है, अतः वह प्रधान हुई।।१४।।

मन्त्र-संस्कार द्वारा संस्कृत, हवि और मद्य के सेवन द्वारा **मन से सङ्कोच** के दूर हो जाने पर वह उपासक **विश्व-रूपत्व** को प्राप्त हो जाता है। वही **विधाता (ब्रह्मा), धर्त्ता (विष्णु)** और **हर्त्ता (शिव)**-सब कुछ हो जाता है।।१५।।

यह **महोपनिषत्** उस **त्रिपुरा** का है, जिसकी स्तुति **अखण्ड ब्रह्म** भी **अकार, उकार, मकार** द्वारा किया करता है। यह **उपनिषद्-ऋग्वेद, यजुर्वेद, साम-वेद, अथर्व-वेद** तथा **अष्टादश विद्याओं** का सार-भूत है।।१६।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललितोपनिषत्

ॐ परम-कारण-भूता शक्तिः केन नव-चक्र-रूपो देहः। नव-चक्र-शक्ति-मयं श्री-चक्रं। पुरुषार्थाः सागराः। देहो नव-रत्ने द्वीपः। आधार-नवक-मुद्राः शक्तयः। त्वगादि-सप्त-धातुभिरनेकैः संयुक्ताः सङ्कल्पाः कल्प-तरवः। तेजः कल्पकोद्यानम्।

रसनया भासमाना मधुराम्ल-तिक्त-कटु-कषाय-लवण-रसाः षड्रसाः। क्रिया-शक्ति पीठं, कुण्डलिनी ज्ञान-शक्तिः, अहम् इच्छा-शक्तिः। महा-त्रिपुर-सुन्दरी ज्ञाता, होता, ज्ञानमर्घ्यं, ज्ञेयं हविः, ज्ञातृ-ज्ञान-ज्ञेया। नमो भेद-भावनं श्री-चक्र-पूजनम्।

नियति-सहित-शृङ्गारादयो नव-रसाः। अणिमादयः काम-क्रोध-लोभ-मोह-मद-मात्सर्य-पुण्य-पाप-मया ब्राह्मयादयोऽष्ट-शक्तयः। आधार-नवक-मुद्रा शक्तयः। पृथ्व्यप्-तेजो-वाय्वाकाश-श्रोत्र-त्वक्-चक्षुर्जिह्वा-घ्राण-वाक्-पाणि-पाद-पायूपस्थ मनश्च विकाराः षोडश-शक्तयः। वचनादान-गमन-विसर्गानन्दादानोपादानोपेक्षा - बुद्धयोऽनङ्ग-कुसुमादि-शक्तयोऽष्टौ। अलम्बुषा-कुहू-विश्वोदरी-वरुणा-हस्ति-जिह्वा- यशस्विनी-गान्धारी-पूषा-सरस्वती-इडा-पिङ्गला-सुषुम्ना चेति चतुर्दश-नाड्यः सर्व-संक्षोभिण्यादि चतुर्दशार-देवताः।

तब **नारद जी सती** से बोले-'**हे सुरेश्वरी!** पिता के घर यज्ञ-महोत्सव सुनकर कन्या धैर्य-पूर्वक कैसे बैठी रह सकती है? **शिव** तो परम योगी हैं। उनके समक्ष मान और अपमान बराबर हैं। न तो वे यज्ञ में जाएँगे और न वहाँ विघ्न ही डालेंगे। **हे जगदम्बिके!** दक्ष ने दर्प के कारण तुम्हें त्याग दिया है, अतएव उनका **दर्प-नाश** करने के लिए तुम्हें वहाँ जाना चाहिए।' ऐसा कहकर **नारद जी** पुनः **दक्ष-नगरी** को चले गए।

इसके पश्चात् **सती बोलीं-हे प्रभो!** पिता दक्ष यज्ञ कर रहे हैं, यद्यपि उन्होंने बुलाया नहीं है, फिर भी वहाँ पहुँचने पर वे सम्मान करेंगे।

शङ्कर बोले-हे प्रिये! बिना बुलाए जाना मरण-तुल्य है, उन्होंने मेरा अपमान किया है। यदि हम लोग वहाँ जाएँगे, तो वे कभी सम्मान नहीं करेंगे। सम्मान होने पर ही श्वसुरालय जाना चाहिए अन्यथा **धर्म-हानि** होती है। **दक्ष** तो सदैव यही कहते हैं कि मैं दरिद्री और दुखी हूँ।

उनके इस प्रकार के दुर्वाक्य असहनीय हैं। अतएव अपमान के लाभ के लिए वहाँ कौन बुद्धिमान् जाएगा?

सती बोलीं–**हे प्रभो!** आप सत्य कहते हैं, किन्तु सम्भव है, वे वहाँ पहुँचने पर सम्मान करें।

किन्तु **शङ्कर जी** जाने के लिए सहमत नहीं हुए। तब **सती** बोलीं–आपको जो रुचे वही करें, किन्तु मुझे जाने की आज्ञा दें। कन्या को पिता के घर जाने के लिए निमन्त्रण की आवश्यकता नहीं है, मेरे पहुँचने पर यदि उन्होंने सम्मान किया और आपके निमित्त **यज्ञ-भाग** दिया, तब तो ठीक ही है और यदि उन्होंने मेरे सामने आपकी निन्दा की, तो मैं उस **महा-यज्ञ** को नष्ट कर दूँगी।

शङ्कर बोले–स्वयं अपकर्म करने से बढ़कर और दूसरा क्या हो सकता है? मैं सत्य कहता हूँ, वहाँ तुम्हारा सम्मान नहीं होगा। अतः वहाँ तुम्हारा जाना उचित नहीं है।

सती बोलीं–आप आज्ञा दें या न दें, मैं वहाँ अवश्य जाऊँगी।

शङ्कर बोले–यदि तुम नहीं मानती हो, तो मेरी आज्ञा की क्या आवश्यकता है! जैसा रुचे, वैसा करो।

यह सुनकर **सती** क्रोधित हो गईं और क्षण में ही उनके नेत्र लाल हो गए। **शङ्कर** ने देखा कि क्रोध से **सती** के अधर काँप रहे हैं और नेत्र कालाग्नि तुल्य हो गए हैं। सहसा **सती** ने भयानक दाँतों द्वारा अट्टहास किया, यह देखकर **महादेव** भयभीत हो गए। उन्होंने कष्ट से नेत्र उठाकर भयानक दृश्य देखा कि सहसा **सती** ने **वृद्धावस्था, दिगम्बरा, खुले केश, ललज्जिह्वा, चतुर्भुजा, पसीने से युक्त कालानल सदृश देह, महा-भयङ्कर, घोर-शब्द करनेवाली, मुण्ड-माला विभूषित, ललाट पर अर्ध-चन्द्र** और **देदीप्यमान उज्ज्वल किरीट, भयानक** और **जाज्वल्यमान रूप** धारण किया है और सहसा **घोर अट्टहास** करके जलने को उद्यत हैं, यह देखकर **शङ्कर** भयभीत हो वहाँ से भाग पड़े।

पति को भागते देखकर **सती** ने दया-पूर्वक उन्हें रोकने की इच्छा से **समस्त दिशाओं** में क्षण में **दश-रूप** धारण करके पति का मार्ग रोका। **शङ्कर** ने देखा कि मैं जिस दिशा में जाता हूँ, उसी दिशा में **अट्टहास करती हुई भयानक मूर्ति** सामने दिखाई देती है। तब उन्होंने सन्मुख स्थित **हँसमुखी, पीन-पयोधरी, दिगम्बरा, भीम-विशाल-लोचना, मुक्त-केशी, करोड़ों सूर्य की आभा के समान, चतुर्भुजा श्यामा** से पूछा–**हे श्यामा!** तुम कौन हो और मेरी प्राण-वल्लभा **सती** कहाँ गईं?

सती बोलीं–**हे महा-देव!** आप देखते नहीं, **सती** मेरे शरीर में स्थित हैं। ये **दशों दिशाओं** में जो रूप आप देख रहे हैं, वे सब उन्हीं के हैं, जो **कृष्णा** आपके गृह पर हैं,

वे **भीम-लोचना काली** हैं। ऊपर अन्तरिक्ष में **श्याम-वर्णा महा-काल-स्वरूपिणी तारा** हैं। आपके दाहिनी ओर **अत्यन्त भय-प्रदा छिन्नमस्ता** हैं। बाँईं ओर **भुवनेश्वरी** हैं, आपके पीछे शत्रु-सूदिनी **बगला देवी** हैं। अग्नि-कोण में विधवा-रूप-धारिणी **धूमावती** हैं। नैर्ऋत्य में त्रिपुर-सुन्दरी हैं, वायव्य में **मातङ्गी** हैं, ईशान में **षोडशी देवी** हैं और मैं स्वयं **भीमा भैरवी** हूँ।

हे शम्भो! आप भयभीत न हों। ये **दश-महा-विद्या** भक्तों को **चतुर्वर्ग-फल प्रदान करनेवाली** हैं। इनके **मन्त्र, यन्त्र, पूजा, होम-विधि, पुरश्चरण, स्तोत्र, कवच, आचार** और **नियम** आदि आप ही कहने में समर्थ हैं, अन्य नहीं। आपके द्वारा कथित **आगम-शास्त्र** और **वेद** मेरी दोनों बाहू हैं। मैं आपकी प्रियतमा हूँ और आप मेरे प्रियपति हैं। मैं **प्रजापति का दर्प-नाश** करने के लिए जाना चाहती हूँ, यदि आप नहीं जाना चाहते, तो मुझे आज्ञा दें। इतना कहकर वे सब मूर्तियाँ अन्तर्द्धान हो गईं और **एक-रूपा सती** रह गईं।

तदुपरान्त **शङ्कर** से आज्ञा लेकर **सिंहों से जुते हुए दिव्य रथ में सती काली**-रूप से **दक्ष-यज्ञ** नष्ट करने के लिए गईं।

अन्य **'पुराण'** के मत से **भगवती षोडशी देवी** की उत्पत्ति इस प्रकार है-

जिस समय **शङ्कर** रमणीय **कैलास** शिखर पर वास करते थे, उस समय उनका स्तव करने के लिए **इन्द्र** ने अप्सराओं को भेजा। उन्होंने आकर **महा-देव** का स्तव किया। **महा-देव जी** उनके स्तव से सन्तुष्ट होकर करुणामृत वचनों से बोले-पुरुष का अतिथि पुरुष और स्त्री का अतिथि स्त्री होना चाहिए। अतएव तुम सब **काली** के निकट जाओ। ऐसा कहकर **महा-देव जी** रम्यपुर चले गए और यह वृत्तान्त **काली** को सुनाया। अप्सराओं को परम दुर्लभ प्रीति प्राप्त हुई जानकर **देवी महा-काली** ने बारम्बार चिन्ता करके **शुद्ध गौरी**-रूप-धारण कर लिया, जिससे **महा-देव जी 'काली-काली'** कहकर चिल्लाने लगे। इधर **शुद्ध गौरी-रूप महा-काली** वहाँ से अन्तर्धान हो गईं। पश्चात् **महादेव जी** अन्तःपुर पहुँचे, जब वहाँ भी **काली** को नहीं देखा, तब वे वहीं रहने लगे। किसी समय **नारद जी** वहाँ पहुँचे, **शङ्कर जी** ने बाँएँ हाथ से उन्हें स्पर्श करके उनका सत्कार किया और अनेक प्रकार की बात चीत की। अन्त में **नारद जी** ने **महादेव जी** से पूछा-हे प्रभो! **काल-विकाशिनी काली** आपको छोड़कर कहाँ चली गईं?

महादेव जी ने कहा-**काली** मुझे छोड़कर अन्तर्धान हो गई हैं।

यह सुनकर **नारद जी** बड़े प्रसन्न हुए, उन्होंने **काली** और **महादेव** के विवाद को सोचकर ध्यान-चक्षु से देखा कि **सुमेरु** के उत्तर पार्श्व में **महा-देवी** अवस्थान करती हैं। तब **नारद जी जगन्मयी** के निकट उपस्थित हो, उन्हें प्रणाम करके वहीं रहने लगे।

महादेवी नारद जी से बोलीं–**महादेव** मुझे त्याग कर क्या करते रहते हैं, उनका कुशल-मङ्गल कहो।

नारद जी बोले–**हे गिरि-सुते!** देव-देव **महा-देव** परम-विहार के लिए उद्योग कर रहे हैं, आप उन्हें रोकिए।

यह सुनकर **देवी** क्रोधित हो गईं, उनके नेत्र रक्त-वर्ण हो गए। पश्चात् **देवी** ने दूसरा रूप धारण किया, उन्होंने जैसा सौन्दर्य धारण किया, वैसा तीनों लोकों में कहीं भी नहीं था। ऐसे अतुलनीय रूप को धारण कर वे **भगवान् महेश्वर** के समीप उपस्थित हुईं। **महादेवी** ने **शम्भु** के हृदय में एक छाया देखकर अत्यन्त क्रोधित हो कहा–हे कृतघ्न **महादेव!** तुम मेरे साथ प्रतिज्ञा-पाश से बँधे हुए हो, फिर उसे क्यों उल्लङ्घन करते हो? **हे शिव!** तुमने विवाह करके मुझे अपने हृदय में स्थान दिया है। फिर मैं यह किसकी छाया तुम्हारे हृदय में देख रही हूँ?

महादेव काली के यह वचन सुनकर कुछ मुस्करा कर प्रेम-पूर्वक गद्-गद् कण्ठ से बोले–**हे कल्याणी!** मैं कृतघ्न नहीं हूँ और न मैंने प्रतिज्ञा ही उल्लङ्घन की है, मेरे हृदय में जो छाया तुमने देखी है, वह तुम्हारी ही है, इसमें सन्देह नहीं। **हे महा-भागे!** तुम ध्यान-पूर्वक ज्ञान-चक्षु से देखो, वह तुम्हारी ही छाया है।

पीछे **काली** अपनी ही छाया देखकर स्वस्थ हुईं और **महादेव जी** से बोलीं–**हे जगत्पते!** यह छाया क्या है? सो कहिए।

महादेव यह वचन सुनकर प्रेम-पूर्वक **काली** से बोले–**हे शिवे!** तुमने त्रि-भुवन में श्रेष्ठ रूप धारण किया है। अतएव स्वर्ग में, मृत्यु-लोक में और पाताल लोक में तुम क्रमशः **सुन्दरी, पञ्चमी** और **श्रीत्रिपुर-सुन्दरी** नाम से प्रसिद्ध होगी और सर्वदा षोडश-वर्षीया होकर **षोडशी** नाम से विख्यात होगी। **हे सुरेश्वरी!** मेरे हृदय में छाया देखकर तुम भयभीत हो गई थीं, इस कारण तीनों लोकों में तुम्हारा नाम **त्रिपुर-भैरवी** होगा। **भगवती** की **कृपा-मयी सुस्थचित्ता** जो अवस्था है, उसको **भुवनेश्वरी** या **राज-राजेश्वरी** समझो। जो **उग्र-तारिणी, दिक्कर-वासिनी, ललित-कान्ता, मङ्गल-चण्डिका, कौशिकी, देवदूती** आदि नामों से प्रसद्धि होंगी। जो **भुवनेश्वरी** नाम से विख्यात होंगी उनके अनेक भेद होंगे। यथा-**त्रिपुटा, जय-दुर्गा, वन-दुर्गा, त्रिकण्टकी, कात्यायनी, महिषघ्नी, दुर्गा, वन-देवता, श्रीराम-देवता, वज्र-प्रस्तारिणी, शूलिनी, गृहदेवी, गृहारूढ़ा, मेधा, राधा, कालिका** इत्यादि।

–पण्डित महावीरप्रसाद जी मिश्र

★★★

'श्री-यन्त्र' एवं 'शरीर'-चक्र

मातस्तावकमासनं द्युति-मयं बिन्दु-त्रिकोणाञ्चितं,
तत्पश्चाद् वसु-दिग्-दशामनुभिः कोणैर्युतं सुन्दरम्।
अग्रे नाग-दलाङ्कितं त्रिभिरथो वृत्तैस्तथा भूपुरै-
र्युक्तं सर्व-सुखावहं पुर-मयं 'श्रीयन्त्रराजं' भजे।।

चक्र का नाम	अधिष्ठातृ देवी	शरीर में स्थान	दल की संख्या	देवी
१-विन्दु (सर्वानन्द-मय)	महा-त्रिपुर-सुन्दरी	भ्रू-मध्य (आज्ञा-चक्र)	द्वि-दल	प्रकटा
२-त्रि-कोण (सर्व-सिद्धि-प्रद)	त्रिपुराम्बा	लम्बिका (इन्द्र-योनि)	अष्ट-दल	गुप्ता
३-अष्ट-कोण (सर्व-रोग-हर)	त्रिपुर-सिद्धा	कण्ठ (विशुद्धि)	षोडश-दल	गुप्त-तरा
४-अन्तर्दशार (सर्व-रक्षा-कर)	त्रिपुर-मालिनी	हृदय (अनाहत)	द्वादश-दल	परा
५-बहिर्दशार (सर्वार्थ-साधक)	त्रिपुरा-श्री	नाभि (मणिपुर)	दश-दल	सम्प्रदाया
६-चतुर्दशार (सर्व-सौभाग्य-दायक)	त्रिपुर-वासिनी	वस्ति (स्वाधिष्ठान)	षट्-दल	कुल-कौला
७-अष्ट-दल (सर्व-संक्षोभण-कारक)	त्रिपुर-सुन्दरी	गुदा (मूलाधार)	चतुर्दल	निगर्भा
८-षोडश-दल (सर्वाशा-परिपूरक)	त्रिपुरेशी	तदधोदेश (कुल)	षट्-दल	अति-रहस्या
९-भू-पुर चतुरस्र (त्रैलोक्य-मोहन)	त्रिपुरा	तदधोदेश (अकुल)	सहस्र-दल	परापर-रहस्या

तन्त्रों में–

श्री षोडशी देवी

जो **पञ्च-शवासना** हैं, जिन्हें जानने से सब जाना जाता है, जिन्हें सुनने से सब सुना जाता है, जिन्हें समझने से सब समझा जाता है, उन्हीं का **तन्त्रों में षोडशी, त्रिपुर-सुन्दरी, श्रीसुन्दरी, ललिता, कामेश्वरी** आदि नामों से उल्लेख हुआ है। उनका एक स्वरूप **'श्री-यन्त्र'** भी है। **'तन्त्र'** में **कामेश्वरी** और **षोडशी** के **ध्यान** का **मन्त्र** भी एक ही है तथा कहा गया है कि जो इन्हें जानता है, वह **सर्वज्ञ है, मुक्त** है।

'त्रिपुरोपनिषद्' कहती है–

'पुरं हन्त्री मुखं विश्वमान् रवे रेका स्वर-मध्यं तदेषा। वृहन्तिथिर्दश पञ्च च नित्या स षोडशीकं पुरमध्यं विभर्ति।' इससे सिद्ध होता है कि **त्रिपुर-सुन्दरी** अथवा **कामेश्वरी** ही **षोडशी** हैं।

जगदम्बा षोडशी का गृह 'श्री-यन्त्र'

'श्री-यन्त्र'-रूप श्रीसुन्दरी का गृह–१. **जाग्रत**, २. **स्वप्न** और ३. **सुषुप्ति** अथवा १. **प्रमाता**, २. **प्रमेय** और ३. **प्रमाण**-रूप से **त्रि-पुरात्मक** तथा १. **सूर्य**, २. **चन्द्र**, ३. **अग्नि**-रूप से **त्रि-खण्डात्मक** कहलाता है। यथा–

पुर-त्रयञ्च चक्रस्य, सोम-सूर्यानलात्मकम् ।
तथा त्रिखण्डं मातृका-चक्रं, सोम-सूर्यानलात्मक।।

इस प्रकार **श्री षोडशी** का गृह **'श्री-यन्त्र'** जैसे **विश्व-मय** है, वैसे ही **'शब्द'-सृष्टि** में **'मातृका'-मय** भी है। इसीलिए **'श्री-यन्त्र'** को **ब्रह्माण्ड एवं पिण्डाण्ड-मय** दोनों कहा गया है।

शब्दार्थ भेद से सृष्टि दो प्रकार की है–१. **अर्थ-सृष्टि** और २. **शब्द-सृष्टि**। **अर्थ-सृष्टि**–तत्त्वात्मिका है और **शब्द-सृष्टि**–मातृका-रूपा। **मातृका** के १. **स्वर**, २. **स्पर्श** और ३. **व्यापक** अर्थात् अन्तस्थ भेद से तीन खण्ड १. **चान्द्र**, २. **सौर** और ३. **आग्नेय** रूप हैं। यह तो हुई **ब्रह्माण्ड** की बातें, किन्तु **पिण्डाण्ड** में भी १. **शिर**, २. **हृदय**, ३. **मूलाधारान्त** तीनों भाग **तेजस्त्रयात्मक** ही हैं। **शिर** उत्तम भाग की शाखा है, **हाथ** मध्यम भाग की शाखा है और **पैर** अन्त्य भाग की।

इसी प्रकार **'श्री-चक्र'** की पाँच शक्तियाँ १. **त्रिकोण**, २. **अष्टार**, ३. **अन्तर्दशार**, ४. **बहिर्दशार** और ५. **चतुर्दशार** (अधो-मुख त्रिकोण)–ये **तेजस्त्रयात्मक** हैं और चार

शक्तियाँ १. विन्दु, २. अष्ट-दल, ३. षोडश-दल, ४. भू-पुर (ऊर्ध्व-मुख त्रिकोण) पुर-त्रयात्मक हैं। इनमें विन्दु, त्रिकोण, अष्टार और अष्ट-दल–आग्नेय-खण्ड (प्रमातृ-पुर) हैं। दशार-द्वय और चतुरस्त्र–सौर-खण्ड (प्रमाण-पुर) हैं तथा चतुर्दशार एवं षोडश-दल–चान्द्र-खण्ड (प्रमेय-पुर) हैं।

फिर १. वामा, २. ज्येष्ठा और ३. रौद्री अथवा १. इच्छा, २. ज्ञान और ३. क्रिया–रूप से यह त्रि-तयात्मक भी है और १. नाद, २. विन्दु तथा ३. कला–रूप से त्रि-रूप भी है।

शरीरस्थ नव-चक्रों से 'श्री-यन्त्र' की समानता

यद्यपि लिङ्ग शरीर में सुषुम्णा के आश्रयण में ३२ पद्म हैं, तथापि 'तन्त्र-शास्त्र' में मुख्य नव पद्म ही भगवती षोडशी के गृह श्री-चक्र के सादृश्य के हेतु कहे गए हैं। शिव-योग में मुख्य रूप से द्वादश पद्म हैं और राज-योग में छः पद्म हैं। सुषुम्णा के ऊर्ध्व एवं अधो-मुख भागों में दो सहस्त्रार हैं और मध्य में और सब पद्म। ब्रह्म-रन्ध्र में स्थित सहस्त्रार–महा-विन्दु है। इससे दोनों की एकता का सम्पादन होता है। फिर मातृका-रूप से भी इन दोनों में समानता है।

षोडश-दल और चतुर्दशार–स्वर-मय हैं। दशार-द्वय 'क' से लेकर 'न' पर्यन्त बीस वर्ण-मय है। अष्ट-दल 'अ-क-च-ट-त-प-य-श' आदि वर्गाष्टक रूप है। विन्दु-'क्ष'-कार-रूप, त्रिकोण–'म'-कार-रूप है, और महा-विन्दु–'क्ष'-कार और 'त'-कार की समष्टि–रूप है। शरीर-चक्र में कण्ठ में स्वर, हृदय में 'क' से 'ट' पर्यन्त, नाभि में 'ड' से 'फ' पर्यन्त, स्वाधिष्ठान में 'ब' से 'ल' पर्यन्त, मूलाधार में 'व' से 'स' तक और आज्ञा में 'ह', 'क्ष' वर्ण हैं। इसलिए 'श्री-चक्र' और शरीरस्थ चक्र दोनों एक ही हैं।

'श्री-चक्र'–सृष्टि-स्थिति-संहार का ज्ञापक

श्री-चक्र में विन्दु, त्रिकोण और अष्टार–सृष्टि के चक्र हैं। दशार-द्वय और चतुर्दशार–स्थिति-चक्र हैं। अष्ट-दल, षोडल-दल और भू-पुर ये संहार-चक्र हैं।

विन्दु-चक्र

विन्दु-चक्र–पूर्णहन्ता या शिव-भाव का द्योतक है। विन्दु या महा-विन्दु अथवा केन्द्रस्थ रक्त विन्दु ही मूल-कारण, या महा-त्रिपुर-सुन्दरी, या कामेश्वर-कामेश्वरी अथवा जगत् की मूल-योनि हैं। इन्हीं के अन्य नाम षोडशी, श्री, सुन्दरी, ललिता आदि हैं।

इस प्रकार प्रलय के बाद **ब्रह्म में शक्ति का प्रतिबिम्ब** पड़ने से **पूर्णाऽहं भाव विमर्श** उत्पन्न होता है। यही **सम्पूर्ण विश्व की सृष्टि, स्थिति** और **प्रलय** का कारण है तथा **शब्दार्थ सृष्टि** का वीज है। इसी को श्रुति में **नाम-रूप की अव्याकृत अवस्था** कहा गया है।

तान्त्रिक श्रेष्ठ नागानन्द कहते हैं–

विमर्शो नाम विश्वाकारेण विश्व-प्रकाशेन, विश्व-संहारेण वा अकृत्रिमोऽहमिति स्फुरणम्।।

अर्थात् **'अहम्'** इस प्रकार का स्वाभाविक स्फुरण (ज्ञान) ही **विमर्श-शक्ति** या **षोडशी महा-विद्या** है। यही **महा-विद्या** या **महा-शक्ति** जगत् की सृष्टि, स्थिति और प्रलय का कारण होती है। यद्यपि **पूर्णाऽहं भाव** या **शुद्धहन्ता** ही **ब्रह्म-रूप** है तथापि जैसे सम्मुखस्थ दर्पण में प्रतिबिम्बित हुए बिना अपना मुख नहीं दिखाई पड़ता, उसी प्रकार **विमर्श शक्ति (भगवती षोडशी)** में प्रतिबिम्बित हुए बिना **आत्मा की स्पष्ट अभिव्यक्ति** नहीं होती। अतः **अहं-भाव-विमर्श-मय** अर्थात् **षोडशी-मय** है।

अहं-भाव-रूप शिव-शक्ति के **'अ', 'ह'** और ' ँ ' ये तीन वर्ण हैं। इनमें **'अ'-कार** प्रकाश-**शिव**-स्वरूप, **'ह'-कार** विमर्श-**शक्ति**-रूप और ' ँ ' विन्दु-**मिथुन**-रूप है। यह **पूर्णहन्ता 'अहं'** ही **शिव-भाव** अथवा **मोक्ष** है–**'मोचयति चोन्नमिताऽमशात्।'** (मातृका-चक्र-विवेक) यथा–

अकारः सर्व-वर्णाग्र्यः, प्रकाशः परमं शिवः।
हकारोऽन्त्य-कला-रूपो, विमर्शाख्य प्रकीर्तितः।।

इस प्रकार सम्पूर्ण विश्व को अपनी कुक्षि में **त्र्यात्मक रूप** से धारण किए हुए **अहं-भाव** का द्योतक **विन्दु** है, जो **'महा-शक्ति षोडशी'** है। इस **महा-विन्दु** से **विन्दु** तक पहुँचने में अनन्त कलाओं से व्याप्त **उन्मनी, समनी** आदि **अर्द्ध विन्दु** तक **नौ अवस्थाओं** के द्योतक **नव-चक्र** हैं। इनमें सूक्ष्माति-सूक्ष्म क्रम से कुछ-न-कुछ **काल** का सम्पर्क **'तन्त्रों'** में कहा गया है। परन्तु **महा-विन्दु** में **देश-काल** का सम्बन्ध लेश-मात्र भी नहीं है।

विन्दु (अहं-भाव) में वीज-रूप से सारे प्रपञ्चों के आ जाने से समस्त चक्र इसी **विन्दु** के अन्तर्गत आ जाते हैं। इसलिए **'श्री-यन्त्र'** में **विन्दु-चक्र** ही प्रधान है। इसमें **श्री कामेश्वर** के साथ **श्री कामेश्वरी** सर्वदा नित्यानन्द-मय होकर विहार करती हैं। अतएव इसका नाम **सर्वानन्द-मय चक्र** भी है।

श्री कामराज विद्या की अधिष्ठातृ **'षोडशी** अर्थात् **श्रीविद्या'** का नामान्तर **'त्रिपुरा'** भी है। **त्रि-त्रि-मूर्तियों** से पुरा अर्थात् पुरातन होने से **त्रि-पुरा** अथवा **गुण-त्रयातीता, त्रि-गुण-नियन्त्री-शक्ति, 'तत्त्व-त्रयेण भिदाः'** (गौड़पादीय सूत्र) हैं। **'इड़ा', 'पिङ्गला'**

और 'सुषुम्णा' ही 'त्रिपुरा' हैं। वे 'मन', 'बुद्धि' और 'चित्'-रूप से तीन पुरों में निवास करनेवाली हैं। अतः 'त्रिपुरा' कही जाती हैं। त्रि-मूर्ति-१. ब्रह्मा, २. विष्णु और ३. महेश की जननी होने के कारण, 'त्रयौ'-१. ऋक, २. यजुः, ३. साम-मयी होने के कारण, महा-प्रलय के समय त्रि-लोकी को अपने में लय करने के कारण 'महा-शक्ति षोडशी जगदम्बा' का 'त्रिपुरा'-नाम कहा गया है। इनमें तीन प्रधान शक्तियाँ भी हैं-१. इच्छा-शक्ति-शिरो-भाग, २. ज्ञान-शक्ति-मध्य-भाग और ३. क्रिया-शक्ति-अधो-भाग।

जगदम्बा षोडशी का ध्यान

सर्वानन्द-मय-चक्र अथवा हृत्पुण्डरीक में **सुधा-सिन्धु** है और उसमें स्थित **मणि-द्वीप** में **शिव से संयुक्त** होकर **माँ षोडशी** विराजती हैं। उनका ध्यान इस प्रकार है-

बालार्क-मण्डलाभासां, चतुर्वाहां त्रि-लोचनाम्।
पाशांकुश-धनुर्वाणान्, धारयन्तीं शिवां भजे।।

जगदम्बा षोडशी के ध्यान के समय **रक्त-वर्ण**-स्वरूप का ध्यान किया जाता है, क्योंकि वे '**बालार्क-मण्डलाभासां**' हैं। यथा-'**लौहित्यमेतस्य सर्वस्य विमर्शः**' (भावोपनिषद्, सूत्र २८)। **महा-कामेश्वर, षोडशी** और स्वयं इन दोनों का **विमर्श** अर्थात् **स्वात्मा में अनुसन्धान** करना ही उनका '**रक्त-वर्ण**' है। स्थूल दृष्टि में दो रूप हैं, किन्तु रहस्य दृष्टि में **शिव** और **महा-शक्ति षोडशी-साम्य रसात्मक** हैं। इस प्रकार की भावना करना ही **रक्त-वर्ण का ध्यान है।**

जगदम्बा भगवती षोडशी अपने **चार हाथों** में **चार अस्त्र** धारण किए हुए हैं-**१. पाश, २. अंकुश, ३. धनुष** और **४. बाण** अर्थात् **१. राग, २. द्वेष, ३. मन** तथा **४. पञ्च-तन्मात्राओं द्वारा** वे **निराकार सदा-शिव** को **साकार लीला** में **प्रयुक्त** करती हैं।

छत्तीस तत्त्वों में '**राग**' अर्थात् '**प्रीति**' नामक तत्त्व '**पाश**' है। '**रागः पाशः**' (भावोपनिषद्, सूत्र ३३)। '**द्वेषोऽकुंशः**' (भावोपनिषद्, सूत्र २४)-'**द्वेष**' ही '**अंकुश**' है। '**मनः इक्षु-धनुः**' (भावोपनिषद्, सूत्र २२)-'**सङ्कल्प-विकल्प**' क्रिया-रूप **मन** ही '**इक्षु धनुष**' है। '**शब्दादित तन्मात्राः पञ्च-पुष्प-वाणाः**' (भावोपनिषद्, सूत्र २१)-**१. शब्द, २. स्पर्श, ३. रूप, ४. रस** और **५. गन्ध** की **पञ्च-तन्मात्राएँ** ही '**पञ्च-वाण**' हैं।

इच्छा-शक्ति-मयं पाशमंकुशं ज्ञान-रूपिणम्।
क्रिया-शक्ति-मये वाण-धनुषीदधुज्ज्वलम्।।

(उत्तर चतुशती०)

अर्थात् 'पाश'-इच्छा-शक्ति, 'अंकुश'-ज्ञान-शक्ति तथा 'वाण' और 'धनुः'-क्रिया-शक्ति के द्योतक हैं। 'अभय' और 'वर'-मुद्रा उनके हाथों में नहीं है। उनके चरण कमल में ही 'अभय' और 'वर-मुद्रा' है। 'सौन्दर्य-लहरी' में कितना सुन्दर कहा गया है-

त्वदन्यः पाणिभ्यामभय-वरदो दैवत-गण-
स्त्वमेका नैवासि प्रकटित-वराभीत्यभिनया।
भयात् त्रातुं दातुं फलमपि च वाञ्छा-समधिकम्,
शरण्ये! लोकानां तव हि चरणावेव निपुणौ।।

परमहंस रामकृष्णदेव ने जब अपनी पत्नी श्री शारदामणि देवी में महा-शक्ति-षोडशी का आविर्भाव कराकर उनके पाद-पद्मों की पूजा की और अपना साधन-भजन सब समर्पण कर दिया, तब उन्होंने कहा था-'जितने देव-देवियों को मैंने देखा है, उनमें इनसे बढ़ कर सुन्दर कोई नहीं दीख पड़ा। इन षोडशी देवी के चरण-कमल से जो एक बूँद सुन्दरता टपक पड़ी है, उसी से जगत् का सौन्दर्य है।'

जगदम्बा षोडशी का पञ्च-प्रेतासन

भगवती षोडशी का आसन पञ्च-प्रेतासन है। अर्थात् १. ब्रह्मा, २. विष्णु, ३. रुद्र, ४. ईश्वर और ५. सदा-शिव-१. पृथ्वी, २. चन्द्र, ३. सूर्य, ४. परमेष्ठी और ५. स्वयंभू-मण्डल-ये 'पञ्च महा-प्रेत' हैं। निर्विशेष ब्रह्म ही स्व-शक्ति-विलास के द्वारा ब्रह्मा, विष्णु इत्यादि पञ्च आख्याओं को प्राप्त होकर वामादि तच्छक्ति के सान्निध्य से १. सृष्टि, २. स्थिति, ३. लय, ४. निग्रह और ५. अनुग्रह-रूप पञ्च-कृत्यों को सम्पादित करते हैं। ये सब अपनी वामादि-शक्तियों से रहित होने पर 'प्रेत' कहे जाते हैं। ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और ईश्वर अथवा पृथ्वी, चन्द्र, सूर्य और परमेष्ठी-ये इनके चार पाद हैं और सदा-शिव-स्वयम्भू फलक हैं। उस पर महा-कामेश्वराङ्क में महा-कामेश्वरी अर्थात् जगदम्बा षोडशी विराजमान हैं। शक्ति के बिना शिव शव ही हैं।

जगदम्बा षोडशी का स्वरूप

उपाधि-रहित शुद्ध स्वात्मा-सर्वथा निरुपाधिक आत्मा-महा-कामेश्वर हैं और सदानन्द-रूप उपाधि-युक्त स्वात्मा-उपासक की आत्मा-जगदम्बा षोडशी अर्थात् त्रिपुर-सुन्दरी हैं। पर-देवता स्वात्मा से भिन्न होने पर भी अन्तःकरणोपाधिक आत्मा-उपासक है और सदानन्दोपाधि-पूर्ण उपास्य है।

भक्तों के लिए सरल उपासना हेतु **आत्म-शक्ति-स्वरूपा 'षोडशी** अर्थात् **श्री त्रिपुर-सुन्दरी'** के **१. स्थूल, २. सूक्ष्म** और **३. पर**–ये तीन स्वरूप हैं। इनमें प्रथम **स्थूल स्वरूप** कर-चरणादि अवयवों से युक्त निरतिशय सौन्दर्यशाली रूप है। साधक **मन्त्र-सिद्धि** प्राप्त कर अपनी दिव्य दृष्टि से उस **लोकोत्तराह्लादक तेजो-राशि स्वरूप का दर्शन** करता है तथा हाथों से उनके **श्री-श्रीचरण-कमलों** का स्पर्श करता है।

जगदम्बा भगवती षोडशी का दूसरा **मन्त्रात्मक रूप** है, जिसे पुण्यवान् साधक अपनी **कर्णेन्द्रिय** या **वागेन्द्रिय** द्वारा प्रत्यक्ष करते हैं।

श्रीमद्वाग्भव-कूटैक-स्वरूप-मुख-पङ्कजाः। (श्रीललिता-सहस्र-नाम)

अर्थात् **वाग्भव कूट-पञ्च-दशी मन्त्र के प्रथम पाँच वर्ण** ही जिनका मुख पङ्कज है अर्थात् **मन्त्र-मयी देवता** के सिद्धान्तानुसार मन्त्र-वर्णों में ही देवता के शरीरावयवों की कल्पना करने से वह **मन्त्रात्मक स्वरूप मन्त्र-ध्वनि** श्रवण-रूप में **कर्णेन्द्रिय** से तथा मन्त्रोद्धार-रूप **वागेन्द्रिय** से प्रत्यक्ष किया जाता है। पुनः उनका सर्व-मन्त्रों का मूल-भूत **मातृका सरस्वत्यात्मक**-रूप भी **मन्त्रात्मक**-रूप कहा जाता है।

'एतस्या साधितायां तु, सिद्धान्त्यास्मातृका यतः।

जगदम्बा भगवती षोडशी के तीसरे **वासनात्मक**-रूप अर्थात् **आत्म-शक्ति माता** के **चैतन्य**-रूप (चैतन्यान्यतो रूपम्) को महा-पुण्यवान् साधक केवल **मन** और **इन्द्रियों** से ग्रहण करते हैं।

जगदम्बा भगवती षोडशी का चौथा स्वरूप **'यन्त्र'** है। जिस महा-भाग्यवान् पर वे प्रसन्न होती हैं, उसे पूर्ण **ज्वलन्त** और **जीवन्त यन्त्र-रूप** में दर्शन देती हैं।

जगदम्बा षोडशी की उपासना

आत्म-शक्त्युपासना ही **जगदम्बा षोडशी** की उपासना अर्थात् **श्रीविद्योपासना** है। संक्षेप में **श्रीविद्योपासना** का अर्थ है–**सर्व-भावों में स्वात्मा** को और **स्वात्मा में सर्व-भावों** को देखते हुए **पिण्डाऽहं** भाव को छोड़कर **वेतृ-भाव** के आसन पर स्थिर रहना और **स्व-देह** को **वेद्य** समझते हुए, **वेत्ता** पर सर्वदा दृष्टि रखना। इस प्रकार उपासना करनेवालों को संसार में कुछ भी अवशिष्ट नहीं रहता। **स्वात्मा-विश्वात्मिका षोडशी देवी** हैं और उनका विमर्श ही उनका **रक्त-वर्ण** है। इस प्रकार की भावना करना ही **श्रीविद्योपासना** है।

जगदम्बा षोडशी की पूजा का रहस्य

■ **जगदम्बा षोडशी-स्वरूपा पूर्ण सर्व-व्यापक चिच्छक्ति** की सर्वत्र प्रतिष्ठा की भावना करना ही उनको **आसन** प्रदान करना है।

■ वियदादि स्थूल प्रपञ्च-रूप चिच्छक्ति के पाद-पद्मों के नाम-रूपात्मक मल को सच्चिदानन्दैक-रूपत्व की भावना द्वारा साफ करना 'पाद'-प्रक्षालन है।

■ सूक्ष्म प्रपञ्च-रूप करों के नाम-रूपात्मक मल को सच्चिदानन्दैक-रूपत्व की भावना द्वारा जल से क्षालन करना–'अर्घ्य' प्रदान करना है।

■ भावना-रूपों का केवलीकरण अर्थात् असाधारण रूप से उनका चिन्तन करना ही 'आचमन' करना है।

■ जगदम्बा षोडशी के सत्त्व-चित्वानन्दत्वादि (सत्-चित्-आनन्द) की भावना करना ही जल से 'स्नान' कराना है। साथ ही, भावनात्मक वृत्तियों को विषयों की भावना से दूर करना ही वस्त्र द्वारा अङ्ग-प्रोञ्छन है।

■ निरविषयत्व, निरञ्जनत्व, अशकत्व, अजरत्व और अमृतत्वादि अनेक धर्म-रूप आभरणों में भावना करना ही आभरणार्पण है।

■ स्व-शरीर-रूपी घट के पार्थिव भागों की जड़ता हटाकर उनमें चिन्मात्र की भावना करना गन्ध-विलेपन है।

■ इसी प्रकार स्व-शरीर-रूपी घट के आकाश भागों में पूर्वोक्त प्रकार से भावना करना 'पुष्पार्पण' है। वायवीय भागों में उक्त भावना करना 'धूपार्पण' है। तैजस् भागों में उसी प्रकार की भावना करना 'दीप-दर्शन' है। अमृत भागों में उक्त प्रकार से भावना करना 'नैवेद्य का अर्पण' है। षोडशान्तेन्दु-मण्डल की चिन्मात्रता की भावना करना 'ताम्बूल-दान' है।

■ परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी-शब्दों को नाद-द्वारा ब्रह्म में उपसंहार करने की भावना करना 'स्तुति' है।

■ विषयों की ओर जानेवाली चित्त-वृत्तियों को ब्रह्म में विलय करना प्रदक्षिणीकरण है और चित्त-वृत्तियों को विषयों से परावर्तित कर ब्रह्मैक-प्रवण करना प्रणाम करना है।

जगदम्बा षोडशी की बाह्य पूजा

किसी सुलक्षणा कन्या में षोडशी श्री विद्या का आवाहन कर षोडशोपचार से पूजा की जाती है और श्री चक्र-राज तो उनका शरीर ही है। योग्य गुरु से दीक्षा लेकर पूजा में प्रवृत्त होना चाहिए।

त्रिकोण-चक्र (शक्ति या जीव भाव)

पीले रङ्ग का त्रिकोण (सर्व-सिद्धि-प्रद)–१. आद्या-विमर्श शक्ति या जीव भाव, २. शब्द-अर्थ-रूप सृष्टि की कारणात्मिका परा-शक्ति, ३. अहं-भाव एवं जीव-तत्त्व।

यह चक्र एक **त्रिकोण** से बना है, जिसके भीतर **विन्दु** स्थित है। इस **त्रिकोण** के तीनों कोण **१. काम-रूप, २. पूर्ण-गिरि** तथा **३. जालन्धर पीठ** हैं और इनके बीच में **४. औड्याण पीठ** हैं। तीनों पीठों के देवता–**१. कामेश्वरी, २. वज्रेश्वरी** तथा **३. भग-मालिनी** हैं और वे **१. प्रकृति, २. महत्** और **३. अहङ्कार-रूपा** हैं।

विचिकीर्षुर्घनीभूता, सा चिदभ्येति विन्दुताम्।

अर्थात् **विमर्श-शक्ति** सृष्टि करने की इच्छा से **विन्दु**-रूप में प्रकट होती हैं और **'कालेन भिद्यमानस्तु स विन्दुर्भवति त्रिधा'** अर्थात् **काल** पाकर वही **विन्दु** तीन भाग (**त्रिकोण**) में प्रकट होता है। इस **विन्दु-भाव** में समस्त **प्रपञ्च-वासना** तथा **ज्ञेय-ज्ञातृ-ज्ञान का भाव** वट-वीज के अन्तर्गत बीज और वृक्ष की भाँति सूक्ष्म-भाव से लीन रहता है, पश्चात् **अन्तरलीन जगत्** को व्यक्त करने की इच्छा से वह **विन्दु- त्रिकोण**-रूप में परिणत हो जाता है अथवा अपने **रश्मि-स्वरूप त्रिकोण** को प्रकट करता है।

उक्त **त्रिकोण** की स्थूल बाह्य सृष्टि का आध्यात्मिक रहस्य यह है कि सृष्टि **१. शब्द** और **२. अर्थ**-भेद से दो प्रकार की है। परन्तु **'तन्त्र'** का सिद्धान्त है कि **'अर्थ'**-सृष्टि भी **शब्द**-मूलक है, कारण संसार का सभी व्यवहार **शब्द**-पूर्वक होता है। सभी प्रकार के अर्थ के पूर्व **'शब्द'** का ही उदय होता है तथा **'शब्द'** बिना **अर्थ** के भी अतीत अनागत विषयों एवं सर्वथा असत् शश सृङ्गादि को भी अपनी वृत्ति से कल्पित कर देता है, अतः **'शब्द'** ही **अर्थ-सृष्टि का मूल** है। प्रलय-काल में समस्त **अर्थ** प्रपञ्च-जाल **परा-वाक्**-रूप **'शब्द-ब्रह्म'** में लीन हो जाता है और सृष्टि-काल में पुनः प्रकट हो जाता है। यथा (मातृका-चक्र-विवेक)–

विश्रान्तमात्मनि परा ह्वय वाचि सुप्तौ। विश्वं वमत्यथ विबोध-पदे विमर्शः ।।

विन्दु-रूप **परा-वाक्** (मूल कारण-भूत विन्दु) से **पश्यन्ति, मध्यमा** और **वैखरी**-रूप **त्रिपुटी** के द्वारा **त्रिकोणात्मक शब्द-सृष्टि** अभिव्यक्त होती है। विन्दु-रूप **परा-वाक् कारण-विन्दु** है और **पश्यन्ति** आदि **तीन कार्य-विन्दु** हैं। इन चारों को क्रमशः **१. शान्ता, २. वामा, ३. ज्येष्ठा** और **४. रौद्री–१. अम्बिका, २. इच्छा, ३. ज्ञान** और **४. क्रिया** कहा जाता है। इनके अधि-देवता–**१. अव्यक्त** (मूल - प्रकृति), **२. ईश्वर, ३. हिरण्यगर्भ** और **४. विराट्** हैं और अधिभूत–**१. काम-रूप, २. पूर्णगिरि, ३. जालन्धर** और **४. औड्याण पीठ** हैं। इन पीठों का अध्यात्म मूलाधारस्थ **'कुण्डलिनी शक्ति'** है और **'कुण्डलिनी'** का परिज्ञान ही **'तन्त्र'** का मुख्य प्रतिपाद्य है। यही **'परा-वाक्'** अथवा **'विन्दु-तत्त्व'** का अध्यात्म-रूप है।

जब उक्त विन्दु पूर्वोल्लिखित **पश्यन्ति** आदि **कार्य-विन्दुओं** के सृजन में प्रवृत्त होता है, तब वह अव्यक्त **कारण-विन्दु 'रव'** कहा जाता है और इसी **'रव'** को **'शब्द'** कहा जाता है।

'स रवः श्रुति-सम्पन्नैः, शब्द-ब्रह्मेति गीयते।'

जब उक्त **निष्पन्द रवात्मक शब्द-ब्रह्म** वक्ता की इच्छा से और प्रयत्न-मात्र से सु-संस्कृत होकर शरीर-वायु द्वारा नाभि में आता है, तब वह केवल **मनो-मात्र विमर्श** से युक्त **'अ-क-च-ट-त-प-य-श'** आदि वर्ण विशेष शून्य स्पन्दात्मक प्रकाश-मात्र **कार्य-विन्दु 'पश्यन्ति वाक्'** कहलाता है और जब वह **'पश्यन्ति'** शरीर-वायु द्वारा हृदय तक आता है, तब वह **निश्चयात्मिका बुद्धि** से युक्त होकर **'अ-क-च-ट-त-प-य-श'** आदि वर्ण विशेष के साथ प्रकाशित होकर नाद-रूप **'मध्यमा वाक्'** होता है एवं जब वह **'मध्यमा'**-रूप को प्राप्त होकर **हृदयस्थ वायु** से प्रेरित होकर मुख में आता है, तब वह कण्ठ-ताल्वादि से स्पृष्ट होकर दूसरे मनुष्यों के श्रोत्रेन्द्रिय से सुनने योग्य **'अ-क-च-ट-त-य-श'** आदि वर्णों के **स्पष्ट** प्रकाश-रूप में बीजात्मक **'वैखरी वाक्'** कहलाता है।

वर्णों की अभिव्यक्ति **'मध्यमा'** से पहले नहीं होती। **'पश्यन्ति'** रव में तो केवल **मन** का ही सम्बन्ध होता है। इसलिए **'पश्यन्ति'** की जानकारी **मनः प्रणिधान** में समर्थ योगी ही कर सकते हैं, दूसरे नहीं । **मन-बुद्धि का भेदन** करनेवाले **पूर्णाऽहं-भाव** प्राप्त योगी ही **'परा'** का प्रकाश जान पाते हैं। यही **'परा'-वाक्**—पूर्ण सारूप **अहं-मय** और **प्रकाश-रूप** है। साधारण व्यक्तियों को **'अयं पटः' 'अयं घटः'** इत्यादि अन्यापेक्ष होने से **अपूर्ण-रूप नानाभाव (इदमंश)** के द्वारा ही सत्ता का प्रकाश मिलता है और यही कारण है कि वे **विकल्पों की व्याधि** से ग्रस्त रहकर **बद्ध** कहलाते हैं। परन्तु योगी इस **नानाभाव (अपूर्णांश)** को त्याग देता है और **शुद्ध पूर्णाऽहं भाव** को ग्रहण करता है। इसलिए वह **'मुक्त'** कहलाता है। यही **'परा'-वाक्—शब्द, अर्थ, मन्त्र, चक्र, देह** आदि सभी का मूल कारण है।

शब्दानां जननी त्वमत्र भुवने वाग्वादिनीत्युच्यसे।
त्वत्तः केशव-वासव-प्रभृतयोऽप्याविर्भवन्ति स्फुटम्।।
लीयन्ते खलु यत्र कल्पविरमे ब्रह्मादयस्तेऽप्यमी।
सा त्वं काचिद्चिन्त्य-रूप-महिमा शक्तिः परा गीयते।।

जिस प्रकार उक्त विन्दु **'परा-वाक्'** सभी **शब्दों की जननी** है, उसी प्रकार वह अर्थ-रूप **३६ तत्त्वों की जननी** भी है। **(१-५) पञ्च-महा-भूत, (६-१०) पञ्च-ज्ञानेन्द्रिय, (११-१५) पञ्च-कर्मेन्द्रिय, (१६-२०) पञ्च-इन्द्रियों के विषय, (२१) मन, (२२) बुद्धि, (२३) अहङ्कार, (२४) प्रकृति, (२५) पुरुष, (२६) कला, (२७) अविद्या, (२८) राग, (२९) काल, (३०) नियति, (३१) माया, (३२) शुद्ध विद्या, (३३) ईश्वर, (३४) सदा-शिव, (३५) शक्ति** और **(३६) शिव** ये ही **३६ तत्त्व** हैं। यही **'अर्थ'-सृष्टि** है एवं **'विन्दु'** ही इस ३६ तत्त्वात्मक सम्पूर्ण चक्र का मूल

है। **चक्र-सृष्टि** भी इसी से होती है। यही नहीं, चूँकि साधक की देह भी **'यथा ब्रह्माण्डे तथा पिण्डे'** के अनुसार **नव-चक्र-मय** होती है, अतः साधक के **देह की सृष्टि-कारिणी** भी वही है।

उपर्युक्त विवरण के अनुसार जिस **त्रिकोण** के विषय में लिखा जा रहा है, उसे **योनि-चक्र, शक्ति-चक्र, जीव-त्रिकोण** एवं **विसर्ग** भी कहा जाता है। संक्षेप में, **'विन्दु'-शिव**-स्वरूप है और **जीव है–'त्रिकोण'**-स्वरूप। इस **त्रि-कोण** के तीनों कोण क्रमशः **१. जाग्रत, २. स्वप्न** और **३. सुषुप्ति** हैं और **'बिन्दु'-तुरीय** है। **'शक्ति'** जब अन्तर्मुखी होकर **शुद्धाहं-भाव** को प्राप्त होती है, तब वह **'शिव'**-रूप होकर विश्राम लेती है और फिर जब वह **बहिर्मुख** होकर **'जीव'**-भाव से संसरण करती है, तब वह **'शिव-जीव' की समष्टि-भूत क्षमात्मा-शक्ति जगदम्बा षोडशी**, **त्रिपुर-सुन्दरी, त्रिपुरा, श्री, सुन्दरी** आदि नामों से वर्णित होती है। यही **'तन्त्र'** का सिद्धान्त है। इससे यही सिद्ध होता है कि वस्तुतः **'शिव'** और **'जीव'** भिन्न-भिन्न नहीं हैं, अपितु अन्तर्मुख और बहिर्मुख दृष्टि से एक ही वस्तु के दो नाम हैं तथा इससे यह भी ज्ञात होता है कि तत्त्वतः **'विन्दु'** और **'त्रिकोण'** में कोई अन्तर नहीं है। अन्तर केवल इतना ही है कि **'विन्दु'**-कारण है और **'त्रिकोण'**-कार्य। **'कार्य-कारण का तादात्म्य'** तो प्रसिद्ध ही है, केवल शब्द दो हैं।

जगदम्बा षोडशी अथवा **त्रिपुरा महा-शक्ति** के पर, अपर एवं परापर विलास से ही **अहम्** (उत्तम पुरुष), **इदम्** (प्रथम पुरुष) और **त्वम्** (मध्यम पुरुष) का व्यवहार होता है। किन्तु जब यह शक्ति दूसरों की अपेक्षा न रख **पूर्णाहं-भाव** से **'सोऽहम्'**- रूप **विमर्श** या **स्पन्द** का प्रकाश करती है, तब **'शिव'-तत्त्व** के नाम से अभिहित होती है और जब अन्यापेक्ष होकर **'स इदम्' 'अहमिदम्'** इन दोनों भावों में समान-गुण प्रधान रूप से उदासीन होकर विलास करती है, तब **'सदा-शिव'** व **'ईश्वर'**-संज्ञा को प्राप्त होती है। **'सदा-शिव'** और **'ईश्वर'**-अवस्थाओं में इतना ही अन्तर है कि **'सदा-शिव दशा'** में **'अहम्'** के अधिकरण-भूत चिन्मात्र में **'अहमिदम'** इत्याकारक **'इदम्'** अंश का उल्लास होता है और **'ईश्वर दशा'** में **'इदमहम्'** इत्याकारक विमर्श के अन्तर्गत **'इदम्'** अधिकरण में **'अहम्'** अंश का स्पष्ट उल्लास होता है। परन्तु **शुद्ध-विद्या दशा** में ग्राह्य-ग्राहक-भाव समानाधिकरण हो जाता है।

जब उपर्युक्त **त्रिविध विलास** समानाधिकरण अर्थात् **शुद्ध विद्या** से होते हैं, तब शिव-तत्त्व के विधायक **शुद्ध-विद्या, ईश्वर** वा **सदा-शिव** कहलाते हैं और जब वही त्रिविध विलास **अशुद्ध विद्या** या **माया** द्वारा जनित होते हैं, तब **१. 'मैं', २. 'तू', ३. 'वह'**-रूपी व्यवहार के प्रयोजक हो जाते हैं और वह **त्रिकोण-शक्ति–१. 'मातृ', २. 'मेय', ३. 'मान'–१. 'ज्ञाता', २. 'ज्ञेय', ३. 'ज्ञान'–१. 'हरि', २. 'हर', ३. 'हिरण्यगर्भ'**–

१. 'इच्छा', २. 'ज्ञान', ३. 'क्रिया'–१. 'मन', २. 'बुद्धि', ३. 'अहङ्कार' (अन्तःकरण-त्रय)'–१. 'सत्त्व', २. 'रज', ३. 'तम' (गुण-त्रय) इत्यादि **त्रिपुटी भाव** से पूर्ण हो जाती हैं। इस **त्रिपुटी** से शून्य अकोणाकार '**विन्दु**' ही पूर्वोक्त **त्रिपुटी** के उद्भावनार्थ **त्रिकोण** की आकृति धारण करता है अर्थात् '**विन्दु**' ही **त्रिकोण** में विभक्त हो जाता है। इस **त्रिकोण** में **श्रीकामेश्वर–कामेश्वरी** आश्रयाश्रयी भाव से सम्पन्न होकर–१. 'तेज', २. 'इच्छा', ३. 'शक्ति'–तीन रूप से स्थित होते हैं। काम-कला-विलास में कहा गया है–

सेयं त्रिकोण-रूपं मातां त्रिगुण-रूपिणी माता।

अष्टार (नव-योन्यात्मक)-चक्र अथवा कारण शरीर

इसे **सर्व-रक्षा-कर यन्त्र** भी कहते हैं। इसमें **हरे रङ्ग के आठ त्रिकोण** होते हैं और इनकी अधिष्ठातृ देवियों में **१. वशिनी, २. कामेश्वरी, ३. मोहिनी, ४. विमला, ५. अरुणा, ६. जयिनी, ७. सर्वेश्वरी** तथा **८. कौलिनी** हैं। ये सब क्रमशः **१. शीत, २. उष्ण, ३. सुख, ४. दुःख, ५. इच्छा, ६. सत्त्व, ७. रज** और **८. तम** की स्वामिनी होती हैं। इस चक्र का साधक गुणों पर अधिकार करनेवाला और द्वन्द्वातीत होने में समर्थ होता है।

'श्रीचक्र'–विश्व (ब्रह्माण्ड या पिडाण्ड) ही है। इसमें **'विन्दु'–'शिव'** है और **'जीव'–'त्रिकोण'**। ये दोनों चक्र जड़, चेतन एवं उभयात्मक विश्व के त्रि-पुटी-रूप–जड़-चेतन-रूप–**शिव-शक्ति-रूप** हैं एवं **चित्** और **चैत्य** के पारस्परिक संश्लेष को सूचित करते हैं। इसमें **विन्दु–अन्तर्मुखी विलास करनेवाली महा-शक्ति का अधिष्ठान** है तथा **त्रिकोण–बहिर्मुख विलास करनेवाली विमर्श-शक्ति** का अधिष्ठान है। '**इच्छा-माये प्रभोः**' इस सूक्ति के अनुसार इनमें किसी क्रम की अपेक्षा नहीं है, तथापि कल्पित क्रम को लेकर ही **अष्टार-चक्र** के सम्बन्ध में कुछ विवेचना की जाती है–

'**क्ष**'-कार– **शिव**-रूप है और इसे **कूटाक्षर** कहते हैं। अतः '**शिव-तत्त्व**' भी **कूट-तत्त्व** है। इसमें **शुद्ध विद्या, ईश्वर, सदा-शिव** और **शक्ति** के साथ चार तत्त्व हैं। इन चार तत्त्वों का शिव '**चतुरस्त्र**' कहलाता है। '**जीव**' के विषय में पहले ही कहा जा चुका है कि वह '**शिव**'-रूप है, केवल बहिर्मुख उपाधि के कारण ही वह **जीव-संज्ञा** को प्राप्त हुआ है। इस उपाधि की प्रयोजक है '**माया**' और उससे प्रसूत हुआ है–**अन्तःकरण-त्रय**। मतान्तर से **कला, राग, अविद्यादि कञ्चुक** ही इसका प्रयोजक है। यह **जीव चतुरस्त्र** नामक दूसरा चतुरस्त्र है। इन दोनों के मेल से **अष्ट-कोणात्मक अष्टार** बनता है, जो **शिव** और **जीव** दोनों भावों को सम्पादन करनेवाली सामग्री को उत्पन्न करता है। यह अर्थ के अनुसार '**तत्त्व-सृष्टि**' हुई।

'शब्द-सृष्टि' में भी तान्त्रिक रहस्य के अनुसार जीव-चतुरस्त्र 'य'-वर्ण और शिव चतुरस्त्र 'क्ष'-वर्ण को प्रादुर्भूत करनेवाला यह अष्टार-चक्र है। इस प्रकार 'अष्टार' की आठ योनि और त्रिकोण का एक मिलकर यह 'नव-योनि' भी कहलाता है। फिर इसके साथ मध्य का एक विन्दु मिला देने से इस एक ही विन्दु के दस भेद हो जाते हैं। 'श्री यन्त्र' में यह चक्र प्रधान माना गया है। इसमें 'शिव' और 'जीव' दोनों के चतुरस्त्र मिले हुए हैं। इसमें श्री महा-त्रिपुर-सुन्दरी-'शिव' और 'जीव' दोनों ही समष्टि-रूप में हैं। अतएव प्रधान देवताओं की पूजा अष्टार में ही करने को कही गई है। यथा (काम-कला-विलास)-

श-ष-स-य वर्ग-मये, तद्-वसु-कोण-विस्तारः।

नव-कोण-मध्यं चेत्यस्मिंश्चिद्दीपिते दृशके।।

यह चक्र-त्रितय १. प्रमातृ-पुर, २. स्वप्न-वासना तथा ३. अग्नि-खण्ड कहलाता है। योगिनी हृदय के अनुसार ये तीनों चक्र सृष्टि-चक्र हैं। इनमें विन्दु-चक्र सृष्टि अर्थात् इच्छा-रूप है। त्रिकोण-चक्र सृष्टि-स्थिति अर्थात् ज्ञान-रूप है और अष्टार-चक्र सृष्टि-संहार अर्थात् क्रिया-रूप है। श्री कामेश्वर और श्री कामेश्वरी इन दोनों के पृथक्-पृथक् संयोग से आठ आयुध उत्पन्न होते हैं, जो अष्टार में स्थित हैं। उपर्युक्त रीति से १. वामा, २. ज्येष्ठा, ३. रौद्री तथा १. इच्छा, २. ज्ञान और ३. क्रिया-रूप त्रिकोण ही तीन प्रकार से विभक्त होकर दो शक्ति और एक वह्नि के संयोग से अष्टार-चक्र बन जाता है। पुनः वही अष्टार त्रिधा विभक्त होकर वह्नि-शक्ति रूप से 'नव चक्रात्मक' बन जाता है। अतः सिद्ध होता है कि स्वयं 'अष्टार-चक्र' ही 'श्री-चक्र' है। यथा (स्वच्छन्द संग्रह)-

चितिश्चैत्यञ्च चैतन्यं, चेतनाद्वय कर्म च।

जीवः कला च देवेशि!, सूक्ष्मं पुर्यष्टकं मतम्।।

उक्त वचन के अनुसार पूर्वोक्त युगल तेज ही अपने सूक्ष्म-रूप पुर्यष्टक में विभक्त होकर वशिन्यादि शक्तियों के रूप में अष्टार में अधिष्ठित होता है। यथा-

अष्टारव्यपदेशोऽयं, चिन्तिर्वाणैषणादिकम् ।

सूक्ष्मं पुर्यष्टकं देव्या, मतिरेषा हि गौरवी।।

अन्तर्दशार अर्थात् इन्द्रिय-वासना-मय लिङ्ग शरीर

(सर्व-रोग-हर-चक्र, काले रङ्ग के दस त्रिकोण)

अब तक शिव-जीव और शिव-तत्त्व के चार तत्त्व तथा जीव-भाव के हेतुभूत माया, कला और रागादि छः कञ्चुक, जो मिलकर दस तत्त्व होते हैं, फिर मूल अक्षर

१. 'य', २. 'र', ३. 'ल', ४. 'व', ५. 'श', ६. 'ष', ७. 'स' और ८. 'म' के विषय में विवेचना की गई है अर्थात् **कारण**, **लिङ्ग** और **स्थूल** इन त्रिविध शरीरों में से केवल **कारण** शरीर की ही आलोचना की गई है। अब **अन्तर्दशार** और **बहिर्दशार** के द्वारा लिङ्ग शरीर के प्रादुर्भाव की बातें कही जाती हैं। **अन्तर्दशार** के दस त्रिकोणों की शक्तियाँ–**१. सर्वज्ञा, २. सर्व-शक्ति-प्रदा, ३. सर्वैश्वर्य-प्रदा, ४. सर्व-ज्ञान-मयी, ५. सर्व-व्याधि-नाशिनी, ६. सर्वाधारा, ७. सर्व-पाप-हरा, ८. सर्वानन्द-मयी, ९. सर्व-रक्षा** तथा **१०. सर्वेप्सित-फल-प्रदा** हैं और क्रमशः निम्नलिखित **वह्नि-कलाओं** की अधिष्ठातृ हैं–**१. रेचक, २. पाचक, ३. पोषक, ४. दाहक, ५. प्लावक, ६. क्षारक, ७. उद्धारक, ८. क्षेमक, ९. जृम्भक** और **१०. मोहक**।

अन्तर्दशार के दस कोण **पञ्च-ज्ञानेन्द्रियों** और **पञ्च-कर्मेन्द्रियों** से घटित हैं। '**अष्टार-चक्र**' में **श्री कामेश्वर-कामेश्वरी** का जो **तेज-युग्म** वशिन्यादि-रूप में या पुर्यष्टक-रूप (कारण-रूप) में है, वही दशधा विभक्त होकर **इन्द्रिय-रूप** में इस **अन्तर्दशार** में प्रकाशित होता है और **सर्वज्ञादि दस शक्तियों** के रूप में पूजित होता है। इसका नाम **सर्व-रक्षा-कर** है क्योंकि **द्वि-विध इन्द्रियों** में ही सबकी रक्षा होती है।

बहिर्दशार

(लाल रङ्ग के दस त्रिकोण, सर्वार्थ-साधक-चक्र)

बहिर्दशार– तन्मात्रा तथा **पञ्च-भूत** (इन्द्रिय विषय) शरीर है। इसके दसों त्रिकोणों का रङ्ग लाल है। इसकी शक्तियाँ **दसों प्राणों की स्वामिनी** हैं–**१. सर्व-सिद्धि-प्रदा, २. सर्व-सम्पत-प्रदा, ३. सर्व-प्रियङ्करी, ४. सर्व-मङ्गल-कारिणी, ५. सर्व-काम-प्रदा, ६. सर्व-दुःख-विमोचिनी, ७. सर्व-मृत्यु-प्रशमिनी, ८. सर्व-विघ्न-निवारिणी, ९. सर्वाङ्ग-सुन्दरी** तथा **१०. सर्व-सौभाग्य-दायिनी**।

इसी प्रकार **बहिर्दशार** के दस कोण पूर्वोक्त **दस इन्द्रियों** के **विषय–गन्ध, रूप, रसादि** तथा **वाक्** आदि का आभ्यन्तरस्थ-रूप **आकाशादि** हैं। चूँकि विषय ही सर्व अर्थों के साधन हैं, इसलिए इसे '**बहिर्दशार**' कहा जाता है। '**बहिर्दशार**' के चारों विदिक कोणों में **चार मर्म-स्थान** हैं। इसके अन्तर्भाग में **चार त्रिकोणों की भावना** की जाती है। ये चार **त्रिकोण** एक **चतुरस्त्र** माने जाते हैं। इसके एक-एक कोण से **१. प्रकृति, २. अहङ्कार, ३. बुद्धि** और **४. मन** होता है।

१. प्रकृति, २. मन, ३. बुद्धि और **४. अहङ्कार**–इसी प्रकार उत्पत्ति-क्रम है, परन्तु उपर्युक्त स्थल में अर्थ की दृष्टि से यह क्रम रखा गया है। जड़ होने के कारण **अहङ्कार** साक्षात्

प्रकृति-धर्म है। अहङ्कार और मन से बुद्धि बनती है और सब इन्द्रियों का प्रवर्त्तक होने के कारण मन पुरुष से अधिक सम्पर्क रखता है। इसलिए भी यहाँ ऐसा क्रम रखा गया है। ये चार तत्त्व 'प', 'फ', 'ब', 'भ' चार मातृका-वर्ण हैं। 'म'-कार जीव-रूप त्रिकोण में संश्लिष्ट है।

अन्तर्दशार में 'ट'-वर्ग तथा 'त'-वर्ग और बहिर्दशार में 'क'-वर्ग और 'च'-वर्ग–सब बीस बीज वा मातृकाएँ दोनों दशारों के दश कोणों में होती हैं। इनमें चतुरस्त्रों के चार बीज मिला देने से चौबीस होते हैं। इन चौबीस वर्णों में दो-दो वर्णों के संयोग से एक ग्राह्य (बाह्य विषय) और दूसरे ग्राहक (आभ्यन्तर-रूप) अर्थात् तन्मात्रा तथा इन्द्रिय से सूर्य की बारह कलाएँ बनती हैं। इनमें प+फ और ब+भ के संयोग से प्रकृति और मन-रूप दो कलाएँ बनती हैं, जो चतुरस्त्र की प्रधान कलाएँ हैं क्योंकि चतुरस्त्र बिम्ब-चक्र है, शेष दस कलाएँ इन्द्रिय तन्मात्रा-रूप अवयव कलाएँ कहलाती हैं। ये बिम्ब-चक्र की रश्मि के रूप में दशार-द्वय में रहती हैं। इसलिए दशार-द्वय और चतुरस्त्र-सौर-खण्ड, प्रमाण-पुर एवं जागरात्मक कहलाता है।

जब अन्तर्दशार के तत्त्व (विषय) बहिर्दशार के तत्त्वों (इन्द्रियों) को अपनी व्याप्ति से आच्छन्न नहीं करते अर्थात् जब विषय अपने-अपने निकट आभ्यन्तर-रूप में विलीन रहते हैं, तब दस इन्द्रिय और शब्द-स्पर्शादि पञ्च-तन्मात्राएँ, मन तथा पुरुष-इन सत्रह इन्द्रियों से लिङ्ग शरीर बनता है अर्थात् मूल-कारण-रूप सूक्ष्म विन्दु (अव्यक्त) क्रमशः बाह्य-रूप में विकशित होता हुआ इन्द्रियादि-रूप को प्राप्त होकर लिङ्ग शरीर में परिणत हो जाता है। इन्हीं अवस्थाओं की सूचना चतुरस्त्र-गर्भित दशार-द्वय से होती है।

स्थूल शरीर द्वारा जाग्रत्-व्यवहार का प्रवर्त्तक सूर्य है, इसमें जड़ (चन्द्र-कला) और अजड़ (वह्नि-कला) दोनों का समावेश रहता है। जाग्रत्-पुर-रूप उपर्युक्त त्रि-चक्र-इन्द्रिय और विषय (चेतन और जड़) दोनों का संमिश्रण होता है। इन्द्रिय और मन विषय-ग्राहक होने से औपचारिक चेतन-तत्त्व-मय माने जाते हैं। आद्या-शक्ति के बहिर्मुख विलास से चित्-शक्ति चैत्य में लीन हो जाती है और चैत्य ही बहिर्व्याप्त रहता है। इस दशा को 'तन्त्र' में 'पशु-दशा' कहा गया है।

यहाँ बहिर्दशार-चक्र में 'तत्त्व' और 'बीज' निम्न-लिखित प्रकार से हैं–

'क'–पृथिवी, 'ख'–जल, 'ग',–तेज, 'घ'–वायु, 'ङ'–आकाश।

'च'–गन्ध, 'छ'–रस, 'ज'–रूप, 'झ'–स्पर्श, 'ञ'–शब्द।

'ट'–पायु, 'ठ'–उपस्थ, 'ड'–हाथ, 'ढ'–पैर, 'ण'–वाक्।

'त'–नाक, 'थ'–जिह्वा, 'द'–आँख, 'ध'–त्वक्, 'न'–कान।

'प'–प्रकृति, 'फ'–अहङ्कार, 'ब'–बुद्धि, 'भ'–मन, 'म'–पुरुष।

यही दशार-द्वय का संक्षिप्त परिचय है।

चतुर्दशार अर्थात् जाग्रत् स्थूल शरीर

(सर्व-सौभाग्य-दायक नीले रङ्ग के १४ त्रिकोण)

इस चक्र के १४ त्रिकोण चतुर्दश मुख्य नाड़ियों के द्योतक हैं। इन नाड़ियों के नाम हैं–**१. अलम्बुषा, २. कुहु, ३. विश्वोदरी, ४. वारणा, ५. हस्ति-जिह्वा, ६. यशोवती, ७. पयस्विनी, ८. गान्धारी, ९. पूषा, १०. शङ्खिनी, ११. सरस्वती, १२. ईड़ा, १३. पिङ्गला** तथा **१४. सुषुम्णा** और इनकी अधिष्ठातृ शक्तियों के क्रमशः नाम हैं–

१. सर्व-संक्षोभणी, २. सर्व-विद्रावणी, ३. सर्वाकर्षिणी, ४. सर्वाह्लादिनी, ५. सर्व-सम्मोहिनी, ६. सर्व-स्तम्भनी, ७. सर्व-जृम्भिणी, ८. सर्व-वशङ्करी, ९. सर्व-रञ्जनी, १०. सर्वोन्मादिनी, ११. सर्वार्थ-साधिनी, १२. सर्व-सम्पत्ति-कारिणी, १३. सर्व-मन्त्र-मयी और **१४. सर्व-द्वन्द्व-क्षय-करी।**

पूर्वोक्त **तेजो-युग्म** विभक्त होकर **चतुर्दशार** के चौदह कोणों में उक्त शक्तियों के रूप में पूजित होता है। यह **चान्द्र-खण्ड** तथा जड़ होने से **सुषुप्ति-पुर** कहलाता है।

चौदह कोणों के चौदह वर्ण (स्वर-वर्ण **'अ'** से लेकर **'औ'** तक और ह्रस्व-दीर्घ मिलाकर १४ वर्ण होते हैं) और **'अं'** तथा **'अः'** (मातृकाएँ) ये १६ होते हैं। यही **चन्द्र की १६ कलाएँ** हैं, जो चतुर्दशार में अभिव्यक्त होती हैं।

अष्ट-दल-पद्म अर्थात् अष्टार-वासना

(सर्व-संक्षोभण-चक्र, गुलाबी रङ्ग के आठ दलों का कमल)

इस चक्र के **अष्ट-दल** हैं–**१. वचन, २. आदान, ३. गमन, ४. विसर्ग, ५. आनन्द, ६. हान, ७. उपादान** और **८. उपेक्षा** की बुद्धि का स्थानापन्न। इनकी अधिष्ठातृ शक्तियाँ क्रमशः हैं–**१. अनङ्ग-कुसुमा, २. अनङ्ग-मेखला, ३. अनङ्ग-मदना, ४. अनङ्ग-मदनातुरा, ५. अनङ्ग-रेखा, ६. अनङ्ग-वेगिनी, ७. अनङ्ग-मदनांकुशा** तथा **८. अनङ्ग-मालिनी।**

षोडश-दल-पद्म अर्थात् दशार-द्वय-वासना

(सर्वाशा-परिपूरक-चक्र, पीले रङ्ग के १६ दलों का पद्म)

इस चक्र के १६ दलों का सम्बन्ध–**१. मन, २. बुद्धि, ३. अहङ्कार, ४. शब्द, ५. स्पर्श, ६. रूप, ७. रस, ८. गन्ध, ९. चित्त, १०. धैर्य, ११. स्मृति, १२. नाम, १३. वार्धक्य, १४. सूक्ष्म-शरीर, १५. जीवन** तथा **१६. स्थूल शरीर** से होता है और उनकी अधिष्ठातृ शक्तियाँ क्रमशः इस प्रकार होती हैं–

१. कामाकर्षिणी, २. बुद्ध्याकर्षिणी, ३. अहङ्काराकर्षिणी, ४. शब्दाकर्षिणी, ५. रूपाकर्षिणी, ६. रसाकर्षिणी, ७. गन्धाकर्षिणी, ८. चित्ताकर्षिणी, ९. धैर्याकर्षिणी, १०. स्मृत्याकर्षिणी, ११. नामाकर्षिणी, १२. बीजाकर्षिणी, १३. आत्माकर्षिणी, १४. अमृताकर्षिणी तथा १६. शरीराकर्षिणी। ये षोडश शक्तियाँ नित्या कहलाती हैं।

भू-पुर अथवा चतुरस्र

यह १. विन्दु, २. त्रिकोण, ३. अष्ट-दल, ४. षोडश-दल इन चारों की समष्टि-स्वरूप होता है। संक्षेप में, यह **प्रमातृ-पुर** और **प्रमाण-पुर** की **पशु**-पदीय प्रकृति–**१. मन, २. बुद्धि, ३. अहङ्कार** और **४. शिव**-पदीय **शुद्ध-विद्या चतुष्टय** का सामरस्य है। इसका अन्य नाम **त्रैलोक्य-मोहन-चक्र** भी है। इस चक्र में हरे रङ्ग का बाह्य स्थल होता है।

यह नवाँ चक्र **भू-पुर** से बनता है और इसके चार विभाग होते हैं–

१–**षोडश-दल-कमल** के बाहर चारों ओर वृत्त के पश्चात् तड़ाग सदृश स्थल। इस स्थल में **दस मुद्रा-शक्तियाँ** स्थित होती हैं। उनके नाम हैं–

१. सर्व-संक्षोभणी, २. सर्व-विद्रावणी, ३. सर्वाकर्षिणी, ४. सर्वावेश-कारिणी, ५. सर्वोन्मादिनी, ६. महांकुशा, ७. खेचरी, ८. बीज-मुद्रा, ९. महा-योनि तथा **१०. त्रिखण्डिका।**

इनका सम्बन्ध शरीस्थ १० आधारों से होता है। इन आधारों के रूप में ही **श्री-यन्त्र** तथा **षट्-चक्रों** का तादात्म्य सिद्ध होता है।

२–उक्त स्थल से लगी हुई **पहली बाहरी रेखा** में, जिसमें **१० दिक्-पाल** स्थित होते हैं, पूजा करने से **विघ्न-निवारण** होता है और **साधक की रक्षा** होती है।

३–**दूसरी बाहरी रेखा** में, जिसमें **अष्ट मातृकाएँ–१. ब्राह्मी, २. माहेश्वरी, ३. कौमारी, ४. वैष्णवी, ५. वाराही, ६. ऐन्द्री, ७. चामुण्डा** तथा **८. महा-लक्ष्मी** होती हैं। इन **मातृकाओं की पूजा** करने से **१. काम, २. क्रोध, ३. लोभ, ४. मोह, ५. मद, ६. मात्सर्य, ७. पाप** तथा **८. पुण्य** पर विजय प्राप्त होती है।

४–**सबसे बाहरवाली रेखा** में ८ **सिद्धियाँ** होती हैं। यथा–**१. अणिमा, २. महिमा, ३. ईशित्व, ४. वशित्व, ५. प्राकाम्य, ६. भुक्ति, ७. इच्छा-प्राप्ति** और **८. सर्व-काम।** इनका सम्बन्ध **नौ रसों** तथा **नियति** (भाग्य) से होता है।

'शास्त्र' कहते हैं–**त्रि-कोण** में **विन्दु**, **अष्टार** में **अष्ट-दल**, दोनों **दशारों** में **षोडशार** और **चतुर्दशार** में **चतुरस्र** अन्तर्भूत है। इस प्रकार इसमें **शिव-शक्ति** का **पारस्परिक**

अविनाभाव-रूप सम्मिश्रण होता है। इस **अविनाभाव को जाननेवाला** ही '**चक्रज्ञ**' कहलाता है।

यह तो सभी जानते हैं कि–**न शिवेन विना शक्तिः, शिवोपि न तया बिना।**

इसलिए **समस्त विश्व–शिव-शक्त्यात्मक** होने के कारण **त्रिकोण** से लेकर **चतुर्दशार** तक '**शक्ति-चक्र**'–'**शिव-चक्र**' से गर्भित है। केवल स्पष्ट ज्ञान के लिए इसका पृथक् विवेचन किया गया है। अस्तु, '**विन्दु**' से '**चतुर्दशार**' तक ही प्रधान यन्त्र माना जाता है क्योंकि यथार्थ '**श्री-यन्त्र**'–**शिव-शक्ति का सम्पुट-रूप** है।

'**भैरव-यामल**' का कहना है–

चतुर्भिः शिव-चक्रैश्च, शक्ति-चक्रैश्च पञ्चभिः।
नव-चक्रैश्च संसिद्धं, श्री-चक्रं शिवयोर्वपुः।।

इनमें **१. त्रिकोण, २. अष्ट-कोण, ३. अन्तर्दशार, ४. बहिर्दशार** और **५. चतुर्दशार**–ये पाँच '**शक्ति-चक्र**' हैं और **१. विन्दु, २. अष्ट-दल, ३. षोडश-दल** तथा **४. चतुरस्त्र**–ये चार '**शिव-चक्र**' उन पाँचों के अन्तर्भूत हैं। यथा–

त्रिकोणमष्ट-कोणञ्च, दश-कोण-द्वयं तथा।
चतुर्दशारञ्चैतानि, शक्ति-चक्राणि पञ्च च।।
विन्दुश्चाष्ट-दलं पद्मं, पद्मं षोडश-पत्रकम् ।
चतुरस्त्रञ्च चत्वारि, शिव-चक्राण्यनुक्रमात्।।

लेखन-क्रम के अनुसार '**चतुर्दशार चक्र**' के बाहर बने हुए **अष्ट-दल पद्म** में **अनङ्ग-कुसुमादि आठ शक्तियों की पूजा** की जाती है। उपर्युक्त **तेजो-युग्म** ही इन शक्तियों के रूप में पूजित होता है। '**तन्त्र**' में **क्षोभ–सृष्टि** को कहते हैं। कारणात्मक होने से ही ये सब **सृष्टि-कारक** हैं। यह '**अष्ट-दल**'–'**अष्टार-चक्र**' के अन्तर्भूत है, अतः '**आग्नेय-खण्ड**' और '**प्रमातृ-पुर**' है। इसमें विन्दु-रूप **वह्नि की आठ कलाएँ** हैं। यह '**विन्दु**' अभेद प्रमाता है। विसर्ग-रूप '**चतुर्दशार**' के बाह्य भाग में स्थित '**विन्दु**', '**अष्ट-दल**' के '**अष्टार-चक्र**' के अन्तर्भूत होने के कारण '**चतुर्दशार**' के आभ्यन्तरस्थ हो जाता है तथा विसर्गात्मक **षोडश-दल** के अभ्यन्तर रहता है।

वर्णानुक्रम में भी '**अः**' विसर्ग के पूर्व ही '**अं**'–अनुस्वार (विन्दु) आता है तथा **विलोम पाठ** में बाह्य हो जाता है। इस प्रकार '**विन्दु**' और '**विसर्ग**' परस्पर बाह्याभ्यन्तर होते हुए '**तन्त्र**'-**सिद्धान्त** के गूढ़तम रहस्य को प्रकाशित करते हैं। सारांश यह कि '**विसर्ग**' का बहिर्भाव **पशु-भाव** के विकाश का और '**विन्दु**' का अन्तरभाव **शिव-भाव** की अभिवृद्धि का सूचक है। '**अष्ट-दल-पद्म**'–अव्यक्तादि आठ कारणों से बना होता है। यथा–

वसुच्छदन पद्माङ्क-देशो यश्चक्रगा विभुः।
अव्यक्ताद्याः प्रकृतयो, भूतात्मा निश्चितोस्म्यहम् ।।

इसी प्रकार '**षोडश-दल-कमल**' विसर्ग-रूप **चन्द्र की षोडश कला** से युक्त होता है। यह चक्र विकार-रूप अन्त्यावयवों से घटित होता है। यथा–

षोडशच्छद-पद्माङ्क-देशो भूत्यक्ष-मानसम् ।
विकारात्मकमापन्नं, देव्याः सम्भवयाम्यहम् ।।

षोडश-दल-चक्र में **तेजो-युग्म** की '**कार्याकर्षिणी**' आदि शक्तियों की पूजा होती है। **सोलह स्वर** ही इसके **षोडश-दल** होते हैं। इस **जड़ात्मक 'चान्द्र'-खण्ड** का सौर-**खण्ड- रूप दशार-द्वय** में अन्तर्भाव होता है तथा इसमें **सूर्य-चन्द्राग्नि का सम्मिश्रण** होता है और इसके **आग्नेय खण्ड** में उपर्युक्त **चतुरस्त्र** अवस्थित होता है।

अन्तिम '**भूपुर-चक्र**' को '**तन्त्र**' में **गङ्गा, यमुना, सरस्वती सङ्गम-रूप त्रिवेणी** कहा गया है। इसमें **चित्** एवं **चैत्य**-रूपी दो श्वेत एवं निर्जर कृष्ण नदियों का **सङ्गम** होता है। यथा (मातृका-चक्र-विवेक)–

तस्माच्चतुष्पदमिदं चतुरस्त्र-बिम्बम्।
चिच्चैत्य-निर्जर-सरिद्यमुना-प्रयागः।।

सारांश यह कि '**भू-पुर**' अर्थात् चतुरस्त्र-चक्र '**जड़-चेतन**' तथा '**शिव-जीव**' दोनों की समष्टि होता है। '**तन्त्र**' कहते हैं कि **वह्नि (अष्टार)** के अन्तर्गत चित्-स्वरूप **विन्दु-चक्र** अपनी रश्मि **त्रिकोण** के द्वारा आकान्त होता है तथा **चिद्**-रूप चन्द्र **चतुर्दशार चक्र** के अन्तर्गत **अष्ट-दल** के बाहर अपनी किरण-रूप **षोडश-दल** से आच्छन्न होता है। बिम्ब मध्य में रहता है और उसकी रश्मियाँ बाहर में चारों ओर छिटकी रहती हैं। इस सामान्य नियम के अनुसार **विन्दु** से बाहर **त्रिकोण** है और **अष्ट-दल** से बाहर **षोडश-दल** अवस्थित है। इस प्रकार **विन्दु** और **अष्ट-दल** दोनों बिम्ब अपने-अपने प्रभा-चक्र **त्रिकोण** और **षोडश-दल** के साथ **दशार-चक्र** के मध्य में **चतुरस्त्र** के एक-एक कोण के रूप में परिणत होते हैं। इसी कारण इस चक्र की '**तीर्थ-राज**' के साथ उपमा दी जाती है और यही कारण है कि यह यन्त्र **पूजा-पद्धति** में सर्व-प्रथम पूजित होता है। यथा–

अर्च्चं भवेत् प्रथमोऽत्र तरङ्गभूत-चिच्चैत्य-चक्र-यजनं त्विति पूर्वतस्तत् ।।

परन्तु पूजा '**दशार चक्र**' के मध्य में ही होनी चाहिए, केवल व्युत्पत्ति के लिए ही सबसे बाहरी कक्षा में करना कहा गया है। '**मातृका-चक्र-विवेक**' का वचन है–

अन्तस्थमेव चतुरस्त्रमुषोर्बुधेन्द्वोरर्कात्मकं चिद - चिदुद्भवमेतदङ्गम् ।
एवं च सत्यपि जडाजड-सारमेतत्, प्रागेव पूज्यमिति पूर्ण-पदे कृतं तत् ।।

'मुद्रा'

ऊपर 'मुद्रा' का वर्णन हुआ है। इस विषय में कुछ विशेष प्रकाश देना उचित है। जब 'विमर्श-शक्ति' स्वयं अपने भीतर विश्व प्रकाश तथा 'इदं' रूप से परामर्श-रूप सृष्टि अर्थात् शिव से लेकर क्षिति-पर्यन्त तत्त्वों में परिणत होने की इच्छा करती है, तब क्रिया-रूप में वह संविद्-रूप अम्बिका परा-शक्ति विश्व के मोदन और द्रावण के कारण मुद्रा-संज्ञा को प्राप्त होती हैं। परा-शक्ति के त्रि-कारणा होने से 'त्रिखण्डा-मुद्रा' होती है, यह स्थल यन्त्र की व्यापक मुद्रा है, कारण यन्त्र ही त्रि-कोण-मय है। यही मुद्रा अपनी खण्ड-त्रयात्मकता को छोड़कर योनि प्रचुर रूप को प्राप्त होने पर 'सर्व-संक्षोभणी मुद्रा' कहलाती है। 'त्रैलोक्य-मोहन चतुरस्त्र-चक्र' में स्थित 'वामा शक्ति' प्रधान होने के कारण सृष्टि-रूपा हैं। इस कारण वे 'सर्वाकर्षिणी मुद्रा' कहलाती हैं। फिर इस निर्मित विश्व को पालन करनेवाली होने से स्थूलनाथ कला-रूपा ज्येष्ठा-शक्ति कामाकर्षिण्यादि-स्वरूप-भूत 'द्राविणी मुद्रा' होती है। यह 'सर्व-द्राविणी मुद्रा'-सर्वाशा-चक्र में स्थित रहती है। सृष्टि-स्थिति को साम्य-रूप में रखने के कारण वे 'सर्वाकर्षिणी मुद्रा' हैं, जो 'सर्व-संक्षोभण चक्र' में रहती हैं।

इसी प्रकार सर्व-शङ्करी मुद्रा-चतुर्दशार चक्र में, उन्मादिनी मुद्रा-बहिर्दशार में, महांकुशा मुद्रा-अन्तर्दशार में, खेचरी मुद्रा-सर्व-रोग-हर-चक्र (अष्टार) में, बीज-मुद्रा-त्रिकोण में तथा योनि-मुद्रा-सर्वानन्द-मय विन्दु-चक्र में रहती हैं।

'श्री-चक्र' की साधना के तीन प्रकार

माता मानं मेयं विन्दु-त्रय-भिन्न-बीज-रूपाणि।
धाम-त्रय पीठ-त्रय शक्ति-त्रय भेद भावितान्यपि च।।
तेषु क्रमेण लिङ्ग-त्रितयं तद्वच्च मातृका-त्रितयम्।
इत्थं त्रितय-पुरी या तुरीय-पीठादि-भेदिनी विद्या।।
इति काम-कला विद्या देवी चक्र-क्रमात्मिका सेयम्।
विदिता येन स मुक्तो भवति महा-त्रिपुर-सुन्दरी-रूपः ।।

१. माता, २. मान और ३. मेय अथवा १. ज्ञाता, २. ज्ञान और ३. ज्ञेय की त्रिपुटी-तीनों पुर हैं, जिनकी स्वामिनी महा-त्रिपुर-सुन्दरी हैं। यह भावना आभ्यन्तर पूजा है। इस भावना के तीन भेद हैं-

१. सकल-भावना, २. सकल-निष्कल-भावना और ३. निष्कल-भावना।

■ केवल 'महा-विन्दु' में ही विन्दु आदि नव-चक्रों के पारस्परिक भेद के बिना निर्विषयक संविन्मात्रात्मक (चित्-स्वरूप) काम-कला की भावना करना 'निष्कल' भावना है। इसे जो करते हैं, वे उत्तम अधिकारी हैं। यह सर्वोत्तम साधना है।

■ फिर विन्दु से लेकर अर्द्ध-चन्द्र, पाद-चन्द्र, कला-चन्द्र, नाद-शक्ति, व्यापिका, रोधिनी, समना, उन्मना आदि नव-चक्रों में 'श्री-यन्त्र' के उपर्युक्त नव-चक्रों की ऐक्य भावना 'सकल-निष्कल' भावना है। इसके साधक मध्यम अधिकारी कहे जाते हैं।

■ 'श्री-यन्त्र' के सामान्य विवेचन में कथित शरीर-चक्रों के साथ ऐक्य भाव करना सकल-भावना है। इसकी साधना करनेवाले तृतीय श्रेणी के साधक कहे जाते हैं।

समस्त चक्रों का एक विन्दु में अन्तर्भाव

जिस प्रकार एक विन्दु में ही नव-चक्रों का अन्तर्भाव है, उसी प्रकार एक ही सहस्त्रारात्मक विन्दु में शरीरस्थ षट-चक्रों का भी अन्तर्भाव है। विन्दु-'मूलाधार' आदि की समष्टि, जगत् की सृष्टि, स्थिति और संहार का कारण शिव की शक्ति है। वह एक होती हुई भी 'सहस्त्र-दल-कमल' के मध्य चार द्वारों से बनी कर्णिका के बीच में चतुष्कोणात्मक शक्ति-तत्त्व के रूप में स्थित है। उसके मध्य में नाद-रूप शिव-तत्त्व है। वह भी चार प्रकार का है। शिव-शक्ति दोनों शब्दार्थ-रूप होने के कारण कलात्मक है और 'नाद', 'कला' का मिश्रण-रूप अतिरिक्त पदार्थ माना जाता है। यह 'विन्दु' पुनः दशधा विभक्त हो जाता है, यथा–

दशधा भिद्यते विन्दुरेक एव परात्मकः।
चतुर्धाधार कमले, षोढाधिष्ठान्त्र-पङ्कजे।।
उभयाकार-रूपत्वादितरेषां तदात्मना।

अर्थात् एक ही 'विन्दु'-चतुर्दल मूलाधार चक्र में १. मन, २. बुद्धि, ३. अहङ्कार (चित्), ४. प्रकृति भेद से चार प्रकार और षड्-दल स्वाधिष्ठान चक्र में १. काम, २. क्रोध, ३. लोभ, ४. मोह, ५. मद, ६. मात्सर्य या मायादि षट्-कञ्चुक-रूप में छः प्रकार का हो जाता है। ये दस विन्दु-संसार-कारण-विन्दु कहलाते हैं।

शरीरस्थ ये दोनों चक्र ही उपर्युक्त दस रूप हो जाते हैं और इसके आगे दोनों कमलों का मिश्रण नाभि प्रदेश के दस दल 'मणिपुर-चक्र' में होता है। उसके आगे हृदय प्रदेश में द्वादश दल 'अनाहत-चक्र' है। यह 'मणिपुर' के दस दलों और उसके मूल-भूत दो

दलों से बना है। अतः '**मणिपुर**' ही '**अनाहत**' की प्रकृति कहलाती है। **कण्ठ-देश** में **षोडश-दल** '**विशुद्धि-चक्र**' है। '**अनाहत**' के **द्वादश दल** और '**मूलाधार**' के **चार दल** मिलकर ही '**विशुद्धि**' के **षोडश-दल** बनते हैं। **भ्रू-मध्य** में '**आज्ञा-चक्र**' में **द्वि-दल-पद्म** होता है। चूँकि **मूलाधार** और **स्वाधिष्ठान** प्राकृतिक हैं, इसलिए इसमें **द्वि-दल चक्र** होता है। इसलिए '**मणिपुर**', '**विशुद्ध**', '**अनाहत**' और '**आज्ञा**'–ये चार चक्र '**मूलाधार**' और '**स्वाधिष्ठान**' से उद्भूत होने के कारण इन दोनों के अन्तर्भूत हैं और ये दोनों चक्र सहस्रारात्मक विन्दु-भेद होने के कारण '**सहस्रार**' ही के अन्तर्भूत हैं। इस प्रकार **सब चक्रों का ऐक्य** हो जाता है और एक ही '**विन्दु**'–दशधा होकर सर्व-मय हो जाता है।

श्रीचक्र-दर्शन का फल

सम्यक् शतक्रतून् कृत्वा, यत्फलं समवाप्नुयात्।
तत्फलं लभते भक्त्या, कृत्वा श्रीचक्र-दर्शनम्।।
महा-षोडशरानानि, कृत्वा यल्लभते फलम्।
तत्फलं समवाप्नोति, कृत्वा श्रीचक्र-दर्शनम्।।
सार्धः त्रि-कोटि-तीर्थेषु, स्नात्वा यत्फलमश्नुते।
तत्फलं लभते भक्त्या, कृत्वा श्रीचक्र-दर्शनम्।।

'**तन्त्र**' में '**श्री-यन्त्र**' को **यन्त्र-राज** कहा जाता है। इनकी महिमा अवर्णनीय है। इनकी पूजा '**हादि-विद्या**' और '**कादि-विद्या**' दोनों से होती है। यदि कोई '**यम-नियम**' का पालन करते हुए **तीन वर्ष** तक नित्य '**श्री-यन्त्र का ध्यान** करे, तो उसे **श्री-यन्त्र** की सभी बातें मालूम हो जाती हैं और सभी वाञ्छाएँ पूरी होती हैं।

एक साधारण प्रयोग है कि **रविवार**-युक्त-'**पुष्य**'-नक्षत्र में **भूर्ज**-पत्र के ऊपर इसको **केशर** के रङ्ग द्वारा **अनार** की कलम से लिखे और उसमें **श्रीकामेश्वर-कामेश्वरी** का आवाहन कर उनका साङ्गोपाङ्ग **पञ्चोपचार** अथवा **षोडशोपचार** से पूजा करे। तत्पश्चात् उसे एक फ्रेम में लगाकर **पवित्र स्थान** में रखे। केवल धूपबत्ती नित्य दिया करे। कोई भी ऐसी कामना नहीं है, जो अपूर्ण रह जाए। सभी पूरी हो जाती हैं।

–पण्डित श्रीकान्तविहारी जी मिश्र

★★★

भगवती षोडशी का विस्तृत मानसिक पूजन

■ सबसे पहले अपने हृत्-कमल में भगवती षोडशी के पूजा-यन्त्र 'श्री-यन्त्र' का मन-ही-मन ध्यान करे। फिर 'श्री-यन्त्र' के 'विन्दु' में भगवती षोडशी का ध्यान कर–

बालार्कायुत-तेजसं त्रि-नयनां रक्ताम्बरोल्लासिनीम्।
नानालंकृति-राजमान-वपुषं बालोडुराट्-शेखराम्।।
हस्तैरिक्षु-धनुः सृणिं सुमशरं पाशं मुदा विभ्रतीम्।
श्रीचक्र-स्थित-सुन्दरीं त्रि-जगतामाधार-भूतां स्मरेत्।।१

बालार्क - मण्डलाभासां, चतुर्बाहां त्रि - लोचनाम्।
पाशांकुश - शरांश्चापं, धारयन्तीं शिवां भजे।।२

■ अब '**विस्तृत मानस-पूजा**' करे। यथा–

मूलं* श्री महा-त्रिपुर-सुन्दरि देवि! इदं हृदय-पद्मासनमास्यताम्।

उक्त मन्त्र पढ़कर मन-ही-मन हृदय-रूपी आसन पर भगवती षोडशी को बैठाए।

■ तदन्तर पाद्यादि उपचारों से भगवती षोडशी का निम्न प्रकार से मानसिक पूजन करे। यथा–

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः सहस्त्रार-च्युतामृतं पाद्यं नमः। यह पढ़कर चरणों पर सहस्त्र-दल-कमल से झरनेवाले अमृत-रूपी जल का पाद्य समर्पित करे।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः मन-रूपमर्घ्यं स्वाहा। यह पढ़कर उनके मस्तक पर मन-रूपी अर्घ्य प्रदान करे।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः सहस्त्रार-च्युतामृत-रूपमाचमनं स्वधा। यह पढ़कर सहस्त्र-दल-कमल से झरनेवाले अमृत से उनके मुख में आचमन प्रदान करे ।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः सहस्त्रार-च्युतामृतैः सर्वाङ्गे स्नानं समर्पयामि। यह पढ़कर सहस्त्र-दल-कमल से झरनेवाले अमृत-रूपी जल से उन्हें भावना द्वारा स्नान कराए ।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै आकाश-तत्त्व-रूप-वसनं समर्पयामि नमः। यह पढ़कर आकाश-रूपी वसन और आभूषण प्रदान करे।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः पृथ्वी-तत्त्व-रूपं गन्धं समर्पयामि। यह पढ़कर पृथ्वी-तत्त्व-रूपी गन्ध प्रदान करे।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः चित्त-रूपं पुष्पं समर्पयामि वौषट्। यह पढ़कर चित्त-रूपी पुष्प प्रदान करे।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः प्राण-रूपं धूपं समर्पयामि। यह पढ़कर प्राण-रूपी धूप प्रदान करे।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः तेजस्तत्त्व-रूपं दीपं समर्पयामि। यह पढ़कर तेज-रूपी दीपक प्रदान करे।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः सुधाम्बुधि-रूपं नैवेद्यं समर्पयामि। यह पढ़कर सुधा-सागर-रूपी नैवेद्य प्रदान करे।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः अनाहत-शब्द-रूप-घण्टा-वादनं समर्पयामि। यह पढ़कर अनाहत-शब्द-रूपी घण्टा-वादन कर देवता को प्रसन्न करे।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः वायु-तत्त्व-रूपं चामरं समर्पयामि। यह पढ़कर वायु-तत्त्व-रूपी चामर से देवता को प्रसन्न करे ।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः इन्द्रिय-कर्माणि मनश्चाञ्चल्य-रूपं नृत्यं समर्पयामि। यह पढ़कर इन्द्रियों की गति-विधि और मन की चञ्चलता-रूपी नृत्य देवता को प्रदान करे।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः अमाय-अनहङ्कार-अराग-अमद-अमोह-अदम्भ-अद्वेष-अक्षोभ-अमात्सर्य-अलोभ-अहिंसा-इन्द्रिय-निग्रह-दया-क्षमा-ज्ञान-रूपाणि पञ्च-दश-पुष्पाणि समर्पयामि वौषट्। यह पढ़कर अमाय आदि पन्द्रह पुष्पों की पुष्पाञ्जलि प्रदान करे।

मूलं कामेश्वर-शिव-सहितायै श्री महा-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः काम-क्रोध-रूपं बलिं समर्पयामि। यह पढ़कर काम-क्रोध-रूपी पशु की बलि देवता को प्रदान करे ।

■ इस प्रकार पूजन कर अपने **इष्ट-मन्त्र का जप** करे। जप हेतु **कुण्डलिनी** को सूत्र मानकार **स-विन्दु पञ्चाशत् मातृका-वर्णों की माला** ग्रथित करे, जिसमें लोम-विलोम-क्रम से अपने '**मूल-मन्त्र**' का जप करे। इस वर्ण-माला में '**क्षं**'-वर्ण को सुमेरु माने । इसके बाद **भगवती षोडशी** को निम्न मन्त्र से **जप का समर्पण** करे–

ॐ सर्वान्तरात्म-निलये!, स्वान्तर्ज्योतिः-स्वरूपिणि!
गृहाणान्तर्जपं मातः, श्री त्रिपुरे! नमोऽस्तु ते ।।

■ इसके बाद मानसिक हवन करे ।

मानसिक हवन

मानसिक हवन हेतु सबसे पहले अपने शरीर में **मूलाधार-चक्र** का ध्यान करे। वहाँ **चित् -रूपी अग्नि में हवन** करे। **मूलाधार-चक्र** के कमल को **१. अन्तरात्मा, २. परमात्मा** और ३. **ज्ञानात्मा**–इन तीनों से व्याप्त समझना चाहिए। फिर कुण्ड की **आनन्द-रूप मेखला** का और **त्रिवलय-युक्त नाद-विन्दु-रूप योनि-युक्त चित् -कुण्ड** का ध्यान करे। इस कुण्ड में दाहिनी ओर **पिङ्गला**, बाँईं ओर **इडा** और मध्य में **सुषुम्णा** का ध्यान करके **धर्म-अधर्म-रूपी हवि** से निम्न मन्त्रों से हवन करे–

'मूलं' नाभौ चैतन्य-रूपेऽग्नौ, हविषा मनसा स्त्रुवा।
ज्ञान-प्रदीपिते नित्यमक्ष-वृत्तीर्जुहोम्यहम्।।
श्री महा-त्रिपुर-सुन्दरी-देव्यै स्वाहा।

उक्त मन्त्र पढ़कर प्रथम आहुति प्रदान करे।

'मूलं' धर्माधर्म-हविर्दीप्ते, आत्माग्नौ मनसा स्त्रुवा।
सुषुम्ना-वर्त्मना नित्यं, ब्रह्म-वृत्तीर्जुहोम्यहम्।।
श्री महा-त्रिपुर-सुन्दरी-देव्यै स्वाहा।

उक्त मन्त्र पढ़कर द्वितीय आहुति प्रदान करे।

मूलं प्रकाशाकाश-हस्ताभ्यां, अवलम्ब्यात्मना स्त्रुवा।
ज्ञान-प्रदीपिते नित्यं, ब्रह्म-वृत्तीर्जुहोम्यहम्।।
श्री महा-त्रिपुर-सुन्दरी-देव्यै स्वाहा।

उक्त मन्त्र से तृतीय तथा निम्न मन्त्र से चौथी आहुति प्रदान करे–

मूलं अन्तर्निरन्तर-निरिन्धन-मेधमाने।
मोहान्धकार-परिपन्थिनि सम्विदग्नौ।।
कस्मिंश्चिदद्भुत-मरीचि-विकास-भूमौ।
विश्वं जुहोमि वसुधा-दिशि-वावसानम्।।
श्री महा-त्रिपुर-सुन्दरी-देव्यै स्वाहा।

अन्त में पूर्णाहुति प्रदान करे–

इदन्तु पात्र-भरितमहन्ता-परमामृतम्।
पूर्णाहुति-मये वह्नौ, पूर्ण-होमं जुहोम्यहम्।।
श्री महा-त्रिपुर-सुन्दरी-देव्यै स्वाहा।

★★★

*साधक जहाँ 'मूलं' शब्द आया है, वहाँ अपने 'मूल-मन्त्र' का उपयोग करे।

श्रीपरा-पूजा-प्रकाश-स्तोत्रम्

(छह आम्नायों के क्रम से भगवती षोडशी की आराधना)

मुखं बिन्दुर्मिश्रो ह्यरुण-धवलं बिन्दु-युगकम्,
कुच-द्वन्द्वं योनिर्भगवति! च ते हार्द्ध-सु-कला।
सुसामास्यं वा ऋग्यजु-रुभयकं ते स्तन-युगम्,
ततोऽथर्वो योनिस्तव जननि हे मन्मथ-कले! ।।१।।

हे भगवती षडैश्वर्य-शालिनी, काम-कला-रूपिणी माता! सूर्य-बिन्दु ही आपका मुख है, अरुण तथा श्वेत **अग्नि-सोमात्मक बिन्दु-युगल** आपके स्तन-युगल हैं और योनि **हार्द्ध-कला** है एवं **साम-वेद** आपका मुख है, **ऋग्वेद** तथा **यजुर्वेद** स्तन-युगल हैं और योनि **अथर्व-वेद** है। अतः **हे पर-देवता!** आप में, त्रि-बिन्दु एवं चार वेदों में कोई भेद नहीं है।।१।।

ततः संसारेऽस्मिन् गगनमतुलं शब्द-गुणकम्,
पुनः स्पर्शा-वेद्यं पवनमपि रूपञ्च दहनम् ।
रसाढ्यं पानीयं तदनु धरणीं गन्ध-गुणकाम्,
सु-नाद-ब्रह्माख्यौ प्रकृति-पुरुषौ प्राजनयताम् ।।२।।

उक्त **त्रि-कोण** से तदनन्तर इस संसार में **नाद** एवं **ब्रह्म**-रूप पूर्वोक्त **काम-कलात्मक विसर्ग** और **बिन्दु-रूप प्रकाश-विमर्शात्मक प्रकृति** एवं **पुरुष** ने श्रोत्र-ग्राह्य-गुण-युक्त **शब्द**-रूप से **महाकाश**, स्पर्श-गुण से ज्ञेय **वायु**, रूप-गुण-युक्त-रूप से **तेजस्**, रस-गुण-परिपूर्ण रस से **जल** और प्राण-ग्राह्य-गुण से युक्त गन्ध से **पृथ्वी** को **बिन्दु-मथन-रूप ताण्डव-लीला** से उत्पन्न किया ।।२।।

विमर्शाख्ये शक्ते! भवसि हि परा त्वं क्षिति-तले,
महेच्छा पश्यन्ती मणिपुरग-वामा भगवति! ।
तथा जयेष्ठा ज्ञाना हृदय-गमना मध्यम-शिवा,
क्रिया-शक्ती रौद्री मुख-कुहरगा वैखरि-कला ।।३।।

हे विमर्शाख्या भगवती!, शब्दोच्चारण के समय आप अकेली ही जब **मूलाधार** चक्र में स्फुरित होती हैं, तब **परा**-संज्ञक नाड़ी-रूप बन जाती हैं। **मणिपुर-चक्र** में जब पहुँचती हैं, तो **इच्छा-शक्ति वामा** बनकर **पश्यन्ती**-रूप धारण करती हैं। उसी प्रकार हृदय-**अनाहत चक्र** में जब गमन करती हैं, तो **ज्ञान-शक्ति ज्येष्ठा** बनकर **मध्यमा-रूप** धारण करती हैं और मुख-विवर में जब प्राप्त होती हैं, तो **क्रिया-शक्ति रौद्री** बनकर **वैखरी** नामवाली बनती हैं ।।३।।

पुरोक्तेच्छा-शक्तिः त्रिपुर-ललिता हादि-मतगा,
महोग्रा ज्ञानाख्या जगति विदिता सादि-मतगा ।
क्रिया-शक्तिः काली कलन-निरता कादि-मतगा,
परे! एकैव त्वं जयसि मत-भेदैः त्रिपुर-युक् ।।४।।

हे भगवती परा! आप जब पूर्वोक्त इच्छा-रूपिणी होती हैं, तब हादि-क्रम-समष्टि-रूपिणी त्रिपुर-सुन्दरी होती हैं। जब ज्ञान-रूपिणी बनती हैं, तब संसार में महा-चीन-क्रम-युत संवरौधि-मत से प्रसिद्ध सादि-क्रम-समष्टि-रूपिणी महोग्र-तारा बनती हैं और जब क्रिया-रूपिणी होती हैं, तो स्थिति करने में तत्पर कादि-क्रम-समष्टि-रूपिणी काल-सङ्कलन-कर्त्री काली बनती हैं। इस प्रकार आप अकेली ही कादि, सादि और हादि-क्रम भेद से तीन पुर-रूप शरीरवाली त्रिपुर-सुन्दरी के रूप में जय को प्राप्त होती रहती हैं ।।४।।

त्रि-विद्यानां नूनं ख-पवन-कृशान्वब् वसु-मती-
समेतानां जातास्तनव इह षड्धा भुवनगाः ।
प्रजातं षट् - चक्रं शुभमपि सहस्रार - सहितं,
षडाम्नायात्मा त्वं रस-तनु-धराऽभर्हि ललिते! ।।५।।

हे ब्रह्म-स्वरूपिणी शक्ति श्री ललिता देवी! इस संसार में आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी से युक्त कादि, हादि, सादि-रूप तीन विद्याओं से ही जगत् में व्याप्त छह प्रकार की मूर्तियाँ बनी हैं। वे ही षडाम्नाय-विद्याएँ बनीं तथा सहस्रार-सहित सुन्दर षट्-चक्र (१. मूलाधार, २. स्वाधिष्ठान, ३. मणिपूर, ४. अनाहत, ५. विशुद्ध और ६. आज्ञा) बने। इस प्रकार आप निश्चय ही षट्-शरीर-धारिणी षडाम्नायात्मा हैं ।।५।।

परे! एका सृष्टि-स्थिति-लय-विधाने पुनरहो,
अनाख्या भासायां त्वमसि ललनाचार-निरता ।
समालभ्यावस्थां विविध-मत-भेदोप-जनिताम्,
शनैः पञ्ची-भूत्वा विलससि सदैव त्रि-भुवने ।।६।।

हे परे! आश्चर्य है कि आप अकेली ही १. सृष्टि, २. स्थिति और ३. लय-संहार-विधान में तथा ४. अनाख्या-तिरोधान एवं ५. भासा-अनुग्रह आदि कार्यों में ललनोचित क्रीड़ा में तत्पर रहती हैं तथा उपर्युक्त पञ्च-विध अवस्थाओं से रहित होकर भी पञ्च-विध अवस्थाओं को प्राप्त करके तीनों लोकों में सदा शोभित होती हैं ।।६।।

१-पूर्वाम्नाय

रसारं तद्-बाह्ये शुभ-वसु-दलाढ्यं सु-कमलम्,
सरोजान्यद् दिव्यं विधु-दल-युतं तद् बहिरथो ।
चतुर्द्वारोपेतं विलसति यदा यन्त्रमतुलम्,
तदा त्वं भो मात! भवसि भुवनेशी हर-नुते ।।७।।

भगवान् शिव द्वारा नमस्कृत हे माता! जब षट्-कोण, अष्ट-दल-कमल, षोडश-दल-कमल तथा चार द्वारों से युक्त भू-पुरवाला उत्तम यन्त्र पूर्वोक्त बिन्दु-युगल के उच्छलन से बनता है, तब उस समय आप पूर्वाम्नायात्मिका 'भुवनेश्वरी'-रूप होती हैं ।।७।।

परे प्रागाम्नाये जगति विदिता राजस-वपुः,
शुभाकारा भूत्वा सृजसि भुवना विश्वमखिलम् ।
तदा शम्भ्वाकारो भवति स परो धाम-विभव-
स्तयोरंशोत्पन्नो विधिरपि स सृष्टिं वित-नुते ।।८।।

हे परा भगवती! जब आप पूर्वाम्नाय में सु-प्रसिद्ध सुन्दर आकार से रजो-गुण-युक्त शरीरवाली भुवनेश्वरी बनकर अखिल विश्व की सृष्टि करती हैं, तब तेजः-पुञ्ज-रूप पर-शिव-पशु-पति-रूप होते हैं और आप भुवनेश्वरी एवं पशुपति के अंश से उत्पन्न ब्रह्मा सृष्टि की रचना करते हैं ।।८।।

सु-पूर्वे राजीवे स्मित-मुख-सरोजां पृथु-कुचाम्,
शिवाकारां शान्तां तरुण-रवि-भासं हर-वधूम् ।
कराम्भोजैः पाशांकुश-वर-महाभीति-दधतीम्,
भजेऽहं रत्नाङ्गीं शश-धर-धरां रम्य-भुवनाम् ।।९।।

सगुण भावात्मक अर्थ-पूर्वाम्नाय में मन्द-मुस्कान से युक्त मुख-कमलवाली, विशाल स्तन-शालिनी, शिव-स्वरूपा, शान्त, तरुण सूर्य के समान कान्तिमती, भगवान् शिव की प्रिया तथा अपने (चारों) कर-कमलों में क्रमशः१. पाश, २. अंकुश, ३. वरद-मुद्रा तथा ४. अभय-मुद्रा को धारण करनेवाली, रत्नों से जटित, आभूषणों से मण्डित एवं मुकुट में चन्द्रमा को धारण करनेवाली, भुवन-मोहिनी भगवती भुवनेश्वरी की मैं आराधना करता हूँ।

निर्गुण भावात्मक अर्थ-नित्यानन्द-रूपिणी, बिन्दु-द्वय-रूप स्तनोंवाली, संसार की रचना में उद्यत, सकल जगत् के लिए कल्याण-स्वरूप, शान्ति-प्रदायिनी, जिस प्रकार तरुण सूर्य नवीन दिवस की सृष्टि करता है, उसी प्रकार तेजस्वी विश्व का निर्माण करनेवाली,

ताप-त्रय-नाशक भगवान् हर-शिव की शक्ति-रूपा, अपने साधकों के ताप-त्रय को दूर करनेवाली, पाश-वशीकरण शक्ति एवं अंकुश-स्तम्भन शक्ति से समस्त भुवन को अपने वश में करके साधकों को अभिलषित वर एवं अभय देनेवाली परामृत-रूपिणी रमणीय मूल प्रकृति का मैं स्मरण करता हूँ ।।९।।

त्रिकोणं वह्न्यस्त्र-त्रयमपि बहिस्त्र-त्र्यस्त्रमपरम्,
बहिः पद्मं दिव्यं वसु-दल-युतं भूमि-सदनम् ।
शिरःपंक्ति-ज्वालैः सह भवति यन्त्रं सुविमलम्,
तदा श्यामा-काली त्वमसि परमाद्ये भगवति! ।।१०।।

हे परमाद्या भगवती! जब पूर्वोक्त बिन्दु-त्रय, त्रिकोण, उसके बाहर तीन त्रिकोण और उसके बाहर पुनः त्रिकोण इस प्रकार पाँच त्रिकोणों के बाहर अष्ट-दल-कमल, तदनन्तर बाहर भू-पुर, मुण्ड-पंक्ति एवं ज्वालाओं से युक्त निर्मल यन्त्र बनता है, तब आप श्यामा-काली-दक्षिण-काली-रूपिणी बनती हैं।

इस यन्त्र के पञ्च-त्रिकोण रक्त-बिन्दु के भाग हैं। अष्ट-दल-कमल श्वेत-बिन्दु का भाग है तथा भू-पुर, मुण्ड-पंक्ति एवं अग्नि-ज्वालाएँ मिश्र-बिन्दु के भाग हैं। पूर्वोक्त बिन्दु-त्रय से स्थिति होती है। इसीलिए स्थित्याम्नाय में बिन्दु-त्रय के भाग होते हैं, जिनसे समस्त दक्षिणाम्नाय चक्रों के पद्म आदि श्वेत-बिन्दु भाग, कोणादि रक्त-बिन्दु भाग तथा अन्य भू-पुर आदि मिश्र-बिन्दु भाग होते हैं। यह यन्त्र-संकेत है।

मतान्तर में काली-यन्त्र माया-ह्रीङ्कार-गर्भित, बिन्दु, पञ्च-त्रिकोण, षट्-कोण, वृत्त, अष्ट-दल, वृत्त एवं भू-पुर से युक्त होता है ।।१०।।

२-दक्षिणाम्नाय

ततोऽवाच्याम्नाये त्वमपि परमे सत्त्व-गुणका,
महा-श्यामा भूत्वा निखिल-भुवनं रक्षसि सदा ।
महा-कालाकारः प्रभवति तदा श्रीपर-शिव-
स्तयोरंशोत्पन्नो भरति च जगद्विष्णुरखिलम् ।।११।।

हे भगवती परम-स्वरूपा! तदनन्तर दक्षिणाम्नाय में भी आप जब सत्त्व-गुण-युक्त दक्षिण-काली-रूप महा-श्यामा बनकर सकल संसार की रक्षा करती हैं, तब श्रीपर-शिव महा-काल-भैरव-स्वरूप होते हैं तथा आप दोनों के अंश से उत्पन्न विष्णु सारे जगत् का पालन करते हैं ।।११।।

अवाच्यब्जे नौमि स्मर-हर-शवस्थां त्रि-नयनाम्,
महा-श्यामा-कालीं जल-धर-निभां मुक्त-चिकुराम् ।
ललज्जिह्वां नग्नां शव-कर-परीधान-सुकटिम्,
नृ-मुण्डं खड्गञ्चाभयमपि वरञ्चैव दधतीम् ।।१२।।

सगुणात्मक भाव-परक अर्थ-**दक्षिणाम्नाय में शिव-रूप शव** पर विराजमान, **त्रि-नयना मेघ के समान** वर्णवाली **खुले हुए केशों से युक्त, चलती हुई जीभवाली, नग्न, शवों के हाथों से ढके हुए कटि-भागवाली, नृ-मुण्ड, खड्ग, अभय** और **वरद-मुद्रा** को (अपने चारों हाथों में) धारण की हुई **महा-श्यामा काली** को मैं प्रणाम करता हूँ।

निर्गुण भावात्मक अर्थ-**काम-नाशक शव** पर सत्ता के रूप में स्थित अपने साधकों के **काम-क्रोधादि का विनाश** करनेवाली, पूर्वोक्त **बिन्दु-त्रय-समष्टि**-रूपिणी, **शुद्ध-सत्त्व-गुणात्मक** तथा **चिदाकाश**-रूप होने से **नील-वर्ण** के रूप में चिन्तनीय, केश-विन्यासादि **विलास-रूप विकारों से रहित**, रजो-गुण-रहित **शुद्ध-सत्त्वात्मिका, मायातीत**, कल्पावसान में लिङ्ग-देह का आश्रय लेकर सभी जीव **स-गुण-ब्रह्म-रूपिणी भगवती** के गर्भ-धारण योग्य उदर के निम्न भाग तथा योनि के ऊर्ध्व-भाग पर अपने मोक्ष की प्राप्ति के लिए **मृत-जीवों के प्रधान-कर्म-साधन-भूत कर-समूहों** से आश्रित, अपने **वाम-हस्त** से **ज्ञान-खड्ग** के द्वारा साधकों के **मोह-पाश** को काटकर उसके नीचेवाले द्वितीय हस्त से **विगत-रज, तत्त्व-ज्ञान** के आधार-भूत **मस्तक** को तथा दक्षिण ऊर्ध्व-हस्त से **स-काम साधकों** को **अभय** और अधो-हस्त से **अभीष्ट वर** प्रदान करनेवाली **महा-श्यामा** महा-सगुणात्मिका **'क'**-ब्रह्मा, **'आ'**-अनन्त, **'ल'**-विश्वात्मा तथा **'ई'**-सूक्ष्मा इन सबसे युक्त **काली को मैं नमन करता हूँ** ।।१२।।

३-पश्चिमाम्नाय

परे बिन्दुः शुद्धो विमलतरयोन्यन्तरगतो,
बहिः षट्-कोणख्यं वसु-छदनकं केसर-युतम् ।
सरोजं भू-चक्र-त्रितयमपि दिव्यं सु-विमलम्,
यदा यन्त्रं भाति त्वमसि हि तदा श्री-कुल-कुजा ।।१३।।

हे परा भगवती! अतिशय निर्मल **त्रि-कोण** के मध्य में स्थित **बिन्दु-चक्र** तथा बाहर **षट्-कोण**, केसर से युक्त **अष्ट-दल-कमल** एवं **भू-पुर-त्रय** से युक्त ऐसा दिव्य उत्तम यन्त्र जब प्रकाशित होता है अर्थात् पूर्वोक्त **मिश्र-बिन्दु** इस प्रकार के यन्त्र-रूप को प्राप्त होता है, तब आप **कुब्जिकेश्वरी**-रूपा होती हैं।

किसी के मत में केसर-युक्त **अष्ट-पत्रों** के बाहर **अष्ट-कोण** तथा उसके बाहर **भू-पुर-त्रय** भी है। **कादि**-मन्तान्तर में जब **कुब्जिका विद्या** में ही सभी विद्याओं की समष्टि होती है, तब **बिन्दु, त्रि-कोण, षट्-कोण, केसर-युक्त अष्ट-दल, अष्ट-कोण** तथा उसके बाहर **भू-पुर-त्रय** से समन्वित यन्त्र को ही **कुब्जिका त्रि-रत्न** और **पञ्च-रत्न विद्याओं** के सर्व-मत में भी **श्रीचक्र-राज** समझना चाहिए।

इस यन्त्र के **त्रि-कोण, षट्-कोण-चक्र**, मतान्तर से **अष्ट-कोण-चक्र** भी विमर्श के भाग हैं। **बिन्दु, केसर-सहित अष्ट-दल-कमल, भू-पुर-त्रय-चक्र** प्रकाश के भाग हैं। पूर्वोक्त केवल **मिश्र-बिन्दु** का संहार होता है। इसलिए यहाँ **संहार आम्नाय-यन्त्र** में **प्रकाश-विमर्शात्मक मिश्र बिन्दु** के **प्रकाश** और **विमर्श**-रूप दो भाग होते हैं, जिससे समस्त **पश्चिमाम्नाय चक्रों के बिन्दु, पद्म, भू-पुर** आदि **प्रकाश-भाग** और **कोणादि विमर्श-भाग** हैं। यह यन्त्र-सङ्केत है।।१३।।

प्रतीच्याम्नाये त्वं कुल-जन-नुते श्रीपर-शिवे!
कुजा भूत्वा सर्वं हरसि तमसा स्वीकृत-तनुः ।
कुजेशाकारः सः प्रभवति तदा श्रीपर-शिव-
स्तयोरंशोत्पन्नः प्रलयति स रुद्रोऽखिल-जगत् ।।१४।।

हे कुल-जनों (कौलिकों) के द्वारा प्रणत श्रीपर-शिवे! पश्चिमाम्नाय में आप **तमो-गुण** से स्वीकृत शरीरवाली **कुब्जिकेश्वरी** होकर समस्त **शिवादि-क्षिति-पर्यन्त** जो तत्त्व हैं, उनका संहार करती हैं और **पर-शिव कुब्जेश** के रूप में जब **स्वच्छन्द ललित-भैरव**-रूप बनता है, तब **कुब्जेशी** और **कुब्जेश** के अंश से उत्पन्न **रुद्र** सारे जगत् का संहार करता है ।।१४।।

प्रतीच्यम्भोजे वै कुच-भर-नतां बर्बर-शिखाम्,
मृगेन्द्राङ्के रूढां मद-मुदित-वक्त्रां त्रि-नयनाम् ।
नृ-मुण्डानां मालामपि परिदधानां कुल-कुजाम्,
सहस्त्रार्काभां त्वां ह्यभय-वरदां नौमि जननि! ।।१५।।

सगुण भावात्मक अर्थ-**हे जननी! पश्चिमाम्नाय में कुचों के भार से नत, बिखरे हुए बालोंवाली, सिंह पर विराजमान, मद से मुदित मुखवाली, त्रि-नेत्रा, नर-मुण्डों की माला पहनी हुई, अभय तथा वरद-मुद्रा से युक्त तथा हजारों सूर्यों के समान तेजस्वी कुब्जिका**-रूप आपको मैं प्रणाम करता हूँ।

निर्गुण भावात्मक अर्थ–**शुक्ल** तथा **अरुण**–रूप बिन्दु-युगल के भार से नत, **मिश्र-बिन्दु** में समष्टि–रूप विलीन होने के लिए उद्यत, **विकीर्ण दीप-ज्योति** तथा जैसे एक दीप-शिखा से अन्य दीप–शिखा प्रज्वलित होती है, उसी प्रकार प्रत्येक शरीरी के शरीर में **कुण्डलिनी** के रूप में **व्याप्त, ज्ञानासना, ज्ञान–सत्ता–रूप, सहस्त्र–दल–पद्म** से निःसृत **लाक्षा–रस–तुल्य कान्तिवाली अमृत–धारा** से प्रसन्न मुखवाली अर्थात् **कुण्डलिनी शक्ति**–रूपा बिन्दु–मय समष्टि–रूपिणी **ज्ञान, विवेक** और **विचार**–रूपिणी **महा–देवी**, अपने भक्तों को **अभय** तथा ईप्सित **वर** प्रदान करने में उद्यत **सूर्य–बिन्दु–रूप संहार–स्वरूपिणी कुल–कुण्डलिनी** को मैं प्रणाम करता हूँ।।१५।।

४–उत्तराम्नाय

स–बिन्दुस्त्र्यस्त्राढ्यं शर–नवक–वृत्ताष्ट–दलकैः,
सु–वृत्ताष्टार्केन्द्राभिध–नलिन–काष्ठाशनि–युतम् ।
शिरश्शूल–ज्वाला–पितृ–वन–युतं यन्त्रमतुलम्,
यदा भाति त्वं वै भवसि भुवि गुह्या भगवति! ।।१६।।

हे भगवती! जब (उत्तराम्नाय में) **बिन्दु, त्रि–कोण, पञ्च–कोण, नव–कोण, वृत्त, अष्ट–दल, द्वादश–दल, चतुर्दश–दल, आठ वज्रों** से युक्त, ऊपर **शूल** और **ज्वाला** से युक्त **श्मशान** से आवृत्त यन्त्र शोभित होता है, तब आप इस भू–तल पर **गुह्य–काली** के रूप में पूज्य होती हैं।

यन्त्र–सङ्केत– **उक्त गुह्य–काली यन्त्र** के **त्रि–कोण, पञ्च–कोण, नव–कोण–चक्र विमर्श–भाग** हैं तथा अन्य सभी चक्र–भाग **प्रकाश–भाग** होते हैं। केवल पूर्वोक्त **मिश्र–बिन्दु** का तिरोधान होता है, इसलिए **अनाख्या–यन्त्र** में **प्रकाश–विमर्शात्मक मिश्र–बिन्दु** के **प्रकाश–विमर्श** रूप दो भाग होते है क्योंकि समस्त **उत्तराम्नाय** के **चक्रों** के कोणदि **विमर्श–भाग** तथा अन्य चक्र **प्रकाश–भाग** होते हैं ।।१६।।

उदीच्याम्नाये त्वं मनु–तनुरनाख्या त्रि–गुणका,
परे गुह्या भूत्वाऽऽचरसि हि तिरोधानमखिलम् ।
नृसिंहाकारः सन् निवसति तदा श्रीपर–शिव–
स्तयोरंशोत्पन्नेश्वर इह पिधानं प्रकुरुते ।।१७।।

हे परा भगवति! आप **उत्तराम्नाय** में **मन्त्र–मय मूर्ति** मन और वचन से अगम्य तथा **सत्त्व, रज** एवं **तमो–रूप त्रि–गुणवाली गुह्य–काली**–रूप होकर समस्त **शिवादि–क्षित्यन्त**

का निश्चित रूप से तिरोधान करती हैं। उस समय श्रीपर-शिव नृसिंहाकार-नारसिंह भैरव-रूप बनते हैं और उन गुह्येश्वरी तथा गुह्येश्वर के अङ्ग से उत्पन्न ईश्वर इस संसार में तिरोधान-संहार कर्म करते हैं। किसी के मत में उत्तराम्नाय अनाख्या-रूप तथा उर्ध्वाम्नाय भासा-रूप कहा गया है, जब कि अन्य मत में ऊर्ध्वाम्नाय भासा-रूप कहा जाता है किन्तु वड़वानल-तन्त्र में तो इन दोनों आम्नायों का एक तत्त्व ही प्रतिपादित है। यथा–महा-त्रिपुर-सुन्दरी और चण्ड-योगेश्वरी परा–इन दोनों में कोई भेद नहीं है। इनमें भेद करनेवाला नरक-गामी होता है।

पूर्वोक्त योनि बिन्दु एवं विसर्ग की सगुण मूर्ति उत्तराम्नाय मत में 'काम-कला-काली' तथा ऊर्ध्वाम्नाय मत में बृहद्-रूपा महा-त्रिपुर-सुन्दरी हैं, ऐसा बड़वानल-तन्त्र कहता है। इस तन्त्रोक्त महा-त्रिपुर-सुन्दरी के भैरव के पञ्च-मुख-रूप में बीचवाला मुख ही सिंह-रूप है, ऊर्ध्व-ज्योति मुख में तो सिद्धि-कराली मानी गई हैं।

वड़वानल-तन्त्रोक्त निर्वाण-भैरव के ध्यान में उपर्युक्त बात कही गई है तथा महा-काल-संहिता के गुह्य-खण्ड में सिद्धि-कराली के भैरव नारसिंह भैरव बताये गए हैं ।।१७।।

मृगेन्द्रेभाश्वर्क्षाख्य - मकर-गरुत्मानव-शिव-
प्लवङ्गेशी-वक्त्रां श्रुति-शर-भुजैरायुध-धराम्।
उदीच्याम्भोजे त्वां विधु-सकल-चूडां घन-निभाम्,
भजेऽहं गुह्येशीमभिनव-वयस्कां भगवति!।।१८।।

सगुण भावात्मक अर्थ–हे भगवति! उत्तराम्नाय में सिंह, हाथी, अश्व, भालू, मकर, गरुड़, मनुष्य, श्रृगाल, वानर और योगेश्वरी के मुखोंवाली, चौवन भुजाओं में आयुधों को धारण करनेवाली, चन्द्र-कला-धारिणी, श्याम-वर्ण तथा युवति-स्वरूप ऐसी सिद्धि-कराली-रूप आपका मैं स्मरण करता हूँ।

निर्गुण भावात्मक अर्थ–हे भगवति! उत्तराम्नाय में ज्ञान-शक्ति, आधार-शक्ति, वेग-शक्ति, भूचर-शक्ति, जलचर-शक्ति, खेचर-शक्ति, चैतन्य-शक्ति, धी-शक्ति, आरोह-अवरोह करनेवाली कुण्डलिनी-शक्ति और योग-शक्ति जिस विराट्-रूप के मुख हैं, मन बुद्धि, चित्त तथा अहङ्कार-सहित पचास अक्षर-रूप मातृका-रूप चौवन भुजाओं में आयुधों को धारण करनेवाली परमामृत-रूपिणी विश्वम्भरा, घन के समान, दया-मयी और विश्व को पुनः बाहर निकालने के लिए उद्यत अतीव गुप्त अनाख्या-स्वरूपिणी आपकी मैं शरण प्राप्त करता हूँ ।।१८।।

५-ऊर्ध्वाम्नाय

स-बिन्दु-त्र्यष्टादिग्युगल-मनु-कोणाष्ट-विधुक-
त्रि-वृत्त-ज्यागेह-त्रितय-युत-यन्त्रं लसति ते।
तदा कामेशी त्वं जननि! निखिलाम्नाय-निलया,
परे! श्रीविद्याख्या भवसि कुल-पूज्या क्रम-युता।।१९।।

हे परा-देवी! जब आपका सर्वानन्द-मय वैन्दव विन्दु-चक्र, सर्व-सिद्धि-प्रद त्रि-कोण-चक्र, सर्व-रोग-हर अष्टम-चक्र, सर्व-रक्षा-कर अन्तर्दशार-चक्र, सर्वार्थ-साधन-कर बहिर्दशार-चक्र, सर्वार्थ-दायक चतुर्दशार-चक्र, सर्व-संक्षोभण अष्ट-दल-चक्र, सर्वाशा-परि-पूरक षोडश-दल-चक्र, त्रै-वर्ग-साधन-कर त्रि-वृत्त-चक्र तथा त्रैलोक्य-मोहन-कर भू-पुर-त्रय-चक्र से युक्त आपका यन्त्र प्रकाश को प्राप्त होता है, तब पूर्व-कथित काम-कला और ललनाकार से मिश्र-बिन्दु के ऊपर उठने पर वह श्री-चक्र-रूप को प्राप्त होता है। तब आप कुलाचार से पूज्य तथा क्रम-मन्त्र-समष्टि-रूपिणी समस्त आम्नाय-निलया सर्वाम्नायेश्वरी श्रीविद्या-रूपा श्रीमहा-त्रिपुर-सुन्दरी-रूप होती हैं।

उक्त यन्त्र-राज के १. सृष्टि, २. स्थिति और ३. संहार-रूप से तीन क्रम होते हैं। इसमें विन्दु, अष्ट-दल, षोडश-दल, वृत्त-त्रय और भू-पुर-चक्र ये पाँच शिव-चक्र हैं, इसीलिए ये प्रकाशांश हैं। इसी प्रकार त्रि-कोण, अष्ट-कोण, दश-कोण-द्वय तथा चतुर्दशार ये पाँच चक्र शक्ति-चक्र हैं, अतः ये विमर्शांश हैं। यह यन्त्र-सङ्केत है ।।१९।।

सदा-शिवः

महोर्ध्वाख्ये भाषा सु-वचन-मनो-गम्य-तनु-युक्,
परे! त्वं श्रीर्भूत्वाऽऽचरसि निखिलानुग्रहमलम् ।
तदा निर्वाणाख्यः प्रभवति परः काम-तनुमान्,
तयोरंशोत्पन्नः शमनुत-नुते पञ्च-वदनः ।।२०।।

हे परा-देवी!, जब आप महोर्ध्वाम्नाय में मन और वचन से अगम्य भाषा-रूप श्रीविद्या-मय महा-त्रिपुर-सुन्दरी-रूप होकर पुनः बाह्य प्रकटन-रूप पूर्ण अनुग्रह करती हो, तब चिद्-घन-निष्ठ निर्वाण-भैरव कामेश्वर-रूप हो जाते हैं और काम तथा कामेश्वर के अंश से उत्पन्न पञ्च-वक्त्र सदा-शिव पूर्व-वत् अनुग्रह करते हैं ।।२०।।

महोर्ध्वाम्नाये त्वां क्रमग-निखिलाम्नाय-जननीम्,
हठाचारैर्लभ्यां कहस-मनु-रूपां त्रि-पथगाम् ।

हकारार्धां सार्धामकुल-कुलमार्गाभ्यसनिनीम्,
महा-पञ्च-प्रेतोपरि रुचिरसिंहासन-गताम् ।।२१।।

सहस्रादित्याभामरुण-वासनां मन्द्र-हसनाम्,
त्रि-नेत्रास्यां पाशांकुश-कुसुम-बाणेक्षवधराम् ।

निशानाथोत्तंसां जित-मदन-रूपाञ्च युवतीम्,
भजेऽहं श्रीविद्ये! त्रिपुर-ललितां श्रीपद-युताम् ।।२२।।

हे **श्रीविद्या देवी!**, महान् ऊर्ध्वाम्नाय-रूप प्रसिद्ध **सिंहासन** पर क्रम-दीक्षा-गत समस्त आम्नायों की जनक, **कादि, हादि** और **सादि**-मत-रूप मन्त्र-मय शरीर, **ब्रह्म-रन्ध्र-मण्डल** से **मूलाधार** तक तथा पुनः वहाँ से **ब्रह्म-रन्ध्र** तक आरोहावरोह-क्रम से विचरण करनेवाली, ह-श्वास एवं ठ-उच्छ्वास-रूप क्रियाभ्यास से प्राप्य, **इड़ा-पिङ्गला** और **सुषुम्णादि** तीन नाड़ियों में सञ्चरणशील, **हकारार्ध** तथा **सार्ध** समाधि में **प्रासाद बीज** के उभयाक्षर-रूपिणी, अतएव **सचैतन्य प्रकाश-विमर्शात्मिका, पञ्च-महा-प्रेत-पृथ्व्यात्मक ब्रह्मा, जलात्मक विष्णु, तेजसात्मक रुद्र, वाय्वात्मक ईश्वर** तथा **आकाशात्मक सदा-शिव** (सगुण भाव से मञ्च के **ब्रह्मादि चार खुर** और **सदा-शिव फलक**), निर्गुण भाव से **पृथ्व्यादि पाँचों तत्त्वों** का ग्रास करके **साक्षात् चैतन्य-रूपिणी** सुन्दर पीठ पर विराजमान, अथवा **योगाभ्यास** मत से पञ्च-भूतात्मक **मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत** और **विशुद्ध-चक्र** के ऊपर **इड़ा, पिङ्गला** और **सुषुम्णादि** तीन नाड़ियों के स्पन्दी-रूप **आज्ञा-चक्र** में विराजमान, **परमात्म-स्वरूपिणी श्रीमहा-त्रिपुर-सुन्दरी**, हजारों सूर्य के समान कान्ति-मयी (सगुण भाव में **सहस्रार्क-वत् तेजस्विनी अरुण-वर्णा**, निर्गुण-भाव में-**प्रकाशान्तर्गत विमर्श-रूपिणी**), **काम-देव** के स्वरूप को तिरस्कृत करनेवाली (सगुण-भाव में-**अत्यन्त सुन्दर**, निर्गुण भाव में **विश्व पर-सृष्टि के कारण-भूत अनुग्रह को करनेवाली**) युवती (निर्गुण-भाव में **विश्व को पुनः स्व-गर्भ से प्रकट करनेवाली**), सूर्य-चन्द्राग्नि-रूप **तीनों नेत्रों से युक्त** मुखवाली (निर्गुण-भाव में-**बिन्दु-त्रय समष्टि-रूपिणी** काम-कलात्मिका), **गम्भीर हास्यवाली** (निर्गुण-भाव में-**आनन्द-रूप**), **अर्ध-चन्द्र-युक्त मुकुट**-धारिणी (निर्गुण-भाव में-**परमामृत-स्वरूपिणी विश्वभ्भरा**), **रक्त-वस्त्रा** (निर्गुण-भाव में-**सूर्य-रूप अरुण प्रकाश से आवृत्त विमर्श-शक्ति**), **पाश, अंकुश, पुष्प-बाण** एवं **इक्षु-चाप** से विभूषित (निर्गुण-भाव में **१. जगद्वशीकरण, २. जगत्-स्तम्भन, ३. शोषण, मोहन, सन्दीपन, ४. तापन** तथा **५. मादन**-रूप पाँच पुष्प-बाण-रूप **जगत्-जृम्भण** एवं **जगन्मोहनकारी** आयुधों से विभूषित), **शुक्ल, अरुण** और **मिश्र**

बैन्दवात्मक तथा स्थूल-सूक्ष्म एवं कारण-देह के समाहार-रूप त्रिपुर की शक्ति श्रीत्रिपुर-सुन्दरी का मैं स्मरण करता हूँ ।।२१-२२।।

६-अधराम्नाय

कदाचिद्-बिन्दूनां विविध-ललना-सार-मथनात्,
सु-षट्-कोणं स्पष्टं वसु-दल-युतं रम्य-कमलम् ।
चतुर्द्वारोपेतं यदि भवति यन्त्रं पर - शिवे!,
तदा योगेशी त्वं भवसि किल वज्रेति पद-युक् ।।२३।।

हे परादेवी! किसी समय पूर्वोक्त शुक्ल, अरुण और मिश्र बिन्दुओं के विविध ललना-सार के मथन से व्यक्त षट्-कोण, अष्ट-दल से युक्त उत्तम कमल, चार द्वारों से भूषित भू-पुरवाला यन्त्र जब बनता है, तब आप वज्र-योगिनी-रूप बनती हैं ।।२३।।

पुरोक्ताम्नायेभ्यः प्रभवदधराम्नाय - विषये,
परे वज्रा भूत्वा लससि भुवने चीन-मतगा ।
तदाऽक्षोभ्याकारः प्रभवति परो नाग-तनु-मान्,
षडाम्नायाश्चेत्थं गिरिश-रस-वक्त्रैः समुदिताः ।।२४।।

हे परे! पहले कहे गए पाँच आम्नायों से उत्पन्न अधराम्नाय में आप जब विश्व में चीन-क्रम से पूज्य वज्र-योगिनी-रूप होकर शोभित होती हैं, तब श्री पर-शिव नाग-शरीरी अक्षोभ्य-रूप होते हैं। इस प्रकार भगवान् शिव के छह मुख (छह आम्नायों के रूप में) व्यक्त होते हैं ।।२४।।

अधः पद्मे वज्रां त्रि-वदन-युतां मुक्त-चिकुराम्,
सु-रत्नाढ्यां सिंहाजिनमभिदधानामरुणभाम् ।
कपालं खट्वाङ्गं डमरुमपि कर्त्रीं श्रुति-करै-
र्धृतां त्वामीडेऽहं मनसि शवगां नृत्य-चरणाम् ।।२५।।

अधराम्नाय में त्रि-मुखी, मुक्त-केशी, उत्तम-रत्न (के आभरणों) से युक्त, सिंह के चर्म को धारण की हुई, अरुण कान्तिवाली, चार भुजाओं में महा-शङ्ख का पात्र, खट्वाङ्ग, डमरु और कर्त्रिका को धारण की हुई, शवासना तथा नृत्य के लिए प्रयुक्त चरणोंवाली वज्र-योगिनी देवी की मैं मन से स्तुति करता हूँ ।।२५।।

अधश्श्रीनाचर्या त्वं यम-दिशि कुलागार-ललनात्,
प्रसन्ना वै पूर्वे मनुजपबलाच्चोत्तर-दिशि ।

शिवाबल्यर्च्याऽऽद्ये! सु-ममममम‌ै: पश्चिम-दिशि,

स्फुरस्यूर्ध्वे मातः कुलज-मनसि न्यास-सहितैः ।।२६।।

हे आदि-शक्ति माता! आप अधराम्नाय में चीन-क्रम से पूज्य हैं, दक्षिणाम्नाय में कुल-सन्ध्या-विधान से सन्तुष्ट होती हैं। पूर्वाम्नाय में निश्चय ही मन्त्र-जप के बल से प्रसन्न होती हैं। उत्तराम्नाय में शिवा-वलि-विधि से सन्तुष्ट होती हैं। पश्चिमाम्नाय में पञ्च-मकार-संयुक्त अर्चना से सन्तुष्ट होती हैं। ये पञ्च-मकार दक्षाचारवालों के लिए १. मनन, २. मन्त्र, ३. मौन, ४. मनो-योग और ५. मुद्रा-रूप हैं तथा वामाचार साधकों के लिए १. मद्य, २. मांस, ३. मत्स्य, ४. मैथुन (कुण्डगोलादि) तथा ५. मुद्रा हैं। ऊर्ध्वाम्नाय में महा-षोढादि विविध न्यासों से कुलीनों के चित्त में स्फुरित होती हैं ।।२६।।

अवैत्येकाम्नायं यदि कुल-जनो भाव-सहितः,

स मुक्तः स्याद् भुक्त्वा भुवि विविध-भोगान् भगवति।

पुनः किं वक्तव्यं जननि! चतुराम्नाय-विदुषो,

महोर्ध्वाम्नायज्ञः कथमिह भवेत् स्तुत्य इतरैः।।२७।।

हे भगवती माता! यदि पूर्वोक्त दिव्य वीरादि-भावों से युक्त कौल एक आम्नाय को ही जानता है, तो वह संसार में अनेक प्रकार के सुख, ऐश्वर्य-विलासों को भोगकर अन्त में मुक्ति को प्राप्त होता है, फिर चतुराम्नायों के ज्ञाता के बारे में क्या कहा जा सकता है तथा ऊर्ध्वाम्नाय-षडाम्नाय क्रम के ज्ञाता की तो इस संसार में सामान्य मनुष्यों से स्तुति भी क्या की जा सकती है अर्थात् उसकी महिमा का वर्णन अशक्य है ।।२७।।

–योग-तन्त्र-कर्मकाण्ड-विशारद पण्डित श्री रमानाथ जी शास्त्री

★★★

श्रीमद्-आद्य-शङ्कराचार्य जी के परम गुरु-वर
परम पूज्य श्रीगौडपादाचार्य द्वारा विरचित

श्रीसुभगोदय-स्तुति

भगवती को प्रसन्न करने का सुगम उपाय–'स्तुतियाँ'

श्री ललिता-सहस्त्र-नाम में **'स्तोत्र-प्रिया'** और **'स्तुति-मती'** जैसे नामों से यह स्पष्ट होता है कि **भगवती त्रिपुरा** को प्रसन्न करने के लिए **'स्तुतियाँ'** एक सुगम उपाय हैं।

'तन्त्र'-साहित्य **'स्तुतियों'** से ओत-प्रोत है। चाहे हम **भगवती** को निराकार मानें अथवा साकार, उनकी **स्तुति**, उनकी **प्रार्थना**, **'वेदों'** के समय से होती आ रही है और होती रहेगी। उपासकों के लिए यही कर्तव्य है, यही अभीष्ट है।

'स्तुति' करने में उपासकों-आराधकों का एक विशिष्ट लक्ष्य होता है–**'कृपा की प्राप्ति।'** **'इष्ट-देवता'** की **'कृपा'**–प्राप्त होने से सभी कामनाएँ पूर्ण होती हैं। फिर **'स्तुति'** करने में कोई व्यय नहीं होता, कोई विशेष बन्धन भी नहीं होता तथा सर्व-विध आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाती है। इसीलिए कहा गया है कि–**'स्तुतिः सर्वार्थ-साधिका।'**

मन्त्राश्रित 'स्तुति'-साहित्य

विभिन्न प्रकार की स्तुतियों में से **मन्त्र, तन्त्र, यन्त्र, योग, बीज-मन्त्र, तान्त्रिक आम्नाय, आचार** एवं **सिद्धान्तों** को प्रस्फुटित करनेवाली **'स्तुतियाँ'** अथवा **'स्तोत्र'**– उपासकों के लिए विशेष महत्त्व के होते हैं। उच्च कोटि के साधकों के हृदयोद्‌गारों का अक्षय कोष ऐसी **'स्तुतियों'** में भरा होता है। साथ ही, **उपासना के गम्भीर रहस्य** भी इसमें गुँथे रहते हैं, जो **नित्य श्रद्धा-पूर्वक 'पाठ'**-मात्र से क्रमशः स्पष्ट होते हैं। प्रस्तुत **'सुभगोदय-स्तुति'** ऐसी ही एक महनीय कृति है। इसके प्रणेता **परम पूज्य श्रीगौडपादाचार्य जी** हैं, जो कि एक महान् सिद्ध थे। उनके बारे में कुछ परिचय इस प्रकार है–

श्रीगौडपादाचार्य

यह सर्व-विदित है कि **श्रीगौडपादाचार्य श्रीशङ्कराचार्य** के गुरु **श्रीगोविन्दपाद** के भी गुरु थे। **गुरु-परम्परा-स्मरण** में प्रत्येक साधक निम्न-लिखित पद्यों के द्वारा इन्हें अपनी प्रणति इस प्रकार अर्पित करता है–

नारायणं पद्मभवं वसिष्ठं, शक्तिं च तत्पुत्र-पराशरं च।
व्यासं शुकं गौडपदं महान्तं, गोविन्द-योगीन्द्रमथास्य शिष्यम् ।।
श्रीशङ्कराचार्यमथास्य पद्मपादं च हस्तामलकं च शिष्यम् ।
तं तोटकं वार्तिक-कारमन्यानस्मद्-गुरून् सन्ततमानतोऽस्मि।।

इसमें वर्णित गुरु-परम्परा के अनुसार **श्रीगौडपाद शुकदेव** जी के पश्चाद्-वर्ती हैं और सम्भवतः उनके शिष्य भी। **म० म० गोपीनाथ कविराज** का कथन है कि–

"**गौडपाद महान् वैदान्तिक** थे, उनकी '**माण्डूक्य-कारिका**' अपूर्व रचना है, जो एक ओर **ब्रह्म-पद-निष्ठा** तथा दूसरी ओर **ज्ञान-निष्ठा** की परिचायिका है। **गौडपाद** एक ओर जिस प्रकार '**माध्यमिक अद्वय-वाद**' में, उसी प्रकार पक्षान्तर में '**योगाचारों के अद्वय-वाद**' में भी निष्णात थे। **बौद्ध-दर्शन** में वे विशिष्ट-रूप में प्रविष्ट थे। '**शून्य-वाद**' तथा '**विज्ञप्ति-मात्रता-वाद**' दोनों का ही उन्हें अच्छा परिचय था। '**आगम-मत**' में भी उनका ज्ञान उत्कृष्ट-कोटि का था, क्योंकि '**देवी-कालोत्तर**' का कोई-कोई वचन उनकी कारिकाओं में उपलब्ध होता है। अवश्य ही इस प्रकार अधिक बल नहीं दिया जा सकता। **वैदिक गौडपाद** का यही स्वरूप है। **आगम** की दृष्टि से जान पड़ता है कि वे '**समयाचार-सम्मत तान्त्रिक मत**' के पोषक थे।"

श्रीगौडपाद के सम्बन्ध में उनका '**श्रीविद्या-सम्प्रदाय-गुरु-परम्परा**' में होना और **आचार्य श्रीशङ्कर** के **परम-गुरु** होने का उल्लेख प्राचीन ग्रन्थों से भी पुष्ट होता है तथा इन्हीं की परम्परा में दीक्षित होने के कारण **श्रीशङ्कराचार्य** का **वैदिकत्व** एवं **तान्त्रिकत्व** के साथ ही **वेदान्त-प्रस्थान** के आचार्यत्व का भी क्रम प्राप्त हुआ प्रतीत होता है।

'**डॉ० सी० आर० स्वामीनाथन्**' द्वारा केरल में लिखित '**श्रीशङ्कराचार्य के जीवन-परिचय**' में **श्रीगौडपादाचार्य** का प्रासङ्गिक परिचय देते हुए बतलाया है कि–'वे **मङ्गल-देश (बङ्गाल)** के निवासी थे।' **बङ्गाल** का ही दूसरा नाम **गौड-देश** है। वहाँ के होने के कारण वे '**गौडपाद**' नाम से प्रख्यात थे। **शेषावतार पतञ्जलि** के श्री-मुख से **महा-भाष्य** का इन्होंने अध्ययन किया था। वहाँ किसी छात्र ने उत्सुकता-वश पर्दे के पीछे रह कर पढ़ानेवाले **सहस्र-मुख गुरु-वर** जो कि एक साथ हजार शिष्यों की शङ्का का समाधान करते थे, के दर्शन की उत्कट इच्छा से वह पर्दा हटा दिया, तभी **विष-ज्वाला** से वहाँ स्थित सभी छात्र भस्म हो गए। संयोग-वश **गौडपाद** वहाँ उपस्थित नहीं थे, किन्तु इस घटना के पश्चाद् वे वहाँ पहुँचे। सह-पाठियों की वैसी स्थिति देखकर चिन्तित एवं आश्चर्यान्वित हुए। उसी समय शिष्यों के विनाश से खिन्न **पतञ्जलि** ने निर्दिष्ट शाप-वश **गौडपाद** को भी **ब्रह्म-राक्षसाविष्ट** होते देखा। 'मेरे भाष्य का यही एक मात्र ज्ञाता रह गया है, यही इसका प्रचार कर सकेगा'–ऐसा सोचकर उन्होंने **गौडपाद** को आदेश दिया कि–'तुम किसी योग्य शिष्य को यह भाष्य पढ़ा दोगे, तब तुम्हारे **शाप की निवृत्ति** होगी और तुम **ब्रह्म-राक्षस** से मुक्त हो जाओगे।' फलतः **नर्मदा** के तीर पर वे इस प्रतीक्षा में थे। **भगवान् शेषनाग** ने ही कृपा-वश **चन्द्र-शर्मा** नामक

एक शिष्य वहाँ उपलब्ध कराया तथा उसकी परीक्षा लेकर **श्रीगौडपाद** ने उसे भाष्य पढ़ाया। ये ही **चन्द्र-शर्मा** संन्यास-दीक्षा प्राप्त कर '**गोविन्दपाद**' नाम से विख्यात हुए, जिनके शिष्य श्रीशङ्कर थे।'

उक्त चरित में एक अन्य स्थान पर पुनः **श्रीगौडपाद** का स्मरण हुआ है। "जब **श्रीशङ्कराचार्य बदरीकाश्रम** पधारे, तो वे वहाँ **गुरु के दर्शनार्थ** भी गए। वहाँ एक गुफा में **श्रीगौडपाद** तथा **श्रीगोविन्दपाद** समाधिस्थ थे। तब '**दक्षिणामूर्ति-स्तोत्र**' द्वारा उन्होंने प्रार्थना की। इस स्तोत्र की पंक्तियाँ सुनकर **दोनों गुरु** समाधि से उठे और **ब्रह्म-तत्त्वज्ञ शिष्य** को समक्ष पाकर अत्यन्त आनन्दित हुए। यहीं **परम-गुरु श्री गौंडपाद** ने **श्रीशङ्कर** को अनुग्रह-वश '**सप्त-कोटि महा-मन्त्र**' का उपदेश किया और **गंगोत्तरी** में रह कर **सविधि जप** करके सिद्धि प्राप्त करने का सङ्केत किया।"

इस वर्णन से दो निष्कर्ष प्राप्त होते हैं–(१) **गौडपाद का पतञ्जलि-शिष्यत्व** एवं (२) **विविध-विद्या-पारङ्गतत्व**। इसके आधार पर यह भी प्रमाणित होता है कि वे '**वाक्-तत्त्व, गो-तत्त्व** तथा **आयुस्तत्त्व**' के **परमाचार्य पतञ्जलि मुनि** से ही प्राप्त **व्याकरण, योग-दर्शन** एवं **आयुर्वेद** के पूर्ण ज्ञाता थे। **महर्षि वेद-व्यास** एवं **शुकदेव** जी के शिष्य होने के नाते **अद्वैत वेदान्त** और **शाक्तागम** का ज्ञान उनका अत्यन्त विस्तृत था और स्वयं **साधक-तपस्वी** होने के कारण वे **उच्च-कोटि के सिद्ध पुरुष** थे।

श्रीगौडपाद की कृतियाँ

अद्वैत-विद्या में निष्णात **आचार्य गौडपाद** की कृतियों में अति-प्रसिद्ध "**माण्डूक्य-कारिका**' अपूर्व कृति है। **आगम**-सम्बन्धी ग्रन्थों में एक सूत्र-ग्रन्थ '**श्रीविद्या-रत्न-सूत्र**' तथा प्राचीन स्तुतियों में प्रधान '**सुभगोदय-स्तुति**' एवं **देवी-माहात्म्य का भाष्य** '**चिदानन्द-कमल**' माने जाते हैं।

इनमें '**श्रीविद्या-रत्न-सूत्र**' १०३ सूत्रों का एक लघु-ग्रन्थ है (**श्री पीताम्बरा-पीठ**, दतिया, मध्य प्रदेश द्वारा यह प्रकाशित है)। ग्रन्थ-प्रणयन का लक्ष्य '**श्रीत्रिपुरा-सिद्धान्त**' के अनुसार **गुरु, देवता** एवं **आत्मा** के ऐक्य का सक्रिय प्रतिपादन है। यही **शाक्त अद्वैत** है। अतः यह एक दार्शनिक ग्रन्थ भी है। '**अथ शाक्तागम-मन्त्र-जिज्ञासा**' इस प्रथम-सूत्र से आरम्भ करके '**अथैतासां परिवाराणामनु-परिवारा असंख्याकाः**' इस सूत्र तक **श्रीविद्या** का **साङ्गोपाङ्ग तात्त्विक स्वरूप** दिखाया गया है। इसके सूत्र सु-प्रसिद्ध होने के कारण ही **श्री भास्कर राय** आदि अनेक आचार्यों ने अपनी भाष्यों-टीकाओं में उद्धृत किए हैं। '**श्रीशङ्करारण्य मुनि**' ने इस पर '**दीपिका**' की रचना भी की है।

'श्री सुभगोदय-स्तुति'

शिखरिणी छन्द में निर्मित **'श्री सुभगोदय-स्तुति'** में ५२ पद्य हैं, जिनका यहाँ प्रकाशन किया जा रहा है। **वाराणसेय सम्पूर्णानन्द विश्व-विद्यालय के सरस्वती भवन** में इस स्तोत्र की जिन दो पाण्डुलिपियों का निर्देश **'तान्त्रिक साहित्य'** पृ. ७०८ में **म०म० गोपीनाथ कविराज जी** ने किया है, उनमें क्रमशः (क) २१९१९ संख्यक प्रति में प्रायः २५० तथा (ख) २१९२१ संख्यक प्रति में २२० पद्यों के होने का उल्लेख है, किन्तु वह त्रुटि-पूर्ण है।

रचनाकार ने समग्र स्तुति में १ से १५ पद्य तक **'ऐक्य-निरूपण'**, १६ से ३९ तक **'मन्त्र-चक्रैक्य'** एवं **'ऐक्य'**; ४० से ४१ में **'प्रस्तार-त्रय-निरूपण'** तथा ४२ से ५२ तक सायुज्य-पदवी-प्राप्ति के उपाय-भूत **कौलाचार** और **समयाचार** के सन्दर्भ में **उपासनात्मक** सङ्केत दिए हैं।

'**श्री सुभगोदय-स्तुति**' की यह भी विशेषता है कि **भक्ति-भाव** से ओत-प्रोत होने के साथ ही–**प्राणायाम, षड्-ग्रन्थि-भेदन, कुण्डलिनी-जागरण, पञ्च-तत्त्व-तन्मात्रा** और **तत्त्वातीत-मिलन-पूर्वक पर-कला-चिन्तन, दहराकाश कमल में कुण्डलिनी की परिणति, त्रिकोण तथा चतुष्कोणात्मक कुल-गृह में भगवती त्रिपुर-सुन्दरी का विहार, मूलाधारादि षट्-चक्र, श्री-चक्र, समयि-साधकों का षोढैक्य** तथा **चतुर्धैक्यादि** का **निरूपण** प्रारम्भिक १५ पद्यों में हुआ है।

भगवती के विग्रह में उनके **आयुध, यन्त्र, ६४ तन्त्र, पाँच शुभागम** एवं **कूट-प्रक्रिया** से **मन्त्र-निर्देश** अग्रिम ४ पद्यों में हुआ है, जिनमें **'स्मरो मारो मारः स्मर इति परो मार-मदनः'** इत्यादि १९ वाँ पद्य विशिष्ट चिन्तनीय है।

कादि-विद्या, सादाख्या-चन्द्र-कला (षोडशी), तैत्तिरीय-ऋचा-सूचित पूजा-विधि का सङ्केत, मन्त्र की त्रिखण्डात्मकता, मन्त्राक्षरैक्य-पूर्वक स्वर-व्यञ्जन प्रत्याहार-कथन, संवित्-पूजा, पञ्च-दश-नित्या, ग्रन्थि-त्रय, यौगिक पूजा-रहस्य आदि विषय ३० तक प्रस्तुत हैं।

प्रस्तार-त्रय एवं **मही-प्रस्तार** का दो पद्यों में वर्णन करके ४२ वें पद्य से **कौलों के वाम-मत, बाह्य-पूजा, नव-व्यूह-रूप कौल-मत, समयाचारी आराधकों द्वारा** की **जानेवाली द्वि-विधा पूजा** (आन्तर एवं बाह्य), **उत्पत्ति-स्थिति-लयात्मक श्री-चक्र**, पञ्च-प्रकृतिक साम्य, उपास्ति-फल–**'सहस्रारे पद्मे सुभग-सुभगोदेति सुभगे, परं सौभाग्यं यत्तदिह तव सायुज्य-पदवी'** (५१) एवं **गुरु-कृपा**–पूर्वक अहर्निश **सूर्य** एवं **चन्द्र** के समान कृतार्थता-प्राप्ति का निर्देश हुआ है।

'श्री सुभगोदय-स्तुति' की कोई विशिष्ट व्याख्या अब तक उपलब्ध नहीं है। कहा जाता है कि स्वयं श्रीशङ्कराचार्य ने इसका भाष्य लिखा था, किन्तु वह लुप्त है। ऐसी उत्तम स्तुति की विस्तृत व्याख्या होने से श्रीविद्योपासकों के लिए अनेक रहस्य उद्घाटित हो सकते हैं और आन्तर-वरिवस्या-मूलक समयाचार का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

स्तुति में प्रयुक्त 'सुभगा'-शब्द

भगवती के अनन्त नाम हैं। श्री ललिता-सहस्त्र-नाम में स्पष्ट कहा गया है कि– 'देवी-नाम-सहस्त्राणि कोटिशः सन्ति कुम्भज!' (३०३) और इनमें से मुख्य सहस्त्र-नाम वशिन्यादि वाग्देवियों के द्वारा 'श्रीललिता-सहस्त्र-नाम' में कहे गए हैं। चूँकि भगवती का मन्त्र 'पञ्च-दशाक्षरात्मक' है, अतः इन नामों में उनके पन्द्रह नाम और भी महत्त्व-पूर्ण हैं। ये नाम 'त्रिपुरोपनिषद्' में इस प्रकार वर्णित हैं–

मदन्तिका[१] मानिनी[२] मङ्गला[३] च, सुभगा[४] च सा सुन्दरी[५] सिद्धि - मत्ता[६]।
लज्जा[७] मतिस्तुष्टिरिष्टा[८-१०] च पुष्टा[११], लक्ष्मीरुमा[१२-१३] ललिता[१४] लालपन्ती[१५]।।६।।

इन नामों में चौथा नाम 'सुभगा' है। वेदों में 'सरस्वती वा सुभगा' कह कर 'सरस्वती' का नाम भी इसे बताया है। 'शोभना भगा ऐश्वर्यादयोऽस्याः सन्तीति सुभगा' ऐसी व्युत्पत्ति दिखलाते हुए 'श्रीराघवानन्दतीर्थ योगीन्द्र' के शिष्य 'श्रीरामानन्द' ने अपने भाष्य में विवेचन किया है। इसमें 'भग'-शब्द षडैश्वर्य का वाचक है (विष्णु-पुराण)–

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य, वीर्यस्य यशसः श्रियः।
ज्ञान-वैराग्ययोश्चैष, षण्णां भग इतीरणात् ।।

श्रीत्रिपुरा उपनिषद् में भी 'भगः शक्तिर्भगवान् काम ईश उभा दाताराविह सौभगानाम्' (१४) में 'भग'-शब्द का भाष्यकार ने 'सौभाग्य-लक्ष्मी' और 'शक्ति' अर्थ किया है तथा 'भग एव भगवाँ अस्तु' इत्यादि श्रुति के अनुसार 'भग' को 'भगवान्' का वाचक भी बताया है। श्रीभास्करराय मखी ने उपर्युक्त उपनिषन्मन्त्र के भाष्य में 'भग'-शब्द का अर्थ ईश मानकर 'ईश के शरीर-घटक जितने भी धर्म हैं, वे सब 'भग'-पद से ग्राह्य माने हैं और यही धर्म-समूह शक्ति है' ऐसा कहा है। अतएव भगवती सुभगा-त्रिपुर-सुन्दरी की उपासना 'सौभग'=धर्मार्थ-काम-प्रदात्री है।

'श्रीललिता-सहस्त्र-नाम' में 'सुभगा' नाम (७६१ वाँ) है। इसका विवेचन करते हुए 'सौभाग्य-भास्कर-व्याख्या' में भास्करराय मखी ने स्पष्ट किया है कि–पाँच-वर्ष की कन्या 'सुभगा' कही जाती है क्योंकि 'सुभगा पञ्च-वर्षा स्यात्' ऐसा महर्षि धौम्य का वचन है। भगवती त्रिपुर-सुन्दरी श्री तत्स्वरूपा ही हैं। अथवा १. श्री, २. काम, ३. माहात्म्य,

४. वीर्य, ५. यत्न, ६. कीर्ति आदि '**भग**'-पद-वाच्य छह तत्त्व जिसमें उत्तम-रूप से विद्यमान हैं, वह '**सुभगा**' है। अथवा जिसके द्वारा '**सूर्य**' शोभायमान है, वह '**सुभगा**' है क्योंकि '**सूर्य**'-सम्बन्धी सभी कार्यों में अन्तर्विराजमान होने से यही शक्ति निमित्त-भूत है। यह बात '**विष्णु-पुराण**' के द्वितीय अंश में प्रतिपादित है। यथा–

श्रीविष्णु की **परा-शक्ति–१. ऋग्, २. यजुः** और **३. साम-रूप** है। यही **त्रयी** तपती है और जगत् के पाप का विनाश करती है। प्रत्येक मास में जहाँ-जहाँ **रवि** रहता है, वहाँ यह **परा-शक्ति** व्याप्त रहती है। **त्रयी-मयी विष्णु-शक्ति** ही **सूर्य** में निवास करती है। प्रातः **ऋग्**, मध्याह्न में **यजुः** और सायाह्न में बृहद्रथन्तरादि **साम** ही तपते हैं। अतः **विष्णु** की मूर्ति को **त्रयी-मयी १. ऋग्, २. यजुः, ३. साम-रूप** कहा है। **विष्णु-शक्ति सूर्य** में सदा निवास करती है। केवल **सूर्य** में ही **त्रयी-मयी विष्णु की शक्ति** नहीं है, अपितु **ब्रह्मा, विष्णु** और **शिव** ये तीनों ही **त्रयी-मय** हैं। **शक्ति-रूप-धारी विष्णु** न उदय होता है और न अस्त, अपितु **विष्णु** से पृथक् **सूर्य के सप्त-गण** भी उसी शक्ति से प्रेरित होते हैं। जिस प्रकार खम्भे में लगे हुए दर्पण में छाया पड़ने से व्यक्ति निकटस्थ माना जाता है, उसी प्रकार यह **शक्ति** वहाँ से नहीं जाती है, अपितु वहीं चिर-निवास करती है। अर्थात् **१. देव, २. ऋषि, ३. गन्धर्व, ४. अप्सराएँ, ५. यक्ष, ६. सर्प** और **७. राक्षस**–ये सप्त-गण **सूर्य** के उपकरण होने के कारण **प्रति-मास भिन्न होनेवाले सूर्य** से भिन्न-भिन्न होते हैं, किन्तु शक्ति-प्रधान होने के करण पृथक् नहीं होती।

अथवा, तीनों लोक में जो चराचरगत '**सौभाग्य**' है, वह **भगवती षोडशी** का रूप है और यही '**सुभगा**' कहलाती हैं। यही **चर-सौभाग्य-रूपा सुवासिनियाँ** भी हैं और **अचर-सौभाग्य-वस्तु** ('**पद्म-पुराण**' के अनुसार)–**१. इक्षु-ईख, २. उत्तम-कुल-वृक्ष, ३. निष्पावा-सेम, ४. जीरक** और **धान्य** (तुष-रहित), **५. विकार-युक्त गो-दुग्ध, ६. कुसुम्भ, ७. कुसुम** और **८. लवण**–ये **सौभाग्याष्टक** भी यही हैं। **पद्म-पुराण** में **सुवासिनी-पूजन** का महत्त्व बतलाते हुए कहा गया है कि–**स्वर्ग-सौभाग्या-मयी** और **भुक्ति-मुक्ति-दात्री भगवती सुभगा-उमा** अथवा **सुवासिनी नारी की आराधना** करके मनुष्य क्या नहीं प्राप्त कर सकता? अपितु सभी कुछ प्राप्त कर सकता है। इस नाम से पूर्व आए हुए **१. विश्व-धारणी** तथा **२. त्रिवर्ग-दात्री** नाम भी '**सुभगा**'-पद की निरुक्ति को ध्वनित करते हैं अर्थात् **विश्व-धारण** और **त्रि-वर्ग–१. धर्म, २. अर्थ,** और **३. काम** को प्रदान करनेवाली भी भगवती '**सुभगा**' ही हैं।

'**श्रादुर्गा सप्तशती**' के **प्राधानिक रहस्य** में भी '**सुन्दरी सुभगा शुभा**' (२३) कहकर इनके पुरुषत्व प्राप्ति का उल्लेख है। पति का परमानुराग प्राप्त होने से भी **भगवती** को

'**सुभगा**' कहा जाता है। सम्भवतः इन्हीं विशेषताओं के कारण **आचार्य-प्रवर श्री गौडपादाचार्य** जी ने इस नाम को अपना आराध्य बनाया और स्तुति की रचना की।

'सुभगोदय'-स्तुति और 'सौन्दर्य-लहरी'

